मानव संसाधन विकास मंत्रालय

MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT



वार्षिक रिपोर्ट

ANNUAL REPORT

1985-86

NUEPA DC
D13537

भाग–I

PART-I

शिक्षा विभाग

DEPARTMENT OF EDUCATION

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
1986


National University of Educational Planning and Administration
Acc. No. D-13537
Date : 3-9-2019
Documentation Centre

विषय सूची

	पृष्ठ सं०
प्रस्तावना	(i)
प्राक्कथन	(v)
अध्याय	
1. संगठन	1
2. स्कूल शिक्षा तथा शारीरिक शिक्षा	3
3. उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान	24
4. तकनीकी शिक्षा	43
5. प्रौढ़ शिक्षा	56
6. संघीय क्षेत्रों में शिक्षा	60
7. छात्रवृत्तियां	68
8 पुस्तक संवर्धन और कापीराइट	72
9 भाषाओं की प्रौन्नति	77
10. यूनेस्को से सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग	96
11. अन्य कार्यकलाप	102
विभिन्न अध्यायों में वर्णित मदों का वित्तीय आवंटन वर्ष 1984-85 के दौरान एक लाख रुपए से अधिक आवर्ती सहायता अनुदान पाने वाले निजी और स्वैच्छिक संगठनों के नाम दर्शाने वाला विवरण।	
प्रशासनिक चार्ट	131

प्रस्तावना

देश के लोग ही देश का मूल्यवान संसाधन, वस्तुत: सबसे अधिक मूल्यवान संसाधन होते हैं, और हमारे विकास की प्रक्रिया नागरिक के समेकित विकास पर आधारित होनी चाहिए और शैशव से शुरू होकर जीवन पर्यन्त चलती रहनी चाहिए, इस तथ्य के प्रति निरन्तर जागरूकता बढ़ रही है। इस बात को भी अब अधिक स्वीकारा जाने लगा है कि उन सभी संबंधित साधनों और अभिकरणों को जो इस विकास कार्य में योगदान दे रहे हैं अथवा ऐसा विकास जिनकी जिम्मेदारी है, उनको इकट्ठा कर दिया जाना चाहिए। अत: यह जरूरी है कि एक व्यापक दृष्टिकोण अपनाया जाए तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, कला तथा शिल्प, मानविकी और मानव मूल्यों के विकास को एक सूत्र में पिरो दिया जाए । इस सिद्धांत के अनुसार, एक नया मंत्रालय बनाया गया,, और इसका नाम तदनुसार मानव संसाधन विकास मंत्रालय रखा गया । इस मंत्रालय का गठन 26 सितम्बर, 1985 को भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियमावली 1961 में, 174वें संशोधन द्वारा किया गया । मानव संसाधन विकास का नया मंत्रालय जो इस संशोधन के परिणामस्वरूप बना है, उसमें पांच विभाग हैं—अर्थात् शिक्षा विभाग, संस्कृति विभाग, कला विभाग, युवा कार्य एवं खेल विभाग तथा महिला कल्याण विभाग। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संकल्पनात्मक ढांचे में मानव के सर्वतोमुखी विकास को ही लक्ष्य के रूप में रखा गया है, और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन सभी गतिविधियों को एक ही जगह पर लाने का प्रयत्न किया गया है जो इस कार्य के लिए जरूरी है । इसके पीछे उद्देश्य यही है कि उन सभी निवेशों को तैयार किया जा सके जो अपेक्षित है। यह प्रक्रिया मात्र समन्वय की प्रक्रिया नहीं है,, बल्कि वस्तुत: एकजान करने की प्रक्रिया है ताकि सभी घटकों को एक ही सतत् और सामंजस्यपूर्ण कार्यक्रम में पिरोया जा सके। यह प्रक्रिया अभी-अभी शुरू की गई है और आरंभिक कदम उठाए गए हैं। पांच भागों में प्रस्तुत मंत्रालय की रिपोर्ट में उपरोक्त पांच विभागों में से प्रत्येक विभाग की आवंटित गतिविधियों और मदों का एक विवरण प्रस्तुत किया गया है।

इस वर्ष के दौरान मंत्रालय द्वारा किया गया एक विशेष काम है, शिक्षा, संस्कृति, कला, खेल, युवा-कल्याण, महिला और बच्चों से संबंधित कार्यकलापों को एक ऐसी नई दिशा प्रदान करना जिससे इनके विकास के प्रति एक समेकित दृष्टिकोण विकसित हो सके और मंत्रालय को मानव संसाधन विकास में अधिक सहायता और बल मिल सके ।

एक नई शिक्षा नीति तैयार करने की प्रक्रिया पिछले वर्ष शुरू हुई थी। इस वर्ष के दौरान इस प्रक्रिया में और गति आई। आशा है कि इस नीति का प्रारूप बजट अधिवेशन 1986 के अंत से पहले ही संसद में प्रस्तुत कर दिया जाएगा।

बुनियादी स्तरों पर संस्कृति का प्रसार, संस्कृति विभाग के कार्यकलापों का मुख्य लक्ष्य है। अत: संस्कृति विभाग द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों में सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र स्थापित करने के संबंध में कार्यवाही की गई । इन क्षेत्रीय केन्द्रों में तीन,, उत्तरी क्षेत्र के लिए पटियाला में, पूर्वी क्षेत्र के लिए शांति निकेतन में, और दक्षिणी क्षेत्र के लिए तंजावूर में है। इनका उद्घाटन प्रधान मंत्री महोदय द्वारा क्रमश: 6 नवम्बर, 1985, 5 दिसम्बर, 1985 और 31 जनवरी, 1986 को किया गया। उन केन्द्रों का मुख्य उद्देश्य उन सांस्कृतिक बन्धनों और संबंधों को उजागर करना जो क्षेत्र या भाषा की सीमा में नहीं बंधे हैं।

अपनी संस्कृति के प्रति अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्रों में सूझ-बूझ और परस्पर क्रिया विकसित करने की नीति के अंतर्गत इस वर्ष के दौरान दो भारतोत्सव आयोजित किए गए, एक

अमरीका में और दूसरा फ्रांस में। कला क्षेत्रों तथा सामान्य नागरिकों में उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।

संस्कृति विभाग का एक अन्य महत्वपूर्ण कार्य जो इस वर्ष किया था, वह था, दक्षिण एशियाई पुरातत्वीय कांग्रेस का पहला अधिवेशन जो 13 से 20 जनवरी, 1986 तक "साक" के तत्वावधान में नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में मालद्वीप को छोड़कर सभी "साक" देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया ।

इसी वर्ष के दौरान सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए फिल्मों के प्रमाणन का काम सूचना और प्रसारण मंत्रालय से संस्कृति विभाग को हस्तांतरित किया गया।

कला बिभाग मुख्य रूप से इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के विविध कार्यक्रमों को आरंभ करने के लिए स्थापित किया गया है। कला संबंधी ये कार्यक्रम अनुसंधान,, प्रशासन, प्रशिक्षण, सृजनात्मक कार्यकलापों और प्रक्षेपण से संबंधित हैं तथा सभी कलाएं इनके कार्य क्षेत्र में आती हैं, विशेष रूप से इन कलाओं की पारस्परिक अंतर-निर्भरता के लिहाज से, जो स्वाभाविक मानव पर्यावरण में जो फिर समाज और क्षेत्र के सभी स्तरों पर जीवन शैलियों का एक अभिन्न अंग भी है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र कलाओं के लिए एक अग्रणी संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करेगा, तथा यह मानव संसाधन विकास मंत्रालय के कार्यकलापों का एक महत्वपूर्ण घटक है। अपनी गतिविधियों के माध्यम से संस्कृति और कला के क्षेत्रों में भारतीय परंपराओं के समेकित बोध की उत्प्रेरणा का कार्य इस केन्द्र द्वारा किया जाएगा तथा इसके साथ-साथ हमारी बहुमूल्य सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता तथा संवेदनशीलता के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक धरोहर की एक परिकृत रूप-रेखा और सूझ-बूझ को विकसित किया जाएगा । इस प्रकार इसका मुख्य उद्देश्य है भारतीय परंपराओं की गहराई और विविधता के प्रति व्यापक बोध को पुनः विकसित करना । इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कलाकेन्द्र का एक मूल कार्यक्रम है-राष्ट्रीय डैटा बैंक, इस बैंक में कलाओं, मानविकी तथा सांस्कृतिक विरासत के भंडारण और पुनः प्राप्ति की पद्धतियों के लिए एक संगणकीकृत व्यवस्था होगी, और यह बैंक विद्वानों, शोध छात्रों, कलाकारों, स्कूल और कालेज के छात्रों तथा जन साधारण के लिए खुला रहेगा।

महिलाओं और बच्चों का सर्वांगीण विकास देश के मानव संसाधन विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है। यही कारण है कि इन दोनों लक्षित वर्गों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सामान्य विकास कार्यक्रमों में उनका जो हिस्सा बनता है उससे आगे बढ़कर भी यह ध्यान देना अपेक्षित है। महिलाओं और बच्चों से संबंधित विद्यमान कार्यक्रमों में नई जान डालने के उद्देश्य से राष्ट्रीय स्तर पर सरकार की मशीनरी को गति प्रदान की गई है तथा नवनिर्मित मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अंतर्गत एक अलग महिला कल्याण विभाग बनाया गया है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैरसरकारी प्रयासों को समन्वित करने और उनकी समीक्षा करने के साथ-साथ उनमें मार्गदर्शन के लिए यह विभाग केन्द्रीय अभिकरण होगा।

इस विभाग के कार्यक्रमों में मुख्य जोर इस बात पर दिया जा रहा है कि महिलाओं और बच्चों के कल्याण को सुनिश्चित किया जाए विशेषरूप से उनका जो समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित हैं। इस काम के लिए सेवाओं को भी समेकित करना होगा। समेकित बाल विकास सेवाओं के कार्यक्रम, मानव संसाधन विकास के लिए एक बुनियादी बात है। इनका उद्देश्य है कि शैशव काल में स्कूल पूर्व अवस्था में गैर-औपचारिक शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण की सेवाएं प्रदान की जाएं ताकि शैक्षिक बरबादी और गतिरोध में कमी आए, बीच में ही पढ़ाई छोड़ने वालों की संख्या कम हो, शिशुओं की अकाल मृत्यु को कम किया जाए तथा उनकी विकलांगता और कुपोषण को रोका जा सके । इसी प्रकार महिलाओं के लिए समाजार्थिक कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं रोजगार कार्यक्रम, प्रौढ़ महिलाओं के लिए शिक्षा के गहन कार्यक्रम इत्यादि हैं। इन सब में इस बात का प्रयास किया जा रहा

है कि न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया जाए बल्कि उनकी जीवन कोटि को भी बेहतर बनाया जाए।

युवा कार्य तथा खेल विभाग के प्रमुख कार्यकलापों में शामिल हैं, 7वीं पंचवर्षीय योजना के एक भाग के रूप में राष्ट्रीय खेल नीति का कार्यान्वयन । इस उद्देश्य से नई-नई योजनाएं बनाई गयीं हैं और खेल प्रोन्नति की विद्यमान योजनाओं को और आगे बढ़ाया गया है। इन नए कामों को शुरू करने के लिए खेल-कूद के लिए 7वीं पंचवर्षीय योजना का परिव्यय कई बार बढ़ाया गया है। यह बढ़ोत्तरी इस संबंध में छठी पंचवर्षीय योजना के परिव्यय की तुलना में आंकी जा सकती है। आशा की जाती है कि कार्यकलाप इस प्रकार बढ़ाने के परिणामस्वरूप खेल-कूद में भाग लेने वालों की संख्या और बढ़ेगी, खेल के स्तरों में सुधार आएगा और इस प्रकार सामान्य रूप से राष्ट्र के स्वास्थ्य और बल को बढ़ाने में सहायता मिलेगी। युवा कार्यक्रमों में युवकों के व्यक्तित्व और दक्षताओं के विकास पर बल दिया गया है और 7वीं पंचवर्षीय योजना के एक भाग के रूप में नए-नए उपाय किए गए हैं । युवा वर्ष शानदार तरीके से मनाया गया । इस प्रयास के अंतर्गत एक राष्ट्रीय युवा दिवस तथा सप्ताह निश्चित करना और राष्ट्रीय युवा एम्बलम की घोषणा विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

शिक्षा विभाग की गतिविधियों और सफलताओं का विवरण आगामी पृष्ठों में दिया गया है।

प्राक्कथन

शिक्षा विभाग

नई शिक्षा नीति तैयार करना

अगस्त, 1985 में मंत्रालय द्वारा "शिक्षा की चुनौती-नीति संबंधी परिप्रेक्ष्य" नामक एक स्थिति दस्तावेज प्रकाशित किया गया था जिसकी प्रतियां संसद में रखी गई तथा सभी राज्य सरकारों और संघीय क्षेत्र प्रशासनों को परिचालित की गई। यह 29-30 अगस्त, 1985 को हुए राज्यों के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में विचार विमर्श का आधार भी बना। इस दस्तावेज का अनुवाद, राज्य सरकारों द्वारा लगभग सभी प्रादेशिक भाषाओं में किया गया और इसे व्यापक रूप से परिचालित किया गया है। इसके अतिरिक्त, मंत्रालय द्वारा प्राप्त अनुरोधों पर तथा विभिन्न संगठनों को भी, इस दस्तावेज की अंग्रेजी में 5,80,000 हिन्दी में 2,40,000 तथा उर्दू में 4,000 प्रतियां वितरित की गई हैं। इस दस्तावेज का उद्देश्य, शिक्षा नीति तथा विकल्पों से संबंधित विषयों पर व्यापक और गहन राष्ट्रीय परिचर्चा को प्रोत्साहित करना था। नई शिक्षा नीति पर राष्ट्र-व्यापी परिचर्चा के एक भाग के रूप में, भारत सरकार तथा इसकी एजेंसियों द्वारा 12 राष्ट्रीय सेमिनार तथा 17 प्रायोजित सेमिनार आयोजित किए गए। नई शिक्षा नीति पर परिचर्चा के आयोजन में सभी राज्य सरकारों ने गहरी रुचि ली है। राज्य स्तर के सेमिनारों के अतिरिक्त, विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं में तथा ब्लाक स्तर पर भी अनेक सेमिनार-विचार गोष्ठियां तथा परिचर्चाएं हुई हैं। नई शिक्षा नीति तैयार करने पर हुई परिचर्चाओं से, अखिल भारतीय स्तर के अनेक शिक्षक संगठनों तथा छात्र संगठनों के प्रतिनिधि भी सम्बद्ध रहे हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) तथा महाराष्ट्र सरकार के संयुक्त तत्वावधान में, 13-14 दिसम्बर, 1985 को नागपुर में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों तथा स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से विधान परिषद सदस्यों का एक क्षेत्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया तथा 3-4 फरवरी, 1986 को पूणे में जिला परिषदों के अध्यक्षों और पंचायत समितियों के अध्यक्षों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया।

नई शिक्षा नीति तैयार करने से संबंधित प्रधान मंत्री की घोषणा की प्रतिक्रिया स्वरूप संगठनों तथा व्यक्तियों से अनेक सुझाव इस मंत्रालय में प्राप्त हुए हैं। मंत्रालय में प्राप्त सभी पत्र-व्यवहारों को, जिनकी संख्या 6000 से भी अधिक है और जिनमें पत्र, ज्ञापन, सेमिनारों की सिफारिशें राज्य सरकारों की सिफारिशें भी शामिल हैं, ध्यानपूर्वक संक्षिप्त और वर्गीकृत कर लिया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना तथा प्रशासन संस्थान द्वारा सभी सुझावों का विस्तृत विषय विश्लेषण तैयार किया गया है जिसने राज्य सरकारों, व्यक्तियों तथा संगठनों से प्राप्त शिक्षा पर अवबोधन पर 13 खण्ड प्रकाशित किए हैं।

राज्यों के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन की सिफारिशों के अनुसरण में, नई शिक्षा नीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न विषयों की गहराई से जांच करने तथा उनके कार्यान्वयन के लिए नीतियां तैयार करने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्री की अध्यक्षता में, (1) जन-शक्ति प्रक्षेपण और व्यावसायीकरण; (2) वित्तीय संसाधन तथा (3) परीक्षा सुधार पर शिक्षा मंत्रियों के राष्ट्रीय दल बनाए गए हैं।

नई शिक्षा नीति पर परिचर्चा में सभी वर्गों के लोग शामिल हुए हैं और बहुत से उपयोगी विचार तथा दृष्टिकोण उभर कर आए हैं। 23-24 जनवरी, 1986 को हुए राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन के विचारार्थ, विभिन्न वर्गों से प्राप्त सुझावों पर आधारित नई शिक्षा नीति से संबंधित विषय तैयार किए गए

2—759 Deptt. of Edu./85

वर्गों से प्राप्त सुझावों पर आधारित नई शिक्षा नीति से संबंधित विषय तैयार किए गए नई शिक्षा नीति का एक प्रारूप शीघ्र ही संसद में प्रस्तुत किया जाएगा।

प्रारंभिक शिक्षा

सभी बच्चों के लिए, 14 वर्ष की आयु होने तक निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करना एक संवैधानिक लक्ष्य है। सातवीं पंचवर्षीय योजना की नीति प्रारूप के अनुसार, प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण का संवैधानिक लक्ष्य प्राप्त करने का वर्ष 1989-90 है। प्रारंभिक शिक्षा योजना के न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम का एक अंग भी बनी हुई है।

सर्वसुलभीकरण के कार्यक्रम को इस वर्ष के दौरान, केन्द्रीय तथा राज्य/संघीय क्षेत्र, दोनों स्तरों पर बड़े जोर-शोर से जारी रखा गया। इस संबंध में उठाए गए कुछ के महत्वपूर्ण कदम निम्नलिखित हैं :

— प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण विशेषकर शैक्षिक रूप से पिछड़े नौ राज्यों में प्रगति की समीक्षा करने के लिए फरवरी, 1985 में शिक्षा सचिवों के सम्मेलन के एक भाग के रूप में 20 सूत्री कार्यक्रम के सूत्र 16 पर राष्ट्रीय समिति की बैठक।

— प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण तथा गैर-औपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकारों द्वारा किए गए प्रयत्नों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए शैक्षिक रूप से पिछड़े नौ राज्यों में प्रारंभिक शिक्षा पर राज्य कार्य दलों की बैठकें ।

— प्रारंभिक स्तर पर नामांकन बढ़ाने और छात्रों को बनाए रखने के लिए प्रयासों को तेज करने के लिए प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण पर एक राष्ट्रीय अभियान का आयोजना करना। इस वर्ष के अभियान में, स्कूल छोड़ जाने वालों की दर को कम करने पर विशेष बल दिया गया।

वर्ष 1985-86 के दौरान कक्षा पहली से आठवीं में अतिरिक्त नामांकन का लक्ष्य 52·71 लाख है। प्रारंभिक स्तर पर स्कूल छोड़ जाने वालों की ऊंची दरों में कमी लाने के लिए, विभिन्न राज्यों में, एकल शिक्षक स्कूलों को दो शिक्षक स्कूलों में बदलना, प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों की भौतिक सुविधाओं में सुधार लाना, अनु. जा. तथा अनु. ज. जा. जैसे असुविधाग्रस्त वर्गों तथा लड़कियों की ओर विशेष ध्यान, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें तथा लेखन सामग्री, निःशुल्क वर्दीयों जैसे प्रोत्साहनों की पर्याप्त व्यवस्था, विशेषकर लड़कियों के लिए, उपस्थिति छात्रवृत्तियां और मध्याह्न भोजन इत्यादि जैसे व्यापक उपाय किए गए।

गैर-औपचारिक शिक्षा

गैर-औपचारिक शिक्षा, शिक्षा के सर्वसुलभीकरण को प्राप्त करने के लिए अपनाई गई नीति का दूसरा मुख्य घटक है, क्योंकि बच्चों की एक बड़ी संख्या या तो स्कूल जा नहीं सकती या स्कूल जाना नहीं चाहती। सातवीं योजना के अन्तर्गत, गैर-औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम में शामिल किए जाने वाले बच्चों की संख्या 2·5 करोड़ होने का अनुमान है। इस कार्यक्रम ने, शैक्षिक रूप से पिछड़े 9 राज्यों में काफी जोर पकड़ लिया है और वर्ष 1985-86 के अन्त तक इस कार्यक्रम में लाए जाने वालों की संख्या, लगभग 1·65 लाख केन्द्रों में 41·41 लाख तक हो जाएगी।

उच्चतर माध्यमिक स्तर की समाप्ति तक लड़कियों के लिए निःशुल्क शिक्षा

निःशुल्क शिक्षा प्रदान करके लड़कियों के बीच शिक्षा के प्रसार को प्रोत्साहित करने के लिए, एक ऐसी योजना तैयार की गई है जिसके अंतर्गत भारत सरकार, राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों को, माध्यमिक/उच्चतर माध्यमिक स्तर पर लड़कियों से शिक्षा शुल्क के रूप में ली जाने वाली आय को छोड़ने की प्रति पूर्ति करेगी। यह योजना, पूरी सातवीं योजना अवधि तक लागू रहेगी।

सातवीं योजना अवधि के दौरान राज्यों/संघीय क्षेत्रों को, शिक्षक प्रशिक्षण सुविधाओं को सुदृढ़ करने में, और विद्यमान शिक्षकों के पुर्नस्थापन के लिए एक विशाल कार्यक्रम आरम्भ करने के लिए भी सहायता हेतु केन्द्रीय सहायता प्रदान करने पर ध्यान दिया जा रहा है। विज्ञान शिक्षण में सुधार लाने की एक योजना भी तैयार की जा रही है।

शारीरिक शिक्षा

अब विश्व भर में शारीरिक शिक्षा और खेलों को, शिक्षा के एक अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है। नई राष्ट्रीय खेल नीति में, जिसे एक सरकारी संकल्प के रूप में संसद के सम्मुख रखा गया है, अन्य बातों के साथ-साथ शारीरिक शिक्षा और योग भी शामिल हैं। इसके अनुसार केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों का यह कर्तव्य बन जाता है कि वे बहुमुखी विकास की प्रक्रिया में खेलों तथा शारीरिक शिक्षा की प्रोन्नति को उच्चतम प्राथमिकता दें। इस नीति के अन्तर्गत प्रत्येक नागरिक की, उसकी आयु और लिंग चाहे कुछ भी हो, खेलों और मनोरंजनात्मक कार्यकलापों में भाग लेने की जरूरत को स्वीकार किया गया है। इसलिए, इस नीति द्वारा केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों का यह कर्तव्य हो जाता है कि वे बड़े पैमाने पर आवश्यक सुविधाएं तथा अवस्थापना प्रदान करके पम्परागत तथा आधुनिक खेलों तथा योग को प्रोत्साहन दें तथा उनका विकास करें। नई नीति में दिए गए निदेशों के अनुसरण में, सातवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान, शारीरिक शिक्षा तथा योग पर काफी अधिक निवेश की परिकल्पना की गई है। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुदृढ़ बनाने तथा ज. सहभागिता को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल देने का भी प्रस्ताव है।

उच्च शिक्षा

विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में छात्रों का नामांकन जो वर्ष 1983-84 में 33.59 लाख था, वर्ष 1984-85 में बढ़कर 35.39 लाख हो गया। महिला छात्रों का नामांकन, जो 1983-84 में 9.77 लाख था, 1984-85 में बढ़कर 10.21 लाख हो गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने, शिक्षा के स्तरों तथा कोटि के सुधार करने तथा उच्च शिक्षा में विषमताओं और क्षेत्रीय असन्तुलनों को दूर करने की नीति जारी रखी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कोटि सुधार कार्यक्रमों के अंतर्गत विज्ञान शिक्षा, तथा गांधी और नेहरू अध्ययनों की प्रोन्नति पर विशेष ध्यान दिया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने, नाभिकीय विज्ञान, सामग्री अनुसंधान, लेसर और फाइबर आप्टिक्स, खगोल-भौतिकी, खगोल-विज्ञान, जीव-प्रौद्योगिकी तथा जन-संचार और शैक्षिक प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय विज्ञानियों के उपयोग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सुविधाओं के विकास के लिए कदम उठाए हैं। अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों के बीच उच्च शिक्षा संबंधी विशेष-कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता के जरिए जोर दिया जाना जारी रहा। शिक्षणात्मक तथा अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करके ज्ञान के प्रसार तथा प्रोन्नति के लिए सितम्बर, 1985 में दिल्ली में इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय स्थापित किया गया। यह, ज्ञान तथा दक्षताओं में सुधार लाने और सामान्य रूप से समाज तथा विशेषकर असुविधाग्रस्त वर्गों के शैक्षिक अवसरों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से सतत तथा व्यावसायिक शिक्षा पर बल देगा। संघीय क्षेत्र पांडिचेरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए, 16 अक्तूबर, 1985 को पांडिचेरी विश्व-विद्यालय नामक एक अन्य केन्द्रीय विश्वविद्यालय स्थापित किया गया है।

तकनीकी शिक्षा

किसी भी देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति, उचित रूप से प्रशिक्षित तकनीकी जन-शक्ति के उपलब्धता के साथ गहरे रूप से जुड़ी हुई है। अतः हमारे देश ने, स्वतंत्रता प्राप्ति से ही देश में तकनीकी शिक्षा के लिए व्यापक सुविधाओं के विकास को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान की है। 1947 में, इंजीनियरी डिग्री पाठ्यक्रमों में केवल 2940 छात्र तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में केवल 3670 छात्र दाखिल करने की सुविधाएं थीं। उत्तरोत्तर योजना अवधियों के दौरान, लगातार प्रयत्नों से हमारे देश ने अब तकनीकी शिक्षा तथा प्रशिक्षण की व्यापक सुविधाएं विकसित कर ली हैं तथा यह प्रणाली अब प्रत्येक वर्ष डिग्री पाठ्यक्रमों में लगभग 30,000 छात्र और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में लगभग 60,000 छात्र दाखिल करने की स्थिति में है तथा इसमें परम्परागत और नए उभरते क्षेत्र दोनों ही शामिल हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय हमारे देश में इंजीनियरी तथा

प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर शिक्षा तथा अनुसंधान न होने के बराबर था, परन्तु इस समय हमारी तकनीकी संस्थाएं, प्रत्येक वर्ष लगभग 7,000 छात्रों को सुव्यवस्थित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करने की स्थिति में हैं। सातवीं योजना अवधि के दौरान, विद्यमान सुविधाओं को समेकित करने तथा उनके अधिकतम उपयोग से संबंधित कार्यकलाप जारी रहे। चालू योजना के दौरान अन्य बातों के साथ-साथ, इंजीनियरी कालेजों तथा पालिटेक्निकों में अप्रयुक्त को दूर करने तथा आधुनिकीकरण लाने, ग्रामीण विकास में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के प्रयोग, तकनीकी शिक्षा प्रणाली तथा विकास क्षेत्रों के बीच संबंध स्थापित करने और तकनीकी संस्थाओं में आकलन सुविधाएं प्रदान करने के लिए कदम उठाए गए हैं। सातवीं योजना अवधि की योजनाओं के कार्यान्वयन से, यह आशा की जाती है कि तकनीकी शिक्षा सुविधाओं के बहुत से महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कमियों को काफी हद तक दूर कर दिया जाएगा।

प्रौढ़ शिक्षा

सातवीं पंचवर्षीय योजना में यह कहा गया है कि प्रौढ़ साक्षरता कार्यक्रमों को इस उद्देश्य के साथ चलाया जाएगा कि वर्ष 1990 तक 15 से 35 वर्ष के आयु-वर्ग में सभी निरक्षरों को शामिल कर लिया जाए। यह सोचते हुए कि प्रौढ़ शिक्षा,, सामाजिक आर्थिक विकास का एक महत्वपूर्ण अंग है और परिवार कल्याण कार्यक्रम का भी एक निर्णायक भाग है, सरकार ने इसे न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम तथा 20 सूत्री कार्यक्रम में शामिल करके प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को उच्चतम प्राथमिकता प्रदान की है। सतत शिक्षा के एक कार्यक्रम के विकास, प्रोत्साहन, जन-कार्यक्रम आरंभ करने, ग्रामीण विकास तथा परिवार कल्याण के विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों के साथ कारगर रूप से जोड़ना, स्वैच्छिक एजेंसियों, नेहरू युवक केन्द्रों, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा आई.एस.डी.एस. का और अधिक शामिल होना जैसे मुख्य क्षेत्रों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग में निरक्षरता मिटाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, विद्यमान चल रही योजनाओं के साथ कार्यात्मक साक्षरता का एक जनव्यापी कार्यक्रम आरंभ करने का निर्णय किया है। सरकार, राष्ट्रीय औसत से कम साक्षरता दरों वाले जिलों को शामिल करने, समाज के विशेष लक्ष्य वर्गों जैसे कि महिलाओं अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन-जातियों और अन्य कमजोर वर्गों को शामिल करने, साक्षरता कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय तथा कालेजों के छात्रों और युवाओं की अधिक सहभागिता; स्वैच्छिक एजेंसियों का उपयोग, ग्राम समाज जीवन तथा शिक्षा केन्द्रों के नेटवर्क के माध्यम से उत्तर-साक्षरता तथा अनुवर्ती कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाना; लोक परंपरागत तथा आधुनिक जन-संचार माध्यमों का प्रयोग जैसे प्राचलों (पैरा-मीटर्स) से मार्गदर्शन प्राप्त करती रहेगी। 1985-86 में 75.46 लाख प्रौढ़ निरक्षकों के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में सितम्बर, 1985 के अंत तक उपलब्धि 70.43 लाख है। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन को नियमित रूप से मानिटर किया जा रहा है और इस कार्यक्रम के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्य की त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टें सरकार को भेजी जा रही हैं। विदेशों के भी कई दौरे किए गए हैं ताकि प्रौढ़ शिक्षा के उनके कार्यक्रमों का अध्ययन किया जा सके और इस कार्यक्रम को समृद्ध करने के लिए उनकी नीतियां अपनाई जा सकें। प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय (राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र) तथा विभिन्न राज्यों में स्थित 17 राज्य संसाधन केन्द्रों ने, अपने-अपने कार्यकलापों के नेटवर्क से इस कार्यक्रम को तकनीकी तथा संसाधन सहायता प्रदान करना जारी रखा। नई शिक्षा नीति को तैयार करने में निवेश प्रदान करने के लिए निदेशालय तथा राज्य संसाधन केन्द्रों द्वारा एक राष्ट्रीय तथा कई अन्य सेमिनार आयोजित किए गए।

छात्रवृत्तियां

भारत सरकार छात्रों को देश और विदेशों में और आगे अध्ययन के लिए बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियां प्रदान करती है। ये छात्रवृत्तियां सामान्यतः उन योग्य छात्रों को दी जाती हैं जिनकी आय के साधन पर्याप्त नहीं हैं। राष्ट्रीय योग्यता छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत, 27,000 छात्रों को मैट्रिकोत्तर स्तर पर अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को उच्चतर माध्यमिक स्तर तक शिक्षा प्राप्त करने के लिए 33,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। इन 33,000 छात्रवृत्तियों में से 18,000 छात्रवृत्तियां भूमिहीन श्रमिक वर्गों और अनुसूचित जातियों तथा

अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों को प्रदान की गई। निर्धन परन्तु योग्य छात्रों को पांच सौ छात्रवृत्तियां प्रदान की गई ताकि वे अनुमोदित आवासीय स्कूलों में अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकें।

यह मंत्रालय, भारतीय छात्रों को विदेशों में अध्ययन के लिए भी छात्रवृत्तियां प्रदान करता है ताकि वे नए विशेषज्ञता वाले विषयों में अनुसंधान कर सकें। पारस्परिक आधार पर, विदेशी छात्रों को 180 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं और इस प्रकार विकासशील देशों को अपनी जनशक्ति को प्रशिक्षित करने के उनके प्रयत्नों में सहायता की जाती है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार ने राष्ट्रमण्डल देशों के राष्ट्रिकों को 75 छात्रवृत्तियां प्रदान की।

पुस्तक प्रौन्नति और कापीराइट

पुस्तक प्रौन्नति के क्षेत्र में इस मंत्रालय के कार्यक्रमों का उद्देश्य, उचित मूल्यों पर अच्छे साहित्य के निर्माण को सुकर बनाना, भारतीय लेखकों तथा प्रकाशन उद्योग को प्रोत्साहित करना, पुस्तक आयात नीति तैयार करना, भारतीय पुस्तकों के निर्यात को प्रोत्साहित करना और लोगों के बीच पुस्तकों के प्रति रुचि बढ़ाना है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने अपना प्रकाशन कार्यक्रम जारी रखा और अंतर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तरों पर पुस्तक मेलों/प्रदर्शनियों का आयोजन किया तथा इनमें भाग लिया। इस वर्ष के महत्वपूर्ण कार्य को अक्तूबर, 1985 में पटना में 12वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले का आयोजन, नवम्बर, 1985 में इलाहाबाद में तीसरा अंतर्राष्ट्रीय बाल पुस्तक मेला और फरवरी, 1986 में नई दिल्ली में सातवां विश्व पुस्तक मेला। इस वर्ष के दौरान घोषित उदार आयात नीति, तीन वर्ष की अवधि तक लागू रहेगी। कापीराइट अधिनियम के अंतर्गत जैसी की व्यवस्था है, लेखकों तथा संगीत रचनाओं के संगीतकारों की एक राष्ट्रीय सोसायटी स्थापित करने के प्रयत्न किए गए ताकि उनके हितों की रक्षा की जा सके। कापीराइट कार्यालय ने 1,908 साहित्यिक तथा कलात्मक कृतियां पंजीकृत की।

भाषाओं का प्रसार तथा विकास

भारत सरकार की नीति, सभी भारतीय भाषाओं, जिनमें, प्राचीन, आधुनिक तथा जन-जातीय भाषाएं भी शामिल हैं, के विकास को बढ़ावा देना है। आलोच्य वर्ष के दौरान आरंभ किए गए कार्यकलापों तथा कार्यक्रमों का उद्देश्य, त्रि-भाषा सूत्र के कार्यान्वयन को सुकर बनाने के लिए शिक्षकों के प्रशिक्षण पर बल देते हुए वांछित उद्देश्यों को प्राप्त करना तथा शिक्षण के माध्यम के रूप में अंग्रेजी को क्षेत्रीय भाषाओं में बदलने को सुकर बनाने की दृष्टि से विश्वविद्यालय स्तर की पाठ्यपुस्तकों का निर्माण है। अहिन्दी भाषी राज्यों को, हिन्दी शिक्षक प्रशिक्षक कालेजों में हिन्दी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए, हिन्दी शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना के लिए, मैट्रिक स्तर से आगे हिन्दी अध्ययन के लिए छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए सहायता जारी रही। हिन्दी के विकास तथा प्रसार के लिए कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों को भी वित्तीय सहायता दी गई ताकि वे हिन्दी शिक्षण कक्षाएं आयोजित कर सकें। हिन्दी शिक्षण के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों के आयोजन, शिक्षण की प्रणालियों पर अनुसंधान संचालित करने तथा हिन्दी पुस्तकों के प्रकाशन के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की गई। जन-जातीय प्राचीन तथा आधुनिक भारतीय भाषाओं के प्रसार तथा विकास के लिए विभिन्न अधीनस्थ कार्यालयों तथा स्वायत्त संगठनों के माध्यम से इस मंत्रालय द्वारा पुस्तकों, शब्दकोष अनुसंधान तथा अनुदेशात्मक सामग्री तैयार/प्रकाशित करने, शिक्षकों के प्रशिक्षण इत्यादि के लिए अनेक योजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं। भारत के विभिन्न भागों में तीस सुलेखन केन्द्र चल रहे हैं।

सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अंतर्गत, केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली द्वारा भाषा शब्दकोष/वार्तालाप गाइड तैयार की जा रही हैं। विदेशों में हिन्दी का प्रचार नामक योजना के अंतर्गत विदेशी छात्रों को हिन्दी के अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। हिन्दी शिक्षकों को विदेशों में प्रतिनियुक्त किया जाता है और हमारे दूतावासों/मिशनों के माध्यम से हिन्दी पुस्तकें वितरित की जाती हैं। सभी भारतीय भाषाओं के प्रसार तथा विकास के लिए विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों को सहायक अनुदान भी दिए जाते हैं।

यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग

भारत ने यूनेस्को से संबंधित मामलों में अपनी अग्रणीय भूमिका निभाना जारी रखा और यूनेस्को के तत्वावधान में आयोजित महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों/बैठकों में भाग लिया। भारत सरकार ने बैंगकाक में आयोजित शिक्षा मंत्रियों तथा एशिया और प्रशान्त में आर्थिक आयोजना के लिए जिम्मेदार महत्वपूर्ण व्यक्तियों के पांचवीं क्षेत्रीय सम्मेलन में और सोफिया (बुल्गारिया) में आयोजित यूनेस्को महासम्मेलन के 23वें अधिवेशन में उच्च अधिकार प्राप्त शिष्टमण्डल भेजे।

वार्षिक योजना और बीस सूत्री कार्यक्रम

आलोच्य वर्ष के दौरान, नए 20 सूत्री कार्यक्रम के सूत्र 16, जो प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण और प्रौढ़ शिक्षा से संबंधित है, की मानीटरिंग जारी रही।

शैक्षिक सांख्यिकी

भारत में शैक्षिक सांख्यिकी प्रणाली की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय समिति द्वारा की गई सिफारिशों का अनुवर्ती कार्य आरंभ किया।

उत्तर प्रदेश में शैक्षिक सांख्यिकी के संगणीकरण पर एक प्रायोगिक परियोजना आरंभ की गई। इस परियोजना के मार्च, 1986 तक पूरा हो जाने की आशा है।

चालू वर्ष के दौरान 9 प्रकाशन/रिपोर्ट प्रकाशित की गईं।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों की शिक्षा

सातवीं योजना 1985–90 तथा वार्षिक योजना 1985-86 के लिए, अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना और अनुसूचित जनजातियों के लिए जनजातीय उप-योजना को अंतिम रूप दे दिया गया है। वार्षिक योजना 1986-87 के वास्ते विशेष घटक योजना तथा जनजातीय उप-योजना के प्रारूप भी तैयार कर लिया गया है। 1986-87 के लिए वार्षिक योजना के लिए विभाज्य परिव्यय में से इन दो घटक योजनाओं के लिए कुल विभाज्य परिव्यय का क्रमशः 21.66% तथा 12.69% निश्चित किया गया है।

अल्पसंख्यकों की शिक्षा

अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए भूतपूर्व प्रधानमंत्री के पन्द्रह सूत्री निदेश के अनुसरण में, उन क्षेत्रों में जहां मुसलमान्त भारी संख्या में रहते हैं, सामुदायिक पालिटेक्निकों की योजनाएं, उच्च स्तरीय प्रतियोगिता-परीक्षाओं के लिए शिक्षण कक्षाओं की वि.अनु.आ. योजना, राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा, अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा प्रबंधित स्कूलों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यान्वित किया जा रहा है।

नई शिक्षा नीति को तैयार करने के संदर्भ में "अल्पसंख्यक तथा शिक्षा" पर, दो दिनों का एक सेमिनार आयोजित किया गया।

निष्कर्ष

भारत सरकार का यह विचार है कि शिक्षा तभी सार्थक और सुसंगत बन सकती है जब शिक्षण प्रक्रिया को बदल कर उसे सक्रिय और प्रभावी रूप से प्रत्येक विकासात्मक कार्यकलाप के साथ जोड़ दिया जाए। अतः यह परमावश्यक हो जाता है कि सभी स्तरों पर शिक्षा की कार्यात्मक सुसंगता को बेहतर बनाया जाए और उत्पादक दक्षताओं तथा बेहतर प्रौद्योगिकियों को प्राप्त करने के अवसर प्रदान किए जाएं। यह प्रस्ताव है कि विकासात्मक जरूरतों को पूरा करने के लिए शिक्षा के व्यावसायीकरण पर बल दिया जाए और स्कूल सुधार का एक व्यापक, लम्बी अवधि वाला राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आरंभ किया जाए तथा काफी संख्या में उत्तम कोटि की संस्थाएं शुरू करके जो उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेंगी, इसको समर्थन तथा प्रोत्साहन प्रदान किया जाए। यह भी आवश्यक समझा गया है कि जहां भी संभव हो डिग्रियों को नौकरियों से अलग किया जाए और एक ओर तो शिक्षा की प्रक्रियाओं और सामंजस्य पैदा करने के लिए एक ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा-पद्धति लाई जाए जिसकी जड़ें सुसंगता तथा अनुपूरकता स्थापित की जाए। यह भी आवश्यक होगा कि राष्ट्रीय एकता और सामंजस्य पैदा करने के लिए एक ऐसी राष्ट्रीय शिक्षा पद्धति लाई जाए जिसकी जड़ें मजबूती से धर्म-निरपेक्षता, लोकतंत्र तथा समाजवाद में गढ़ी हों। सरकार का यह प्रयास होगा कि युवा और प्रगतिशील प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आगे आने वाली चुनौतियों का सामना किया जाए और शिक्षा को नया रूप दिया जाए जिससे कि संविधान में निहित उद्देश्यों और लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक सुदृढ़ आधार उपलब्ध हो सके।

अध्याय I

संगठनात्मक ढांचा

शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एक विभाग है, विभाग का कार्य राज्य मंत्री की देख-रेख में होता है और समग्र कार्यभार मानव संसाधन विकास मंत्री के पास है। मंत्रालय के सचिवालय का कार्य सचिव की देख-रेख में होता है जिनकी सहायता के लिए एक विशेष सचिव (उच्च शिक्षा), अतिरिक्त सचिव तथा शिक्षा सलाहकार (तकनीकी) हैं। विभाग में अनेक ब्यूरो, प्रभाग, डैस्क, अनुभाग तथा एकक हैं। प्रत्येक ब्यूरो का प्रभारी एक संयुक्त सचिव/संयुक्त शिक्षा सलाहकार है जिनकी सहायता के लिए प्रभागाध्यक्ष हैं। विभाग का संगठनात्मक स्वरूप रिपोर्ट के साथ संलग्न चार्ट में दर्शाया गया है।

अधीनस्थ कार्यालय/ स्वायत्त संगठन

पिछले वर्षों के दौरान विभाग के अधीन बहुत से अधीनस्थ कार्यालय तथा संगठन अस्तित्व में आए हैं। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समन्वय तथा स्तर निर्धारण के लिए संसद के एक अधिनियम द्वारा 1956 में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की स्थापना की गई थी। इसके अलावा, विशिष्ट जिम्मेदारियां निभाने के लिए बहुत से संगठन स्थापित किए गए हैं। इनमें एक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद है, जो देश भर में स्कूल शिक्षा की कोटि सम्बन्धी पहलुओं को उन्नत बनाने की दिशा में प्रयत्नशील है। अन्य प्रमुख संगठन इस प्रकार हैं :—

(1) राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना और प्रशासन संस्थान, नई दिल्ली।
(2) भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला।
(3) भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।
(4) भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
(5) भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली।
(6) केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नई दिल्ली।
(7) केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली।
(8) केन्द्रीय हिन्दी संगठन, आगरा।
(9) केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर।
(10) केन्द्रीय अंग्रेजी तथा विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद।
(11) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली।
(12) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली।
(13) राष्ट्रीय संस्कृत संगठन, नई दिल्ली।
(14) राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, नई दिल्ली।
(15) लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कालेज, ग्वालियर।

तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में हैं : भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर; भारतीय खनन स्कूल, धनबाद; राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान, बम्बई; राष्ट्रीय ढलाई तथा गढ़ाई प्रौद्योगिकी संस्थान,, रांची,; आयोजना और वास्तुकला स्कूल, नई दिल्ली; भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज, हैदराबाद; अहमदाबाद, बंगलौर, कलकत्ता और लखनऊ में एक-एक भारतीय प्रबन्ध संस्थान; भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़ और मद्रास में एक-एक तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान; बम्बई, दिल्ली, कानपुर, खड़गपुर और मद्रास में एक-एक भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान और देश भर में फैले पंद्रह इंजीनियरी कालेज हैं। हमीरपुर (हिमाचल प्रदेश) और जालन्धर (पंजाब) में दो और क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज खोले जाने की संस्वीकृति दी जा चुकी है।

कार्य

शिक्षा विभाग के मुख्य कार्य हैं : सभी पहलुओं से शिक्षा नीति का विकास करना और उच्च शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा के स्तरों को समन्वित तथा निर्धारित करना; कापीराइट अधिनियम लागू करना; पाठ्यपुस्तकों की कोटि में सुधार करना; छात्रवृत्तियां तथा अन्य योजनाओं को लागू करना; यूनेस्को के साथ सहायता के कार्यक्रमों तथा अन्य गतिविधियों को समन्वित करना; संस्कृत तथा अन्य श्रेष्ठ भाषाओं में अध्ययन तथा अनुसंधान को बढ़ावा देना और प्रोत्साहित करना; गैर-औपचारिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यकलापों का विकास करना और प्रौढ़ शिक्षा को प्रोत्साहित करना।

अध्याय–2

स्कूल शिक्षा तथा शारीरिक शिक्षा

स्कूल शिक्षा

प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना

प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के संवैधानिक लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से, इस कार्यक्रम को छठी योजना में सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। 1982 से प्रारंभिक शिक्षा को सरकार के नए 20 सूत्री कार्यक्रम में सूत्र 16 में शामिल कर लिया गया है। इस संवैधानिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लक्ष्य तारीख 1990 अर्थात् सातवीं योजना अवधि के अंत तक है। 1981 के जनगणना अनुमानों के आधार पर 1989-90 तक 6–14 आयु वर्ग में कुल जनसंख्या 1510 लाख हो जाएगी। अधिक आयु तथा कम आयु वाले बच्चों के लिए 10% की गुंजाइश की व्यवस्था करते हुए, 1990 तक इस कार्यक्रम में शामिल किए जाने वाले बच्चों की संख्या लगभग 1660 लाख होगी। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार 1984-85 तक कक्षा पहली से आठवीं में कुल नामांकन 1121·06 लाख तक हो जाने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, गैर-औपचारिक शिक्षा के माध्यम से 35–40 लाख बच्चों को शामिल किए जाने की आशा है।

प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लिए राष्ट्रीय अभियान पहली बार 1982 के दौरान आरंभ किया गया था। पिछले वर्षों की भाँति चालू वर्ष में भी एक राष्ट्र व्यापी अभियान आरंभ किया गया था जिसमें समाज की सहभागिता की जरूरत पर प्रकाश डाला गया। विभिन्न राज्यों/संघीय क्षेत्रों में शैक्षिक सत्रों की शुरूआत के साथ-साथ आरंभ होने वाले इस अभियान का लक्ष्य दाखिले के लिए अनुकूल वातावरण उत्पन्न करना, स्कूलों में उपस्थिति पर नजर रखना, शिक्षकों की रिक्तियों को भरना तथा गैर-औपचारिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाना था। बीच में ही स्कूल छोड़ जाने वालों की दरों को कम करने पर विशेष बल दिया गया था। राज्य सरकारों से अब तक प्राप्त हुई पूर्वनिवेशन काफी उत्साहवर्धक है। राज्य सरकारों को, वर्ष 1985-86 के लिए निर्धारित अतिरिक्त नामांकन के लक्ष्यों को प्राप्त कर लिए जाने की आशा है।

नीचे दिया विवरण नामांकन लक्ष्यों तथा उपलब्धियों को दर्शाता है:—

(कोष्ठकों के अन्दर दिए गए आंकड़े नामांकन अनुपात दर्शाते हैं)

	1979-80 (वास्तविक)	1980-81 (वा०)	1981-82 (वा०)	1982-83 (वा०)	1983-84 (वा०)	1984-85 (वा०)	1985-86 (वा०)
1	2	3	4	5	6	7	8
आयु वर्ग 6—नामांकन कक्षा I—V	710.02	727.16	753.25	775.93	805.97	853.76	906.81
आयु वर्ग तत संख्या की प्रतिशतता की रूप में नामांकन	(83.72)	(85.23)	(87.76)	(89.87)	(93.3)	(91.84)	(101.70)
आयु वर्ग 11-14	194.01	204.31	218.13	235.81	254.78	267.30	285.17
नामांकन: कक्षा VI—VIII							
आयु वर्ग तत संख्या की प्रतिशतता के रूप में नामांकन	(40.16)	(41.72)	(43.96)	(40.90)	(50.7)	(53.07)	(55.2)
आयु वर्ग 6-14	904.03	931.47	971.38	1011.74	1060.75	1121.06	1191.98
नामांकन कक्षा I—VIII	(67.91)	(69.36)	(71.71)	(74.05)	(78.01)	(78.21)	(84.64)

3—759 Deptt. of Edu./85

शिक्षण की कोटि में सुधार लाने की दृष्टि से 1985-86 में शैक्षिक प्रशासकों, शैक्षिक संस्थाओं के अध्यक्षों तथा शिक्षकों के पुर्नस्थापन का एक व्यापक कार्यक्रम आरंभ करने का प्रस्ताव है और चुनी हुई प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं को निधियां प्रदान करने का प्रस्ताव है ताकि उन्हें स्टाफ, उपस्कर और पुस्तकालय सुविधाओं में सुदृढ़ किया जा सके।

नि:शुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा

अनुच्छेद 45 में दिए गए संवैधानिक निर्देशों के अनुसरण में अधिकांश राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों के सभी स्कूलों में चाहे वे सरकारी, स्थानीय निकायों द्वारा चलाए जा रहे हों अथवा सहायता प्राप्त हों, प्राथमिक स्तर पर (कक्षा 1 से 5 तक) तथा मिडिल स्तर पर (कक्षा 6 से 8 तक) शिक्षा नि:शुल्क है सिवाए उत्तर प्रदेश में जहां सातवीं और आठवीं कक्षा के लड़कों के लिए शिक्षा नि:शुल्क नहीं है। कुछ राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों ने ऐसे कानून बनाए हैं जिनके द्वारा प्रारंभिक शिक्षा नि:शुल्क तथा अनिवार्य हो गई है। तथापि, विद्यमान सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों में ऐसे कानूनों की दण्ड विषयक धाराएं अप्रवर्तनीय ही रही हैं।

यू. के. की वित्तीय सहायता से प्राथमिक स्कूल परियोजना

यू. के. सरकार, आन्ध्र प्रदेश में प्राथमिक स्कूल भवनों के निर्माण के लिए दस लाख पौंड की सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हो गई है। पहले चरण के पूरा होने की शर्त पर इस परियोजना के बाद के चरण अथवा चरणों के लिए एक करोड़ 40 लाख पौंड के अतिरिक्त विनियोजन को भी सिद्धांत रूप में मान लिया गया है।

स्कूल संभरण (फीडिंग) कार्यक्रम के प्रभाव पर अध्ययन

0-5 आयु वर्ग के बच्चों के बीच तुलनात्मक, स्कूल में बने रहने तथा उपलब्धि स्तर पर, स्कूल संभरण (फीडिंग) कार्यक्रम के प्रभाव को निर्धारित करने के लिए जुलाई, 1985 में एक अध्ययन, रा.शै.अनु.प्र.परि. की निगरानी में एशियाई संगठन अनुसंधान तथा विकास केन्द्र द्वारा संचालित किया जा रहा है।

प्रारंभिक आयु वर्ग के बच्चों के लिए गैर-औपचारिक अंशकालिक शिक्षा

उन बच्चों के लिए शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए जो स्कूल नहीं जा सकते, अथवा जिन्होंने औपचारिक स्कूली शिक्षा की एक विशाल विकल्प सहायक पद्धति के रूप में विकसित हुए बिना स्कूल छोड़ दिया है, यह कार्यक्रम विद्यमान है । इस पर शैक्षिक रूप से पिछड़े उन नौ राज्यों अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, असम, बिहार, जम्मू और काश्मीर, मध्य प्रदेश, उडीसा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में मुख्य रूप से जोर दिया जा रहा है और अधिकतम बच्चों को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है, जिन्हें गैर-औपचारिक शिक्षा की एक केन्द्र प्रायोजित योजना के अंतर्गत प्रारंभिक आयु वर्ग के बच्चों के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता भी प्रदान की जाती थी। इस योजना का मूल उद्देश्य, दाखिल न हुए तथा स्कूल न जाने वाले बच्चों को शामिल करने के लिए आवश्यक संस्थागत अवस्थापना प्रदान करना तथा केन्द्र और राज्यों, दोनों की पहल के अन्तर्गत गैर-औपचारिक शिक्षा के कार्यक्रम के लिए शैक्षिक निवेशों को सुदृढ़ बनाना है। इस योजना का व्यय, केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा बराबरी के आधार पर वहन किया जा रहा है। इस वर्ष के दौरान इन राज्यों को 11, 15, 39, 142/- रुपये का कुल अनुदान संस्वीकृत किया गया है।

शैक्षिक रूप से पिछड़े 9 राज्यों में राज्य सरकार की पद्धति पर गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाने वाले स्वैच्छिक संगठनों तथा किसी भी राज्य/संघीय क्षेत्र में गैर-औपचारिक शिक्षा की प्रयोगात्मक और अभिनव परियोजनाओं को शुरू करने वाली सरकारी अथवा प्राइवेट शैक्षिक संस्थाओं को राज्य सरकारों की सिफारिशों पर 100% के आधार पर केन्द्रीय सहायता दी जाती है । चालू वर्ष के दौरान अब तक 55 स्वैच्छिक संगठनों तथा 1 शैक्षिक संस्था को 17.64 लाख रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है।

गैर-औपचारिक शिक्षा कार्यक्रम ने, विशेषकर शैक्षिक रूप से पिछड़े नौ राज्यों में अच्छी गति पकड़ ली है । वर्ष 1985-86 के अंत तक शैक्षिक रूप से पिछड़े नौ राज्यों में 1,65,648 केन्द्रों के माध्यम से जिनमें 20,500 केन्द्र केवल लड़कियों के लिए ही

है, लगभग 42 लाख व्यक्तियों को शामिल किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय अनुदान से स्वैच्छिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे अनौपचारिक केन्द्रों की संख्या 2424 है, जिनमें अनुमानत: 60600 व्यक्तियों को शामिल किया गया है।

केवल लड़कियों के लिए गैर-औपचारिक केन्द्र

लड़कियों के नामांकन के बारे में असंतोषजनक स्थिति का वर्ष 1989-90 के अंत तक छात्राओं को शामिल किए जाने के लक्ष्यों की प्राप्ति पर प्रभाव पड़ा है तथा पड़ रहा है। लड़कियों के नामांकन को बढ़ाने के उद्देश्य से, गैर-औपचारिक शिक्षा की इस समय चल रही योजना को वर्ष 1983-84 से उदार बना दिया गया था जिसके अंतर्गत शैक्षिक रूप से पिछड़े 9 राज्यों को, केवल लड़कियों के लिए गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्र स्थापित करने हेतु 90:10 के अनुपात में केन्द्र-राज्य की साझेदारी के आधार पर वित्तीय सहायता दी जाती है। इस वर्ष के दौरान, ऐसे 20,500 विद्यमान केन्द्रों को जो केवल लड़कियों के लिए हैं, 2,67,75,483/- रु. का कुल अनुदान स्वीकृत किया गया ।

महिला शिक्षकों की नियुक्ति

शैक्षिक रूप से पिछड़े 9 राज्यों में विशेष रूप से ग्रामीण/पिछड़े/पर्वतीय/जन-जातीय क्षेत्रों में प्राथमिक स्कूलों में महिला शिक्षकों की नियुक्ति के लिए 80:20 के अनुपात में, केन्द्र-राज्य की साझेदारी के आधार पर सहायता की एक केन्द्रीय प्रायोजित योजना वर्ष 1983-84 में चालू की गई थी। सातवीं योजना के दौरान, इस योजना को जारी रखे जाने पर विचार किया जा रहा है।

शिशु शिक्षा

बीच में ही अध्ययन छोड़ जाने वाले बच्चों की दर को कम करने तथा बच्चों को स्कूल में ही रोके रखने में सुधार लाने के लिए एक विशिष्ट नीति के रूप में छठी योजना के अंतर्गत ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में शिशु (स्कूल-पूर्व) शिक्षा, विशेष रूप से प्रथम पीढ़ी के पढ़ने वालों के लिए शिक्षा का सुझाव दिया गया था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य, बच्चों को प्राथमिक स्कूलों में दाखिला कराने के लिए तैयार करने हेतु उनकी संप्रेषण (भाषा) तथा ज्ञानात्मक (सामाजिक, भावात्मक, बौद्धिक एवं वैयक्तित्व विकास) दक्षताओं में सुधार लाना है। इस योजना के अंतर्गत, शैक्षिक रूप से पिछड़े 9 राज्यों में स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और वर्ष 1985-86 के दौरान 34.47 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी।

शिक्षकों के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार

शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार देने की यह योजना, शिक्षकों की प्रतिष्ठा बढ़ाने तथा प्राथमिक/मिडिल/उच्च/उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के कार्यरत उत्कृष्ट शिक्षकों को उनकी प्रशंसनीय सेवाओं के लिए सार्वजनिक मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से 1958-59 में आरंभ की गई थी। इस योजना का क्षेत्र बाद में बढ़ा दिया गया था ताकि इसमें परपरागत रूप से चल रही संस्कृत पाठशालाओं, टोला आदि और मदरसों के अरबी/फारसी शिक्षकों को भी शामिल किया जा सके। प्रत्येक पुरस्कार में एक योग्यता प्रमाण-पत्र, एक रजत पदक तथा 1500/- रु. नकद भुगतान, जिसे 1985 से बढ़ाकर 2500/- रु. कर दिया गया है, शामिल है।

वर्ष 1985 में शिक्षकों के लिए 186 राष्ट्रीय पुरस्कारों में से 136 शिक्षकों, 74 प्राथमिक तथा 62 माध्यमिक, के नामों का निर्णय कर लिया गया और घोषित कर दिया गया है। ये शिक्षक, आन्ध्र प्रदेश, असम, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मेघालय, नागालैंड, उड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, त्रिपुरा, उत्तर प्रदेश, अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह, अरूणाचल प्रदेश, दादरा तथा नागर हवेली, दिल्ली, चण्डीगढ़, गोवा, दमन तथा द्वीप, पांडिचेरी, मिजोरम तथा केन्द्रीय विद्यालय संगठन के हैं। शेष राज्यों/संघीय क्षेत्रों से शिक्षकों के चयन को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम

शैक्षिक प्रौद्योगिकी कार्यक्रम का उद्देश्य, शिक्षा में गुणात्मक सुधार करना तथा सभी शैक्षिक प्रौद्योगिकी के समेकित उपयोग द्वारा, जिसमें आकाशवाणी तथा दूरदर्शन भी शामिल हैं, शिक्षा तक व्यापक पहुंच को सुनिश्चित करना है। इस योजना को,

राज्यों/संघीय क्षेत्रों में शैक्षिक प्रौद्योगिकी सेलों तथा रा.शै.अनु.प्र.परि. में केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से कार्यान्वित किया जा रहा है। छठी योजना के दौरान शैक्षिक प्रौद्योगिकी योजना के कार्यान्वयन में प्राप्त अनुभव को ध्यान में रखते हुए, शैक्षिक प्रौद्योगिकी योजना के अंतर्गत राज्यों/संघीय क्षेत्रों को सहायता देने में संशोधन करने का प्रस्ताव है ताकि स्वतःपूर्ण और सम्पूर्ण व्यवस्थित श्रव्य कार्यक्रम निर्माण सुविधाएं तथा संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जा सकें।

इनसेट के संदर्भ में, छः इनसेट राज्यों, अर्थात् आन्ध्र प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों की स्थापना की जा रही है ताकि वे अपनी विशिष्ट जरूरतों के अनुरूप शैक्षिक दूरदर्शन कार्यक्रमों के निर्माण का दायित्व संभाल सकें। बिहार तथा उत्तर प्रदेश में शैक्षिक दूरदर्शन स्टूडियो भवन तैयार हो गए हैं और उन्हें राज्य प्राधिकारियों को सौंप दिया गया है। पूना तथा हैदराबाद में भी स्टूडियो भवन तैयार हो चुके हैं। भुवनेश्वर में राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के भवन के निर्माण का कार्य फरवरी, 1986 तक पूरा हो जाने की आशा है। गुजरात में राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के भवन का निर्माण राज्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जा रहा है तथा फरवरी-मार्च, 1986 तक इसके पूरा होने की आशा है। केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान एक अलग भवन का निर्माण कार्य भी अन्तरिक्ष विभाग के माध्यम से आरंभ किया जाना है जिन्होंने निविदा संबंधी कार्य शुरू कर दिया है।

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान तथा 6 राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए उपस्कर का आर्डर मेसर्स जी.सी.ई.एल., बड़ौदा तथा मैसर्स बी.ई.एल, बंगलौर को दे दिया गया है। ये दोनों फर्में सार्वजनिक क्षेत्र प्रतिष्ठान हैं। बी.ई.एल द्वारा उपस्कर अब तक नियत समय पर मिल रहे हैं और यह आशा की जाती है कि 3 राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए स्टूडियो उपस्कर मार्च, 1986 तक पूरे हो जाएंगे तथा शेष 3 के लिए, मार्च, 1987 तक। जी.सी.ई.एल. द्वारा उपस्कर की सप्लाई में देरी हो गई है और यह आशा की जाती है कि वित्तीय वर्ष 1985-86 के अन्दर ही सभी उपस्कर सप्लाई पूरी हो जाएगी। बी.ई.एल. द्वारा स्टूडियो उपस्कर लगाए जाने तथा चालू किए जाने के साथ केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान का सातत्य स्टूडियो अब पूरी तरह से कार्यात्मक हो गया है।

इनसेट शैक्षिक दूरदर्शन सेवा के लिए कार्यक्रमों का निर्माण, दूरदर्शन तथा केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच 50:50 की हिस्सेदारी के आधार पर हो रहा है। यह कार्यक्रम 5 से 8 वर्ष आयु-वर्ग तथा 9 से 11 वर्ष आयु-वर्ग के बच्चों को सामान्य रूप से समृद्ध बनाने के लिए है। शैक्षिक दूरदर्शन सेवा सप्ताह में 5 दिन के लिए प्रातः 40 मिनट प्रतिदिन के लिए उपलब्ध है। प्रत्येक शनिवार इस समय का उपयोग शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए किया जाता है। इस वर्ष के दौरान, केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा नवम्बर, 1985, तक 46 कार्यक्रम तैयार किए गए हैं।

राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों में स्टाफ की भर्ती प्रगति पर है। केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान में स्टाफ के प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है, जिन्होंने 22 अप्रैल से 1 जून, 1985 तक, प्रशान्त प्रसारण विकास संस्थान, कुआलम्पुर के सहयोग से, शैक्षिक दूरदर्शन निर्माण में छः सप्ताह का एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में 54 व्यक्तियों ने भाग लिया। अप्रैल, 1986 में इसी प्रकार का एक अन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र, अहमदाबाद में फरवरी, 1986 में, तीन माह की अवधि के लिए, शैक्षिक दूरदर्शन निर्माण के विशिष्ट क्षेत्रों में एक गहन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करने का प्रस्ताव है। इस पाठ्यक्रम में केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान में पहले से ही प्रशिक्षित राज्य प्रौद्योगिकी संस्थान के कर्मचारियों ने भाग लिया।

स्कूलों में संगणक शिक्षा

सभी राज्यों/संघीय क्षेत्रों के 250 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में इलेक्ट्रानिक विभाग के सहयोग से 1984-85 के दौरान स्कूलों (कक्षा) में संगणक साक्षरता तथा अध्ययन आरंभ करने के लिए प्रायोगिक परियोजना वर्ष 1985-86 में भी जारी रही और इसमें 500 और स्कूल तथा 8 संसाधन केन्द्र शामिल किए गए।

संसाधन केन्द्रों ने, शिक्षकों को प्रशिक्षण देना तथा स्कूलों को सही और आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखा। इस परियोजना के लिए आवश्यक निधियां इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गईंजो हार्डवेयर सामग्री अब सेमि-कन्डक्टर काम्प्लेक्स लिमिटिड, चण्डीगढ़ द्वारा देशी रूप में तैयार की जाती है। संगणक प्रणाली को स्थापित करने तथा इसके रख-रखाव की जिम्मेदारी कम्प्यूटर मेंटिनेंस कार्पोरेशन के पास ही है। इस परियोजना के शैक्षिक तथा प्रबन्ध का कार्य मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा रा.शै.अनु.प्र.परि. के माध्यम से किया जा रहा है जिसे शैक्षिक निवेश और परीक्षण के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एक केन्द्रीय एजेंसी के रूप में नामोद्दिष्ट किया गया है ।

इस प्रशिक्षण का पहला दौर जून-जुलाई, 1985 में 41 संसाधन केन्द्रों में आयोजित किया गया और लगभग 700 शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया । शेष शिक्षकों के लिए यह प्रशिक्षण सितम्बर, अक्तूबर, 1985 में आयोजित किया गया । नये स्कूलों तथा संसाधन केन्द्रों के लिए संगणक प्रणालियां स्थापित की जा रही हैं। सी.एम.सी. ने हिन्दी आर.ओ.एम. विकसित किए हैं जो सभी स्कूलों को मुहैया किए जा रहे हैं। सी.एम.सी. द्वारा अन्य भाषा आर.ओ.एम. भी विकसित किया जा रहे हैं, जो स्कूलों को उनकी आवश्यकतानुसार मुहैया किए जाएंगे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली, क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, मैसूर, सी.एम.सी., तथा कुछ प्राइवेट एजेन्सियों द्वारा विकसित दस साफ्टवेयर पैकेज वर्ष 1985-86 में उपलब्ध कराए गए । ये, लाइसेन्स अनुबन्ध के अन्तर्गत 14 आयात पैकेजों के अलावा है। साफ्टवेयर पैकेजों के साथ की नियम पुस्तिका का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद हो रहा है ताकि उन्हें स्कूलों को मुहैया किया जा सके। आगामी वर्षों में स्कूलों में प्रयोग के लिए, शैक्षिक परामर्शदाता भारत, लिमिटेड तथा राज्य सरकारों के माध्यम से भारी संख्या में देशी साफ्टवेयर पैकेजों के विकास के लिए भी प्रयत्न किए जा रहे हैं।

शिक्षा में मूल्योन्मुख अनुस्थापन

नैतिक मूल्यों में आई गिरावट को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के सभी स्तरों पर मूल्योन्मुख अनुस्थापन की आवश्यकता पर बल दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय ने दो कार्यदल नियुक्त किए थे, पहला शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए, विशेषकर छात्रों में नैतिक तथा सामाजिक मूल्यों को पैदा करने के लिए और दूसरा पूर्णतः पुनर्निर्मित आधार पर सामान्य शिक्षा के एक अंग के रूप में नैतिक शिक्षा प्रदान करने के लिए माडल स्कूल स्थापित करने पर विचार करने के लिए। इन कार्यदलों की रिपोर्टें प्राप्त हो गई हैं।

शिक्षा को मूल्योन्मुख बनाने का सामान्य दृष्टिकोण निम्न प्रकार है :—

(क) नई शैक्षिक सामग्री तैयार करना;

(ख) शिक्षा को मूल्योन्मुख बनाने के लिए शिक्षकों को विशेष रूप से तैयार करना; तथा

(ग) इस प्रयास को व्यावहारिक रूप देने के लिए विशेष संस्थाओं की स्थापना करना।

वर्ष 1984-85 के दौरान शिक्षा मंत्रालय ने रामकृष्ण नैतिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा संस्थान, मैसूर, श्री सत्य साईं बाल शिक्षा न्यास, बम्बई तथा बंगवाणी, नवद्वीप (पश्चिम बंगाल) को शिक्षक प्रशिक्षण के लिए इन संस्थाओं को चलाने तथा रख-रखाव के लिए अनुदान संस्वीकृत किए। मंत्रालय ने मूल्योन्मुख शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं को सहायक-अनुदान देने की एक योजना भी तैयार की है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् नैतिक शिक्षा सम्बन्धी एक माडल योजना पर कार्य कर रही है। रा. शै. अनु. प्र. परि. द्वारा कक्षा— I—XII के लिए स्कूलों के लिए नैतिक शिक्षा सम्बन्धी पाठ्यचर्या के विकास हेतु पहले से ही एक

गाइड तैयार कर ली गई है। इस प्रयोजन के लिए रा. शै. अनु. प्र. परि. ने एक अलग सैल स्थापित करने का प्रस्ताव किया है ताकि वे देश में नैतिक शिक्षा लागू करने के लिए एक शैक्षिक खंड के रूप में कार्य कर सकें। इस सैल के स्थापित होने तक, भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद् ने मूल्योन्मुख शिक्षा के क्षेत्र में सेमिनार/कार्यशालाओं के आयोजन का कार्य सम्भाल लिया है ताकि संस्थाओं के लिए सामग्री तैयार की जा सके। रा. शै. अनु. प्र. परि. भी नैतिक शिक्षा पर पूरक पुस्तकें प्रकाशित कर रही है। चार्टों, फिल्मों आदि के रूप में अनुदेशात्मक सामग्री तैयार करने के लिए कदम उठाए गए हैं।

जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम

भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल, 1980 को शुरू किया गया राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम सातवीं पंचवर्षीय योजना में भी जारी रहा। यह कार्यक्रम, जिसका उद्देश्य औपचारिक शिक्षा पद्धति में जनसंख्या शिक्षा को समाविष्ट करना है ताकि युवा पीढ़ी में जनसंख्या सम्बन्धी समस्याओं के बारे में पर्याप्त जागरूकता पैदा की जा सके और वे इस सन्दर्भ में राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों को समझ सकें, अब लगभग सभी राज्यों/संघीय क्षेत्रों में कार्यान्वित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम के समन्वय और कार्यान्वियन के लिए भारत सरकार ने, सर्वोपरि अधिकार के साथ एक राष्ट्रीय संचालन समिति गठित की है। अब तक इस समिति की आठ बैठकें हो चुकी हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर श्रव्य-दृश्य सामग्री जिसमें 264 स्लाइडें तथा हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं में टेप की हुई टीका टिप्पणी भी शामिल है, तैयार की गई तथा राज्यों में वितरित की गई।

राष्ट्रीय स्तर पर, जनसंख्या शिक्षा पर पाठ्यचर्या विकास के लिए एक सर्वेक्षण किया गया था, जिसके अध्ययन द्वारा स्कूलों तथा शिक्षक शिक्षा क्षेत्रों दोनों में स्कूल पाठ्यचर्या तथा पाठ्यपुस्तकों में जनसंख्या सम्बन्धी सामग्री की स्थिति को पहचाना जा सकता है। रा. शै. अनु. प्र. परि. ने "स्कूल पाठ्यचर्या में जनसंख्या शिक्षा के लिए प्लग पाइन्टस" नामक एक दस्तावेज भी प्रकाशित किया था और इसे राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों के सामने माडलों के रूप में रखा गया था, जिसके आधार पर राज्यों/संघीय क्षेत्रों ने पाठ्यचर्या विकास के कार्यकलापों को आरम्भ किया। विभिन्न स्कूल स्तरों पर, रा. शै. अनु. प्र. परि. की पाठ्यपुस्तकों में जनसंख्या शिक्षा के विषयों पर पाठ भी शामिल किए गए थे। चार राष्ट्रीय कार्यशालाओं में जनसंख्या शिक्षा सम्बन्धी कुछ नमूना पाठ भी विकसित किए गए तथा उन्हें राज्यों के बीच परिचालित किया गया ताकि वे अपनी पाठ्यपुस्तकों के लिए ऐसे पाठों के विकास में इनका प्रयोग कर सकें। "शिक्षकों के लिए "जनसंख्या शिक्षा" नामक एक पुस्तक भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित की गई, जिसमें बी.एड./बी.टी. अर्थात् सेवा पूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के लिए जनसंख्या शिक्षा में प्रारूप पाठ्यचर्या शामिल है। प्रारम्भिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के लिए एक पाठ्यचर्या भी विकसित की गई। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय स्तर पर बी.एड./एम.एड. के लिए मार्गदर्शी रूप-रेखाएं तथा पाठ्यचर्याएं भी विकसित की गई।

राज्य स्तर पर, 25 राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों ने प्राथमिक, मिडिल और माध्यमिक स्तरों के लिए जनसंख्या शिक्षा में व्यापक पाठ्यचर्या विकसित की है और उनमें से 21, अपने पहले से चल रही पाठ्यचर्या में जनसंख्या शिक्षा के तत्वों को समाकलित कर पाए हैं। 17 राज्यों ने या तो विद्यमान पाठों में संशोधन करके या नए पाठ तैयार करके जनसंख्या शिक्षा पर पाठ्यपुस्तक पाठ विकसित किए हैं। यू. एन. एफ. पी. ए. के सहयोग से "भारत, मेरे बच्चे, मेरा भविष्य" नामक एक अन्य श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम भी तैयार किया गया। उन कक्षाओं को ध्यान में रखते/हुए जिनमें शिक्षा पर पाठों वाली पाठ्यपुस्तकों का प्रयोग हो रहा है, लगभग 770·1 लाख (77·01 मिलियन) को जनसंख्या विचारों से अवगत कराया जा रहा है, जो कि कुल छात्र जनसंख्या का 66·09% है। विभिन्न लक्ष्य वर्गों के लिए अनुदेशात्मक सामग्री की राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 38 पुस्तकें तथा राज्य स्तर पर 300 पुस्तकें मुद्रित की जा चुकी हैं और अनुलिपियां बनाई जा चुकी हैं

और प्रयोग में लाई जा रही है। राज्यों ने प्रारम्भिक तथा माध्यमिक योजनाओं के लगभग 5,63,261 मुख्य/संसाधन व्यक्तियों तथा शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है। गैर-औपचारिक शिक्षा में भी उन्होंने काफी सामग्री विकसित कर ली है।

स्कूली पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा

राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा का कार्यक्रम 1981 में शुरू किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाठ्यपुस्तकों से राष्ट्रीय एकता को बल मिले और राष्ट्रीय एकता को हानि न पहुंचने पाए। आरम्भ में, पाठ्यपुस्तकों की यह समीक्षा इतिहास और भाषा की पाठ्यपुस्तकों तक ही सीमित थी। यह समीक्षा, रा. शै. अनु. प्र. परि. द्वारा तैयार की गई मार्गदर्शी-रूप-रेखाओं पर राज्यों द्वारा विकेन्द्रित आधार पर की जा रही है। यह समीक्षा इस उद्देश्य से की जा रही है कि ऐसी सामग्री और दृष्टिकोणों का पता लगाकर निकाला जा सके जो प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से छुआछूत, जातपात, साम्प्रदायिकता, धार्मिक असहिष्णुता, भाषावाद, क्षेत्रवाद तथा एंजातिवाद को कायम रखते हैं।

मणिपुर और पश्चिम बंगाल जहां कक्षा VI से आगे तक की कक्षाओं का मूल्यांकन कार्य प्रगति पर है, लगभग सभी राज्यों/संघीय क्षेत्रों में यह कार्यक्रम पूरा हो चुका है।

राज्यों/संघीय क्षेत्रों से अब यह अनुरोध किया गया है कि पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन के कार्यक्रम का विस्तार अन्य विषयों तक भी किया जाए। उनसे यह भी अनुरोध किया गया है कि पाठ्यपुस्तक निर्माण तथा विकास की पद्धति के एक भाग के रूप में पाठ्यपुस्तकों के निरन्तर मूल्यांकन के लिए एक अन्तर्निर्मित पद्धति अपनाए।

स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करना।

पहली पंचवर्षीय योजना में शुरू की गई स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की यह योजना 31 मार्च, 1972 तक चालू रही। 1972 से स्वैच्छिक संगठनों को कोई नया अनुदान नहीं दिया जा रहा है। केवल पुरानी वचनबद्धताओं को ही निभाया जा रहा है।

उपरोक्त योजना के अन्तर्गत, शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख कार्य कर रहे ऐसे संगठनों को भी विशिष्ट प्रयोजनों के लिए नियुक्त विशेष पुनरीक्षण समिति की सिफारिशों के आधार पर अनुदान स्वीकृत किए जाते हैं।

नैतिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वैच्छिक संगठनों को सहायता की केन्द्रीय योजना।

भारत सरकार ने, सभी पाठ्यचर्या और पाठ्येत्तर कार्यकलापों के माध्यम से छात्रों के चरित्र निर्माण पर बहुत बल दिया है। सरकारी तथा गैर सरकारी दोनों प्रकार के संगठनों के माध्यम से नैतिक शिक्षा दिए जाने के लिए विभिन्न कदम उठाए गए हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुए सरकार ने नैतिक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की एक योजना तैयार की है। इस योजना के अन्तर्गत स्वैच्छिक संगठनों को अनावर्ती खर्च का अधिक से अधिक 50% तक वित्तीय सहायता दी जाती है बशर्ते कि यह प्रत्येक अनुमोदित परियोजना के लिए 2.5 लाख रुपये की सीमा तक हो। आवर्ती खर्च के लिए केन्द्रीय सरकार की यह सहायता कुल अनुमानित खर्च के 50% तक होगी बशर्ते कि प्रति वर्ष इसकी सीमा 5.00 लाख रुपये तक हो।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद्

सोसायटी पंजीकरण अधिनियम XXI (1860) के अन्तर्गत पंजीकृत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् की स्थापना 1 सितम्बर, 1961 को की गई थी। परिषद् के मुख्य उद्देश्य हैं--स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नीतियों तथा कार्यक्रमों को तैयार करने तथा कार्यान्वित करने में मानव संसाधन विकास मंत्रालय को परामर्श देना और उसकी सहायता करना। रा. शै. अनु. प्र. परि., पाठ्यचर्या, परीक्षा सुधार, प्रतिभा खोज, गैर-औपचारिक शिक्षा, पाठ्यपुस्तकों, व्यावसायीकरण, मूल्योन्मुख, विकलांगों की समेकित शिक्षा आदि जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास प्रशिक्षण तथा विस्तार कार्यक्रम आरम्भ करता है और उनमें सहायता प्रदान करता है।

शिक्षा में उच्च अध्ययन केन्द्र, एम. एस. विश्वविद्यालय, बड़ौदा द्वारा इस परियोजना के प्रथम चरण (1981-84) का मूल्यांकन किया जा रहा है।

विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा

वर्ष 1985 की दूसरी तिमाही के दौरान रा. शै. अनु. प्र. परि. में इस परियोजना के अन्तर्गत कार्यकलाप आरम्भ किए गए। राज्यों/संघीय क्षेत्रों में विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा योजना के समन्वयकों/प्रभारी अधिकारियों का एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें 13 राज्यों/संघीय क्षेत्रों ने भाग लिया। कुछ प्रशिक्षण माडयूल तैयार किए गए हैं। शिक्षकों द्वारा दृष्टि तथा श्रवण रोगों से पीडित बच्चों के लिए शिक्षण के लिए अपनाई जाने वाली विषय-वस्तु के विश्लेषण के लिए एक ढांचा विकसित किया गया।

इसके अतिरिक्त, विकलांगों के लिए समेकित शिक्षा योजना के प्रमुख कर्मचारियों के लिए एक तीन मास का सेवारत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया।

शिक्षक शिक्षा

शिक्षक प्रशिक्षकों तथा अन्य कार्मिकों के लिए अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष के दौरान प्रारम्भिक तथा माध्यमिक दोनों ही स्तरों पर लगभग 266 शिक्षक प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। विषय-वस्तु एवं प्रणाली विज्ञान, मूल्योन्मुख शिक्षक शिक्षा सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य और कालेज शिक्षण से सम्बन्धित पाठ विषयक/संसाधन सामग्री के विकास के लिए कई बैठकें आयोजित की गईं।

अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा

पांच प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 71 प्रारंभिक तथा माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षकों को जनजातीय क्षेत्रों में जनजातीय जीवन, सामाजिक सांस्कृतिक जीवन, जनजातीय की समस्याओं तथा जनजातीय शिक्षा और गैर-औपचारिक शिक्षा कार्यक्रमों के आयोजन से अवगत कराया गया।

सामाजिक विज्ञान और मानविकी में विकासात्मक तथा विस्तार कार्य

अंग्रेजी और हिन्दी में "सीखने के लिए पढ़ना" बाल साहित्य के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार प्रतियोगिता, शिक्षकों के लिए सेमिनार पठन प्रतियोगिता तथा राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से स्कूल पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन पर विशेष परियोजनाएं कार्यान्वित की गईं। राज्यों/संघीय क्षेत्रों में विभिन्न स्कूल विषयों, शिक्षणात्मक सामग्री और शिक्षण के तरीकों के स्थिति सर्वेक्षण आरंभ किए गए। इस वर्ष के दौरान, राष्ट्रीय पाठ्यचर्चा ढांचे का विकास, प्राथमिकता के आधार पर आरंभ किया गया। इस संबंध में एक राष्ट्रीय सेमिनार तथा चार क्षेत्रीय सेमिनार आयोजित किए गए और प्रारूप पाठ्यचर्चा ढांचे को अन्तिम रूप दे दिया गया। स्कूल शिक्षा के प्राथमिक तथा माध्यमिक स्तरों के लिए विभिन्न विषयों में पाठ्यचर्चाओं तथा शिक्षणात्मक सामग्री को तैयार/संशोधन करने के लिए भी कदम उठाए गए हैं।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12 के इलेकटिव तथा कोर विषयों के लिए मातृभाषा के रूप में हिन्दी के लिए पांच पुस्तकें तैयार की गईं। नौसीखियों में लेखन दक्षता के विकास के लिए हिन्दी में तीन कार्य पुस्तकों का एक सैट विकसित किया गया। दो हिन्दी पाठ्यपुस्तकें–एक अरूणाचल प्रदेश में कक्षा 3 के लिए (एक कार्य पुस्तक सहित) तथा दूसरी, कक्षा 4 के लिए, पूरी की गईं। अरूणाचल प्रदेश के लिए कक्षा 12 के लिए एक अंग्रेजी पूरक रीडर (केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) का कोर पाठ्यक्रम (तथा न्यू डान रीडर्स 2 और पूरक रीडर 2 तैयार किए गए। केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के लिए कक्षा 12 के लिए संस्कृत में एक नई पाठ्य-पुस्तक भी प्रकाशन के लिए प्रस्तुत की गई। कक्षा 5 से 7 तक में संस्कृत पढ़ाने के लिए एक शिक्षक गाइड तैयार की गई। कक्षा 4 के लिए उर्दू में एक पाठ्य-पुस्तक तैयार की गई।

"भारतीय स्वतंत्रता संग्राम : दृश्य तथा प्रलेख" नामक एक प्रकाशन प्रकाशित किया गया जिसमें स्वतंत्रता संग्राम की पूर्ण अवधि तथा विभिन्न पहलू दर्शाने वाले 82 दृश्य पैनल शामिल थे। यह दो रूपों में प्रकाशित किया गया है–एक एलबम के रूप में एक जिल्दबंध खण्ड, और दूसरा शिक्षण के लिए खुले कागजों का एक पोर्टफोलिया।

—759 Deptt. of Edu./85

कक्षा 11–12 के लिए "भारतीय संविधान तथा सरकार" का एक संशोधित रूपान्तर प्रकाशित किया गया। इसके अतिरिक्त कक्षा 11 के लिए भूगोल में दो पुस्तकें तथा कक्षा 9 और 10 के लिए अर्थ शास्त्र में चार पुस्तकें प्रकाशन के लिए पूरी की गईं। "सीखने के लिए पढ़ना" नामक विशेष परियोजना के अन्तर्गत अब तक अंग्रेजी में दस पुस्तकें तथा हिन्दी में 20 पुस्तकें तैयार की गई हैं।

विज्ञान और गणित में विकासात्मक तथा विस्तार कार्य

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 के लिए भौतिकी, रसायन शास्त्र गणित की पाठ्यपुस्तकें तैयार करने के लिए चार कार्यशालाएं आयोजित की गईं। दो अलग-अलग कार्यशालाओं में कक्षा 9 के लिए भौतिकी तथा जीव-विज्ञान में शिक्षक गाइडों की पाडुलिपियों को भी अंतिम रूप दे दिया गया। कक्षा 10 की जीव-विज्ञान पुस्तक खण्ड 11 को पूरा कर लिया गया। 10 राज्यों की कक्षा 1 से 10 तक के लिए वर्तमान भौतिकी पाठ्यचर्याओं का पुनरीक्षण किया गया। रसायन-विज्ञान तथा गणित पाठ्यचर्याओं में अनुप्रस्थ तथा अनुलम्ब संबंधों/संयोजनों की जांच के लिए एक ऐसी ही कार्यशाला आयोजित की गई।

अल्पसंख्यक स्कूलों के 100 से अधिक शिक्षकों को, पर्यावरणात्मक शिक्षा, शिक्षण की व्यक्तिगत रूप से संचालित पद्धति, संगणक साक्षरता और स्कूल से बाहर के कार्य-कलापों जैसे नए क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया। अखिल भारतीय विज्ञान शिक्षा कार्य-क्रम के अंतर्गत प्रशिक्षित भाग लेने वालों की प्रशिक्षणोत्तर कार्यशालाएं, अखिल भारतीय विज्ञान शिक्षा कार्यक्रम के 18 फेलों का पूर्व-अनुस्थापन भी संचालित किया गया। रा.शै.अनु.प्र.परि. ने, प्रो. पीटर केल्ली, डा. अशोक खोसला, डा. एम. चक्रवर्ती जैसे विख्यात शिक्षाविदों द्वारा सेमिनार आयोजित किए। प्राथमिक तथा मिडिल स्तरों के लिए भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव-विज्ञान तथा गणित में बारह पुस्तकें और छः विवरणिकाएं तथा पत्रिकाएं प्रकाशित की गईं।

राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी

नवम्बर, 1985 में, महाराणा भोपाल स्टेडियम, उदयपुर में बच्चों के लिए चौदहवीं राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय था। "विकास में देशी प्रौद्योगिकी", और देश के सभी राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों लक्षद्वीप को छोड़कर) के प्रदर्शन प्रदर्शित किए गए।

शैक्षिक मनोविज्ञान, परामर्श और मार्गदर्शन

शैक्षिक तथा व्यावसायिक मार्गदर्शन में नियमित डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 26 प्रशिक्षणार्थियों ने, जिनमें अनु.जा./अनु.ज.जा. के चार प्रशिक्षाणार्थी भी शामिल हैं, यह पाठ्यक्रम पूरा किया। वे अपने-अपने राज्यों/संघीय क्षेत्रों के स्कूलों में परामर्श-दाताओं के रूप में कार्य करेंगे। अथवा मार्गदर्शन कार्य अथवा मार्गदर्शन और परामर्श में प्रशिक्षण प्रदान कर रही एजेंसियों में तैनात होंगे। रा.शै.अनु.प्र.परि. ने, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों द्वारा प्रतिबंधित स्कूलों के प्रबंधकों और प्रिंसिपलों की तीन सेमिनार-एवं-कार्यशालाएं आयोजित कीं ताकि उन्हें अपने-अपने स्कूलों में मार्गदर्शन सेवाओं को आरंभ करने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। एक पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में 22 व्यक्तियों को संचार तथा शैक्षिक प्रौद्योगिकी के प्रयोग की जानकारी दी गई, अध्ययन तथा विकास के क्षेत्र में महाराष्ट्र तमिलनाडु और उत्तरी पूर्वी राज्यों के प्रारंभिक तथा माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षकों और राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद/राज्य शिक्षा संस्थान के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया।

15 लेख, जिनमें जन-संचार माध्यम से शिक्षकों के साथ सम्प्रेषण के लिए प्राथमिक स्कूलों के बच्चों के मार्गदर्शन हेतु तैयार की गई सामग्री शामिल थी, तैयार किए गए और "प्राथमिक स्कूलों में मार्गदर्शन" शीर्षक के अन्तर्गत "प्राथमिक शिक्षक जर्नल" का एक विशेष अंक प्रकाशित किया जाएगा। इसी सामग्री का रेडियो और टी.वी. के प्रदर्शनों में भी प्रयोग किया जाएगा, 1+2 स्तर पर मनोविज्ञान पाठ्यक्रम के लिए एक प्रश्न बैंक जिसमें लगभग 1000 प्रश्न हैं, भी तैयार किया गया।

मूल्यांकन प्रक्रियाओं में सुधार लाना तथा परीक्षा सुधार

खुली पुस्तक परीक्षा पर एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया जिसमें बोर्डों राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषदों/राज्य शिक्षा संस्थाओं, शिक्षा निदेशालयों तथा कालेजों के 21 अधिकारियों ने भाग लिया। विभिन्न विषयों तथा विभिन्न कक्षाओं के लिए विषयपरक मुद्दे, प्रश्न बैंक, व्यापक अभ्यास विकसित करने के लिए छः कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

विभिन्न राज्यों/संघीय क्षेत्रों के 679 मास्टर शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों बोर्ड के पदाधिकारियों तथा अन्य कर्मचारियों को शिक्षा मूल्यांकन बाह्य परीक्षा सुधार, विषय लेखन, प्रश्न-पत्र तैयार करना, नमूना सर्वेक्षण प्रणालियों जैसे परीक्षा सुधार के विभिन्न पहलुओं से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सेना, नौसेना तथा वायु सेना के वरिष्ठ अधिकारियों तथा अल्पसंख्यक समुदाय के स्कूलों के शिक्षकों के लिए, शैक्षिक मूल्यांकन में दो विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज और रचनात्मकता

कक्षा 10 के उन छात्रों के लिए जिनकी सिफारिश राज्यों/संघीय क्षेत्रों ने की थी, 29 केन्द्रों में राष्ट्रीय स्तर की एक परीक्षा संचालित की गई। इस परीक्षा के परिणामों के आधार पर लगभग 1500 प्रत्याशियों का साक्षात्कार किया गया। अंत में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज छात्रवृत्तियां प्रदान करने के लिए 750 प्रत्याशियों को चुना गया।

प्रारंभिक स्तर पर रचनात्मक क्षमताओं की पहचान, प्रोत्साहन तथा विकास पर एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें कर्नाटक, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश के 32 प्रारंभिक शिक्षक प्रशिक्षकों ने भाग लिया। क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित इसी प्रकार के एक पाठ्यक्रम में 20 माध्यमिक शिक्षक प्रशिक्षकों ने भाग लिया।

शिक्षा का व्यावसायीकरण

उद्यान-विज्ञान, वाणिज्य शिक्षण (2), तथा इलेक्ट्रानिक प्रौद्योगिकी में व्यावसायिक शिक्षकों के लिए चार अल्पकालिक पाठ्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कर्नाटक, महाराष्ट्र और आन्ध्र प्रदेश के 100 शिक्षकों ने भाग लिया। इनसे उन्हें अपने-अपने ज्ञान और विशेषज्ञता को बढ़ाने में सहायता मिली।

विभिन्न राज्यों के 253 व्यक्तियों और प्राधिकारियों के लिए छः प्रशिक्षण कार्यक्रम-व्यावसायीकरण पर चार तथा सामाजिक रूप से उपयोगी उत्पादक कार्य पर दो-आयोजित किए गए ताकि उन्हें इस योजना की संकल्पना,, उद्देश्यों, वार्षिक योजनाओं, कार्यकलापों के चयन और कार्यान्वयन के लिए नीतियों से अवगत कराया जा सके। विभिन्न संगठनों के लिए परामर्शी सेवाएं प्रदान की गईं।

डेरी उद्योग तथा कोशकीट पालन के प्रत्येक क्षेत्र में छः शिक्षणात्मक एवं व्यावहारिक नियम पुस्तकें प्रकाशित की गईं। पादक संरक्षण, पौध खेती तथा प्रबंध, बहु पुर्नवास कार्मिक और नेत्र तकनीशियन में न्यूनतम क्षमता आधारित पाठ्यचर्याएं विकसित की गईं। माइक्रो जीव-विज्ञान तथा संचारी रोगों में पूरक रीडर भी तैयार किए गए।

गैर-औपचारिक शिक्षा

केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन से संबंधित क्षेत्रीय समस्याओं पर प्रकाश डालने के लिए गैर-औपचारिक शिक्षा पर शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों का एक वार्षिक सम्मेलन आयोजित किया गया। मंत्रालय के अनुरोध पर गैर-औपचारिक शिक्षा के शैक्षिक पहलुओं का व्यापक अध्ययन आरंभ किया गया। मिडिल स्तर पर छात्रों के लिए तीन विज्ञान पुस्तकों, तीन सामाजिक विज्ञान पुस्तकों तथा तीन भाषा पुस्तकों को अंतिम रूप दे दिया गया। इन तीनों विषयों की संपूर्ण विषय-वस्तु को प्रत्येक समतुल्य कक्षा अर्थात् VI, VII और VIII के लिए एक समाकलित रूप में केवल तीन ही पुस्तकों में शामिल करने का प्रयत्न किया गया है।

समूह-गान

रा.शै.अनु.प्र.परि. ने समूहगान में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिविरों का आयोजन जारी रखा। देश भर के 860 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया। इसके अतिरिक्त, 140 शिक्षक प्रशिक्षकों को, इस आन्दोलन के और आगे प्रसार के लिए प्रमुख

व्यक्तियों के रूप में कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। "श्रीमती इंदिरा गांधी की बाल्यकाल की स्मृतियां" नामक एक रिकार्ड किया हुआ कैसेट सभी प्राथमिक स्कूलों में वितरित किया जा रहा है।

शैक्षिक अनुसंधान और नवीनीकरण

शै.अनु.नवी.परि. की सिफारिश पर 10 नई अनुसंधान परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। चल रही 97 परियोजनाओं को सहायता जारी रही, जबकि सात अनुसंधान परियोजनाएं पूरी कर ली गईं। अनुसंधान के लिए एक नई नीति लागू कर दी गई है।

प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण से संबंधित समस्याओं तथा विषयों पर एक राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें प्रारंभिक शिक्षा से संबंधित समाज के विभिन्न स्तरों के 57 विशेषज्ञों ने भाग लिया। युवा, प्रतिभाशाली तथा सक्षम व्यावहारिक शोध-कर्ताओं को आकर्षित करने तथा प्रशिक्षित करने के लिए 2 अनुसंधान प्रणाली-विज्ञान पाठ्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष की समाप्ति से पहले ऐसे दो और पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अनुसंधान सूचना के प्रसार के लिए, दो विशेष शै.अनु.नवी.परि. बुलेटिन प्रकाशित किए गए। परीक्षा निर्माण पर सेमिनार, विद्यमान पाठों के पुनरीक्षण के लिए कार्यशालाएं इन परीक्षाओं के सम्पादन के लिए राष्ट्रीय बैठकें आयोजित की गईं।

प्रकाशन

रा.शै.अनु.प्र.परि. ने अब तक 86 स्कूल पाठ्यपुस्तकों, पूरक रीडर, शिक्षक गाइड और छात्र कार्य पुस्तकें प्रकाशित कीं। अन्य प्रकाशित 36 विनिबंध शिक्षा में अनुसंधान से संबंधित हैं। इनमें से कुछेक पुनर्मुद्रण थे। इस वर्ष के दौरान छः पत्रिकाओं का प्रकाशन जारी रहा। प्रकाशनों के वर्तमान डिजाइनों में सुधार लाने के लिए विचार तथा सुझाव एकत्र करने के लिए एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया।

शैक्षिक प्रलेखन

पुस्तकालय सेवाओं में सुधार लाने के बारे में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं के पुस्तकालय स्टाफ को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला में 19 पुस्तकाध्यक्षों ने भाग लिया। स्कूलों तथा शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं के पुस्तकाध्यक्षों के सेवारत प्रशिक्षण के लिए एक पाठ्यचर्या विकसित की गई। नए प्रकाशनों से संबंधित सूचना के प्रसार के लिए पांच प्रकाशन प्रकाशित किए गए।

अंतर्राष्ट्रीय संबंध

यूनेस्को प्रायोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत, प्राथमिक शिक्षा, कार्य तथा शिक्षा, प्रतिकूल परिस्थितियों वाली जनसंख्या की शिक्षा विज्ञान शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा के क्षेत्रों में सात महत्वपूर्ण परियोजनाएं/अध्ययन आरंभ किए गए।

स्कूल शिक्षा में नवाचारों पर विचार विमर्श के लिए शि.प्र.सं. में एक क्षेत्रीय सेमिनार आयोजित किया गया। शैक्षिक नवाचारों पर एक न्यूजलैटर भी समय-समय पर प्रकाशित किया गया।

विज्ञान उपस्कर, शैक्षिक प्रौद्योगिकी तथा व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में द्विपक्षीय सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम आरंभ किए गए। इसके तथा यूनेस्को प्रायोजित कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न देशों के 16 शिष्टमंडलों का स्वागत किया गया और अध्ययन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

शैक्षिक पत्रिकाएं

छः पत्रिकाएं प्रकाशित की गईं। शैक्षिक पत्रकारिता के लिए अनुकूल वातावरण उत्पन्न करने के लिए तीन राष्ट्रीय सेमिनार एवं कार्यशालाएं आयोजित की गईं जिनमें 50 विशेषज्ञों तथा अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया। उनमें से कुछ ने, शैक्षिक पत्रकारिता की पुस्तिका तथा शैक्षिक पत्रकारिता पर शब्द-कोश के लिए योगदान देना स्वीकार किया।

क्षेत्रीय सेवाएं

रा.शै.अनु.प्र.परि. के 17 क्षेत्रीय एककों ने स्कूलों में प्रायोगिक परियोजनाओं में कार्यक्रम आयोजित किए। उन स्कूलों के लिए अनेक प्रायोगिक परियोजनाओं की जांच

की गई तथा संस्वीकृति प्रदान की गई जिनके शोधकर्ताओं को इस प्रयोजन के लिए प्रशिक्षित किया गया था। अनु.ज./अनु.ज.जाति कार्यक्रमों में उनके शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों तथा पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण शामिल था। स्कूल शिक्षा के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विभिन्न राज्यों द्वारा प्राप्त प्रगति, जरूरतों, समस्याओं का अध्ययन करने के लिए, चार क्षेत्रीय बैठकें आयोजित की गई।

शैक्षिक प्रौद्योगिकी

''शिक्षा के लिए इन्सेट'' परियोजना के अंतर्गत, उपग्रह को सप्ताह में तीन बार सामग्री प्रदान करने के लिए 5–8 तथा 9–11 आयु वर्ग के बच्चों तथा प्राथमिक स्कूलों शिक्षकों के लिए 46 कार्यक्रम तैयार किए गए। उड़ीया, मराठी, तेलुगू तथा गुजराती में 188 भाषा रूपान्तर तैयार किए गंए। महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश और उड़ीसा से संबंधित शैक्षिक दूरदर्शन पर तीन अध्ययन आरंभ किए गए।

एशिया पैसिफिक इनस्टीच्यूट आफ ब्राडकास्टिंग डिवल्पमेंट के सहयोग से, शैक्षिक दूरदर्शन निर्माण तथा तकनीकी संचालन में छः सप्ताह का एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 54 अधिकारियों ने भाग लिया।

केन्द्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान ने, राज्य शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थानों के लिए भवन तथा उपस्कर के लिए योजना समन्वित की। शिक्षाविदों तथा निर्माताओं के बीच अनुभवों के आदान-प्रदान के लिए बच्चों के लिए शैक्षिक श्रव्य/रेडियो कार्यक्रमों पर एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया।

लोअर प्राथमिक स्कूलों में रेडियो के माध्यम से पृथक भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण पर परियोजना, जयपुर जिला में जारी रही। रेडियो के माध्यम से दूसरी भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण की एक अन्य परियोजना को उड़ीसा में आरंभ किया गया।

सुदूर शिक्षा तथा शिक्षक शिक्षा के लिए शैक्षिक प्रौद्योगिकी, चार्टों को तैयार करने, टेप स्लाइडें तथा कम कीमत के साधन, साधनों के संकलन आदि के क्षेत्र में कार्य-कलाप जारी रहे।

तीन फिल्मों, अर्थात् गैर औपचारिक शिक्षा, फोटोग्राफी की तकनीकें और सूर्य-ग्रहण पर कार्य प्रगति पर है। नई फिल्में खरीदने के पश्चात् अब इनकी कुल संख्या 8200 से अधिक हो गई है। शिक्षण में फिल्मों के प्रयोग को लोकप्रिय बनाने के लिए दो शैक्षिक फिल्म समारोह आयोजित किए गए।

क्षेत्रीय शिक्षा कालेज

अजमेर, भोपाल, भुवनेश्वर तथा मैसूर स्थित क्षेत्रीय शिक्षा कालेजों ने एम. एड. तथा पी.एच.डी. स्तरों पर अनुसंधान के अलावा नवीन सेवा-पूर्व शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्य-क्रम, सेवारत प्रशिक्षण तथा विस्तार कार्यक्रम आयोजित किए।

राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान

राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान की स्थापना 1962 में की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे शिक्षकों तथा उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता प्रदान करना तथा उनके कल्याण को बढ़ावा देना है। शिक्षक कल्याण योजनाओं के वित्त-पोषण के लिए निधियों का एक स्थिर स्रोत प्रदान करने के लिए पांच करोड़ रुपये का कोष स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। पांच करोड़ रुपये का यह लक्ष्य पूरा हो चुका है और अब प्रतिष्ठान निधियां नौ करोड़ रुपये से भी अधिक हैं। इस कोष की निधियों से आरंभ किए जाने वाले कार्यक्रमों को सुझाने के लिए अब एक समिति स्थापित की गई है।

प्रतिष्ठान के कोष में केन्द्र तथा राज्यों/संघीय क्षेत्रों के अंशदान शामिल हैं और राज्यों/संघीय क्षेत्रों द्वारा किए गए संग्रहों का 20% केन्द्रीय कोष में जाता है तथा शेष 80% उनके पास ही रहता है। जुलाई, 1985 में हुई अपनी बैठक में महा-समिति

ने यह निर्णय किया कि राज्यों/संघीय क्षेत्रों द्वारा एकत्र की गई राशि का 90% अपने शिक्षकों को सहायता प्रदान करने के लिए उनके द्वारा ही रख लिया जाएगा और केवल 10% की केन्द्रीय कोष में अंतरित किया जाएगा। शिक्षा विभाग तथा राज्यों/संघीय क्षेत्रों द्वारा निधियां एकत्र करने का अभियान शिक्षक दिवस को आयोजित किया जाता है जो देश भर में प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर को मनाया जाता है। हमेशा की तरह इस बार भी शिक्षा विभाग तथा राज्य/संघीय क्षेत्रों सरकारों द्वारा धन संग्रह अभियान 5 सितम्बर, 1985 को शुरू किया गया था।

प्रतिष्ठान प्रत्येक वर्ष ऐसे तीन अध्यापकों को पुरस्कार भी प्रदान करता है जिन्होंने कम से कम 30 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। यह पुरस्कार स्वर्गीय प्रो. डी. सी. शर्मा की स्मृति में शुरू किया गया था जो एक विख्यात शिक्षाविद और इस प्रतिष्ठान के एक संस्थापक सदस्य थे। इस पुरस्कार में एक योग्यता प्रमाण-पत्र तथा 1000/- रुपए का नकद पुरस्कार शामिल है। वर्ष 1985 के प्रो. डी.सी. शर्मा स्मारक पुरस्कार के लिए तीन शिक्षक चुने गए हैं।

14 राज्यों/संघीय क्षेत्रों से उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्ष 1984-85 के दौरान, राज्यों/संघीय क्षेत्रों में राष्ट्रीय शिक्षक कल्याण प्रतिष्ठान की कार्य समितियों द्वारा वित्तीय सहायता के रूप में लगभग 1168 शिक्षकों/आश्रितों इत्यादि को 15,76,237·00 रुपए की राशि वितरित की गई। इन राज्यों/संघीय क्षेत्रों द्वारा वर्ष 1984-85 के दौरान 27,77,,853·58 रुपए की राशि एकत्र की गई।

स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

यह कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा, रा. शै. अनु. प्र. परि./राज्य सरकारों आदि के परामर्श से कार्यान्वित किया जा रहा है।

सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत रा. शै. अनु. प्र. परि. द्वारा निम्नलिखित प्रतिनिधि-मण्डल/शिष्टमण्डल विदेश भेजे गए :

— वर्ष 1982-84 के लिए भारत-जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य सांस्कृजिक आदान-प्रदान कार्यक्रम की मद सं. 23 के अंतर्गत, विज्ञान उपस्कर के डिजाइन तथा विकास, शैक्षिक प्रौद्योगिकी को तथा व्यावसायिक शिक्षा का अध्ययन करने के लिए, 3 सदस्य वाले एक शिष्टमण्डल ने, जिसमें डा. ब्रहम प्रकाश, प्राध्यापक, डी.ई.एस.एम., श्री बी. के दत्त, कार्य अनुभव शिक्षक, क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, भुवनेश्वर तथा श्री नरेन्द्र सिंह कार्य अनुभव शिक्षक, क्षेत्रीय शिक्षा कालेज, भोपाल ने 5 से 19 मार्च, 1985 तक जर्मन लोकतांत्रिक गणराज्य का दौरा किया।

— वर्ष 1984-85 के लिए भारत मारिशस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत, शिक्षक शिक्षा, पाठ्यचर्या विकास, द्वितीय भाषा अध्ययन, उपयुक्त अध्यापन तथा भारतीय भाषा के एक कार्यक्रम के विकास के क्षेत्रों में सहयोग से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श करने के लिए, एक सदस्य वाले एक शिष्टमण्डल ने अक्तूबर, 1985 में रा.शै.अनु.प्र. परि. का दौरा किया।

— वर्ष 1985-86 के लिए भारत-सोवियत रूस सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम की मद 35 के अंतर्गत भारत में स्कूल शिक्षा के विकास की आधुनिक स्थिति तथा प्रवृत्तियों का अध्ययन करने तथा शिक्षण स्टाफ के लिए उच्च अध्ययनों की पद्धति की जानकारी प्राप्त करने के लिए भारत सोवियत संघ सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत तीन सदस्यों के एक रूसी शिष्टमण्डल ने 14 से 23 नवम्बर, 1985 तक रा.शै.अनु.प्र.परि. का दौरा किया।

विकलांग बच्चों के लिए समंकित शिक्षा की योजना

विकलांग बच्चों के लिए समंकित शिक्षा की योजना के अंतर्गत, सामान्य बच्चों के लिए निर्धारित स्कूलों में विकलांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अंतर्गत राज्यों/संघीय क्षेत्रों को, शिक्षकों के वेतन, स्कूलों/संस्थानों के लिए संसाधन कक्षों तथा मूल्यांकन कक्षों की स्थापना तथा उपस्कर, लेखन-सामग्री भत्ते पाठक भत्ते (नेत्रहीन छात्रों के लिए), यातायात भत्ते, मार्गरक्षी भत्ते (गंभीर रूप से विकलांग बच्चों के लिए) तथा विकलांग बच्चों के लिए छात्रावास सुविधाएं प्रदान करने के खर्चों को वहन करने के लिए 100% वित्तीय सहायता उपलब्ध है। विकलांग बच्चों के शिक्षकों के लिए विशेष शिक्षा में पाठ्यक्रम चलाने के लिए चुने हुए विश्वविद्यालयों/संस्थाओं, कालेजों को भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से सहायता प्रदान की जाती है। विशेष शिक्षा में प्रशिक्षण की सुविधाएं, रा.शै.अनु.प्र.परि. तथा इसके क्षेत्रीय कालेजों में भी उपलब्ध है।

इस योजना के अंतर्गत अभी तक अंडमान व निकोबार द्वीपसमूह, दिल्ली तथा मिजोरम के संघीय क्षेत्रों को और जम्मू व कश्मीर, मेघालय तथा पंजाब को छोड़कर सभी राज्यों को समय-समय पर अनुदान दिए गए हैं।

युद्ध के दौरान मारे गए अथवा विकलांग हुए अधिकारियों एवं व्यक्तियों के बच्चों को शैक्षिक सुविधाएं

केन्द्रीय सरकार और अधिकांश राज्य सरकारों तथा संघीय क्षेत्रों ने 1962 में भारत-चीन युद्ध तथा 1965 और 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान मारे गए तथा स्थायी रूप से विकलांग हुए रक्षा सैनिकों तथा पैरा-सैन्य बलों के बच्चों को शैक्षिक सुविधाएं देना जारी रखा। वर्ष 1985-86 में 23 छात्रों ने ऐसी सुविधाएं प्राप्त की।

सामूहिक गायन आन्दोलन

स्कूल के बच्चों में जन आन्दोलन के रूप में सामूहिक गायन के विकास के लिए एक परियोजना 1983-84 में शुरू की गई जिसके उद्देश्य इस प्रकार हैं; (1) बच्चों को विभिन्न भारतीय भाषाओं के गाने, समूह में गाने के लिए प्रेरित करना, इस प्रकार राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाना; (2) बच्चों में राष्ट्रीय भावना पैदा करना; (3) उन्हें विविधता में एकता के महत्व को समझाना तथा उनमें देश की सांस्कृतिक परम्परा के प्रति प्रेम उत्पन्न करना; और (4) स्कूल के बच्चों को संगीत समुदाय में आगे बढ़ाना।

रा.शै.अनु.प्र.प. के माध्यम से परियोजना कार्यान्वित की जा रही है। परियोजना के अन्तर्गत, रा.शै.अनु.प्र.प. संगीत तथा देश के विभिन्न राज्यों संगीत में रुचि लेने वाले शिक्षकों के लिए सामूहिक गायन से सम्बन्धित राष्ट्रीय एकता शिविरों का आयोजन कर रही है। जून, 1982 से, रा.शै.अनु.प्र.प. ने अब तक देश के विभिन्न भागों में 61 शिविर आयोजित किए तथा 3000 से भी अधिक शिक्षकों को सामूहिक गायन में प्रशिक्षित किया। वर्तमान पाठ्यक्रम के अनुसार शिविरों में भाग लेने वाले शिक्षकों को संगीत विशेषज्ञों ने विभिन्न भारतीय भाषाओं से चुने हुए 15 गीत सिखाये हैं।

रा.शै.अनु.प्र.प. ने दिसम्बर, 1985 तक सारे देश के 860 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रत्येक शिक्षक से यह आशा की जाती है कि वह अपने स्कूल के कम से कम 1000 बच्चों को ये गाने सिखाए। रा.शै.अनु.प्र.प. इस वर्ष के दौरान देश के सभी राज्यों के 140 शिक्षक प्रशिक्षक तैयार करने में समर्थ हो सकी है। ये प्रशिक्षक अपने सम्बन्धित राज्यों में सामूहिक गायन की परियोजना के आगे बढ़ाने में मुख्य व्यक्तियों के रूप में कार्य करेंगे।

बच्चों को सामूहिक रूप में समूह गानों को सिखाने के लिए शिविरों में भाग लेने वाले शिक्षकों को स्वरलिपि की एक मुद्रित पुस्तिका, 15 चुने हुए गानों का कैसेट, और एक टेप रिकार्ड मुफ्त प्रदान किया गया ताकि वे अपनी कक्षाओं में शिक्षण अध्ययन वातावरण तैयार कर सकें। इस परियोजना के अन्तर्गत "श्रीमती इन्दिरा गांधी की बाल्यावस्था की यादें" शीर्षक का एक कैसेट सभी प्राथमिक स्कूलों को बांटा जा रहा है।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

हाई स्कूल और इण्टर मीडिएट शिक्षा बोर्ड, राजपूताना जिसमें अजमेर, मेवाड़, केन्द्रीय भारत तथा ग्वालियर शामिल है, भारत सरकार के संकल्प द्वारा 1929 में स्थापित किया गया। 1952 में बोर्ड को इसका वर्तमान नाम "केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड" दिया गया। समय-समय पर इसके गठन में परिवर्तन किया गया तथा इसके अधिकार क्षेत्र को बढ़ाया गया ताकि माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में बोर्ड एक उपयोगी भूमिका निभा सकें। इसका अधिकार क्षेत्र सम्पूर्ण देश तक व्याप्त है। बोर्ड की कुछ मुख्य भूमिकाएं तथा कार्य परीक्षा के उद्देश्य से सारे देश की संस्थाओं को सम्बद्ध करना, स्कूलों के सम्बद्ध करने की स्वीकृति देने हेतु स्कूलों के निरीक्षण का प्रबन्ध करना परीक्षाओं का संचालन करना, पाठ्यक्रम और पाठ्यचर्या निर्धारित करना, जब आवश्यक हो तो पाठ्यपुस्तकों का विकास एवं प्रकाशन करना है।

बोर्ड से सम्बद्ध स्कूलों में सभी केन्द्रीय विद्यालय, सभी सैनिक स्कूल, सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमियों, रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रबन्धित स्कूल, संरकारी तथा संघीय क्षेत्र दिल्ली, चण्डीगढ़, अरुणाचल प्रदेश और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के सहायता प्राप्त स्कूल व साथ ही साथ भारतीय पब्लिक स्कूल सम्मेलन के अधिकांश सदस्य स्कूल तथा प्राइवेट प्रबन्ध के अधीन स्कूल, तथा विदेशों में लगभग 30 स्कूल, भारतीय दूतावास के स्टाफ के बच्चों का और साथ-साथ विदेशों में कार्यरत अन्य भारतीयों का खान पान, आते हैं। बोर्ड से सम्बद्ध कुल स्कूल नवम्बर, 1985 तक 2047 हैं।

1985 में के.मा.शि.बो. परीक्षा में 2,18,128 छात्र बैठे। प्रश्न पत्रों की सुस्पष्ट सुरक्षा विश्वास दिलाने के लिए, परीक्षाओं का संचालन ध्यानपूर्वक किया गया जिससे कि प्रश्न पत्र खुलने से रोका जा सके तथा परीक्षाओं के स्वच्छ संचालन अथवा परिणामों की प्रक्रिया में बचाव के रास्ते अपना लिए गए हैं। पेपर तैयार करने वालों तथा परीक्षकों को प्रशिक्षण और अनुस्थापन कार्यक्रमों के माध्यम से बोर्ड की परीक्षाओं के औचित्य तथा विश्वसनीयता को अत्यधिक बढ़ाया गया है। सीनियर सैकण्डरी परीक्षाओं के लिए केन्द्रित मूल्यांकन प्रचलित है। इसे माध्यमिक स्तर पर भी प्रारम्भ करने की योजना है। पूर्व और उत्तर दोनों परीक्षा कार्य, प्रवेश-पत्र, अंक-विवरण तथा प्रमाण-पत्र सहित परीक्षा के अनेक पहलुओं का संगणकीकरण तथा संगणक मुद्रित कर दिया गया है।

बोर्ड ने कई प्रकाशन तैयार किए हैं। मुख्यत: पाठ्यचर्या संदर्शिका, माध्यमिक और सीनियर सैकण्डरी स्कूल दोनों के व्यक्तिगत विषयों के अध्ययन उद्देश्य जो विशेष रूप से प्रत्येक शीर्षक/एकक और नमूना प्रश्न पत्रों के अध्ययन परिणाम स्पष्ट करते हैं। इन प्रकाशनों को स्कूलों ने अत्यधिक पसन्द किया तथा इनका उपयोग किया, इनकी बड़ी मांग इस बात का प्रमाण है। अब बोर्ड ने इसे नियामक के रूप में मान लिया है कि प्रत्येक विषय के अध्ययन उद्देश्य रहेंगे। बोर्ड की शैक्षणिक शाखा ने प्रधानाध्यापकों/शिक्षकों और क्षेत्रीय और राष्ट्रीय सम्मेलनों के लिए अनुस्थापन कार्यक्रम भी आयोजित किए हैं।

खुला स्कूल

कार्यरत प्रौढ़ों तथा स्कूल छोड़ जाने वालों की संख्या अत्यधिक हुई तथा बढ़ने के कारण उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 1979 में खुला स्कूल प्रारम्भ किया। पंजीकरण के दो वर्ष पश्चात सामग्री तैयार की गई तथा पहली परीक्षा 1983 में हुई। खुला स्कूल लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है तथा व्यावहारिक रूप से प्रत्येक राज्य और संघीय क्षेत्र में खुले स्कूल के छात्र हैं, जबकि दिल्ली में छात्रों की संख्या अधिक है। हाल ही में स्कूल में 20,000 से भी अधिक छात्रों का नामांकन है। परीक्षाएं साल में दो बार संचालित की जाती हैं। खुला स्कूल होने के कारण, इसका दृष्टिकोण लचीला होता है तथा इसमें श्रेय संचय सुविधा होती है ताकि छात्र प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए पांच विषयों में पास होने के वास्ते 5 वर्षों की अवधि वाली 10 पूर्ण परीक्षाओं में बैठ सकें। मांग की पूर्ति हेतु, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अभी हाल ही में +2 स्तर पर पाठ्यक्रम शुरू करने की तैयारी की है।

खुला स्कूल स्थापित शैक्षिक संस्थाओं तथा श्रमिक विद्यापीठों का सहयोग भी प्राप्त कर रहा है। व्यक्तिगत सम्पर्क कार्यक्रम का भी पर्याप्त रूप से संशोधन हुआ है जो कि छात्रों को रविवार तथा अन्य राजपत्रित छुट्टियों जो लगभग 4–5 मास की अवधि से भी ज्यादा की है में अधिक नियमित आधार पर शिक्षण प्रदान करने के लिए चुनिन्दा संस्थाओं में संसाधन-एवं-अध्ययन केन्द्र निश्चित करके लाया गया है। लगभग 6000 छात्रों की जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अब तक 15 ऐसे केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

शिक्षा विभाग और यूनेस्को के सहयोग से खुले स्कूल द्वारा सूदूर शिक्षा सम्बन्धी एक राष्ट्रीय प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यशाला 26 अगस्त, से 9 सितम्बर, 1985 तक आयोजित की गई, जिसमें 11 राज्यों से वरिष्ठ स्तर के प्रशासकों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

स्थानान्तरणीय केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी, साथ ही रक्षा कार्मिकों के बच्चों के लिए सारे देश में शिक्षा की समान सुविधाएं प्रदान करने के लिए एक ही पाठ्यक्रम तथा शिक्षा माध्यम वाले केन्द्रीय स्कूलों की परियोजना भारत सरकार द्वारा नवम्बर, 1962 में स्वीकृत की गई। प्रारम्भ में शैक्षिक वर्ष 1963-64 के दौरान 20 रेजीमैन्टल स्कूल चलाए गए। तत्पश्चात केन्द्रीय विद्यालयों को स्थापित करने तथा उन्हें चलाने के लिए 1965 में केन्द्रीय विद्यालय संगठन एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापित किया गया। 1985-86 के दौरान 41 नए स्कूल खुलने से अब केन्द्रीय विद्यालयों की कुल संख्या 540 है। सभी केन्द्रीय विद्यालयों में (1-4-1985 को) छात्रों की कुल संख्या 3,66,885 थी।

केन्द्रीय विद्यालयों में आठवीं कक्षा तक की शिक्षा मुफ्त है। बड़ी कक्षाओं में पाठ्य-शुल्क की राशि अभिभावकों के वेतन से सम्बद्ध होती है यदि वे केन्द्रीय सरकार अथवा केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम/स्वायत्त निकायों में काम करते हैं। अन्य मामलों में पाठ्यशुल्क समान दर से लिया जाता है। वैसे भी केन्द्रीय विद्यालयों के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के छात्रों तथा शिक्षण और गैर-शिक्षण स्टाफ के बच्चों से कोई पाठ्य शुल्क नहीं लिया जाता। यद्यपि केन्द्रीय विद्यालय आवासीय स्कूल नहीं है तथापि 13 स्कूलों में छात्रावास उपलब्ध है।

केन्द्रीय विद्यालय सेवा कालीन पाठ्यक्रमों तथा कार्यशालाओं को आयोजित करके गैर-शिक्षण, शिक्षण और पर्यवेक्षक स्टाफ के सभी वर्गों की व्यावसायिक क्षमता सुधार लाने के लिए संयुक्त प्रयास कर रहे हैं। 1984-85 के दौरान 58 सेवा-कालीन पाठ्यक्रम संचालित किए गए जिसमें 3176 प्रिंसिपलों, सहायक आयुक्तों, शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों इत्यादि ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त सांस्कृतिक स्रोत और प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अनुस्थापन पाठ्यक्रमों में विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों से लगभग 216 शिक्षकों ने भाग लिया। 1985-86 के दौरान लगभग 3460 शिक्षकों के लिए 72 सेवाकालीन शिक्षा पाठ्यक्रम और 4 अनुस्थापन पाठ्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव है। वर्ष के दौरान केन्द्रीय विद्यालयों के दो शिक्षकों को शिक्षकों के राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए शामिल किया गया। इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय विद्यालय अपने शिक्षकों और गैर-शिक्षक स्टाफ के विभिन्न वर्गों को प्रति वर्ष सात प्रेरणा पुरस्कार भी देते हैं।

के. मा. शि. बो. की अखिल भारतीय माध्यमिक स्कूल परीक्षा में केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों की पास प्रतिशतता 1985 में 86.3% थी जबकि अन्य छात्रों की 77.8% थी। अखिल भारतीय सीनियर स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा, 1985 में सामान्य छात्रों की पास प्रतिशतता 78.5 की तुलना में केन्द्रीय विद्यालयों की पास प्रतिशतता 88.7 थी। केन्द्रीय विद्यालयों के छात्रों ने सभी परीक्षाओं में योग्यता सूची में अच्छी श्रेणी

प्राप्त की। अधिकांश छात्रों ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, इंजीनियरी और मेडिकल संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त किया।

शैक्षणिक उत्कृष्टता के अतिरिक्त केन्द्रीय विद्यालय संगठन छात्रों के व्यक्तित्व के चहुंमुखी विकास के लिए खेलकूद तथा अन्य कार्यकलापों पर भी बल देता है। स्कूलों में विभिन्न खेल-कूद के कार्यक्रम क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तरों पर आयोजित किए गए। विभिन्न खेल-कूदों में शिक्षण शिविर भी आयोजित किए गए। भारत तथा विदेश दोनों में ही विभिन्न विषयों में शारीरिक शिक्षा शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया गया। खेल कूद में प्रतिभाशाली 90 छात्रों को 50 रुपए प्रति मास, प्रति छात्र की दर से नकद छात्रवृत्ति प्रदान की गई। "स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इण्डिया एथलिटिक मीट" में कांस्य पदक जीतने वाले एक छात्र को 100 रुपए का एक विशेष नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

अधिकांश विद्यालयों में स्काउटों, गाइडों, क्लबों तथा बुलबुलों के ट्रूप बनाए गए हैं। अध्यापकों के लिए प्रारम्भिक प्रशिक्षण शिविरों को क्षेत्रीय स्तर पर आयोजित किया गया। संगठन द्वारा उच्च प्रशिक्षण के लिए भारत स्काउट तथा गाइड संस्था के सहयोग से संगठन द्वारा पचमढ़ी में शिविर आयोजित किए गए थे। पैदल चलने तथा पर्वतारोहण के अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए थे जिसमें छात्रों ने कुशलता से भाग लिया। 10,000 से अधिक छात्रों ने चट्टानों पर चढ़ने से सम्बन्धित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस समय विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों में 209 साहसिक कार्य क्लब काम कर रहे हैं।

केन्द्रीय विद्यालय संगठन ने कला तथा चित्रकला प्रदर्शनियां भी आयोजित की थीं तथा कोरिया गणराज्य द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों तथा सोवियत भूमि नेहरू बाल कला प्रदर्शनी में प्रदर्शित करने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्श भेजे गए थे।

केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन

भारत में तिब्बती शरणार्थियों के बच्चों की शिक्षा के लिए संस्थानों को चलाने, उनके प्रबन्ध तथा सहायता के लिए केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन की स्थापना 1961 में हुई थी। प्रशासन, डलहौजी, दार्जिलिंग, मसूरी तथा शिमला में चार आवासीय स्कूलों और देश के विभिन्न भागों में 32 दिवस स्कूल (14 शाखा स्कूल सहित) चलाता है। कक्षा IX तथा उससे ऊंची कक्षाओं वाले तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से सम्बद्ध स्कूल छात्रों को अखिल भारतीय माध्यमिक स्कूल परीक्षा तथा अखिल भारतीय सीनियर स्कूल सर्टीफिकेट परीक्षा के लिए तैयार करते हैं। रा. शै. प्र. अ. प. की पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम तथा पाठ्यपुस्तकों को कक्षा VIII तक पढ़ाया जाता है। अंग्रेजी के अतिरिक्त छात्रों को हिन्दी तथा तिब्बती भाषाएं पढ़ाई जाती हैं। प्रशासन तिब्बती शरणार्थी बच्चों के लाभ के लिए कुछेक संस्थानों को अनुदान के रूप में सहायता भी करता है।

केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या 10,212 है जिनमें से 1599 छात्रावास में रहते हैं और 8613 दिवसीय छात्र हैं। आवासीय स्कूलों में भोजन और आवास के अलावा दैनिक जरूरत की वस्तुएं और चिकित्सा सुविधाएं भी निःशुल्क प्रदान की जाती है। सभी छात्रों को जिनमें दिवसीय स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र भी शामिल हैं, मध्याह्न भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, लेखन सामग्री इत्यादि भी प्रदान की जाती है। प्रशासन ने तिब्बती छात्रों को उच्च अध्ययन करने के लिए 15 छात्रवृत्तियां भी दी हैं। माध्यमिक स्कूल परीक्षा तथा अखिल भारतीय वरिष्ठ स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा में वर्ष 1985 के लिए केन्द्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन के स्कूलों के परिणाम क्रमशः 65.9% तथा 63.3% रहे। अध्यापकों के लाभ के लिए समय-समय पर पुनश्चर्या पाठ्यक्रम, सेमिनार और संगोष्ठियां भी आयोजित की जाती हैं। प्रशासन छात्रों के लाभ के लिए खेल प्रतियोगिता शैक्षिक यात्राओं (क्षेत्र वार) का भी प्रबन्ध करता है।

बाल भवन सोसायटी

बाल भवन सोसायटी, भारत, एक स्वायत्त संगठन है। इसका सारा खर्च भारत सरकार द्वारा वहन किया जाता है। बच्चों को खाली घंटों के दौरान ललित-कलाओं, शारीरिक शिक्षा, प्रदर्शन कलाओं, संग्रहालय तकनीकों, फोटोग्राफी इत्यादि में रचनात्मक कार्यकलापों को सीखने के लिए सुविधाएं प्रदान करने के लिए सोसायटी की स्थापना की गई थी। इन बुनियादी कार्यकलापों के समर्थन में, बाल भवन के माध्यम से रचनात्मक शिक्षा प्रदान करने में शिक्षकों, प्रशिक्षार्थियों, पर्यवेक्षकों इत्यादि को प्रशिक्षित करने के लिए बाल भवन व्यावसायिक प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र चला रहा है। बाल भवन के कार्य-कलापों में भाग लेने के लिए बाहर से आने वाले बच्चों तथा अध्यापकों को बाल भवन छात्रावास सुविधाएं प्रदान करता है।

बाल भवन में 1984-85 में 11,135 बच्चों के नामांकन की तुलना में 1985-86 में 10,684 (अक्तूबर, 1985 तक, केवल 7 महीने के लिए) बच्चों का नामांकन हुआ। 1984-85 में 44 बाल भवन केन्द्रों में 17,943 बच्चों के नामांकन की तुलना में 1985-86 में 47 बाल भवन केन्द्रों में 12,136 बच्चों का (10/85 तक केवल 7 महीनों में) नामांकन हुआ।

जून, 1984 के दौरान, 6–12 आयु वर्ग वाले बच्चों ने सेनफ्रांसिस्को, यू.एस.ए. में भाग लिया तथा "प्यार शान्ति है––शान्ति प्यार है" शीर्षक वाले एक चित्र के लिए पुरस्कार प्राप्त किया। जुलाई, 1984 में प्रकृति द्वारा शिक्षा सम्बन्धी कार्यशाला में 41 बच्चों ने भाग लिया और चुनौतीपूर्ण शीर्षक से सम्बन्धित 22 माडल तैयार किये। बाल भवन ने छात्र शिल्पकारों के लिए एक 6 दिवसीय एकता शिविर 9–14 सितंबर, 1984 तक आयोजित किया जिसमें दिल्ली के विभिन्न भागों के 2000 छात्रों ने भाग लिया था। दक्षिण दिल्ली पोलिटेक्नीक शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक विशेष कार्यशाला "संगीत और लय" आयोजित की थी। कार्यशाला का उद्देश्य इसमें भाग लेने वालों को, बच्चों को समझने की आवश्यकता तथा संजीव, वातावरण के लिए उनकी अपेक्षाओं की जानकारी को कराना था जहां वे उन्मुक्त भाव से पढ़ सके तथा अपनी अन्तर्भावनाओं को खुलकर सामने रख सकें। बाल भवन सोसायटी ने जवाहर बाल भवन मंडी में 23–27 मार्च, 1985 तक एक ग्रामीण छात्र रचनात्मकता मेला भी आयोजित किया। 1984-85 के दौरान, राष्ट्रीय प्रशिक्षण संसाधन केन्द्र ने 36 कार्यशालाओं का आयोजन किया।

स्कूल शिक्षा प्रदान करने के लिए छात्र को विवेकी, सृजनात्मक तथा रचनात्मक और वैज्ञानिक विचारधारा विकसित करने में सहायता हेतु राष्ट्रीय बाल संग्रहालय ने "पाठ्यक्रमोन्मुख प्रदर्शनियां", "सोद्देश्य प्रदर्शनियां", "बच्चों के कार्य की प्रदर्शनियां" तथा "ग्रामीण बच्चों के कार्य की प्रदर्शनियां" नाम की 4 प्रदर्शनियां आयोजित कीं।

छात्र फिल्म सोसायटी के सहयोग से राष्ट्रीय बाल संग्रहालय ने नौ सप्ताह के लिए एक बाल फिल्मोत्सव आयोजित किया था। उत्सव ने प्रतिदिन लगभग 800 बच्चों को चुनी हुई दुर्लभ फिल्मों को देखने का अवसर प्रदान किया।

शारीरिक शिक्षा

शारीरिक शिक्षा तथा योग:नीति तथा कार्यक्रम

आज विश्व भर में शारीरिक शिक्षा तथा खेल को शिक्षा के एक अभिन्न अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है। हाल ही में सरकार द्वारा एक नई राष्ट्रीय खेल नीति, जिसमें शारीरिक शिक्षा तथा योग को भी शामिल किया है, एक सरकारी संकल्प के रूप में अपनाई गई। इसके अनुसार केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों का यह कर्तव्य है कि बहुमुखी विकास की प्रक्रिया में खेलों तथा शारीरिक शिक्षा को अत्यधिक प्राथमिकता दी जाए। नई नीति में केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों पर यह उत्तरदायित्व सौंपा गया है कि वे प्रत्येक नागरिक द्वारा इन कार्यकलापों में भाग लेने की जरूरत को पूरा करने के लिए आवश्यक खेल सुविधाओं और अवस्थापना कार्यों की व्यापक स्तर पर व्यवस्था करें।

को प्रोत्साहन देने की एक योजना कार्यान्वित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत योग के निदानात्मक पहलुओं को छोड़कर योग के विभिन्न पहलुओं पर बुनियादी अनुसंधान और अथवा शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रोत्साहन के लिए विकास और अनुरक्षण हेतु अखिल भारतीय स्तर की योग संस्थाओं को वित्तीय सहायता देने की व्यवस्था है। योग के निदानात्मक पहलुओं की प्रोन्नति के लिए भी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा योग संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

कैवल्य धाम श्रीमान माधव योग मंदिर समिति, लोनावला (एम), को उसके अनुसंधान और शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के विकास और अनुरक्षण खर्चों के लिए योजना के अन्तर्गत सहायता प्रदान की गई। सरकार के सुझाव पर शारीरिक शिक्षा और योग की राष्ट्रीय स्तर की सलाहकार निकाय के रूप में एस.एन.आई.पी.ई.एस. (स्निप्स) समिति के कार्यकरण का मूल्यांकन करने के लिए अवलोकन और आगामी वर्षों में इसके लक्षित विकास के लिए सिफारिश के लिए एक पुनरीक्षण समिति स्थापित की। समिति की प्राप्त रिपोर्ट एस.एन.आई.पी.ई.एस. (स्निप्स) द्वारा अनुमोदित कर दी गई है।

पब्लिक आवासीय केन्द्रीय स्कूलों में एन.सी.सी. जूनियर डिवीजन ट्रूप्स

केन्द्रीय/पब्लिक और आवासीय स्कूलों में एन.सी.सी. के रखरखाव का व्यय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) और रक्षा मंत्रालय द्वारा 40:60 के अनुपात के आधार पर वहन किया जाता है। एन.सी.सी. महानिदेशालय द्वारा मंत्रालय के पक्ष में इस अनुपात में किया गया व्यय मंत्रालय द्वारा वापस लौटा दिया जाता है।

शारीरिक शिक्षा और खेलों के राष्ट्रीय संस्थानों के लिए सोसायटी (एस.एन.आई.पी.ई.एस.)

दो राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा और खेल संस्थाओं, अर्थात लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा कालेज, ग्वालियर और नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान (एन.एस.आई.पी.ई.एस.), पटियाला के प्रशासन की देख रेख के लिए शारीरिक शिक्षा और खेलों के राष्ट्रीय संस्थानों के लिए सोसायटी की स्थापना 1965 में एक स्वायत्त निकाय के रूप में की गई थी। इस एस.एन.आई.पी.ई.एस. (स्निप्स) के संचालक बोर्ड का नेतृत्व श्री वी. सी. शुक्ला, संसद सदस्य ने किया, जिनको अध्यक्ष के रूप में केबिनेट स्तर के मंत्री का दर्जा दिया गया है। उनका व्यक्तिगत दर्जा है। एस.एन.आई.पी.ई.एस. (स्निप्स) ने वार्षिक साधारण बैठक के अलावा 4 नियमित बैठकें भी आयोजित की। एस.आई.पी.ई.एस. (स्निप्स) की स्थायी समिति और इसके द्वारा गठित अन्य समितियों की भी अपने-2 काम के पूरा करने के लिए समय-समय पर बैठकें हुई।

एस.एन.आई.पी.ई.एस. (स्निप्स) ने शारीरिक शिक्षा और योग पर सरकार को सलाह देने के लिए एक राष्ट्रीय स्तर की सलाहकार संस्था के रूप में कार्य करना जारी रखा।

अध्याय–3

उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान

उच्च शिक्षा के स्तरों का समन्वय तथा निर्धारण करना संघ सूची का विषय है और यह केन्द्रीय सरकार का विशेष दायित्व है। यह दायित्व मुख्य रूप से विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माध्यम से निभाया जाता है जिसकी स्थापना संसद के एक अधिनियम के अधीन वर्ष 1956 में की गई थी। इस समय संसद अधिनियमों के अधीन नौ विश्वविद्यालय काम कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त केन्द्रीय सरकार ने विशिष्ट क्षेत्रों में अनुसंधान प्रयासों की प्रोन्नति तथा समन्वय के लिए एजेन्सियों की स्थापना की है। इस समय चार राष्ट्रीय एजेन्सियां हैं अर्थात् भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद्, भारतीय दर्शन शास्त्र अनुसंधान परिषद् और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान। केन्द्रीय सरकार उच्च शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में भारत तथा अन्य देशों के बीच शैक्षिक सहयोग से संबंधित अन्य योजनाओं सहित अनेक योजनाएं कार्यान्वित कर रही हैं।

क. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग

उच्च शिक्षा की प्रवृत्तियां तथा विकास

वर्ष 1983-84 को विश्वविद्यालयों तथा कालेजों में छात्रों का नामांकन 33.59 लाख से बढ़कर 1984-85 में 35.39 लाख हो गया। छात्रों की संख्या विश्वविद्यालय के विभागों में 5.95 लाख तथा कालेजों में 29.44 लाख थी।

कला संकाय में नामांकन कुल नामांकन का 40.4% था। विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में यह प्रतिशत क्रमशः 19.7 तथा 21.0 था। प्रथम डिग्री स्तर में नामांकन 31.14 लाख (88%), स्नातकोत्तर स्तर पर 3.36 लाख (9.5%), अनुसंधान स्तर पर 0.39 लाख (1.17%) तथा डिप्लोमा तथा सर्टीफिकेट स्तर पर 0.49 लाख (1.4%) था। वर्ष 1983-84 की तुलना में प्रमुख वृद्धि केवल प्रथम डिग्री स्तर में ही थी।

अध्यापकों की संख्या में 2.25 लाख की वृद्धि हुई। इसमें से 0.49 लाख की वृद्धि विश्वविद्यालय विभागों तथा विश्वविद्यालय कालेजों में हुई तथा शेष "सम्बद्ध कालेजों" में। विश्वविद्यालय में 48773 में से 5165 प्रोफेसर थे, 11,159 रीडर थे, 30408 व्याख्याता थे तथा 2001 शिक्षक तथा निदर्शक थे। सम्बद्ध कालेजों में वरिष्ठ अध्यापकों की संख्या 26902 थी तथा 1,42,408 व्याख्याता थे तथा 7,469 शिक्षक/निदर्शक थे।

नए विश्वविद्यालय

आलोच्य वर्ष के दौरान, दो केन्द्रीय विश्वविद्यालय, अर्थात् इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय तथा पांडिचेरी विश्वविद्यालय तथा एक राज्य विश्वविद्यालय अर्थात् मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय, कोडईकनाल स्थापित किए गए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत, दो संस्थाओं अर्थात् अंतर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, बम्बई और थापर-इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी संस्थान, पटियाला को विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्थाओं के रूप में घोषित किया गया।

महिलाओं में उच्च शिक्षा

महिला छात्रों का नामांकन वर्ष 1983-84 के दौरान 9.77 लाख की अपेक्षा वर्ष 1984-85 के दौरान 10.21 लाख हो गया। स्नातकोत्तर स्तर पर महिलाओं का नामांकन कुल नामांकन का 30.4% था। महिला छात्रों का नामांकन केरल में सबसे अधिक था (49.9%) उस के बाद पंजाब में (43.9%), दिल्ली (43.6%) तथा जम्मू तथा काश्मीर (37.3%) था। सबसे कम (14.7%) बिहार में था।

वर्ष 1984-85 के दौरान कार्यकलाप :

आयोग द्वारा कार्यान्वित कार्यक्रम मोटे तौर पर निम्नलिखित वर्गों में रखे गए :

(1) कोटि सुधार संबंधी विशेष कार्यक्रम
(2) अनुसंधान के लिए सहायता
(3) विश्वविद्यालयों का विकास
(4) कालेजों का विकास
(5) अन्य योजनाएं

टि सुधार के लिए शेष कार्यक्रम

:) उच्च अध्ययन के केन्द्र तथा विशेष सहायता के विभाग

इस समय आयोग कोटि में सुधार लाने के लिए विशेष कार्यक्रम विकास हेतु अध्ययन केन्द्र और विषेश सहायता विभाग विकसित अध्ययन के 19 केन्द्रों तथा विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में 65 विशेष सहायता विभागों तथा मानविकी और सामाजिक विज्ञान में विकसित अध्ययन के 10 केन्द्रों तथा विशेष सहायता के 27 विभागों को सहायता प्रदान कर रहा है।

:) विभागीय अनुसंधान सहायता

इस समय विज्ञान में 45 तथा मानविकी तथा समाज विज्ञान में चार विभागीय अनुसंधान परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं।

.) कालेज में विज्ञान सुधार संबंधी र्यक्रम (सी. ओ. एस. ाई. पी.) कालेज के मानविकी था समाज विज्ञान सुधार सम्बन्धी र्यक्रम (सी. ओ. एच. एस. ा. आई. पी.) तथा विश्वविद्यालय तुल्य कार्यक्रम (यू. एल. पी.)

इस समय आयोग सी. ओ. एस. आई. पी. के अन्तर्गत 237 कालेजों तथा विज्ञान में यू. एल. पी. के अंतर्गत 40 विश्वविद्यालय विभागों की सहायता कर रहा है। इसी प्रकार सी. ओ. एच. एस. एस. आई. पी. के अंतर्गत 400 कालेजों तथा मानविकी और समाज विज्ञान में यू. एल. पी. के अंतर्गत 16 विश्वविद्यालय विभाग आयोग द्वारा सहायता प्राप्त कर रहे हैं।

घ) विज्ञापन, मानविकी, तथा समाज वज्ञान-सम्बन्धी पैनल

वर्ष 1984-85 के दौरान विभिन्न पैनलों ने शिक्षण के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं उदाहरणत: प्रतिभाशाली छात्रों का पता लगाना उनके लिए ग्रीष्मकालीन स्कूल, पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं की अवस्थापना का विकास, अब प्रयोग में आने वाले व्याख्यान की एकल पद्धति की अपेक्षा अधिक प्रभावशाली शिक्षण विधियों को अपनाना तथा शिक्षकों की व्यावसायिक क्षमता में सुधार लाना। उन्होंने विश्वविद्यालयों में पर्यावेक्षण तथा मूल्यांकन में संशोधन करके तथा आयोग द्वारा पर्याप्त अनुश्रवण करके प्रतिभाशाली अध्येताओं को आकर्षित करने एवं पर्याप्त सहायता देने के लिए छात्रवृत्ति की राशि बढ़ाकर अनुसंधान में सुधार लाने के वास्ते उपाय भी सुझाए ।

ङ) सामान्य सुविधाएं और सेवाएं

आयोग राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों का लाभ प्राप्त करने के लिए कुछ सुविधाओं का विकास करने की कोशिश कर रहा है।

(1) नाभिकीय विज्ञान केन्द्र :— जवाहर लाल नेहरु परिसर के विश्वविद्यालय क्षेत्र में एक नाभिकीय विकास केन्द्र गठित किया गया है। कार्यवाही की योजना तैयार करने के लिए एक तकनीकी समिति बनाई गई है। पेलेट्रान के आयात के लिए आदेश दिये गए हैं। प्रतिभाशाली युवा वैज्ञानिकों को एक्सेलरेटर भौतिकी के क्षेत्र में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कनाडा भेजने का भी प्रस्ताव है।

(2) सामग्री अनुसंधान केन्द्र : विश्वविद्यालय क्षेत्र में सामग्री अनुसंधान के विकास के लिए उठाए गए कदमों पर विचार करने के लिए आयोग ने एक समिति गठित की है। समिति कुछ चुनिन्दा विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय केन्द्र भी खोलेगी तथा भौतिकी, रसायन शास्त्र और जीव विज्ञान के विभागों विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों को ऐसी महत्वपूर्ण सामग्री जो उद्योग में व्यापक रूप से प्रयोग हो सके तैयार करने के विचार से परस्पर बातचीत करने में सक्षम करने के वास्ते प्रशिक्षण कार्यक्रमों/कार्यशालाओं का भी सुझाव देगी।

(3) लेसर एंड फाइबर आप्टिक्स केन्द्र : लेसर और फाइबर आप्टिक्स विषय को यह सोचते हुए कि यह एक महत्वपूर्ण विषय है तथा मूल और अनुसंधान प्रयोगों में महत्वपूर्ण भूमिका अपनाता है आयोग चिन्हित विश्वविद्यालय में, जहां मूल ढांचा उपलब्ध है कुछ राष्ट्रीय क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना की व्यावहार्यता को देखने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित की। समिति ने लेसर और आप्टिक्स क्षेत्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा कार्यशालाओं की सिफारिश की विशेषतौर से विविध क्षेत्रों में उनके प्रयोग को ध्यान में रखते हुए। समिति की सिफारिशों पर भौतिक चयनक द्वारा तथा अन्तिम रूप से आयोग द्वारा विचार किया गया।

(4) खगोल-भौतिकी तथा खगोल-विज्ञान केन्द्र :–विश्वविद्यालय के खगोल-विज्ञान और खगोल-भौतिकी के क्षेत्रों में शिक्षा और अनुसंधान की उन्नति के लिए आयोग ने एक विशेषज्ञ समिति गठित की है। विभिन्न पहलुओं की जांच करने तथा कार्यवाही योजना को तैयार करने को ध्यान में रखते हुए खगोल शिक्षा तथा अनुसंधान में भावी विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित करने का प्रस्ताव रखा है।

(5) राष्ट्रीय खगोल-विज्ञान केन्द्र :- आयोग ने रंगापूर वेधशाला, ओस्मानिया विश्व-विद्यालय, हैदराबाद में राष्ट्रीय खगोल-विज्ञान केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति दी है। इस वेधशाला का विकास एक राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में किया जाएगा जिसका प्रयोग विश्वविद्यालय तथा बाहर के खगोलज्ञ द्वारा किया जाएगा।

(6) विश्वविद्यालय विज्ञान सूचना केन्द्र : आयोग ने भारतीय विज्ञान संस्थान, बंगलौर में विश्वविद्यालय विज्ञान सूचना केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति दी है। केन्द्र भारतीय विश्वविद्यालय में विभिन्न विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषयों में संगणकीकृत मासिक सार द्वारा तत्काल जानकारी सेवा प्रदान करेगा। यह प्रपत्रों के प्रयोग करने वालों को विश्वसनीय तथा अद्यतन सार सेवा तथा सूचना सेवाएं प्रदान करेगा। यह केन्द्र विश्वविद्यालय प्रणाली में अनुसंधान वैज्ञानिकों की आवश्यकताओं को प्रदान करने के लिए एक राष्ट्रीय सुविधा के रूप में कार्य करेगा।

(7) जीव प्रौद्योगिकी में बहु विषयक अध्यापन तथा प्रशिक्षण का विकास (राष्ट्रीय जीव-प्रौद्योगिकी बोर्ड-वि.अ.आ.सहयोगात्मक कार्यक्रम) : राष्ट्रीय जीव प्रौद्योगिकी बोर्ड (विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग) द्वारा आयोजित 7 फरवरी 1983 की एक संयुक्त सभा में यह सुझाव दिया गया कि जिन विश्वविद्यालयों जीव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्रिय अनुसंधान वर्ग विद्यमान है उनको जीव-प्रौद्योगिकी के भली भांति परिभाषित क्षेत्रों में अनुसंधान के लिए तथा साथ ही साथ विभिन्न स्तरों पर अपेक्षित प्रशिक्षण जन शक्ति के उद्देश्य से एक चयनात्मक आधार पर विकास किया जा सकता है। 5 वर्षों से अधिक की अवधि में कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए छः विश्वविद्यालयों को चुना गया है।

(च) जन-संचार और शैक्षिक प्रौद्योगिक केन्द्र

इन्सैट 1 बी के चालू हो जाने से, उच्च शिक्षा के कार्यक्रमों से संबंधित एक घंटे का एक संचारण समय हररोज दोपहर में सुनिश्चित किया गया है। आयोग ने चुने हुए छः केन्द्रों के तथा जन-संचार अनुसंधान केन्द्र, जामियामिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली; पूना विश्वविद्यालय में शिक्षा माध्यम अनुसंधान केन्द्र (ई.एम.आर.सी.एस.), गुजरात विश्व-विद्यालय और सी.आई.ई.एफ.एल., हैदराबाद, और ओस्मानिया और रूड़की विश्व-विद्यालय में दृश्य-श्रव्य अनुसंधान केन्द्र (ए.वी.आर. सी.) में मानक उपकरणों सहित प्रशिक्षण और उत्पादन सुविधा की व्यवस्था की है। दूरदर्शन के माध्यम से दैनिक प्रसारण के वास्ते उपयुक्त सामग्री के समन्वय और सम्प्रेषण के लिए एक केन्द्रीय कार्यक्रम समिति स्थापित की गई है।

(।) सुदूर शिक्षा (।।) कक्षा विकास (।।।) निरन्तर शिक्षा, के लिए प्रसारण तथा जन माध्यम के प्रयोग के लिए कार्यक्रमों के विषय में सलाह देने के लिए इलैक्ट्रानिक माध्यम/जन-संचार संबंधी एक स्थायी समिति भी गठित की गई है।

(छ) बौद्ध दर्शन अध्ययन का विकास

आयोग ने बौद्ध दर्शन अध्ययन से संबंधित शिक्षण और अनुसंधान के विकास के लिए स्टाफ की नियुक्ति तथा पुस्तकों को खरीदने के लिए तीन विश्वविद्यालयों तथा पूना, आंध्र और सागर को सहायता देना जारी रखा।

(ज) गांधी दर्शन अध्ययन का विकास

शिक्षण और अनुसंधान के स्तर पर विश्वविद्यालयों में गांधी दर्शन अध्ययन की महत्ता दृष्टि से तथा विस्तार कार्यकलापों के माध्यम से, आयोग गांधीवादी विचारों और मूल्यों, गांधी भवनों को बढ़ाने तथा शान्ति अनुसंधान तथा अन्य संबंधित कार्यकलापों के माध्यम से कार्यक्रम प्रारम्भ करने से संबंधित पाठ्यक्रमों को आरम्भ करने के लिए विश्वविद्यालयों द्वारा प्राप्त प्रस्तावों का समर्थन कर रहा है। विश्वविद्यालयों में गांधी दर्शन अध्ययन की प्रोन्नति के लिए आयोग को सलाह देने के लिए एक स्थायी समिति स्थापित की गई है ।

(ज) गांधी दर्शन अध्ययन का विकास

विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर आयोग ने विश्वविद्यालयों में नेहरू अध्ययन को प्रोत्साहन देने का निर्णय किया है।

आलोच्य वर्ष के दौरान, नेहरू जी पर गहन अध्ययन के लिए प्रोफेसर एम.एन.दास, कुलपति, उत्कल विश्वविद्यालय को पुरस्कृत किया गया।

नेहरू जी पर उत्तर-डाक्टोरल और पूर्व-डाक्टोरल अध्ययन करने के लिए आयोग ने सामूहिक रूप से पांच अनुसंधान एसोसिएटशिप और 10 कनिष्ट अनुसंधान शिक्षावृत्तियां रखी हैं।

(त्र) द्विपक्षीय विनिमय कार्यक्रम

आयोग ने, समय-समय पर भारत सरकार द्वारा सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अन्तर्गत इसे सौंपे गए विभिन्न विषयों के कार्यान्वयन को जारी रखा। इन कार्यक्रमों में शिक्षकों का आदान-प्रदान, उच्च शिक्षा संस्थाओं के बीच द्विपक्षी शैक्षिक संबंधों का विकास, छात्रवृत्तियां तथा शिक्षावृत्तियां और भारत में विश्वविद्यालयों को विदेशी भाषा शिक्षकों का आबंटन सम्मिलित है। वर्ष 1984-85 के दौरान, इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत 56 भारतीय शिक्षकों ने विदेशों का भ्रमण किया। इसी समयावधि के दौरान, इन कार्यक्रमों के अन्तर्गत भारत आने वाले छात्रों की संख्या 74 है।

(ट) प्रौढ़, सतत तथा विस्तार शिक्षा और सुदूर अध्ययन

आयोग, प्रौढ़ तथा सतत शिक्षा और विस्तार कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालयों तथा कालेजों को वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है।

31-3-85 तक 74 विश्वविद्यालय और 2080 कालेज इस कार्यक्रम में शामिल किए गए और वि.अ.आ. ने 36974 केन्द्रों को अनुमति प्रदान की।

आलोच्य वर्ष के दौरान, इस योजना के अन्तर्गत 54 विश्वविद्यालयों और 18 कालेजों को सहायता प्रदान की गई। उतर साक्षरता का सतत शिक्षा कार्यक्रमों के साथ प्रभावी संबंध को सुनिश्चित करने के लिए, आयोग ने 31-3-1990 तक विश्वविद्यालयों और कालेजों को सहायता दिए जाने की सहमति दी है।

आयोग, विश्वविद्यालयों/कालेजों में जनसंख्या शिक्षा क्लबों की स्थापना हेतु सहायता प्रदान करता है। इस योजना के अन्तर्गत, 31-3-85 तक 49 विश्वविद्यालयों और 814 कालेजों को सहायता प्रदान की गई।

नुसंधान के लिए सहायता

(क) प्रमुख अनुसंधान परियोजनाएं

(ख) लघु अनुसंधान परियोजनाएं

इस वर्ष के दौरान 40.44 लाख रुपए की लागत पर मानविकी तथा समाज विज्ञान में 79 प्रमुख अनुसंधान परियोजनाएं और 316.79 लाख रुपए से विज्ञान इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में 235 प्रमुख परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

(ग) छात्रवृत्तियां और शिक्षावृत्तियां

आयोग द्वारा, वर्ष के दौरान 45.59 लाख रुपए की लागत से मानविकी और समाज विज्ञान में 682 लघु अनुसंधान परियोजनाएं तथा 316.79 लाख रुपए की लागत से विज्ञान, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में 335 परियोजनाएं स्वीकृत की हैं।

आयोग प्रतिवर्ष विश्वविद्यालयों और कालेजों में अनुसंधान के विकास के लिए 2896 कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्तियां, विज्ञान, मानविकी तथा समाज विज्ञानों में 150 अनुसंधान एसोसिएटशिप और इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी में 60 शिक्षावृत्तियां देता है। उन श्रेष्ठ अध्यापकों, जो अपने सामान्य कार्यकाल में से एक वर्ष विशेषतया अनुसंधान और अपने अध्ययन के परिणामों को लिखने में लगाते हैं, के लिए 30 राष्ट्रीय शिक्षावृत्तियां उपलब्ध

6—759 Deptt. of Edu./85

हैं। वर्ष 1984-85 के दौरान 12 अनुसंधान शिक्षावृत्तियां प्रदान की गईं आयोग ने वर्षों के लिए जवाहर लाल नेहरू और उनके सहयोग पर अध्ययन हेतु राष्ट्रीय शिक्षावृत्ति भी प्रदान की है। इसके अतिरिक्त आयोग की राष्ट्रीय एसोसिएटशिप, प्रख्यात शिक्षावृत्तियां शिक्षक शिक्षावृत्तियां आदि देने की योजना है।

(घ) राष्ट्रीय शैक्षिक परीक्षण

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने दिनांक 26 अगस्त 1984 को 12 विषयों–भौतिक रसायन, गणित, जीवविज्ञान, प्राणिविज्ञान, भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनैतिक विज्ञान, दर्श शास्त्र, मनोविज्ञान, समाज शास्त्र और इतिहास में कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षावृत्ति प्रदा करने के लिए अर्हता हेतु राष्ट्रीय स्तर पर परीक्षा का आयोजन किया। यह परीक्षा विश्व विद्यालय के 72 विश्वविद्यालय केन्द्रों पर आयोग के तत्वाधान में इसके द्वारा बना गए सभी नियमों और पद्धतियों के पालन करते हुए ली गई। 26 अगस्त, 198 को हुई परीक्षा का परिणाम दिसम्बर, 1984 में निकाला गया और परीक्षा में बै 12,862 छात्रों में से 1205 छात्रों को शिक्षावृत्तियां प्रदान करने के लिए अर्हक पाय गया।

विश्वविद्यालयों का विकास

आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों को विचारात्मक सहायता विश्वविद्यालय के आकार, वृद्धि और विकास का वर्तमान स्तर, लक्ष्यों और उद्देश्यों वित्तीय और मानव संसाधनों आदि जैसे कई घटकों के आधार पर निर्धारित करके प्रदान की जाती है। निरीक्षण समि तियों, जो पंचवर्षीय अवधि के लिए विश्वविद्यालयों की आवश्यकताएं तथा उपेक्षाएं निर्धा रित करती हैं, की सिफारिशों के आधार पर विश्वविद्यालयों के लिए विशेष आबंटन किए जाते हैं। सातवीं योजना में विश्वविद्यालयों के विकास के प्रति आयोग निम्नलिखित उद्देश्यों को ध्यान में रखेगा (क) जारी कार्यक्रमों के लिए विश्वविद्यालय के विकास की आवश्यकता और राष्ट्रीय महत्व के नए उभरते क्षेत्रों के सम्बन्ध में विद्यमान पाठ्यक्रमों को सुदृढ़ करने के लिए निवेश (ख) संरचनात्मक सुविधाओं को पुनः उच्च शिक्षा में विकास के लिए नये संस्थानों को शुरू करना और वर्तमान संस्थानों में दाखिले की क्षमता को बढ़ाना ताकि उपलब्ध ऐच्छिक संसाधनों का वैकल्पिक प्रयोग किया जा सके।

(1) विश्वविद्यालयों का परिसर विकास आयोग ने केन्द्रीय विश्वविद्यालयों और उन संस्थानों को जो विश्वविद्यालय समझे जाते हैं, के लिए परिसर विकास हेतु सहायता ढांचे को जानने के लिए एक समिति का गठन किया है। विभिन्न विश्वविद्यालयों को, समिति की सिफारिशों के बाद वि.अ.आ. ने परिसर विकास के लिए 143.16 लाख रुपए का अनुदान प्रदान किया। वर्ष 1984-85 के दौरान विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान के लिए विश्वविद्यालयों को सहायता के रूप में 1456.06 लाख रुपए की राशि दी गई। मानविकी और समाज-विज्ञानों के विकास के लिए 702.35 लाख रुपए की अनुदान राशि प्रदान की गई। विभिन्न विश्वविद्यालयों को (1) वास्तुकला में विकसित सुविज्ञता (2) निष्पादन कलाओं में विकास (3) क्षेत्रक अध्ययनों का विकास; और (4) पुरातत्वीय सैलों को मजबूत बनाना/स्थापना करना।

(2) इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी का विकास :

उच्च शिक्षा और अनुसंधान के लिए आयोग द्वारा विश्व-विद्यालय अनुदान और प्रौद्यो गिकी में अनुसंधान वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस समय 32 विश्व-विद्यालय समझे जाने वाले विश्व-विद्यालयों, संस्थानों को वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इस संस्थान में शिक्षा के अवर स्नातक पाठ्यक्रम की सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रदान की जाती है।

इस क्षेत्र में प्रतिभाशाली अध्येताओं को आकर्षित करने के विचार से आयोग ने इस वर्ष के दौरान स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियों/सीनियर अनुसंधान शिक्षा/वृत्ति के मूल्य में वृद्धि की है। स्नातकोत्तर छात्र वृत्ति की इसमें एक हजार रुपए प्रतिमाह की दर से और सीनियर अनुसंधान शिक्षा वृत्ति 1200 रुपए प्रतिमाह की दर से दी जाती है। सीनियर अनुसंधान अध्येता मकान किराया भत्ता और चिकित्सा सुविधाएं भी देय हैं।

वर्ष 1984-85 के दौरान आयोग ने विश्व-विद्यालयों को इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए 307.96 लाख रुपए की अनुदान राशि मुक्त की।

(3) संगणक सुविधाओं में विकास और जन-शक्ति प्रशिक्षण के लिए संगणक शिक्षा: इलैक्ट्रोनिक आयोग से परामर्श करने के बाद आयोग ने चुनिन्दा विश्वविद्यालयों को मीडियम साइज कम्प्यूटर देने में सहमत है।

विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग की संगणक विकास समिति ने अब तक 58 विश्व-विद्यालयों में संगणक प्रणाली स्थापित करने की सिफारिश की है। 35 विश्वविद्यालयों में पहले से ही स्थापित संगणक प्रणालियां पूर्ण रूप से कार्यरत है। शेष 23 विश्व-विद्यालय, प्रणाली प्राप्त करने और उन्हें स्थापित किये जाने की स्थिति में है।

ालेजों का विकास

समुचित स्तरों को बनाए रखने, उपलब्ध सुविधाओं के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने, नए-नए प्रयोगों और परिवर्तनों को बढ़ावा देने, शिक्षा को नई व्यवसाय पद्धति से जोड़ने, व्यावहारिकता तथा समाज के कमजोर वर्गों विशेष रूप से देश के शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों में रहने वाले अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिए शिक्षा के समान अवसर उपलब्ध करने के उद्देश्य से सम्बद्ध कालेजों का विकास उच्च शिक्षा में एक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है जो मुख्य रूप से अवर स्नातक स्तर की शिक्षा के लिए जिम्मेदार है परन्तु कुछ हद तक स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए भी आधार का काम करते हैं।

वर्ष 1984-85 के दौरान कालेजों को सामान्य विकास और अन्य योजनाओं के लिए दिये गये अनुदान निम्नलिखित है :--

मदें	**प्रदान की गई सहायता (लाख रुपये में)**
सम्बद्ध कालेजों का विकास	1778.50
कालेज विज्ञान सुधार कार्यक्रम	22.52
कालेज मानविकी और समाज-विज्ञान सुधार कार्यक्रम	87.87
शताब्दी अनुदान	0.50
मानविकी और समाज-विज्ञान के उत्तर-स्नातक अध्ययनों का विकास	73.27
विज्ञान के उत्तर-स्नातक अध्ययनों का विकास	138.57
अवर-स्नातक शिक्षण संस्थानों का सुदृढ़ीकरण	0.90

आयोग ने अगले पांच वर्षों के लिए मद्रास विश्वविद्यालय के स्वायत्त कालेजों को सहायता देने पर सहमति व्यक्त की है। अन्य विश्वविद्यालयों के स्वायत्त कालेजों की समीक्षा पर आयोग विचार कर रहा है। आने वाले वर्षों के दौरान यह प्रस्ताव है कि योजना को एकीकृत और सुदृढ़ बनाया जाए तथा इस योजना के अंतर्गत कई विश्वविद्यालयों को भी लाया जाए।

न्य योजनाएं

इन कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए विशेष सहायता का प्रावधान किया गया है :- (1) अल्पसंख्यक समुदाय के कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए (2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और (3) महिलाओं के अध्ययन से सम्बन्धित कार्यक्रमों का विकास। इसके ब्यौरे निम्नलिखित हैं :--

ल्पसंख्यक समुदायों के कमजोर वर्गों लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए शिक्षण कक्षाएं

अल्प संख्यक समुदायों के कमजोर वर्गों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आयोग ने विश्वविद्यालयों/कालेजों की प्रशिक्षण कक्षाओं के लिए सहायता देना जारी रखा।

31 मार्च, 1985 तक, 19 विश्वविद्यालय और 15 कालेज, वि. अ. आयोग से अल्पसंख्यकों के लिए प्रशिक्षण कक्षाएं चलाने के लिए सहायता प्राप्त कर रहे थे। और 1984-85 के दौरान, इस कार्य के लिए 23.77 लाख रुपए का अनुदान दिया गया।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिए सुविधाएं

आयोग ने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदायों के लिए आयोजना मूल्यांकन तथा कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए कार्यान्वयन को सुदृढ़ बनाने के लिए एक उपाय के रूप में विशेष सैलों के सृजन के लिए विश्वविद्यालयों को शत प्रतिशत आधार पर सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय किया है। आयोग ने 31 मार्च, 1965 के अन्त तक विशेष सैल स्थापित करने के लिए 65 विश्वविद्यालयों का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है।

इसके अतिरिक्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षा-वृतियों में से विश्वविद्यालयों के पास उपलब्ध ऐसी शिक्षा-वृत्तियों की कुल संख्या में से आयोग प्रतिवर्ष 50 कनिष्ठ अनुसंधान शिक्षा-वृत्तियां प्रदान करता है। आयोग ने अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के लिए 40 अनुसंधान सह-शिक्षा वृतियां भी आरक्षित की है। आलोच्य वर्ष के दौरान केवल 13 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे और उन सभी को अनुसंधान सह-शिक्षा वृत्तियां प्रदान की जा चुकी है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति समुदायों से सम्बन्धित अध्यापक जो सम्बद्ध कालेजों में अध्यापक हैं, को अपनी अर्हताएं एम. फिल. अथवा पी.एच.डी. करके, बढ़ाने के लिए अवसर प्रदान करने हेतु इन उम्मीदवारों को प्रतिवर्ष 50 अध्यापक शिक्षा-वृतियां प्रदान की जाती है।

महिलाओं की शिक्षा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने महिला अध्ययनों के साथ-साथ पाठ्यचर्या विकास तथा सम्बद्ध विस्तार कार्यक्रमों में सुपरिभाषित अनुसंधान परियोजनाएं शुरू करने के लिए विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता देने की बात मान ली है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने फोर्ड-फाउन्डेशन द्वारा 1.00 लाख डालर की पेशकश को स्वीकार कर लिया है और इस धनराशि को कुछ चुनिन्दा विश्वविद्यालयों/कालेजों तथा भारतीय विद्वानों द्वारा परामर्शी कार्यों पर खर्च करने के लिए स्वीकार कर लिया है। ये विश्वविद्यालय/कालेज और विद्वान इस पैसे को महिला अध्ययनों के शहरी संग्रहों पर खर्च करेंगे।

इस वर्ष के दौरान पांच अनुसंधान परियोजना को सहायता दी गई और ये परियोजनाएं महिला अध्ययनों से सम्बन्धित थी। इस कार्य पर 0.38 लाख रुपये का अनुदान दिया गया। आयोग ने एस.एन.डी.टी. महिला विश्वविद्यालय, बम्बई में महिला अध्ययनों से सम्बन्धित एक अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने के लिए अपनी सहमति दे दी है और इस कार्य के लिए 2.15 लाख रुपये का अनुदान दे दिया गया है।

ख. केन्द्रीय विश्वविद्यालय

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय

शैक्षिक वर्ष 1985-86 के दौरान दाखिल छात्रों की संख्या 17,421 थी, जिनमें से 7,000 विद्यार्थी 13 आवासीय हालों वाले 55 छात्रावासों में थे। संकायों में छात्रों की संख्या 6,041, कालेजों में 5,511, स्कूलों में 5,750 और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में 119 थी।

श्री सैयद हाशिम अली, आई.ए.एस. और उस्मानिया के भूतपूर्व कुलपति ने 8 अप्रैल, 1985 को विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार सम्भाला। विश्वविद्यालय में अध्ययन और अनुसंधान का माहौल सामान्य रूप से बना रहा। विश्वविद्यालय द्वारा अनुसंधान और प्रकाशनों पर अधिक जोर देने के प्रयत्न किए।

आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय द्वारा ये नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए (I) इंजीनियरी में डिप्लोमा (वास्तुकला में सहायता), (II) इंजीनियरी में डिप्लोमा (विद्युतीय विन्यास), (III) इलैक्ट्रानिक इंजीनियरी में डिप्लोमा (दूरदर्शन प्रौद्योगिकी), (IV) अंग्रेजी भाषा और साहित्य में उत्तर स्नातक शिक्षण डिप्लोमा, (V) उर्दू अनुवाद में उत्तर एम. ए. डिप्लोमा, (VI) एम.डी. कुल्लियाते इल्मुल अमराज और (VII) एम.डी. मवालिजात।

चालू वर्ष के दौरान, देश भर में अपनी तरह का एक बायो-टैक्नोलाजी संस्थान ने कार्य शुरू किया। भूख, रोग, जनसंख्या, विस्फोट आदि जैसी मुख्य कठिनाईयों को हल करने के लिए संस्थान जैनेटिक इंजीनियरी, एन्जाइम इंजीनियरी और फरमेन्टेशन टैक्नोलाजी जैसे ज्वलंज क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करेगा।

विज्ञान की प्रोन्नति के लिए विश्वविद्यालय ने, विकासशील वैज्ञानिक ज्ञान के बारे में, भारतीय मुसलमानों में जागरुकता पैदा करने और वैज्ञानिक अनुसंधान में मुस्लिम प्रतिभाओं को खोजने के विचार से एक केन्द्र स्थापित किया।

विभाग की जीव-रसायन की प्रोटीन अनुसंधान प्रयोगशाला ने प्रोटीन रचना के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। इसने पी.एच.डी. और एम.फिल. डिग्रियों के लिए 73 छात्रों को प्रशिक्षित किया। सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में अनुसंधान कार्यकलापों की वजह से विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से राष्ट्रीय संचारी रोग संस्थान (रा.सं.रो.सं.) द्वारा इसे सैनिटल केन्द्र के रूप में मान्यता मिल गई है। संसाधन मूल्यांकन और जैव-इंजीनियरी के लिए सुदूरग्राही उपयोग केन्द्र को विकसित करने के लिए विश्वविद्यालय ने आधार भूत ढांचा तैयार किया गया है। प्राणि-विज्ञान विभाग के मत्सय पालन प्रभाग ने "भोज्य सूचना केन्द्रों के नेटवर्क (भो.सू.ने.के.)" के सदस्य के रूप में मान्यता प्राप्त की है।

विश्वविद्यालय की केन्द्रीय लायब्रेरी देश भर में एक अच्छी लायब्रेरी है इसमें बहुत मूल्यवान पाण्डुलिपियां और उर्दू, फारसी और अरबी भाषाओं में दुर्लभ पुस्तकें संग्रहीत हैं। लायब्रेरी में, इस समय पुस्तकों का कुल संग्रह 6,13,297 है।

विश्वविद्यालयों के विभिन्न संकायों ने आठ सेमिनारों/सम्मेलनों का आयोजन किया। साउदी अरब, यू.के. और कनाडा से एक-एक प्रोफेसर को व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया। विश्वविद्यालय ने 17 अक्तूबर को इसके संस्थापक की याद में सर सैयद दिवस के रूप में मनाया।

दिल्ली, विश्वविद्यालय

वर्ष 1985-86 के दौरान विश्वविद्यालय विभागों तथा कालेजों के नियमित पाठ्यक्रमों में छात्रों का कुल नामांकन 95,186 है। गैर-कालेज महिला छात्रों की नामांकन संख्या 13,175 है जबकि बाह्य छात्र सेल में 16,595 छात्रों को प्राइवेट छात्रों के रूप में पंजीकृत किया। पत्राचार पाठ्यक्रम और सतत् शिक्षा स्कूल में छात्रों का नामांकन 21,355 था। इस प्रकार, विश्वविद्यालय के छात्रों के नामांकन की कुल संख्या 1,46,311 थी यह वर्ष 1984-85 के नामांकन छात्रों की तुलना में 3500 अधिक है। पी.एच.डी. छात्रों के रूप में नामांकन छात्रों की संख्या 2481 है जबकि एम. फिल. पाठ्यक्रमों के लिए 802 छात्रों को दाखिला दिया गया।

विश्वविद्यालय में कुल स्टाफ संख्या निम्नलिखित है :—

प्रोफेसर	228
रीडर	302
लैक्चरर	157
अनुसंधान एसोसिएट	11
कुल	698

विश्वविद्यालय ने जीव-रसायन, इलैक्ट्रानिकी विज्ञान, आनुवंशिकी, सूक्ष्म-विज्ञान और ललित-कलाओं में स्नातकोत्तर जैसे अन्तर विषय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को शुरू किया। इसके अतिरिक्त अन्तर्राष्ट्रीय विपणन में उत्तर स्नातक डिप्लोमा और प्रशासनिक प्रबन्ध में उत्तर-स्नातक डिप्लोमा भी शुरू किया गया।

विश्वविद्यालय के कुछ नये स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम अर्थात् प्रयुक्त मनोविज्ञान, पर्यावरणात्मक जीव-विज्ञान और सर्टीफिकेट, डिप्लोमा तथा फिनिश तथा स्पेनिश भाषा में उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने का निश्चय किया है।

वर्ष के दौरान नए अन्तर विषय और प्रयुक्त विज्ञान और प्रौढ़ सतत् शिक्षा एवं प्रसार और पंजाबी विभाग की नई संकाय स्थापित की गई। प्रौद्योगिकी संकाय के अन्तर्गत विश्वविद्यालय का एक इलैक्ट्रानिकी और संचार इंजीनियरी विभाग स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है।

विश्वविद्यालय ने, व्यक्तियों तथा संगठनों द्वारा दिए जाने वाले कुछ नए पदक, शिक्षावृत्तियां तथा छात्रवृत्तियां भी आरम्भ की हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय और अनर्राष्ट्रीय खेलों में भाग लेना जारी है। विश्वविद्यालय की कुमारी आशा अग्रवाल ने हांग-कांग में हुई आठवीं अन्तर्राष्ट्रीय महिलाओं की मैराथन में एक स्वर्ण पदक प्राप्त करके विशेष योग्यता प्राप्त की।

प्रोफेसर मुनीस रजा ने विश्वविद्यालय के कुलपति का पदभार सम्भाला।

वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय ने नेमीफैरट और 73वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस सत्र का आयोजन किया और देश और विदेश से आये प्रख्यात विद्वानों के कई व्याख्यानों का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कई शिक्षकों को उनके निजी क्षेत्र में काम करने के लिए व्यावसायिक संगठनों द्वारा सम्मानित किया गया।

हैदराबाद विश्व-विद्यालय

वर्ष 1985-86 के दौरान विश्वविद्यालय ने 928 छात्रों को अधिक दाखिल किया जबकि पिछले वर्ष (1984-85) में वृद्धि 746 की थी। इनमें से, 98 अनुसूचित जाति, 13 अनुसूचित जनजाति और 16 शारीरिक रूप से विकलांग श्रेणियों के हैं। एम.ए./एम.एस.सी. डिग्री प्रदान किये जाने के लिए 162 छात्रों ने, एम. फिल. के लिए 55 छात्रों ने तथा पी.एच.डी. के लिए 25 छात्रों ने अर्हता प्राप्त की।

वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय की संकाय संख्या 128 की थी, जिसमें 31 प्रोफेसर, 48 रीडर और 49 लेक्चरार थे। कई संकाय सदस्यों ने सक्रिय रूप से सहयोगी अनुसंधान कार्यक्रमों में भाग लिया और उनमें से कुछ को राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्रदान किये गए।

छात्रों को पिछले वर्षों की भांति वित्तीय सहायता के रूप में योग्यता छात्रवृत्तियां, योग्यता एवं साधन छात्रवृत्तियां तथा निशुल्क शिक्षा प्रदान करना जारी रहा। इसके अलावा, 50 छात्रों को 600/- रु. प्रति माह की दर से शिक्षावृत्तियां प्रदान की गईं और वि.अ.आ. किसी नियत समय पर आधारित की योजना के अन्तर्गत 40 विद्यार्थियों ने कनिष्ठ/वरिष्ठ अनुसंधान शिक्षा-वृत्तियों का लाभ उठाया।

वर्ष 1985-86 के दौरान विकासात्मक परियोजनाओं को शुरू किया गया। 300 छात्रों के आवास उपलब्ध कराने के लिए तीन नए छात्रावासों को निर्मित करने का काम पूरा किया गया। 16.18 लाख रुपए की अनुमानित लागत से निर्मित स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत का निर्माण कार्य जोरों पर है। 7.25 लाख रुपये से बनने वाले ओपन एयर थियेटर का निर्माण कार्य शुरू किया गया और यह सुचारू रूप से चल रहा है। वर्ष 1985-86 के दौरान लगभग 31.00 लाख रुपये की लागत से 100 और छात्रों के लिए एक अतिरिक्त छात्रावास बनाने के लिए संस्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस समय चल रही कई परियोजनाओं जैसे प्रशासनिक बिल्डिंग, साइंस स्कूल, काम्पलेक्स, कम्प्यूटर सैन्टर बिल्डिंग और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विशेष सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत रसायन स्कूल की इमारत का निर्माण कार्य सुचारू रूप से चल रहा है।

विश्वविद्यालय का पहला दीक्षान्त समारोह दिनांक 6 अप्रैल, 1985 को हुआ। श्री पी. वी. नरसिंह राव, तत्कालीन रक्षा मंत्री जी ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। दीक्षान्त समारोह में 1252 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गईं।

जवाहरलाल नेहरू विश्व-विद्यालय

वर्ष 1984-85 से विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों में दाखिला, देशभर में 21 केन्द्रों में हुई, एक समान अखिल भारतीय परीक्षा के आधार पर होता है। 15% स्थान अनुसूचित जातियों के लिए, 7.5% अनुसूचित जनजातियों के लिए तथा 3% शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों के लिए आरक्षित है।

वर्ष 1985-86 में प्रवेश के लिए 16,596 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 7,681 ने वास्तव में परीक्षा दी। और जिन छात्रों को उत्तीर्ण किया गया और दाखिला के योग्य माना गया उनमें से, वास्तव में 856 छात्रों ने विश्वविद्यालय में दाखिला लिया।

इनमें से, 92 अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हैं और 9 शारीरिक रूप से विकलांग हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा इस वर्ष के दौरान 1125 छात्रों को डिग्रियां/डिप्लोमा/प्रमाण पत्र प्रदान किए। इनमें 72 पी.एच.डी., 209 एम. फिल., 149 एम.ए./एम.एस.सी, 689 बी.ए./बी.एस.सी./बी.ए. (आनर्स) डिग्रियां और 6 प्रमाण पत्र/डिप्लोमा शामिल हैं।

तंजानिया के राष्ट्रपति श्री जूलियस के. नैरेरे को डाक्टर आफ ला की डिग्री से सम्मानित किया गया।

संगणक उपयोग कार्यक्रम की एक तीन-वर्षीय मास्टर डिग्री जो संगणक प्रौद्योगिकी में भावी धाराओं को समझने के लिए अपेक्षित सैद्धान्तिक पृष्ठभूमि और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार की गई है उसे कम्प्यूटर और सिस्टम साइन्स स्कूल में शुरू किया गया है।

शैक्षणिक वर्ष 1985-86 से पर्यावरण वैज्ञानिक स्कूल में एक द्विवर्षीय एम.एस.सी. जीव-प्रौद्योगिकी कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जैनिटिक इंजीनियरी और जीव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में नवीन विकासों से छात्रों को अवगत कराया जाएगा जिसका कि उद्योग, कृषि और औषधियों में महत्वपूर्ण स्थान है।

अगले शैक्षणिक सत्र से विश्वविद्यालय ने गांधी अध्ययन में एम. फिल., स्तर पर "गांधी और विश्व" तथा एम.ए. स्तर पर "गांधी और सर्वोदय" नामक दो नए पाठ्यक्रमों को शुरू करने का निश्चय किया है।

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अधिक उन्नत संगणक प्राप्त करने के लिए एक प्रस्ताव को अन्तिम रूप दे दिया गया है। यह अन्तर-विषयक अध्ययनों को और आगे प्रोन्नत करेगा।

एक आनुवंशिक इंजीनियरी तथा जीव-प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना के लिए संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन प्रायोजना का काम भारत को सौंपा गया है। यह संस्थान विश्वविद्यालय के परिसर में स्थित होगा।

प्रौढ़, सतत शिक्षा और प्रसार एकक ने महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों कुम्भकारों (परम्परागत हस्तकरों) और विश्वविद्यालय के वर्ग IV के कर्मचारियों को इस कार्यक्रम में शामिल करके लाभान्वित करने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं।

भाषा स्कूल के रूसी अध्ययन केन्द्र ने 14 नवम्बर, 1985 को अपनी 20वीं वर्ष गांठ मनाई।

वर्ष के दौरान सरकार और अन्य शैक्षणिकी अनुसंधान एजेन्सियों द्वारा प्रायोजित पैंतालिस परियोजनाओं का अनुसंधान कार्य प्रगति पर है।

स्पेनिश भाषी देशों के साहित्यिक और सांस्कृतिक पहलुओं और 'हिसपैनिक इन्डो-लेंजिस्ट' की कृति को प्रदर्शित करने के लिए भाषा स्कूल द्वारा स्पेनिश पत्रिका हिसपैनिक होराइजन प्रकाशित की गई है।

नाइट्रोजन यौगिकीकरण परियोजना के लिए प्रयोगशाला हेतु इमारत तैयार हो गई है। 200 छात्रों के लिए छात्रावास से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रगति पर है।

वर्ष 1985-86 के दौरान विश्वविद्यालयों में छात्रों की कुल संख्या 3,656 थी। शिक्षकों की कुल संख्या 499 थी जिनमें से 55 प्रोफेसर और 121 रीडर थे।

आलोच्य वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय ने अनेक व्याख्यानों, सेमिनारों और सम्मेलनों का आयोजन किया जिनमें भारत और विदेशों के विख्यात शिक्षा-विदों और विद्वानों ने भाग लिया। इनमें से भाषा प्रयोगशाला तकनीकों पर कार्यशाला, प्रमात्रा यांत्रिकी के साठ वर्षों पर राष्ट्रीय सेमिनार, और भारतीय आत्मवाद और राष्ट्रीय एकता पर अखिल भारतीय सेमिनार महत्वपूर्ण थे। वर्ष के दौरान विद्याभवन ने रजत जयन्ती मनाई। विश्वभारती के एक सांस्कृतिक दल ने दक्षिणी-पूर्वी एशिया का दौरा किया और टैगोर के गीतों, नाटकों और नृत्य समारोहों को कई कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया। इसने टैगोर द्वारा स्वरचित कलाकृतियों पर एक प्रदर्शनी आयोजित की तथा उनके जीवन पर भी एक प्रदर्शनी का आयोजन किया।

ग्रामीण पुस्तकालय सेवा ने राजा राम मोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान के सहयोग से ग्रामीण लोगों के लाभ के लिए अपने कार्यकलाप जारी रखे। वर्ष के दौरान ग्रामीण प्रसार केन्द्र ने भी सफलतापूर्वक कार्य किया। राष्ट्रीय एकता के लिए इंदिरा गांधी केन्द्र जो कि वर्ष के दौरान शुरू किया गया है, विश्वभारती द्वारा राष्ट्रीय एकता और सम्बद्धता प्राप्त करना महत्वपूर्ण कदम है।

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय

कुछ संकायों का शैक्षिक सत्र जो समय से पीछे चल रहा था अब लगभग पूर्ण रूप से सामान्य हो गया है। कुछ संकाय अभी भी अपने अन्तराल को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं।

आलोच्य वर्ष के दौरान संगणक इंजीनियरी, संगणक विज्ञान, भौतिकी, रसायन शास्त्र, गणित विभाग स्थापित किए गए।

इलैक्ट्रॉनिक इंजीनियरी विभाग में माइक्रोवेव ट्यूब सम्बन्धी अनुसंधान केन्द्र का समर्थन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने किया।

जैव प्रौद्योगिकी स्कूल की स्थापना के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। स्कूल का मुख्य कार्य जैव-प्रौद्योगिकी में प्रशिक्षण प्रदान करना तथा विकसित अनुसंधान करना भी है। विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय इलैक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी सुविधा प्रायोजना भी निश्चित की। इसके अतिरिक्त, भौतिकी तथा इलैक्ट्रॉनिक इंजीनियरी विभागों को सी.ओ.एस.आई.एस.टी. एवं विशेष सहायता कार्यक्रम की सूची में शामिल किया गया। शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के वास्ते विशेष शिक्षा में दो पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए गए। संगीत-शास्त्र विभाग ने एम.फिल. कार्यक्रम शुरू किया है। विश्वविद्यालय द्वारा गेहूं की विविध किस्में तैयार की गईं तथा वाणिज्यिक खेती के लिए जारी किया गया। विश्वविद्यालय ने गंगा प्रदूषण सम्बन्धी अनुसंधान कार्य भी ग्रहण किया।

अन्तर्राष्ट्रीय युवा वर्ष के दौरान, विश्वविद्यालय के कुछेक छात्रों ने मास्को में हुए अन्तर्राष्ट्रीय युवा शिविर में भाग लिया।

उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय शिलांग

उत्तर-पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय का क्षेत्राधिकार मेघालय और नागालैण्ड के दो राज्यों में फैल गया है तथा मिजोरम के संघ शासित क्षेत्र शिलांग में इसका मुख्यालय है। इस समय मुख्यालय में 17 स्नातकोत्तर विभाग तथा पांच केन्द्र हैं। जिनमें नागालैंड और मिजोरम परिसरों में प्रत्येक के चार विभाग हैं। मिजोरम परिसर में एक कालेज है तथा नागालैण्ड के कृषि कालेज को कृषि विज्ञान स्कूल में परिवर्तित कर दिया गया है और प्रिंसिपल को उस स्कूल का डीन बना दिया गया है।

वर्ष के दौरान आनर्स में 292 छात्रों ने तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम पास किया और स्नातकोत्तर तथा अवर स्नातक पाठ्यक्रमों में 24,752 छात्रों ने दाखिला लिया। 160 शोध अध्येताओं को शोध कार्यक्रमों में दाखिला दिया गया।

शिलांग में मुख्य परिसर का निर्माण कार्य जिसमें अनुमानतः 200 छात्रों के लिए छात्रावास शामिल हैं तथा सेमिनार काम्पलेक्स और गैस्ट हाउस पूर्ण हो गया है। वर्ष के दौरान 41 क्वार्टरों का निर्माण कार्य और सेमिनार काम्पलेक्स तथा गेस्ट हाउस के दो ब्लाक पूरे हो गए ।

विश्वविद्यालय ने शोध अध्येताओं तथा छात्रों के लाभार्थ एक टेलीप्रिन्टर लगाया। वर्ष के दौरान विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में एक केन्द्रीय स्कूल की स्थापना की गई। वर्ष के दौरान नागालैण्ड में दो कालेजों को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया और कुल सम्बद्ध कालेजों की संख्या बढ़कर 41 हो गई ।

विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित सम्मेलन/सेमिनार आयोजित की :—

(1) 14-16 नवम्बर, 1985 तक जीवन विज्ञान सम्बन्धी अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी ।

(2) 2-8 दिसम्बर, 1985 तक निवेश-उत्पादन एसोसिएशन (अंतर्राष्ट्रीय) का 20 वां शताब्दी सम्मेलन।

(3) 10-12 दिसम्बर, 1985 तक उच्च शिक्षा में शिक्षा नीति सम्बन्धी राष्ट्रीय सेमिनार ।

(4) 21-23 नवम्बर, 1985 तक आर.एस.आई.सी. की कार्यशाला।

इन्दिरा गांधी खुला विश्वविद्यालय

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय खुला विश्वविद्यालय विधेयक अगस्त, 1985 में संसद द्वारा पारित किया गया । यह अधिनियम 20 सितम्बर, 1985 से लागू हो गया । प्रोफेसर जी. राम रेड्डी ने विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला । शैक्षिक परामर्शदाता (भारत) लिमिटिड द्वारा विश्वविद्यालय की एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर दी गई है। विश्वविद्यालय के लिए दक्षिणी दिल्ली में 100 एकड़ भूमि मिल गई है। 19-11-1985 को प्रधानमंत्री द्वारा भवन के निर्माणार्थ शिलान्यास किया गया। एक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला, जिसमें विश्व के प्रमुख खुले विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने भाग लिया, 20-22 नवम्बर, 1985 तक परियोजना रिपोर्ट पर चर्चा करने के लिए आयोजित की गई ।

विश्वविद्यालय अपने शैक्षिक कार्यक्रमों की तैयारी के लिए स्टाफ की प्रारंभिक भर्ती कर रहा है। कार्यक्रमों का प्रथम बैच 1986 के मध्य से पहले ही घोषित कर दिया जाएगा। जब तक इसके स्थायी स्थल पर निर्माण कार्य पूरा नहीं होता तब तक विश्वविद्यालय किराए के स्थान में कार्य करता रहेगा ।



तैयारी कार्य में विश्वविद्यालय के लिए प्रारंभिक अवस्थापना का प्रावधान शामिल है, जिसमें भवनों का निर्माण, उपस्कर की खरीद, शैक्षणिक सामग्री तैयार करना तथा पूरे देश में अध्ययन केन्द्रों का एक नेटवर्क स्थापित करना शामिल है।

पांडिचेरी विश्वविद्यालय

सितम्बर, 1985 में संसद द्वारा पांडिचेरी विश्वविद्यालय अधिनियम पारित किया गया था जिसके द्वारा पांडिचेरी में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में पांडिचेरी विश्वविद्यालय की स्थापना की गई । यह अधिनियम 16 अक्तूबर, 1985 से लागू हो गया। उसी दिन, डा. के. बैंकटसुब्रामनियम ने इस विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति के रूप में कार्यभार संभाला। विश्वविद्यालय ने, पांडिचेरी में अपना शिविर कार्यालय स्थापित किया है। विश्वविद्यालय, अपेक्षित भूमि प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहा है और आशा है कि जून, 1986 तक विश्वविद्यालय को 1,234 एकड़ भूमि प्राप्त हो जाएगी। पांडिचेरी संघीय क्षेत्र के नौ कालेज विश्वविद्यालय के अधिकार-क्षेत्र में आते हैं ।

7—759 Deptt. of Edu./85

ग. विशिष्ट अनुसंधान संगठन

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान

भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला 1965 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापित किया गया था इसे सरकार द्वारा पूर्ण राशि प्रदान की गई थी। इसका उद्देश्य मूल-भूत विषयों और जीवन और चिन्तन की समस्याओं पर निष्पक्ष और रचनात्मक चर्चा करना है। संस्थान एक आवासीय अनुसंधान केन्द्र है तथा विशेष रूप से मानविकी के चुनिन्दा विषयों, भारतीय संस्कृति, तुलनात्मक धर्म, सामाजिक विज्ञान और प्राकृतिक विज्ञान में शैक्षिक अनुसंधान के लिए अनुकूल वातावरण की व्यवस्था करता है।

2. संस्थान ने मई, 1984 में अपने शैक्षणिक कार्यकलाप फिर से शुरू किए और इस समय इसमें 15 फैलों हैं। 1985-86 के लिए शिक्षावृत्ति प्रदान की गई है और शीतकालीन अवकाश के पश्चात दस फैलों आने की सम्भावना है।

3. संस्थान ने 20 से 27 मार्च, 1985 के दौरान "वैकल्पिक आर्थिक ढांचा" तथा 4 से 9 नवम्बर, 1985 को "निजी और सार्वजनिक जीवन में आवश्यकताओं और साधन का स्थान" से सम्बन्धित दो सेमिनार आयोजित किए। "ज्ञान की खोज और मानव की सुख-शान्ति" से सम्बन्धित सेमिनार मार्च, 1986 में होगा। सेमिनार के कार्य विवरण संस्थान द्वारा कार्रवाई खण्ड के रूप में प्रकाशित किया जाएगा।

4. फैलों का सामूहिक चर्चा बैठकों भाग लेना शैक्षणिक कार्यकलापों की एक प्रमुख विशेषता है। ऐसी बैठके सप्ताह में एक बार होती हैं और इससे एक दूसरे अत्यन्त प्रभावित होते हैं।

5. संस्थान ने अपनी पत्रिका निकालने का निर्णय किया है और पहला अंक मार्च, 1986 में निकालने की आशा है।

6. लगभग 22 पाण्डुलिपियों का मूल्यांकन किया गया है तथा उनमें से कुछ चालू वित्तीय वर्ष के दौरान प्रकाशित किए जाएगें।

भारतीय दर्शन अनुसन्धान परिषद

भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद ने, जो मार्च 1977 में सोसायटी पंजीकरण अधिनियम 1860 के अन्तर्गत पंजीकृत की गई थी प्रोफेसर डी. पी. चट्टोपाध्याय की अध्यक्षता में वास्तव में वास्तव में जुलाई 1981 से कार्य करना प्रारम्भ किया। परिषद की स्थापना मुख्यत: समय-समय पर दर्शन शास्त्र में अनुसंधान की प्रगति की समीक्षा करने, दर्शनशास्त्र में अनुसंधान की परियोजनाओं अथवा कार्यक्रमों को प्रायोजित करने अथवा उनके लिए सहायता देने, अनुसंधान कार्य में लगी संस्थाओं, संगठनों और व्यक्तियों को सहायता देने, तकनीकी सहायता तथा मार्गदर्शन प्रदान करने, अनुसंधान कार्यकलापों को समन्वित करने तथा ऐसे सभी उपाय करने के लिए की गई है जिन्हें दर्शन शास्त्र तथा सम्बद्ध विषयों में अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक समझा जाए।

वर्ष 1985-86 के दौरान परिषद ने एक राष्ट्रीय फैलोशिप, तीन वरिष्ठ फैलोशिप और आठ सामान्य फैलोशिप, प्रदान करना जारी रखा और वरिष्ठ तथा सामान्य फैलोशिप दोनों वर्गों में से प्रत्येक में तीन नई फैलोशिप प्रदान की।

परिषद ने अपने शैक्षणिक केन्द्र, लखनऊ में कुछेक मासिक सेमिनारों के अतिरिक्त लगभग 10 सेमिनार, कार्यशालाएं इत्यादि आयोजित की तथा उनके लिए सहायता प्रदान की। परिषद ने शैक्षणिक प्रकाशनों सहित अपनी विभिन्न विद्वतापूर्ण प्रायोजनाएं भी जारी रखी जिनमें से छः 1985-86 के दौरान पूर्ण कर ली गई।

परिषद ने देश के युवा अध्येताओं में प्रतिभा का विकास करने के वास्ते "युवा और 21वीं शताब्दी" नामक विषय पर युवा अध्येताओं के लिए एक सेमिनार के पश्चात एक अखिल भारतीय निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की।

वार्षिक व्याख्यान कार्यक्रम के अन्तर्गत 1985-86 के दौरान हेलसिंकी (फिनलैंड) के प्रोफेसर जार्ज हैनारिक वान राइट तथा वाराणसी के प्रोफेसर टी. आर. वी. मूर्ति को व्याख्यान देने के लिए चुना गया।

अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम के अन्तर्गत, भारत और सोवियत रूस के बीच दर्शन शास्त्र के क्षेत्र में पहला सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम 1985-86 के दौरान कार्यान्वियन के लिए प्रारम्भ हुआ।

परिषद ने 17 अध्येताओं को अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन, सेमिनार इत्यादि में भाग लेने के लिए यात्रा अनुदान के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की।

1985-86 के दौरान आई. सी. पी. आर. पत्रिका की प्रति निकाली गई।

परिषद ने बटलर प्लेस, लखनऊ में विभिन्न प्रदर्शनियां प्रदर्शित करना जारी रखा।

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद

भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद, ऐतिहासिक अनुसंधान को उचित निदेश देने तथा इतिहास लेखन के वस्तुपरक तथा वैज्ञानिक प्रोत्साहन एवं प्रेरणा के लिए 1972 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में स्थापित कया गया। परिषद इतिहास के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान कार्यक्रम प्रायोजित करके जिनमें सामान्य रूप से कला, पुरातत्व और दर्शन-शास्त्र का इतिहास शामिल है तथा विशेष रूप से उपेक्षित क्षेत्रों जैसे कि सामाजिक और आर्थिक इतिहास, विज्ञान और प्रौद्योगिकी का इतिहास, सैनिक इतिहास तथा बौद्धिक इतिहास इत्यादि में ऐतिहासिक अनुसंधान के विकास को प्रोत्साहन देकर उपर्युक्त लक्ष्य प्राप्त कर रहा है।

आलोच्य अवधि के दौरान, परिषद ने 22 अनुसंधान परियोजनाएं, 115 फैलोशिप और 66 अध्ययन एवं यात्रा अनुदान की स्वीकृति दी। 32 अनुसंधान विनिबंधों, मोनोग्राफ और पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशनार्थ आर्थिक सहायता की स्वीकृति दी। 35 व्यावसायिक संगठनों जैसे कि दक्षिण भारतीय इतिहास कांग्रेस, भारत इतिहास कांग्रेस, भारतीय पुरातत्व सोसायटी, ऐतिहासिक अध्ययन संस्थान, भारतीय मुद्रा-विषयक सोसायटी इत्यादि को सेमिनार/संगोष्ठी इत्यादि आयोजित करने के लिए अनुदान की मंजूरी दी। और अनुसंधान क्षेत्रों को जानने के लिए कांग्रेस शताब्दी समारोह से सम्बद्ध एक पैनल चर्चा आयोजित की गई।

ऐतिहासिक अनुसंधान और लेखन की सुविधा के लिए स्त्रोत सामग्री के प्रकाशन के अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए एक कदम के रूप में परिषद ने एक व्यापक कार्यक्रम प्रारम्भ किया है जिसमें भारतीय इतिहास के सभी कालों को शामिल करने वाले स्रोतों के कई खण्डों के संकलन की परिकल्पना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भारत में राष्ट्रीकों का आन्दोलन (1919-20), (1898–1902) और (1922–24) से सम्बन्धित प्रलेख के तीन खण्ड प्रकाशनार्थ प्रैस को भेजे गए। प्रोफेसर वी. एन. दत्ता द्वारा सम्पादित एक खण्ड प्रकाशित किया गया। मध्यावधि स्रोत कार्यक्रम के अन्तर्गत **राज तंरगिणी** और **रूसी दस्तावेजों** के अंग्रेजी अनुवाद के साथ **मुगल प्रलेखों का सूची पत्र** (1526–1627) और **मराठी प्रलेखों का सूची पत्र** का संकलन किया गया तथा शीघ्र ही प्रैस को भेजा जाएगा।

प्रकाशन कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषद ने डा. आर. सी. मजूमदार की **द क्लासिकल एज** का हिन्दी संस्करण तथा के. ए. एन. शास्त्री के **चोला राजगान का** उर्दू संस्करण, **मुखरोज और कन्नोज के शिलालेख और तमिलनाडु तथा केरल राज्यों में स्थलाकृतिक शिला लेख** निकाले। विशेष प्रायोजना **स्वतन्त्रता की ओर** के अन्तर्गत दस्तावेजों का प्रथम खण्ड जो जनवरी से दिसम्बर 1937 तक की अवधि तक है, को भी प्रकाशित किया गया इसके अतिरिक्त परिषद ने प्रकाशनार्थ आर्थिक सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत 20 शोध निबन्ध भी प्रकाशित किए गए। परिषद ने 1984-85 में पुस्तकालय में खरीदी अतिरिक्त सामग्री की अधिग्रहण सूची भी प्रकाशित की तथा भारतीय **इतिहास में तत्काल जानकारी सेवा (करेंट अवेयरनैस सर्विस)** प्रकाशित की। **भारतीय ऐतिहासिक समीक्षा** खण्ड VIII (सं. 1-2) प्रकाशित किए गए तथा खण्ड IX प्रैस को भेज दिया गया है।

भारत और सोवियत रूस के बीच सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषद ने अप्रैल, 1985 में प्राचीन काल से मध्यावधि तक संस्कृति: समाज के आर्थिक और सामाजिक संगठन की समस्या से सम्बन्धित एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिसमें सोवियत संघ से आठ इतिहासज्ञों ने भाग लिया। इन्डो-जर्मन जनवादी गणराज्य और इन्डो-बलोरियन सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत परिषद ने जुलाई 1985 को बर्लिन में तथा नवम्बर, 1985 को सोफिया में हुए सेमिनार में भाग लेने के लिए भारतीय इतिहासज्ञों को भेजा।

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद

देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोन्नत करने के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद की स्थापना सन् 1969 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी।

वर्ष के दौरान परिषद ने 21 अनुसंधान संस्थानों को सहायता देना जारी रखा। परिषद ने छ: क्षेत्रीय केन्द्रों को सहायता देना भी जारी रखा।

दिसम्बर 1985 तक परिषद ने 56 अनुसंधान परियोजनाओं के वास्ते अनुसंधान अनुदान की स्वीकृति दी। परिषद को पहले अनुमोदित 36 परियोजनाओं की पूर्ण रिपोर्ट प्राप्त हुई। महिलाओं के अध्ययन से सम्बन्धित अनुसंधान कार्यक्रम को पुन: सक्रिय किया गया तथा महिलाओं का कार्य एवं पारिवारिक नीतियां इससे सम्बंन्धित सामान्य विषय पर आठ अनुसंधान परियोजनाओं को संस्वीकृति दी गई।

परिषद सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में अध्येताओं को विभिन्न प्रकार की शिक्षावृत्तियां प्रदान करती है। दिसम्बर, 1985 तक 86 नवीन पुरस्कार तथा 37 आकस्मिक अनुदान संस्वीकृत किए गए।

3080 प्रकाशन जिनमें 300 शोध प्रबन्ध तथा 598 शोध रिपोर्ट शामिल है प्रकाशित किए गए। 163 पी. एच. डी. अध्येताओं को उनके शोध कार्य हेतु सामग्री संचय करने के लिए पुस्तकालयों के निरीक्षणार्थ अध्ययन अनुदान प्रदान किए गए। 18 ग्रंथ विज्ञानीय तथा प्रलेखन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई। अनुलिपिय रूप की 27 प्रलेखन सूचियों का संकलन हो चुका है तथा देश और विदेश में विभिन्न पुस्तकालयों और संस्थाओं को वितरित कर दी गई है।

वर्ष के दौरान, परिषद ने 4 प्रकाशन प्रकाशित किये हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान, प्रकाशन अनुदान की योजना के अंतर्गत, प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए 16 शोध प्रबन्ध तथा 11 शोध रिपोर्ट अनुमोदित कर दी गई है। वर्ष के दौरान, इस योजना के अन्तर्गत, छ: पुस्तकें प्रकाशित की गई।

परिषद ने भूगोल, अर्थशास्त्र, राजनीतिक शास्त्र, पब्लिक प्रशासन, समाज शास्त्र तथा सामाजिक मानव विज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में पत्रिकाओं के 11 अंक प्रकाशित किए।

आंकड़े अभिलेखागार ने आई. सी. एस. एस. आर. निधिबद्ध परियोजनाओं में से उत्पन्न 10 आंकड़े, सैट प्रकाशित किए। मशीन सुपाठ्य रूप में 17 आंकड़े सैट आयोजित किए गए और उनकी पुन: प्राप्ति और माध्यमिक विश्लेषणों को सुकर बनाने के लिए प्रलेख दिए।

वर्ष के दौरान, परिषद ने, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने के लिए विदेश जाने हेतु 45 भारतीय अध्येताओं को वित्तीय सहायता प्रदान की।

तीन फ्रेन्च अध्येताओं ने भारत का दौरा किया और भारत फ्रेन्च सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 भारतीय अध्येताओं को फ्रांस के दौरे के लिए भेजा गया। परिषद ने भी भारतीय अध्येताओं के साथ व्याख्यान देने और विचार विमर्श करने के लिए अनेक विशिष्ट विदेशी अध्येताओं के दौरे प्रायोजित किए।

समाज विज्ञान में सहयोग के लिए भारत-सोवियत संयुक्त आयोग के अंतर्गत, दो सोवियत शिक्षा शास्त्रीयों ने संयुक्त आयोग के अंतर्गत चल रहे कार्यकलापों पर चर्चा करने के लिए भारत का दौरा किया।

भारत-डच वैकल्पिक विकास सम्बन्धी कार्यक्रम (भा. ड. वै. वि. का.) के अन्तर्गत, पांच भारतीय अध्येताओं ने हालेण्ड का दौरा किया और एक डच अध्येता ने भारत का दौरा किया। भा. ड. वै. वि. का. सम्बन्धी संयुक्त समिति अनुमोदित की गई और सरकार के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत कर दी गई जिसमें निम्नलिखित क्षेत्रों से सम्बन्धित 10 अनुसंधान परियोजनाएं हैं :—

(1) नवीन अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था
(2) तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य एशियाई ग्रामीण परिवर्तन
(3) यूरोपीय सोसायटियों की आधुनिक प्रवृत्तियां

सरकार द्वारा नौ परियोजनाएं अनुमोदित कर दी गई हैं और एक विचाराधीन है।

अंतर्राष्ट्रीय समाज विज्ञान संगठन संघ के सातवें महा सम्मेलन की सह-प्रायोजित परिषद, दिसम्बर, 1985 में नई दिल्ली में आयोजित की गई। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय और यूनेस्को के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त विकसित और विकासशील देशों से अनेक भाग लेने वालों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

अखिल भारतीय उच्च अध्ययन संस्थाओं के लिए अनुदान योजना

इस योजना का उद्देश्य कुछ स्वैच्छिक संगठनों को जो अखिल भारतीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं और विश्वविद्यालय शिक्षा की परम्परागत पद्धति से अलग हटकर शिक्षा कार्यक्रम प्रदान कर रहे हैं, उन्हें सहायता देना है। यह योजना उन कुछेक संगठनों की सहायता करती है जो विश्वविद्यालय पद्धति में नहीं आते हैं और न ही उनके रख रखाव और विकास के लिए संसाधन उत्पन्न करने में समर्थ हैं परन्तु उपयोगी कार्यक्रम प्रदान कर रहे हैं जो विशेषकर ग्रामीण समुदाय के रुचि के हैं अथवा जो स्वरूप में नवीन हैं। इस समय, इस योजना के अन्तर्गत ऐसी पांच संस्थाओं अर्थात श्री अरविन्द अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी, कन्या गुरूकुल महाविद्यालय, देहरादून, तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पूणे, लोक भारती, सनोसरा, और श्री अरविन्द अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान, आरोविल, को वित्तीय सहायता दी जा रही है।

यह निर्णय किया गया है कि कन्या गुरूकुल महाविद्यालय की जमा 2 यूनिट (डिग्री पाठ्यक्रम का तीसरा और चौथा वर्ष) को एक संघटक कालेज के रूप में घोषित किया जाए और गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार के दूसरे कैम्पस को एक समझे जाने वाला विश्वविद्यालय घोषित किया जाए। अतः अब से दूसरे कैम्पस का अनुरक्षण तथा विकास-व्यय विश्व.अनु.आ. के अनुदानों में से विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाएगा।

घ. द्विपक्षीय/विदेशी सहयोग कार्यक्रम

शास्त्री भारत–कनाडा, संस्थान

शास्त्री भारत–कनाडा संस्थान, कनाडा में संस्थापित एक स्वायत्त स्वैच्छिक संगठन है जिसने भारत सरकार के साथ एक सद्भावना ज्ञापन के अनुसरण में नवम्बर, 1968 में भारत में अपने कार्यकलाप शुरू किए। संस्थान के साथ अनुबन्ध का पुनरीक्षण 31 मार्च, 1989 को समाप्त होने वाली अवधि तक कर दिया गया है। संस्थान का उद्देश्य, अध्येताओं तथा छात्रों के बीच एक दूसरे देश का ज्ञान की प्रगति तथा सूझबूझ को प्रोत्साहित करने तथा सहायता देने के प्रयोजन के लिए कार्य करता है।

संस्थान ने, वर्ष 1985-86 के दौरान, कनाडा के 7 अध्येताओं को मानविकी, भारतीय भाषाएं सीखने और प्रदर्शन कलाओं के क्षेत्र में अनुसंधान करने के लिए फैलोशिप प्रदान की।

भारत में वर्कले व्यावसायिक अध्ययन कार्यक्रम

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत, औषध, विधि, कृषि और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में अध्ययन/शोध के लिए 13 अध्येता आए।

भारतीय अध्ययनों का अमरीकी संस्थान

यह संस्थान भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अध्ययन में रुचि रखने वाले अमेरिकी कालेजों तथा विश्वविद्यालयों द्वारा स्थापित किया गया एक सहकारी संगठन है। संस्थान ने 1962 में कार्य करना शुरू किया और शैक्षिक वर्ष 1985-86 के दौरान 154 अध्येताओं को सामाजिक-विज्ञानों, मानविकियों, और भाषा प्रशिक्षण आदि में अनुसंधान करने के लिए फैलोशिप (संकाय/जूनियर/तदर्थ अल्पकालिक और भाषा) प्रदान की।

भारत में संयुक्त राज्य शैक्षिक प्रतिष्ठान नई दिल्ली

भारत में संयुक्त राज्य शैक्षिक प्रतिष्ठान की स्थापना, भारत सरकार और संयुक्त राज्य अमरीका सरकार के बीच हुए द्विपक्षीय करार के अंतर्गत फरवरी, 1950 में की गई थी। इसका उद्देश्य शैक्षिक कार्यक्रम के माध्यम से ज्ञान और व्यावसायिक प्रतिभा का अदान-प्रदान करके परस्पर सूझबूझ को प्रोत्साहित करना है, जिसके लिए धन की व्यवस्था संयुक्त राज्य अमरीका की सरकार द्वारा की गई थी। प्रतिष्ठान के कार्यक्रम के अंतर्गत डाक्टोरल और उत्तर-डाक्टोरल अनुसंधान के लिए और भारतीय विश्वविद्यालयों में अतिथि प्रोफेसरों के रूप में कार्य करने के लिए 1985-86 के दौरान 66 अमरीकी अध्येता/छात्र भारत आए। इसी प्रकार, अमरीका में अध्ययन/अनुसंधान और अल्पकालिक सेमिनारों/कार्यशालाओं में भाग लेने के लिए लगभग 135 भारतीय अध्येताओं को व्याख्यान/अनुसंधान/छात्र फैलोशिप और यात्रा अनुदान प्रदान किए ।

अमरीका के प्रोफेसरों, अध्यापकों, शैक्षिक प्रशासकों सहित 133 शिक्षाविदों के आठ अल्पकालिक दलों ने भारत में शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में नवीनतम घटनाओं की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से थोड़े समय के लिए भारत का दौरा किया। इन दलों के कार्यक्रम भारतीय विश्वविद्यालयों के सहयोग से आयोजित किए जाते हैं ।

अमरीकी अध्ययन अनुसंधान केन्द्र, हैदराबाद

अमरीकी अध्ययन अनुसंधान केन्द्र हैदराबाद, अमरीकी अध्ययनों में भारतीय अध्येताओं और छात्रों को सुविधाएं प्रदान करता है। केन्द्र को निकटवर्ती एशियाई देशों के अध्येताओं को सुविधा प्रदान करने की भी अनुमति दे दी गई जिससे कि वे केन्द्र में इन सुविधाओं का लाभ उठा सके बशर्ते कि भारत में अमरीकी रुपयों की निधियों का इस प्रयोजन के लिए उपयोग न किया जाए ।

अलग-अलग अनुसंधान के लिए भारत का दौरा करने वाले विदेशी विद्वान

उपर्युक्त विदेशी एजेन्सियों द्वारा प्रायोजित विदेशी विद्वानों के अलावा, स्वयं या अपने-अपने विश्वविद्यालयों से अनुदानों के आधार पर डाक्टोरल, और उत्तर-डाक्टोरल अनुसंधान कार्य करने के लिए विभिन्न देशों से 63 अनुसंधान अध्येताओं के आवेदन पत्र प्राप्त हुए ।

ङ. अन्य कार्यकलाप

विश्वविद्यालयों और कालेजों में अध्यापकों के वेतनमान संशोधित करना

केन्द्रीय सरकार ने विश्वविद्यालयों और कालेजों में पुस्तकाध्यक्षों और शारीरिक शिक्षा निदेशकों/प्रशिक्षकों के वेतनमान संशोधित करने के सम्बन्ध में अपने पिछले निर्णय की समीक्षा की और उन्हें बढ़ाने के लिए सहमत हो गई। ये बढ़े हुए वेतनमान अब अध्यापकों के बराबर हैं और 1-4-1980 से लागू हो गए हैं। इस निर्णय की सूचना सभी राज्य सरकारों को 1982 में दे दी गई थी। राज्य सरकारों को 1-4-80 से 31-3-1985 तक की अवधि के लिए बढ़े हुए वेतनमान लागू करने पर होने वाले अतिरिक्त खर्चों के 80% तक की वित्तीय सहायता की भी पेशकश की थी । इस निर्याण के अनुसरण में अभी तक पंजाब, तमिलनाडु, कर्नाटक, गुजरात और पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार वेतनमान बढ़ाने के लिए सहमत हुई हैं, इसी बीच अध्यापकों के वेतनमान संशोधित करने के सम्बन्ध में राज्य सरकारों से प्राप्त केन्द्रीय सहायता के सम्बन्ध में बकाया दावों को भी केन्द्रीय सरकार द्वारा पूरा किया जा रहा है।

डा. जाकिर हुसैन कालेज, दिल्ली

डा. जाकिर हुसैन स्मारक कालेज, (भूतपूर्व दिल्ली कालेज) के प्रबन्ध और रखरखाव की जिम्मेदारी सम्भालने के लिए सन् 1973 में डा. जाकिर हुसैन स्मारक कालेज न्यास

की स्थापना की गई । कालेज जो दिल्ली विश्वविद्यालय का एक कालेज है, अनुरक्षण खर्च विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और न्यास द्वारा 95:5 के अनुपात में वहन किया जाता है। इसके अतिरिक्त, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के लिए आयोग द्वारा निर्धारित सहायता पद्धति के अनुसार कालेज के विकास खर्च के लिए मंजूरी देता है। ऐसे विकास खर्च के लिए आनुपातिक अंशदान न्यास द्वारा वहन किया जाता है क्योंकि न्यास के अपने कोई संसाधन नहीं है, इसलिए उपरोक्त खर्च मंत्रालय द्वारा दिए गए अनुदानों में से वहन किया जाता है। इन अनुदानों में न्यास का प्रशासनिक खर्च शामिल है ।

न्यास द्वारा दिया गया एक महत्वपूर्ण निर्णय कालेज को इसके वर्तमान परिसर (अजमेरी गेट) से मिन्टो रोड़ क्षेत्र में ले जाना है। आवश्यक भूमि प्राप्त कर ली गई है और नए भवनों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। विज्ञान खंड का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। आगामी शैक्षिक सत्र शुरू होने से पूर्व रासायनिक शास्त्र, जीव विज्ञान, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान और मनोविज्ञान विभाग नए भवन में पहुंच जाएंगे। शैक्षिक और प्रशासनिक खण्ड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली

जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अंतर्गत विश्वविद्यालय समझी जाने वाली एक संस्था है। इसे अपने विश्वविद्यालय खण्ड के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से आवर्ती और अनावर्ती अनुदान प्राप्त होता है। जहां तक इसके गैर-विश्वविद्यालय खंण्ड का सम्बन्ध है इसे भारत सरकार से अनुदान प्राप्त होते हैं ।

जामिया मिलिया इस्लामिया के सीनियर माध्यमिक स्कूलों को सुदृढ़ बनाया गया है और +2 स्तर पर वाणिज्य तथा इंजीनियरी विषयों के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। स्कूल की 9वीं कक्षा में विकलांग बच्चों के लिए एक समाकलित योजना शुरू कर दी गई है। जामिया मिलिया इस्लामिया ने वर्तमान स्कूल भवन का विस्तार शुरू कर दिया है।

प्रौद्योगिकी विभाग, जिसे मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, ने इलेक्ट्रोनिक्स में डिप्लोमा का एक नया पाठ्यक्रम शुरू कर दिया है।

भारतीय विश्व-विद्यालय एसोसिएशन

भारतीय विश्वविद्यालय एसोसिएशन देश में विश्वविद्यालयों का एक स्वैच्छिक संघीय निकाय है। यह अनुभवों के आदान-प्रदान और उनके लिए समान हितों वाले क्षेत्रों पर विचार करने, मिलजुल कर काम करने के लिए विश्वविद्यालय समुदाय के लिए मंच की व्यवस्था करती है। यह उच्च शिक्षा के विषय में एक सूचना ब्यूरो के रूप में कार्य करती है और अनेकों प्रकाशन, शोध पत्र, पुस्तकें तथा पत्रिकाएं प्रकाशित करती है।

एसोसिएशन की अधिकांश वित्त व्यवस्था इसके द्वारा एकत्र की गई सदस्यता शुल्क से की जाती है। सरकार इसके रख रखाव के खर्च के लिए अनुदान स्वीकृत करती रही है। एसोसिएशन ने भी विश्वविद्यालय पद्धति से सम्बन्धित अनुसंधान कार्यकलाप शुरू करने के लिए अनुसंधान सैलों के लिए अनुदान संस्वीकृत किए है। अनुसंधान सैल ने परीक्षा सुधार, स्तरीय रिपोर्ट तैयार करने उच्च शिक्षा की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं से सम्बन्धी मोनोग्राफों और भा. प्रौ. सं. स्नातकों की व्यवस्था तथा आर्थिक विकास, उच्च शिक्षा आदि में क्षति तथा अवरोध सम्बन्धी अध्ययन आरम्भ कर दिए है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान उच्च शिक्षा तथा विश्वविद्यालय वित्तीय सहायता हेतु अवस्थापना सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण स्तरीय पेपर प्रकाशित होने वाला है। एसोसिएशन का प्रश्न बैंकों पर कुछ लोक प्रिय पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद कार्य आरम्भ करने का प्रस्ताव है।

भारत सरकार के अनुदानों तथा सदस्य-विश्वविद्यालयों के अंशदान के अनुदानों के सहयोग से इसका भवन पूरा हो जाने पर एसोसिएशन का विदेशी छात्रों और अनेक अन्य कार्यकलापों को सुदृढ़ करने के लिए सूचना तथा मार्गदर्शन सेल स्थापित करने का प्रस्ताव है।

अपने खेल प्रोन्नति प्रयासों के अतिरिक्त, एसोसिएशन ने विश्वविद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यकलापों को प्रोन्नत करना शुरू कर दिया है। इसने युवा कार्य तथा खेल विभाग और अन्य संगठनों के सहयोग से 1985 में नामी प्रतियोगिता के आयोजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप योजना

विख्यात शिक्षाविदों और विद्वानों को अपने-अपने शिक्षा विषयों में ज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान की मान्यता स्वरूप राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसरशिप योजना 1949 में शुरू की गई थी। 1965 से 1981 के बीच किसी राष्ट्रीय प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं की गई थी। 1981 में एक विख्यात पक्षी-विज्ञानी डा. सलीम अली और दर्शनशास्त्र के एक विख्यात प्रोफेसर डा. टी.एम.पी. महादेवन को प्रोफेसरशिप प्रदान की गई। प्रोफेसर वी.के.आर.वी.राव को 3 फरवरी, 1984 से राष्ट्रीय अनुसंधान प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया गया। 5 नवम्बर, 1983 को प्रोफेसर महादेवन की मृत्यु हो गई। डा. दुर्गा दास को संवैधानिक कानून में राष्ट्रीय प्रोफेसर के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। एक और नियुक्ति विचाराधीन है। इस समय केवल दो ही राष्ट्रीय प्रोफेसर हैं।

विश्वविद्यालयों के प्रमुख विषयों में व्यावसायिक संगठन को वित्तीय सहायता की योजना

शारीरिक तथा प्राकृतिक विज्ञान, समाज विज्ञान और मानविकियों के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यावसायिक संगठनों को सम्मेलन तथा सेमिनार आदि आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की एक नई योजना को छठी योजना में अंतिम रूप दे दिया गया। इस योजना का उद्देश्य उन लोगों में बेहतर संचार के अवसर उपलब्ध करना है जो अध्यापन, अनुसंधान या विद्वता के अध्ययन में स्वतन्त्र रूप से लगे हुए हैं ताकि वे आपस में एक दूसरे के विचारों का आदान-प्रदान कर सकें, नए विकासों पर चर्चा कर सकें और नई-नई खोजों में हिस्सा बटाकर अपने ज्ञान में वृद्धि कर सकें। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 के दौरान सात संगठनों को वित्तीय सहायता संस्वीकृत कर दी गई है।

पंजाब विश्वविद्यालय चण्डीगढ़

1966 में पंजाब राज्य के पुनर्गठन के पश्चात् पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 की धाराओं के अन्तर्गत पंजाब विश्वविद्यालय को एक अन्तर-राज्य निकाय निगम के रूप में घोषित किया गया। इस समय विश्वविद्यालय का अनुरक्षण खर्च में 40:60 के अनुपात से पंजाब सरकार तथा संघीय क्षेत्र चण्डीगढ़ द्वारा वहन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के विकास खर्च को वि. अनु. आ. द्वारा संस्वीकृत अनुदानों से आंशिक रूप में वहन किया जाता है। इस प्रकार के अनुदानों के बराबर हिस्से और विकास कार्यक्रमों से संबंधित व्यय जो आयोग द्वारा अनुदान पाने के योग्य नहीं है, केन्द्रीय सरकार द्वारा इसको संस्वीकृत वार्षिक ऋण से विश्वविद्यालय द्वारा वहन किया जाता है। वर्ष 1985-86 के दौरान इस कार्य के लिए विश्वविद्यालय को 50 लाख रुपये का ऋण संस्वीकृत किया गया।

अनुसूचित जातियों जनजातियों के लिए विशेष सैल

यह सैल, कालेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश और नियुक्तियों में आरक्षण से सम्बन्धित नीति की समीक्षा करने के लिए उत्तरदायी है। यह सैल अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आयुक्त और सांसद को आरक्षण के सम्बन्ध में सूचना भेजने के लिए सम्पर्क एकक के रूप में भी कार्य करता है। कालेजों और विश्वविद्यालयों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के अध्यापकों/छात्रों/कर्मचारियों से प्राप्त अभ्यावेदनों को भी सैल द्वारा जांच की जाती है और उन्हें आवश्यक होने पर, सम्बंधित प्राधिकारियों के साथ उठाया जाता है।

अध्याय 4

तकनीकी शिक्षा

भारत में तकनीकी शिक्षा का विस्तार देश की समाजार्थिक प्रगति को बढ़ाने के लिए किया गया है और आज भारत के पास विभिन्न स्तरों के इंजीनियरों और तकनीशियनों का एक बहुत बड़ा निकाय है। यह विस्तार और विविधता पंचवर्षीय योजनाओं के जरिए किया जा रहा है। छठी पंचवर्षीय योजना के दौरान निम्नलिखित पर जोर दिया गया है :– (क) विद्यमान सुविधाओं का अधिकतम प्रयोग, (ख) उनका सुदृढ़ीकरण, (ग) कमजोर क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार करना, (घ) उभरती हुई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अवस्थापना का सृजन (ङ) तकनीकी शिक्षा की कोटि और स्तरों में सुधार (च) देश की सामाजिक आर्थिक प्रगति के एक साधन के रूप में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का विकास करने तथा उसे लागू करने के लिए राष्ट्रीय प्रयासों को बढ़ावा देना इत्यादि उपरोक्त क्षेत्रों में आरंभ किए गए कार्यकलाप सातवीं पंचवर्षीय योजना में जारी रहेंगे। इसके अतिरिक्त निम्नलिखित योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए बल दिया जाएगा : (1) तकनीकी संस्थाओं में अप्रचलन को दूर करने और उनका आधुनिकीकरण करना; (2) ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्रयोग करना; (3) व्यावसायीकरण (4) तकनीकी शिक्षा और विकासात्मक क्षेत्रों में संस्थागत संयोजन, (5) तकनीकी संस्थाओं में संगणक सुविधाओं को उपलब्ध करना (6) क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करना।

आलोच्य अवधि के दौरान स्वीकृत योजनाओं के अंतर्गत और केन्द्रीय संस्थाओं के कार्यकलाप निम्नलिखित हैं :–

कोटि सुधार कार्यक्रम

देश में विभिन्न तकनीकी संस्थाओं में दी जा रही तकनीकी शिक्षा की कोटि और स्तरों में सुधार करने के उद्देश्य से वर्ष 1970-71 में कोटि सुधार कार्यक्रम शुरू किया गया था। इस योजना के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है :–

(1) संकाय विकास

(क) एम.टेक. कार्यक्रम और डाक्टोरल कार्यक्रम,

(ख) कोटि सुधार कार्यक्रम केन्द्र में अल्पकालिक पाठ्यक्रम।

(ग) भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसायटी के माध्यम से ग्रीष्म स्कूल कार्यक्रम।

(2) पाठ्यचर्या विकास जिसमें शिक्षण सामग्री पाठ्यपुस्तकें तैयार करना प्रयोगशाला का विकास करना शामिल है और

(3) इंजीनियरी कालेजों तथा पालिटेक्निकों के शिक्षकों को औद्योगिक संगठन में व्यावहारिक प्रशिक्षण।

एम.टेक. और डाक्टोरल कार्यक्रम, 5 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों, रूड़की विश्वविद्यालय, भारतीय खनन स्कूल धनबाद, भारतीय विज्ञान संस्थान बंगलौर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, कुछ इंजीनियरी कालेजों, ए.सी. प्रौद्योगिकी कालेज, गुइंडी, मद्रास और जादवपुर विश्वविद्यालय में कार्यान्वित किए जा रहे हैं। अल्पकालिक पाठ्यक्रमों से संबंधित कार्यक्रम डिग्री स्तर के शिक्षकों तथा चार तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं और इंजीनियरी तथा ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद की डिप्लोमा स्तर की संस्थाओं के लिए उपर्युक्त चुने हुए केन्द्रों के माध्यम से लागू किए जाते हैं। उद्योग में अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रम मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वार

8 —759 Deptt. of Edu./85

और ग्रीष्मकालीन/शीतकालीन स्कूल भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसायटी द्वारा संचालित किए जाते हैं।

वर्ष 1984-85 तक 940 शिक्षकों को एम.टेक. पाठ्यक्रमों और 1000 शिक्षकों को पी.एच.डी. कार्यक्रम के लिए प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार कोटि सुधार कार्यक्रमों केन्द्रों में डिग्री स्तर के 700 अल्पकालीन पाठ्यक्रम आयोजित किए जिसमें 10,000 शिक्षकों ने भाग लिया और डिप्लोमा स्तर पर 1200 पाठ्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 22,000 शिक्षकों ने भाग लिया। उद्योग संबंधी अल्पकालीन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1984-85 तक डिग्री स्तर पर 1800 शिक्षक और डिप्लोमा स्तर तक 4000 शिक्षक लाभान्वित हुए। इसके अतिरिक्त भारतीय तकनीकी शिक्षा सोसायटी ने 1100 ग्रीष्म/शीतकालीन पाठ्यक्रम आयोजित किए जिनमें 20,000 शिक्षकों ने भाग लिया।

यह योजना 1985-86 में जारी रही। आलोच्य वर्ष के दौरान एम.टेक. के लिए 100 शिक्षकों और पी.एच.डी. के लिए 150 शिक्षकों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य था। यह पिछले वर्षों से प्रशिक्षण पर रहे व्यक्तियों के अतिरिक्त था। ग्रीष्मकालीन स्कूल कार्यक्रमों से 1800 शिक्षकों के लाभान्वित होने की आशा है। विगत की भांति 14 दलों द्वारा कोटि सुधार कार्यक्रम केन्द्रों पर पाठ्यचर्या विकास कार्यक्रम आयोजित किए। आशा है कि उद्योगों में अल्पकालिक प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रम के और सार्थक रूप में सहायक होंगी और इसके साथ-साथ अपेक्षित जनशक्ति भी उत्पन्न किए जाएंगे।

राष्ट्रीय तकनीकी जन-शक्ति सूचना प्रणाली

यह योजना वर्ष 1983-84 में सतत रूप से अद्यतन लाभप्रद जनशक्ति सूचना प्रदान करने के मुख्य उद्देश्य से शुरू की गई थी ताकि संबंधित शैक्षिक प्राधिकरण इंजीनियरों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के क्षेत्रों का पूर्वानुमान लगा सकें और देश में तकनीकी जन-शक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रणालीबद्ध आधार पर योजना तैयार कर सके। इस प्रणाली के अंतर्गत प्रयुक्त जनशक्ति अनुसंधान संस्थान में एक लीड सेन्टर और चुने गए इंजीनियरी कालेजों तथा प्रौद्योगिकीय संस्थाओं/प्रशिक्षु प्रशिक्षण बोर्ड में 17 प्रमुख केन्द्र शामिल हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान इस प्रणाली की अच्छी शुरुआत हुई है और आशा है कि यह तकनीकी शिक्षा के विकास की समुचित योजना में अत्यन्त और सार्थक रूप में सहायक होगी और इसके साथ-साथ अपेक्षित जनशक्ति भी उत्पन्न होगी।

उच्च तकनीशियन पाठ्यक्रम

यह योजना वर्ष 1981-82 में शुरू की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य डिप्लोमाधारियों के लिए प्रगति के अवसर उपलब्ध कराना था। इस योजना के अंतर्गत उच्च स्तर पर अध्ययन के उच्च पाठ्यक्रम उपलब्ध कराए जाते हैं ताकि इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा रखने वाले तकनीशियन अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से प्रगति कर सकें। इन पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की औद्योगिक क्षेत्र के द्वारा बहुत प्रशंसा की गई है। इस समय योजना निम्नलिखित पांच संस्थाओं के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है।

1. वाई.एम.सी.ए. इंजीनियरी संस्थान, फरीदाबाद।
2. सी.एम. कोठारी प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास।
3. एम.आर.एम. पालिटेक्निक, बंबई।
4. इंजीनियरी और ग्रामीण प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद।
5. जे.सी.घोष पालिटेक्निक, कलकत्ता।

आने वाले समय में प्रत्येक राज्य में एक संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है।

ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र

प्रत्यक्ष केन्द्रीय सहायता की योजना के अंतर्गत 1980-81 से ग्रामीण प्रौद्योगिकी विकास केन्द्र (ग्रा.प्रौ.वि.के.) विभिन्न डिप्लोमा स्तरीय तकनीकी संस्थाओं में स्थापित किए जा रहे हैं। 1984-85 के अन्त तक 14 ग्रा.प्रौ.वि. केन्द्र स्थापित किए गए थे। 1985-86 के दौरान एक और ग्रा.प्रौ.वि. केन्द्र स्थापित किया गया है। पिछले वर्षों में

स्थापित किए गए केन्द्रों को जारी रखा गया और ग्रामीण आवश्यकताओं के अनुरूप प्रौद्योगिकियों को परिवर्तित करने, अपनाने तथा निर्माण के लिए इन केन्द्रों को निर्धारित नियमों के अनुसार आवश्यक अनुदान दिए गए।

सामुदायिक पालिटेक्निक

यह योजना वर्ष 1978-79 में केन्द्रीय क्षेत्र के अन्तर्गत शुरू की गई थी जिसमें 36 पालिटेक्निकों को सामुदायिक पालिटेक्निकों के रूप में कार्य करने के वास्ते चुना गया था। इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी की विभिन्न शाखाओं में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करने के अतिरिक्त, इन पालिटेक्निकों से अपेक्षा की जाती है कि ये पर्यावरण से संपर्क बनाए रखें और ग्रामीण के प्रौद्योगिकी के अंतरण को प्रोत्साहित करने के लिए एक केन्द्र बिन्दु के रूप में कार्य कर सकें। इन पालिटेक्निकों द्वारा आरंभ किए गए कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :—ग्रामीण बेरोजगारों को दक्षताओं में प्रशिक्षण प्रदान करना, ग्रामीण लोगों को तकनीकी सेवाएं प्रदान करना, पहले से ही विकसित तथा अपनाई गई उपयुक्त प्रौद्योगिकी की संबंधित मदों को स्थापित करना तथा उनका अनुरक्षण कराना, सूचना और प्रदर्शन केन्द्रों की स्थापना करना और समग्र विकास के लिए प्रायोगिक आदर्श परियोजनाएं शुरू करना। वर्ष 1984-85 के दौरान निकटवर्ती क्षेत्रों के युवकों को दक्षता प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्र के 10 पालिटेक्निकों को समुदाय पालिटेक्निक की धारा में जोड़ा गया। आलोच्य वर्ष के दौरान "समुदाय पालिटेक्निक योजना" की धारा के अन्तर्गत 61 और पालिटेक्निकों को लाया गया है। इस योजना से सफल परिणामों को ध्यान में रखते हुए आने वालों वर्षों में इस योजना को शेष पालिटेक्निकों में लागू करने का प्रस्ताव है।

तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान

मद्रास, कलकत्ता, भोपाल और चण्डीगढ़ में चार तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना वर्ष 1966-67 में की गई थी जिनका उद्देश्य पालिटेक्निक शिक्षा के सुधार के लिए विभिन्न कार्यकलापों को भी आयोजित करना है। 12 महीने/18 महीने की अवधि से अधिक के प्रशिक्षण के अतिरिक्त ये संस्थाएं पाठ्यचर्या विकास तथा अन्य संबंधित कार्यकलापों में भाग लेने के अतिरिक्त शिक्षकों को अल्पकालिक प्रशिक्षण भी प्रदान कर रही है। भोपाल और मद्रास में स्थित दो संस्थान तकनीकी शिक्षा में स्नातकोत्तर स्तर पाठ्यक्रम प्रदान करने की स्थिति में पहुंच गई है। सामान्य कार्यकलापों के अतिरिक्त ये संस्थाएं यू.एन.डी.पी. परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न कार्यकलाप जैसे शैक्षिक फिल्म निर्माता, राष्ट्रीय प्रशिक्षण सेवाएं, शैक्षिक पैकेज जैसे कुछ कार्यकलाप भी आयोजित करती है। टी.टी.टी.आई मद्रास ने यूनेस्को की एक क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जिसका विषय था, "तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा कार्मिकों का प्रारंभिक और सेवारत प्रशिक्षण"।

प्रत्यक्ष केन्द्रीय सहायता

यह योजना तकनीकी शिक्षा की कोटि तथा स्तरों में सुधार करने के लिए प्रासांगिक तथा महत्वपूर्ण स्वीकृत परियोजनाओं के वास्ते चुनिन्दा इंजीनियरी कालेजों तथा पालिटेक्निकों को शत प्रतिशत आधार पर केन्द्रीय सहायता देने के उद्देश्य से वर्ष 1976-77 में प्रारंभ की गई थी। यह योजना आलोच्य वर्ष के दौरान जारी रही। डिग्री और डिप्लोमा दोनों स्तरों पर तकनीकी संस्थाओं तथा योजना के अन्तर्गत सहायता के लिए उपयुक्त क्षेत्र का चुनाव करने के लिए गठित की गई राष्ट्रीय विशेषज्ञ समिति ने सहायता स्वीकृत करने के वास्ते 30 इंजीनियरी कालेजों और 41 पालिटेक्निकों को चुना।

समग्र ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए प्रायोगिक परियोजनाएं

सातवीं पंचवर्षीय योजना के चालू वर्ष में आरंभ की गई यह एक नई योजना है। इस योजना का उद्देश्य चुनी गई सामुदायिक पालिटेक्निकों को समग्र ग्रामीण विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रयोग संबंधी प्रायोगिक परियोजनाओं को आरंभ करने में सहायता प्रदान करना है ताकि शैक्षिक प्रयासों को ग्रामीण जीवन से और अधिक सम्बद्ध बनाया जा सके। वर्तमान योजना में सम्पूर्ण ग्रामीण विकास के लिए 100 गांवों के एक समूह को एक इकाई के रूप में लिया गया है। इस परियोजना को ब्लाक स्तर सामूहिक गांव स्तर और एकल गांव स्तर पर लागू की जाएगी। इस परियोजना का संचालन व्यावसायिक प्रबंधों द्वारा किया जाएगा जिन पर सम्पूर्ण परियोजना के कार्यान्वयन की पूरी

जिम्मेवारी होगी। सम्पूर्ण परियोजना का संचालन कोर प्रबंधकीय कर्मचारियों, सरकारी अधिकारियों, तकनीकी संस्थाओं और ग्रामीण सहकारिताओं को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

उपयुक्त प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास के विशेष संस्थान

चालू वर्ष के दौरान चारों क्षेत्रों में एक-एक परियोजना कार्यान्वित करने का प्रस्ताव है। चालू वर्ष का बजट प्रावधान 200 लाख रुपये है। यह भी एक नई योजना है जो कि 7 वीं पंचवर्षीय योजना के चालू वर्ष से आरंभ की जा रही है। ये संस्थान, ग्रामीण परियोजनाओं में अनुसंधान, औपचारिक और गैर-औपचारिक प्रशिक्षण और व्यापक विस्तार कार्यों के जरिए उपयुक्त प्रौद्योगिकी और ग्रामीण विकास से संबंधित नए विषयों के विकास के लिए श्रेष्ठता के केन्द्र होंगे। इसके अतिरिक्त यह संस्थान ग्रामीण विकास में लगी हुई संस्थाओं/संगठनों को सहायता प्रदान करने के एक संकेन्द्र बिन्दु के रूप में कार्य करेगा। इस संस्थान के तीन मुख्य खण्ड होंगे अर्थात् उपयुक्त प्रौद्योगिकी का अनुसंधान और विकास केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र और समेकित ग्रामीण विकास केन्द्र। यह एक स्वायत्त संगठन होगा जिसका वित्त पोषण पूर्ण रूप से केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाएगा। क्योंकि सहयोजन और सहयोग ग्रामीण विकास की सफलता की कुंजी है। यह संस्थान प्रौद्योगिकी के आदान-प्रदान और ग्रामीण विकास से संबंधित संगठनों को अद्यतन ज्ञान प्रदान करने में एक मुख्य संस्थान की भूमिका अपनाएगा। चालू वर्ष के लिए 200 लाख रुपये के बजट का प्रावधान है। शुरू-शुरू में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान चारों क्षेत्रों में एक-एक संस्थान स्थापित करने का प्रस्ताव है।

नई संस्थाओं का विकास

आलोच्य वर्ष के दौरान मानव संसाधन विकास मंत्री, जो अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष भी हैं, की स्वीकृति से देश के विभिन्न राज्यों में एक इंजीनियरी कालेज और सात पालिटेक्निक स्थापित किए गए हैं। यह स्वीकृति अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा नई तकनीकी संस्थाओं और नए पाठ्यक्रमों को आरंभ करने संबंधी मार्ग-दर्शी रूपरेखाओं को ध्यान में रखकर प्रदान की गई है। नई संस्थाओं को स्थापित करते हुए जहां तक हो सके क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने पर ध्यान दिया गया है।

संस्थागत नेटवर्क योजना

1981-82 में आरंभ की गई संस्थागत नेटवर्क योजना 1985-86 के दौरान भी एक सतत योजना के रूप में जारी रही। इस योजना का उद्देश्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जैसे विकसित संस्थानों का कम विकसित संस्थानों जैसे क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज और प्राइवेट स्वायत्त कालेजों से प्रयोगशाला विकास और संकाय विनिमय कार्यक्रम में आन्तरिक तकनीकी सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया में सहयोग स्थापित करना था। योजनाओं की व्यवस्थाओं के अनुसार योजना के अन्तर्गत, प्रत्येक स्वीकृत प्रयोगशाला की उन्नति के लिए 2.50 लाख रुपये की सहायक अनुदान स्वीकृत किया गया और 2.5 लाख रुपये की इतनी ही राशि संबंधित संस्था को अपने सामान्य बजट से करनी अपेक्षित थी। छठी योजना अवधि के दौरान 2.50 लाख प्रति प्रयोगशाला की दर से 99 प्रयोगशालाओं पर 247.50 लाख रुपये की राशि खर्च की गई। प्रयोगशाला की उन्नति के लिए अलग-अलग सहायक अनुदानों का ब्यौरा निम्नलिखित है :-

वित्तीय वर्ष	प्रयोगशालाओं की संख्या	जारी की गई राशि (लाख रुपए)
1	2	3
1981-82	25	62.50
1982-83	32	80.00
1983-84	20	50.00
1984-85	22	55.00
		247.50

1985-86 के दौरान 100 लाख रुपये की बजट व्यवस्था है जिसका उपयोग इसी वित्तीय वर्ष में किया जाएगा।

कमियों वाले क्षेत्रों में सुविधाओं का विस्तार

यह योजना छठी योजना अवधि में आरंभ की गई थी जिसका उद्देश्य स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए उसके आधार की अवस्थापना, विविधता और क्रमशः विस्तार को सुदृढ़ करते हुए उपयुक्त और प्रभावी ढंग से राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कुछ चुने हुए क्षेत्रों में अन्तराल को भरना था। इस योजना का मुख्य उद्देश्य था संगणक विज्ञान, इलेक्ट्रानिक्स, अनुरक्षण, इंजीनियरी यंत्रीकरण, उत्पादन, विकास तथा जीव-विज्ञानों और प्रबन्ध विज्ञानों आदि के क्षेत्रों में 100% के आधार पर प्रत्यक्ष केन्द्रीय अनुदान प्रदान करके सुधार लाना।

इस योजना के अन्तर्गत, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकीय संस्थाओं को विभिन्न परियोजनाओं के लिए दिए गए सहायक अनुदानों के ब्यौरे निम्नलिखित हैं :-

वित्तीय वर्ष	जारी की गई राशि (लाख रुपयों में)
1981-82	85.00
1982-83	285.00
1983-84	238.00
1984-85	448.90
	1056.90

वर्ष 1985-86 के लिए 750.00 लाख रुपये की बजट व्यवस्था है जिसका पूर्ण उपयोग चालू वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले किया जाएगा।

नए प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अवस्थापना का निर्माण

यह योजना छठी योजना अवधि में आरंभ की गई थी। इसका उद्देश्य नए प्रौद्योगिकी के महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में हो रही प्रगति के साथ-साथ चलना है। इनमें माइक्रोप्रोसेसर का प्रयोग, दूरस्थ ज्ञान, माइक्रोइलेक्ट्रानिकी, वातावरण विज्ञान, ओपटिकल संचार, बाइओ कनवर्शन, लेसर प्रौद्योगिकी, विश्वसनीयता, इंजीनियरी, परिवहन इंजीनियरी, जल संसाधन प्रबंध, संगणक डिजाइन और निर्माण, पर्यावरणात्मक इंजीनियरी, ऊर्जा विज्ञान इत्यादि शामिल हैं। योजना के अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के लिए इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी संस्थाओं को दिए गए सहायता अनुदान के ब्यौरे निम्नलिखित हैं।

वित्तीय वर्ष	जारी की गई राशि (लाख रुपयों में)
1981-82	115.00
1982-83	384.50
1983-84	350.00
1984-85	582.75
	1432.25

1985-86 के दौरान 550.00 लाख रुपये की बजट व्यवस्था की गई है जिसका उपयोग वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पहले पूर्ण रूप से किया जाएगा।

इंजीनियरी प्रयोगशालाओं तथा कार्यशालाओं का आधुनिकीकरण

यह योजना छठी योजना अवधि में प्रारंभ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य अद्यतन प्रौद्योगिकीय प्रगति और पाठ्यचर्या परिवर्तन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शत प्रतिशत केन्द्रीय सहायता के आधार पर आधुनिक उपकरणों और यंत्रों को उपलब्ध करना था। विभिन्न इंजीनियरी कालेजों और प्रौद्योगिकीय संस्थाओं को जारी किए गए, सहायता अनुदान के ब्यौरे निम्न प्रकार हैं :-

वित्तीय वर्ष	जारी की गई राशि (लाख रुपए में)
1981-82	--
1982-83	120.00
1983-84	243.50
1984-85	398.85
कुल	762.40

वर्ष 1985-86 के दौरान 1500.00 लाख रुपये की बजट व्यवस्था है। इस राशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष में पूर्ण रूप से किया जाएगा।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान

इंजीनियरी तथा प्रयुक्त विज्ञानों में शिक्षा तथा प्रशिक्षण के प्रमुख केन्द्रों के रूप में कार्य करने तथा अवर स्नातक अध्ययन और स्नातकोत्तर स्तर पर अनुसंधान के लिए पर्याप्त सुविधाएं प्रदान करने के लिए खड़गपुर, बम्बई, मद्रास, कानपुर तथा दिल्ली में पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान स्थापित किए गए थे। ये संस्थान इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक डिग्री के लिए अवस्नातक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।

ये संस्थान इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक डिग्री के लिए अवर-स्नातक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। ये भौतिक रसायन शास्त्र तथा गणित में पांच वर्षीय समेकित मास्टर्स डिग्री पाठ्यक्रम, विभिन्न विशेषज्ञताओं में डेढ़ वर्षीय एम.टेक. डिग्री पाठ्यक्रम तथा चुने गए क्षेत्रों में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा भी प्रदान करते हैं। इसके अलावा संस्थान, इंजीनियरी, विज्ञान, मानविकी तथा समान विज्ञानों की विभिन्न शाखाओं में पी.एच.डी. कार्यक्रम प्रदान करते हैं। प्रत्येक संस्थान में निर्धारित विशेषज्ञता क्षेत्रों में प्रशिक्षण और अनुसंधान के उच्च केन्द्र भी हैं।

आलोच्य वर्ष के दौरान इन संस्थाओं ने, परिष्कृत उपस्करों द्वारा अपनी अवस्थापना सुविधाओं का और विस्तार किया तथा प्रयोक्ता एजेंसियों को प्रौद्योगिकी का अन्तरण करने में बेहतर सहभागिता दिखाई। इन संस्थानों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रायोजित अनुसंधान परियोजनाओं तथा परामर्श कार्यों की संख्या में भी वृद्धि हुई। जिससे संबंधित संस्थानों को काफी मात्रा में आय हुई। विभिन्न कार्यशालाओं/सम्मेलनों सेमिनारों इत्यादि द्वारा तकनीकी ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए इन संस्थाओं तथा विभिन्न अन्य शैक्षिक और व्यापारिक संगठनों के बीच संबंधों को और अधिक महत्व प्राप्त हुआ।

प्रत्येक संस्थान के मानविकी तथा समाज-विज्ञान विभाग ने इंजीनियरी के छात्रों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण सामाजिक पहलुओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के अपने प्रयत्न जारी रखे।

भा.प्रौ.सं. खड़गपुर में एम.टेक, स्तर के 67 विशेषज्ञता पाठ्यक्रम प्रदान किए जा रहे हैं। यह संस्थान 5 विशेषज्ञता विषयों में एम./एम.आर.पी./एम./सी.पी./ और एम.एस.सी. पाठ्यक्रम प्रदान करती है। भा.प्रौ.सं. का क्षेत्रीय दूरस्थ अनुसंधान केन्द्र इसके अनुसंधान केन्द्रों की सूची में जोड़ा गया आठवां केन्द्र है। यह उन केन्द्रों की श्रंखला में है जिनको भारत सरकार ने देश में दूरस्थ अनुसंधान संबंधी प्रशिक्षण और सेवा में अवस्थापना की स्थापित करने के लिए किया है। जैसा कि अंतरिक्ष विभाग द्वारा कल्पना की गई है, ये केन्द्र समय-समय पर अल्पकालीन और दीर्घ कालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेंगे, प्रयोक्ताओं को अपनी समस्याओं को सुलझाने में सहायता प्रदान करेंगे और विभिन्न विषयों से संबंधित दूरस्थ अन्वेशज्ञ आंकड़ों का प्रयोग करने के लिए अनुसंधान तथा विकास कार्यकलापों में जुटेंगे। ***

शैक्षिक सत्र 1984-85 से, भा.प्रौ.सं., बम्बई में विश्वसनीयता इंजीनियरी में एक नया अन्तर-विषयक एम.टेक. कार्यक्रम, दृश्य संचार में एक नया दो वर्षीय मास्टर आफ डिजाइन (एम. डिजा.) कार्यक्रम तथा रसायन और मैकेनिकल इंजीनियरी में पांच वर्षीय एक समेकित सहयोगी एम.टेक. कार्यक्रम शुरू किए गए।

भा.प्रौ.सं., बम्बई के इलेक्ट्रानिक उच्च अनुसंधान केन्द्र ने सुरक्षा आवश्यकताओं से सम्बद्ध राडार और संचार के क्षेत्रों में अनुसंधान कार्य किया, राडार संचार के लिए एन्टीना सिगनल प्रोसेसिंग तथा माइक्रोवेव मैगनेटिक मैटीरियल के क्षेत्र में नौ महत्वपूर्ण परियोजनाएं आरंभ की।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास और भारतीय सीमेन्ट अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ने सीमेन्ट और सीमेंट उत्पादन की कोटि नियन्त्रण और आर.एण्ड डी. समस्याओं से संबंधित विषयों पर अध्ययन करने से संबंधित संयुक्त सहयोग एकक स्थापित करने के उद्देश्य से एक करार पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त सहयोग एकक ने, 1 अक्तूबर, 1984 से कार्य करना आरंभ कर दिया है। यह सिविल इंजीनियरी विभाग के संरचनात्मक इंजीनियरी प्रयोगशाला में स्थित है।

भा.प्रौ.सं. के औद्योगिक परामर्शी और प्रायोजित अनुसंधान केन्द्र ने भारतीय औद्योगिक विकास बैंक की वित्तीय सहायता से संस्थान के एम.एस. उद्यमशील पाठ्यक्रम में प्रवेश होने वाले छात्रों के लिए एक अनुस्थापन पाठ्यक्रम का आयोजन किया। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और राज्य स्तर के संगठन जैसे आई.टी.सी.ओ.टी., एस.आई.पी.सी.ओ.टी., टी.आई.आई.सी. ने इस पाठ्यक्रम के अपने साधन जुटाकर इस पाठ्यक्रम के आयोजन के लिए सहायता प्रदान की।

भा.प्रौ.सं. कानपुर ने उत्तर प्रदेश के चुने हुए पिछड़े क्षेत्र, जामों जगदीशपुर ब्लाक का सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण आरंभ किया और उसको पूरा किया जिससे स्थानीय प्राधिकारियों और विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य परिषद के सहयोग से कुछ क्षेत्रीय कार्य करने में सहायता मिलेगी। भा.प्रौ.सं. कानपुर ने विषयक अनुसंधान कार्य जारी रखा जिसका कि राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बहुत योगदान है। क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों और भा.प्रौ. संस्थाओं की संस्थागत नेटवर्क योजना के सदस्य होने के नाते, भा.प्रौ.सं., कानपुर ने प्रयोगशाला विकास के क्षेत्र में मोतीलाल नेहरू क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, इलाहाबाद और मौलाना आजाद प्रौद्योगिकी कालेज, भोपाल को सहायता प्रदान करना जारी रखा।

आलोच्य वर्ष के दौरान भा.प्रौ.सं. दिल्ली ने राष्ट्रीय महत्व के कुछ क्षेत्रों में अनुसंधान कार्यों पर अपना ध्यान केन्द्रित किया। इनमें से एक क्षेत्र आंधी तूफान और मौसम की भविष्यवाणी से संबंधित है। बंगाल की खाड़ी में तूफान आने की समस्या को हल कर लिया गया है। मानसून जनरल सरकुलेशन माडल तैयार किया गया है जिनका प्रयोग जलवायु और किसी अमुक स्थान के मौसम की भविष्यवाणी के लिए किया जाएगा। इस माडल का प्रयोग वर्ष 1984 के दौरान मानसून के प्रवाह का सफलतापूर्वक पता लगाने में किया गया इस संस्थान को हाइड्रोलोजी और गणित के क्षेत्र में सोवियत संघ से सहयोग के लिए चुना गया है। भारत-संयुक्त राज्य प्रौद्योगिकी उप-आयोग की योजना के अंतर्गत संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ विद्यालय से भी सहयोग स्थापित किया गया।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों से संबंधित छात्रों के दाखिले में सुधार लाने के लिए दस महीने की अवधि का एक विशेष प्रारंभिक पाठ्यक्रम आरंभ किया गया। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के वे छात्र जो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त नहीं कर पाते, उन्हें प्रारंभिक पाठ्यक्रम में दाखिला दिया जाता है। प्रारंभिक पाठ्यक्रम के अंत में इन छात्रों को एक अर्हक परीक्षा देनी होती है जिसके आधार पर उन्हें संयुक्त प्रवेश परीक्षा में बैठे बिना पांच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में बी.टेक. पाठ्यक्रम में दाखिला दे दिया जाता है। इस पाठ्यक्रम तथा बाद में अर्हक परीक्षा के आधार पर भा. प्रौ. संस्थानों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेश पाने वाले छात्रों के अतिरिक्त अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के 48 छात्रों को दाखिला दिया।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को संस्थानों से निःशुल्क भोजन के अतिरिक्त अंश खर्च, ऋण और विवेकी अनुदानों से वित्तीय सहायता मिलना जारी रहा।

पांचों भा. प्रौ. संस्थानों में शारीरिक रूप से विकलांग छात्रों को यदि वे संयुक्त प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाते हैं तो उनके लिए एक-एक अतिरिक्त स्थान की व्यवस्था की जाती है। उन्हें अपने मनपसन्द मर्जी के संस्थान और पाठ्यक्रम में दाखिला दिया जाता है बशर्ते कि वे उस पाठ्यक्रम में प्रवेश की सभी अर्हताएं पूरी करते हों।

1984-85 के दौरान दाखिल और उत्तीर्ण होने वाले छात्रों की संख्या इस प्रकार रही :—

भा० प्रौ० सं०	अवर-स्नातक	उत्तर-स्नातक और अनुसंधान	उत्तीर्ण छात्र
1	2	3	4
खड़गपुर	1411	1343	874
बम्बई	1439	538	699
मद्रास	1089	970	650
कानपुर	1147	667	622
दिल्ली	1256	1735	680

भारतीय प्रबंध संस्थान

भारत सरकार ने कलकत्ता, अहमदाबाद, बंगलौर और लखनऊ में क्रमशः 1961, 1962, 1972 और 1984 में चार भारतीय प्रबंध संस्थान स्थापित किए जिनका उद्देश्य प्रबंध केन्द्रों और अनुभवी प्रशासक तैयार करने के लिए युवा पुरुषों और महिलाओं को प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करना, प्रबन्ध और प्रशासन के विकास के लिए अनुसंधान करना और प्रबंध व्यवसाय के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों के विकास के लिए सुविधाएं प्रदान करना था। संस्थान ने प्रबंध में उत्तर-स्नातक और फैलोशिप कार्यक्रम और उद्योगों के प्रबन्धकों के लिए कई कार्यकारी विकास कार्यक्रमों का आयोजन जारी रखा। संस्थान ने सेवारत प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी आयोजन किया। लखनऊ में स्थापित नए संस्थान का शैक्षिक सत्र जुलाई, 1984 से आरम्भ हुआ जिसमें 30 छात्रों को दाखिल किया गया। संस्थान के पूर्ण विकसित होने पर इसके उत्तर-स्नातक कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ष 180 छात्र दाखिल किए जायेंगे। संस्थान ने लघु पैमाने के उद्योगों और सार्वजनिक क्षेत्र की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रयत्न किए हैं। आलोच्य वर्ष के दौरान संस्थानों और उद्योगों में सहयोजन श्रेष्ठ रहा।

गैर-विश्वविद्यालय केन्द्रों में प्रबंध शिक्षा

इस कार्यक्रम का उद्देश्य कुछ ऐसे गैर-विश्वविद्यालय शिक्षा केन्द्रों को सहायता प्रदान करना है जो अखिल भारतीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं और दो वर्ष का पूर्णकालिक एम.बी.ए. पाठ्यक्रम और प्रबंध अध्ययन में 3 वर्ष का अंशकालिक स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान करते हैं। यह सहायता अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की सिफारिश पर दी जाती है। इस समय केन्द्रीय सरकार निम्नलिखित संस्थाओं के पाठ्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण और विकास के लिए सहायता प्रदान कर रही है :—

1. पी.एस.जी. प्रौद्योगिकी कालेज, कोयम्बत्तूर।
2. जौक्यर श्रमिक सम्बन्ध संस्थान, जमशेदपुर।
3. बी.आई.टी., रांची।
4. भारतीय समाज कल्याण और व्यापार प्रबन्ध संस्थान, कलकत्ता।
5. एल.एन. मिश्र, आर्थिक विकास और सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना।

राष्ट्रीय औद्योगिक इंजीनियरी प्रशिक्षण संस्थान, बम्बई

यह संस्थान औद्योगिक इंजीनियरी और सम्बद्ध विषयों में प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से स.रा.वि.का. की सहायता से 1963 में स्थापित किया गया था। यह निम्नलिखित का आयोजन करता है :—(i) कार्यकारी विकास कार्यक्रम (ii) यूनिट आधारित कार्यक्रम (iii) औद्योगिक इंजीनियरी में उत्तर-स्नातक कार्यक्रम, (iv) अनुसंधान द्वारा उत्तर-स्नातक कार्यक्रम. (v) फैलोशिप कार्यक्रम, (vi) परामर्शी सेवाएं, (vii) अनुसंधान कार्यक्रम और (viii) सेमिनार तथा सम्मेलन।

आलोच्य वर्ष के दौरान संस्थान ने इन सभी कार्यकलापों/कार्यक्रमों का प्रभावी ढंग से संचालन किया ।

ए.प्रौ.इ.प्र.सं. ने औद्योगिक इंजीनियरी और सम्बद्ध विषयों के विकास के क्षेत्र से सम्बन्धित 'उद्योग प्रगति'' नामक एक पत्रिका प्रकाशित की । नई तकनीकों और कार्यक्रमों को आरम्भ करके संस्थान ने तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास और सामाजार्थिक परिवर्तनों से उत्पन्न बदलती आवश्यकताओं के लिए योगदान दिया है ।

विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के लिए अन्तर्राष्ट्रीय केन्द्र

भारत सरकार ने विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र स्थापित करने का निर्णय किया है जो देश में विद्यमान संस्थाओं के नेट-वर्क के माध्यम से संचालित किया जायेगा और यह एक संसाधन केंद्र और सहयोगी अनुसंधान केंद्र के रूप में कार्य करेगा यह अंतर्राष्ट्रीय केंद्र विज्ञान और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य समन्वित करेगा जिसके लिए देश में कोई समन्वित प्रयास नहीं किए गए हैं यद्यपि कई संस्थाएं व्यक्तिगत आधार पर सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं। यह केन्द्र मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था के रूप में कार्य करेगा और इसका पूर्ण वित्त-पोषण भारत सरकार द्वारा किया जायेगा। यह केन्द्र विकासशील देशों की आवश्यकताओं को पूरा करेगा और इसको अपने कार्यक्रमों के लिए यूनेस्को यू.एन.डी.पी. जैसी एजेन्सियों की सहायता प्राप्त होने की संभावना है।

एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान बैंकाक को सहायता

एशियाई प्रौद्योगिकी संस्थान, बैंकाक, एक स्वायत्त अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान है जो इंजीनियरी, विज्ञान और सम्बद्ध विषयों में उच्च शिक्षा प्रदान करता है। यह 20 से अधिक देशों से 600 छात्रों को दाखिल करता है और इसके अन्तर्राष्ट्रीय संकाय सदस्य है। यह संस्थान भारत सहित विभिन्न देशों के सदस्यों के एक अंतर्राष्ट्रीय न्यासी बोर्ड द्वारा अधिशासित है। यह 9 विषयों में शैक्षिक कार्यक्रम, एशियाई देशों से सम्बद्ध समस्याओं पर छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा अनुसंधान, और अल्पकालिक पाठ्यक्रमों सहित विशेष कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन करता है।

भारत सरकार इस मंत्रालय के माध्यम से ए.प्रौ.सं. को निम्नलिखित सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हो गई है।

(क) इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी के विशिष्ट क्षेत्रों के भारतीय शिक्षकों विशेषज्ञों की तीन महीने की प्रतिनियुक्ति और प्रतिनियुक्ति का सम्पूर्ण व्यय का वहन करना।

(ग) भारत में सहयोगी कार्यकलाप करने के लिए 2 लाख रुपए तक का स्करों पुस्तकों और पत्रिकाओं को दान स्वरूप देना।

(ग) भारत में सहयोगी कार्यकलाप करने के लिए 2 लाख रुपए तक वार्षिक अनुदान ।

वर्ष 1983-84 और 1984-85 के दौरान हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों के 8 भारतीय विशेषज्ञों की ए. प्रौ. सं. में प्रतिनियुक्ति। 1985-86 के दौरान 8 शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति करने की संभावना है। चालू वर्ष में 8.50 लाख रुपये की योजनेतर बजट व्यवस्था की गई और इसका प्रयोग कर लिया गया है। अगले वर्ष अर्थात 1986-87 के लिए ए. प्रौ. सं. को सहायता प्रदान करने के लिए 10 लाख रुपये की बजट व्यवस्था की गई है।

क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज

दूसरी और तीसरी योजना अवधियों के दौरान प्रत्येक मुख्य राज्य में एक-एक करके 14 क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों की स्थापना की गई ताकि देश में आगामी योजना अवधियों के दौरान प्रशिक्षित कार्मिकों की बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। सिल्चर (असम) स्थित 15वें कालेज में नवम्बर, 1977 में छात्रों का प्रथम बैच दाखिल किया गया। यद्यपि सभी कालेजों में सिविल यांत्रिकी तथा विद्युत इंजीनियरी में प्रथम डिग्री

पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है तथापि कुछेक कालेजों में रासायनिक "धातुकर्मीय" इलैक्ट्रानिकी खनन और वास्तुकला इंजीनियरी में भी पाठ्यक्रमों की व्यवस्था है। इनमें से 13 कालेज स्नातक-स्नातक पाठ्यक्रम भी संचालित कर रहे हैं। इनमें से 9 कालेज वायलरी व अन्य सहायक उपकरणों का डिजाइन और निर्माण, इस्पात संयंत्रों के लिए भारी मशीनों, परिवहन इंजीनियरी, औद्योगिक तथा समुद्रीय संरचनाओं समेकित ऊर्जा पद्धतियों इत्यादि जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में उद्योगोन्मुख पाठ्यक्रमों का भी संचालन कर रहे हैं। दो और कालेजों को स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की गई है और इनको हिमाचल प्रदेश में उधीरपुर, और पंजाब में जालंधर में स्थापित करने सम्बन्धी प्रक्रिया जारी है।

छठी योजना अवधि के दौरान क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों के विकास में विद्यमान सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण, चुनिन्दा कालेजों में संगणक केन्द्रों की स्थापना प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण जिसमें अप्रचलित उपस्करों को बदलना भी शामिल है तथा सभी छात्रों (लड़के और छात्राओं दोनों) के लिए छात्रावासों का निर्माण और सभी कालेजों में छात्र कार्यकलाप केन्द्रों के विकास पर बल दिया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों ने अपनी विकास योजनाओं के कार्यान्वयन में प्रगति की है। भा. प्रौ. सं. के साथ संस्थात्मक कड़ी स्थापित करने की योजना के अंतर्गत इन कालेजों में 82 प्रयोगशालाओं का विकास किया जा रहा है। त्रिची, कुरुक्षेत्र, श्रीनगर, इलाहाबाद, जयपुर, दुर्गापुर, सिल्चर, नागपुर, कालिकट, भोपाल, सूरथकल, वारंगल स्थित 12 संस्थाओं में दूर-संचार और इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पाठ्यक्रम आरंभ किए गए हैं और कमजोर वाले क्षेत्रों के लिए नई योजना के अंतर्गत एन. एन. क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज, वारंगल और क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज कालिकट में संगणक विज्ञान में एक बी. टेक पाठ्यक्रम आरम्भ किया गया है। क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज राउरकेला में एक संगणक स्थापित किया है और इलाहाबाद, वारंगल और दुर्गापुर स्थित क्षेत्रीय कालेजों के लिए तीन उपकरण खरीदे गए हैं। वारंगल में उपकरण की स्थापना की जा चुकी है। क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेजों में कम से कम एक में "ओ" स्तर का संगणक उपलब्ध कराया है। इलाहाबाद, राउरकेला और तिरुचिरापल्ली स्थित तीन क्षेत्रीय कालेजों में एम.सी.ए. पाठ्यक्रम आरम्भ किए गए हैं।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तथा अनुसंधान कार्य का विकास

स्नातकोत्तर शिक्षा तथा अनुसंधान संबंधी शिक्षा समिति की सिफारिश पर जिसका गठन डा. वाई. नायडम्मा की अध्यक्षता में किया गया था, स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की अवधि घटाकर तीन सैमिस्टरों की कर दी गई है तथा अनुमोदित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश इंजीनियरी में स्नातक अभिरुचि परीक्षण नामक एक अखिल भारतीय परीक्षा के द्वारा नियंत्रित कर दिया गया है। इंजीनियरी में स्नातक अभिरुचि परीक्षण के अन्तर्गत प्रथम परीक्षा फरवरी, 1983 में आयोजित की गई थी। आलोच्य वर्ष के दौरान स्नातकोत्तर शिक्षा की जांच समिति ने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के संचालन सम्बन्ध में दिए गए प्रस्तावों की जांच की और इस नए पाठ्यक्रमों को आरम्भ करने की स्वीकृति प्रदान की। स्नातकोत्तर छात्रवृत्ति की दर 600/- रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1000/- रुपये प्रतिमाह कर दी गई है। आलोच्य वर्ष के दौरान इंजीनियरी तथा प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों तथा अनुसंधान कार्य की विकास की योजना के अन्तर्गत, सतत योजना के एक भाग के रूप में मंत्रालय ने उनके स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विकास हेतु 12 राज्य सरकारों की संस्थाओं को तथा 23 गैर-सरकारी संस्थाओं को सहायता प्रदान की। 19 गैर-सरकारी जिन्होंने, आलोच्य वर्ष के दौरान स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 1.00 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त किया है, के नाम अनुबन्ध में दिए गए हैं।

तकनीकी संस्थाओं में संगणकीकरण और जनशक्ति का विकास

इंजीनियरी तथा प्रद्योगिकी संस्थाओं में संगणकीकरण की अपनी योजना के अंतर्गत मंत्रालय राष्ट्रीय साफ्ट विकास तथा परिकलन तकनीक केन्द्र, बम्बई के माध्यम से स्वदेशी "ओ" संगणकों की जांच करा रहा है। आलोच्य वर्ष के दौरान मूल्यांकन रिपोर्ट के आधार पर चार पद्धतियां संस्वीकृत की। छठी योजना अवधि के दौरान मंत्रालय ने सभी चुनिन्दा इंजीनियरी कालेजों में कम से कम एक "ओ" स्तरीय संगणक प्रदान करने के प्रयास

किए गए हैं। संगणक अनुप्रयोग में 1½ वर्षीय उत्तर-पालिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए इलैक्ट्रानिक्स विभाग के सहयोग से मंत्रालय ने 9 और पालिटेक्निकों का भी चयन किया है जिससे कुल मिलाकर संख्या 25 तक पहुंच गई है। वर्ष 1985-86 के दौरान जयाचमारजेन्द्र इंजीनियरी कालेज, मैसूर और क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज वारंगल के लिए 3 वर्षीय एम. सी. ए. पाठ्यक्रम को संस्वीकृति प्रदान की गई है। आलोच्य वर्ष के दौरान अतिरिक्त 4 केन्द्रों को संगणक विज्ञान/इंजीनियरी में अवर स्नातक पाठ्यक्रमों की संस्वीकृति प्रदान की गई है। इस मंत्रालय और इलैक्ट्रानिकी विभाग के संयुक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत इस क्षेत्र में जन-शक्ति की कमी को पूरा करने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय गढ़ाई और ढलाई प्रौद्योगिकी संस्थान रांची

राष्ट्रीय गढ़ाई और ढ़लाई प्रौद्योगिकी संस्थान एक स्वायत्त संगठन है जिसका पूर्ण वित्त पोषण केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाता है। इसकी स्थापना यू. एन. डी. पी.-यूनेस्को के सहयोग से 1966-67 में भट्टी और ढलाई में प्रशिक्षित कार्मिकों को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी। इस संस्थान के उद्देश्य इस प्रकार हैं (i) अल्पकालीन पाठ्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण, दीर्घ-कालीन उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम और उद्योगों की आवश्यकताओं के लिए यूनिट पर आधारित कार्यक्रम संचालित करना (ii) प्रयुक्त औद्योगिक अनुसंधान कार्यक्रमों का मार्ग दर्शन और संचालन करना, (iii) भट्टी ढलाई और सम्बद्ध उद्योगों को परामर्श, परीक्षण, प्रलेखन और सूचना सम्बन्धी सेवाएं प्रदान करना।

12वां उच्च डिप्लोमा पाठ्यक्रम जून, 1984 में आरम्भ हुआ और 20 नवम्बर, 1985 को समाप्त हुआ। वर्ष 1984-85 के दौरान एक छात्र को ढलाई प्रौद्योगिकी में उत्तर-स्नातक डिप्लोमा के लिए चुना गया। एक छात्र को गढ़ाई प्रौद्योगिकी में पी. एच.-डी. के लिए चुना गया। भारतीय उद्योगों के तकनीशियनों और कार्मिक कर्मचारियों के लिए चार पुनश्चर्या पाठ्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें 25 व्यक्तियों ने भाग लिया। अखिल भारत उद्योगों को रासायनिक और धातु कर्मीय विश्लेषण, यान्त्रिकी और गैर-विनाश कारी परीक्षण और ढ़लाई के लिए कच्चे धातु का मूल्यांकन सम्बन्धी परीक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराई।

आयोजना और वास्तुकला स्कूल नई दिल्ली

ग्रामीण, शहरी तथा क्षेत्रीय आयोजना में प्रशिक्षण हेतु और शहरी आयोजना के केन्द्रीय, राज्यों तथा स्थानीय विभागों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सुविधाएं प्रदान करने के वास्ते यह स्कूल, नगर तथा ग्रामीण आयोजना स्कूल के रूप में जुलाई, 1985 में स्थापित किया गया था। दिल्ली पालिटेक्निक के वास्तुकला विभाग को अक्तूबर, 1959 में इस स्कूल के साथ मिला दिया गया था और तब से इसका नाम आयोजना तथा वास्तुकला स्कूल रखा गया। 1979 में एक महत्वपूर्ण घटना हुई जबकि इसके शैक्षिक कार्यक्रमों का क्षेत्र विस्तृत करने और अनुसंधान तथा विस्तार कार्यक्रमों को और बढ़ावा देने तथा स्वयं अपनी अवर-स्नातक स्नातकोत्तर और डाक्टरोल डिग्रियां प्रदान करने के उद्देश्य से इसे "विश्वविद्यालय, समझी जाने वाली" एक संस्था का दरजा प्रदान किया गया। स्कूल का पूर्ण वित्त पोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है। यह वास्तुकला में स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम का आयोजन करता है जिसमें प्रति दो वर्ष दो पारियों में 68 छात्रों की संस्वीकृत क्षमता है। शैक्षिक वर्ष 1985-86 से सात वर्षीय अंश कालिक पाठ्यक्रम (सांध्य) को दूसरी पारी में पांच वर्षीय पूर्ण कालिक पाठ्यक्रम में परिवर्तित किया गया है। यह स्कूल, शहरी तथा क्षेत्रीय आयोजना, आवास, परिवहन आयोजना, भवन इंजीनियरी तथा प्रबन्ध भूदृश्य वास्तुकला तथा शहरी डिजाइन में मास्टर्स डिग्री प्रदान करता है, जिसमें कुल 82 छात्रों की क्षमता है। 1985-86 से इस स्कूल ने पी.एच.डी. पाठ्यक्रम आरम्भ किया है। इस समय स्कूल में दो अनुसंधान केन्द्र हैं--एक ग्रामीण विकास में और दूसरा पर्यावरणात्मक अध्ययन में/यह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर में कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन करता है।

शैक्षिक परामर्शदाता भारत लिमिटिड

इस मंत्रालय का पहला सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, शैक्षिक परामर्शदाता, भारत लिमिटिड, नई दिल्ली, 17 जून 1981 को कम्पनी अधिनियम 1956 के अन्तर्गत स्थापित किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य सामान्य, चिकित्सा सम्बन्धी कृषि तथा तकनीकी शिक्षा और प्रशिक्षण के क्षेत्र में भारत तथा विदेश में संगठनों, एजेन्सियों और सरकारी भागों को बहु विषयक परामर्श सेवा प्रदान करना है।

यह निगम बोर्ड आफ डायरेक्टरस की देख रेख में कार्य करता है जिसमें कालिक गैर सरकारी अध्यक्ष और पूर्ण कालिक प्रबन्ध निदेशक है। बोर्ड के अन्य निदेशक केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों तथा संगठनों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

1985-86 की अवधि के दौरान शैक्षिक परामर्शदाता भारत लिमिटिड सात परियोजना रिपोर्ट तैयार की जिनमें इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय खुल विश्वविद्यालय सम्बन्धी रिपोर्ट, जम्मू और कश्मीर में एक इंजीनियरी कालेज और दो महिला पालिटेक्निकों को स्थापित करने संबंधी रिपोर्ट जालंधर में क्षेत्रीय इंजीनियरी कालेज स्थापित करने सम्बन्धी रिपोर्ट और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पुनर्गठन सम्बन्धी मास्टर प्लान की एक रिपोर्ट शामिल है।

प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 (1973 में संशोधित) के अन्तर्गत इंजीनियरी स्नातकों तथा डिप्लोमा धारियों के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण कार्यक्रम का कार्यान्वयन कानपुर, कलकत्ता बम्बई तथा मद्रास स्थित चार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण बोर्डों के माध्यम से जारी रहा। बेहतर सम्पर्क बनाए रखने हेतु बोर्डों की राज्य स्तर की समितियां हैं। प्रशिक्षुओं को दी जाने वाली छात्रवृत्ति की राशि का योगदान प्रशिक्षण संगठनों और केन्द्रीय सरकार द्वारा किया जाता है।

पिछले तीन वर्षों में 31 अक्तूबर और 31 मार्च 1984 और 1985 में प्रशिक्षुओं की कुल संख्या नीचे दर्शायी गई है :—

	31-10-83	31-10-84	31-10-85	31-3-84	31-3-85
1	2	3	4	5	6
कुल प्रशिक्षणार्थी . .	10910	12699	12761	12412	14605
स्नातक प्रशिक्षणार्थी . .	3123	3946	3986	3877	4699
डिप्लोमा धारी प्रशिक्षणार्थी .	7787	8753	8775	8595	9906
अनुसूचित जाति प्रशिक्षाणार्थी .	342	402	420	412	488
अनुसूचित जनजाति प्रशिक्षाणार्थी	81	65	44	92	05
अल्प सख्यक प्रशिक्षणार्थी .	713	806	756	750	818
विकलांग प्रशिक्षणार्थी .	2	7	7	4	5
महिलाएं प्रशिक्षणार्थी .	339	659	712	453	691

इन बोर्डों द्वारा कुछ इंजीनियरी कालेजों तथा पालिटेक्निकों के अन्तिम वर्ष के छात्रों के लिए प्रशिक्षुता तथा आजीविका मार्गदर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदान किए जाने वाले प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की कोटि सुधारने हेतु कई पर्यवेक्षी विकास कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। ये बोर्ड कुछ पत्रिकाएं प्रकाशित कर रहे हैं जिनमें उद्योग-पतियों और शिक्षाविदों के विचार प्रकट किए गए हैं। कुछ बोर्डों ने प्रशिक्षण मैनुअल भी तैयार किए हैं।

राज्य सरकारों के साथ कई बैठकों के पश्चात 10+2 व्यावसायिक विषयों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को छः महीने का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से 1983-84 में विशेष व्यावसायिक शिक्षा प्रशिक्षण योजना शुरू की गई है।

भारतीय प्रशासनिक स्टाफ कालेज, हैदराबाद

इस कालेज की स्थापना भारत सरकार और उद्योगों के एक संयुक्त उद्यम के रूप में 1957 में की गई थी। भारत तथा अपने निकटवर्ती देशों में प्रबन्ध विकास शिक्षा के लिए एक मार्गदर्शक संस्था के रूप में कालेज इस संबंध में अपनी भूमिका निभाने का प्रयास कर रहा है तथा साथ ही उन क्षेत्रों को शामिल करने के लिए जो राष्ट्रीय संदर्भ में अधिकाधिक महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं, अपने कार्यकलापों का विस्तार कर रहा है।

कालेज की एक विशिष्ट बात सामान्य प्रबंध तथा साथ ही उत्पादन; विपणन, वित्त कार्मिक सामग्री प्रबन्ध संगणक तथा निवेश आयोजन जैसे कार्यालय क्षेत्रों में उत्तर-अनुभव प्रबन्ध विकास कार्यक्रमों पर विशेष रूप से ध्यान देना है । 1984-85 में कालेज ने 86 पाठ्यक्रम आयोजित किए जिनमें सरकारी सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्रों व अन्य क्षेत्रों से 1927 अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त कालेज ने 20 परामर्शी कार्यों को भी पूरा किया है। इसने फोर्ट फाउंडेशन योजना आयोग भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, राज्य सरकारों और अन्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के संगठनों द्वारा प्रायोजित 34 अध्ययन कार्य पूरे किए और एक पुस्तक 49 निबंन्ध--लेख प्रकाशित किए। कालेज क्षेत्रीय आर्थिक प्रबन्ध और दक्षिण एशिया सहयोग में अपने अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम जारी रखेगा।

वर्ष 1985-86 में शिक्षा विभाग ने कालेज कार्यक्रमों के लिए केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों और गैर-सदस्यीय संगठनों द्वारा प्रायोजित व्यक्तियों से ली जाने वाली वास्तविक फीस तथा लागत को पूरा करने के लिए 2.5 लाख रुपये की राशि का प्रावधान किया है ।

शैक्षिक अर्हताओं के लिए मूल्यांकन बोर्ड

शैक्षिक अर्हताओं के लिए मूल्यांकन बोर्ड की स्थापना संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल सचिवालय द्वारा की गई थी । यह बोर्ड केन्द्रीय सरकार के अधीन चिकित्सा तथा सम्बद्ध विषयों को छोडकर विभिन्न क्षेत्रों में पदों और सेवाओं में भर्ती के प्रयोजन के लिये भारतीय तथा विदेशी शैक्षिक अर्हताओं को मान्यता प्रदान करने से संबंधित सभी मामलों पर भारत सरकार को सलाह देता है । तकनीकी शिक्षा ब्यूरो इस बोर्ड के सचिवालय के रूप में कार्य करता है ।

अध्याय 5

प्रौढ़ शिक्षा

सातवीं पंचवर्षीय योजना में यह संकल्पना की गई है कि प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 1990 तक 15–35 आयु वर्ग के सभी निरक्षरों को इसमें शामिल करना होगा। इस कार्यक्रम की मानव संसाधन विकास और परिवार कल्याण कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका होने के नाते देश के सामाजार्थिक विकास में महत्वपूर्ण स्थिति है। यह कार्यक्रम नए 20-सूत्री कार्यक्रम और न्यूनतम आवश्यकता कार्यक्रम का एक अनिवार्य भाग है। वर्ष 1990 तक 15–35 आयु वर्ग के सभी निरक्षरों को दाखिला दिए जाने की संकल्पना की गई है। इस आयु वर्ग में अनुमानित 11 करोड़ प्रौढ़ निरक्षरों में से छठी योजना अवधि में 2.3 करोड़ प्रौढ़ निरक्षरों को शामिल करके सही प्रगति हासिल की गई है, शेष निरक्षरों को सातवीं योजना अवधि में शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए 360 करोड़ रुपये के परिव्यय––केन्द्रीय सेक्टर में 130 करोड़ रुपये और राज्य सेक्टर में 230 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वर्ष 1985-86 के लिए निर्धारित 75.46 लाख दाखिले लक्ष्य की तुलना में सितंबर, 1985 तक 70.43 लाख अर्थात 93.33% को दाखिल किया गया।

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को तैयार करते समय मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने छठी योजना में दिए गए मापदण्डों के अलावा सातवीं योजना में निर्दिष्ट मुख्य बातों पर भी ध्यान दिया है, सातवीं योजना की मुख्य बातों में प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को जारी रखने को विकसित करना, सामाजिक संस्थानों, स्वैच्छिक संगठनों, छात्रों, शिक्षकों, नियोक्ताओं, ने.यु.के., एन.एस.एस. और समुदाय को शामिल करके जन-आन्दोलन शुरू करना, अन्य मंत्रालयों/विभागों द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यक्रमों का प्रभावकारी सम्बन्ध, लोक परम्परागत और आधुनिक जन-साधनों का तीव्र उपयोग, सभी गांवों में प्रभावी और पर्याप्त उत्तर-साक्षरता कार्यकलापों और प्रेरणात्मक उद्देश्यों के लिए सामुदायिक जीवन तथा सतत शिक्षा केन्द्रों की स्थापना को शामिल करना है। छठी योजना के प्रचलित मापदण्डों में उन जिलों को जहां साक्षरता दर राष्ट्रीय औसत से कम थी, शामिल किया गया, महिलाओं अ.जा., अ.जन.जा., और समाज के अन्य कमजोर वर्गों को प्राथमिकता बड़ी मात्रा में स्वैच्छिक एजेन्सियों को शामिल और संघठित करना और विश्वविद्यालयों और कालेजों में छात्रों तथा शिक्षकों को शामिल करना।

फिलहाल कार्यरत विभिन्न कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार है :––

ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजनाएं (ग्रा.का.सा.प.)

यह एक वृहत् केन्द्रीय प्रायोजित योजना है जिसके अन्तर्गत अनुमोदित वित्तीय पद्धति के अनुसार सभी राज्य सरकारों और सभी प्रशासनों को शत-प्रतिशत आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। सरकार ने वित्तीय सहायता की पद्धति को 1 फरवरी, 1984 से संशोधित कर दिया है। इस योजना का उद्देश्य 300 केन्द्रों तक की परियोजना आरम्भ करने का है जिसमें प्रत्येक राज्य/संघ क्षेत्रों में एक या दो वृहत् विकास ब्लाकों और पहाड़ी क्षेत्रों में 100 केन्द्रों तक को या कुछ राज्यों में पहाड़ी अथवा दुर्गम क्षेत्रों को शामिल करना है। देश में धीरे-धीरे सभी जिलों को एक ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत शामिल करने की नीति है। फिलहाल 513 ग्रा.कार्या.सा.प.

केन्द्र विभिन्न राज्यों और संघ शासित राज्यों में काम कर रहे हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान 35 लाख प्रौढ़ निरक्षरों को दाखिला देने के निर्धारित लक्ष्य की तुलना में 32.74 लाख प्रौढ़ों को सितम्बर, 1985 तक दाखिला दिया गया। वर्ष 1985-86 के लिए इस योजना के अंतर्गत 41.76 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्वीकृत प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों के अतिरिक्त राज्य सरकार/संघ क्षेत्र प्रशासनों से भी राज्य प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम (रा.प्रौ.शि.का.) के अन्तर्गत कार्य में तेजी लाने और ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्वीकृत केन्द्रों के बराबर समान संख्या में केन्द्रों की स्थापना करने के लिए समय-समय पर अनुरोध किया गया है।

स्वैच्छिक एजेन्सिया

मंत्रालय द्वारा इस योजना के अन्तर्गत गैर-साम्प्रदायिक पंजीकृत एजेन्सियों, सार्वजनिक न्यासों और अलाभग्राही कम्पनियों को कार्यात्मक साक्षरता, उत्तर-साक्षरता, संसाधन विकास प्रकाशनों, संगोष्ठियों के आयोजन आदि की परियोजनाओं को संचालित करने के लिए अनुदान संस्वीकृत किए जाते हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान 144 स्वैच्छिक एजेन्सियों को 7,845 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों और उत्तर-साक्षरता और अनुवर्ती कार्यक्रमों को दिसम्बर, 1985 तक शुरू किया जा चुका है। इस योजना के लिए वर्ष 1985-86 के लिए 7.00 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

विश्वविद्यालय और कालेज

कालेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों एवं शिक्षकों को शामिल करने के विचार से 15–35 आयु वर्ग में प्रौढ़ निरक्षरता के अन्मूलन के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने वित्तीय सहायता देना और 82 विश्वविद्यालयों और 18 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के 2,131 कालेजों को सहायता देना जारी रखा। संस्वीकृत प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों की संख्या 23,721 है।

त्तर साक्षरता और नुवर्ती कार्यक्रम

यह केन्द्रीय प्रायोजित योजना 1982-83 में उन नव-साक्षरों जिन्होंने प्राथमिक साक्षर पाठ्यक्रमों को पूरा कर लिया है और जो निरक्षर नहीं गिने जाते हैं, को सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई थी। 1982 में दी गई मार्गदर्शी रूपरेखाओं के अनुसार प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का कार्यान्वयन तीन चरणों में किया जाना अपेक्षित है; प्रथम चरण में 300–350 घंटे एक वर्ष में; द्वितीय चरण में 150 घंटे एक वर्ष में; और तीसरे चरण में 100 घंटे एक वर्ष के लिए हैं। इस योजना के उपर्युक्त उल्लिखित कार्यान्वयन की समीक्षा की गई है और सभी राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्रों को नई मार्गदर्शी रूप-रेखाएं जारी कर दी गई हैं। नई मार्गदर्शी रूप-रेखाओं के अन्तर्गत प्रथम चरण और द्वितीय चरण को जोड़कर सीखने के लिए एकल कार्यक्रम एक वर्ष के लिए है इसमें तीसरे चरण में 100 घंटों का साक्षरता और अनुवर्ती कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम के दूसरे वर्ष के लिए है।

वर्ष 1985-86 के दौरान पन्द्रह राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों को अनुदान संस्वीकृत किया गया है और 11 राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों के आवेदन-पत्रों पर विचार किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 1985-86 में 150 लाख रुपए का प्रावधान है।

मिक विद्यापीठ

ये विद्यापीठ शहरी क्षेत्रों के संगठित और असंगठित क्षेत्रों के कामगारों और उनके परिवारों को समेकित अनौपचारिक शिक्षा की प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करते हैं। इन विद्यापीठों के कार्यकलाप लाभार्थियों की पर्याप्त जरूरतों को पूरा करते हुए बहुपयोगी हैं और इसमें प्रशिक्षण और कौशलों का विकास भी शामिल हैं। फिलहाल 36 विद्यापीठ हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान तीन नए श्रमिक विद्यापीठों को पारादीप, औरंगाबाद और जोधपुर में स्थापित किया गया है। वर्ष 1985-86 के दौरान 75.00 लाख रुपए का प्रावधान है।

राज्यों/संघीय क्षेत्रों में प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ बनाना

प्रत्येक राज्य/संघीय क्षेत्र में इस कार्यक्रम के उपयुक्त कार्यान्वयन को सुनिश्चित कर के लिए राज्य तथा जिला दोनों स्तरों पर, इस योजना के अन्तर्गत अनुमोदित वित्ती पद्धति के अनुसार उन्हें आवश्यक प्रशासनिक ढांचे को जारी रखने/सृजन करने के लि वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस समय, इस योजना के अन्तर्गत 26 राज्य, संघीय क्षेत्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान 250.00 लाख रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

राज्य संसाधन केन्द्र

राज्य सरकारों/विश्वविद्यालय क्षेत्र के अन्तर्गत पांच राज्य संसाधन केन्द्रों के अलाव 12 ऐसे राज्य संसाधन केन्द्र जिनका वित्त पोषण इस मंत्रालय द्वारा किया जाता है। राज्य संसाधन केन्द्र, क्षेत्रीय अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन तथ अध्यापन/अध्ययन सामग्री प्रदान करने के लिए जिम्मेदार हैं। राज्य संसाधन केन्द्र इन्दौर (मध्य प्रदेश) की स्थापना 1985-86 में की गई है। राज्य संसाधन केन्द्रों कार्यकरण को और अधिक कार्यकुशल तथा कारगर बनाने के लिए, विद्यमान प्रशासनिक तथ वित्तीय पद्धति को संशोधित किया गया है और नई पद्धति को 1-4-1985 से लाग कर दिया गया है। उत्तर-पूर्वी चारों राज्यों के अतिरिक्त, मणिपुर, त्रिपुरा, अरूणाच प्रदेश तथा सिक्किम के संघीय क्षेत्रों में भी कार्य करने के लिए 1 अप्रैल, 1985 से राज्य संसाधन केन्द्र के रूप में एक विशेष सैल की व्यवस्था की गई है।

मूल्यांकन तथा मानिटरिंग

इस कार्यक्रम की कोटि को सुनिश्चित करने के लिए, प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का बाहर मूल्यांकन एक महत्वपूर्ण निवेश है। उन सुस्थापित समाज विज्ञान संस्थाओं को गहन तथ उद्देश्यपूर्ण अध्ययन सौंपने का विचार है जिनका चयन राज्य सरकारों के परामर्श से किय जाएगा। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के विभिन्न पहलूओं के अभी तक 59 अध्ययन हो चुके हैं मानिटरिंग की अन्तर्निमित प्रक्रिया है और इस कार्यक्रम को त्रैमासिक रूप से मानिट किया जा रहा है।

व्यापक सार्वजनिक कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम (नई योजना)

इस योजना में, विश्वविद्यालयों तथा कालेजों के छात्रों, नेहरू युवक केन्द्रों, राष्ट्री सेवा योजना तथा उन व्यक्तियों को जो एक-एक को पढ़ाए, प्रणाली के माध्यम से साक्षरत आन्दोलन में भाग लेने के इच्छुक हैं, को शामिल किए जाने की संकल्पना की गई है यह योजना स्वैच्छा पर आधारित है। तथापि, राज्य संसाधन केन्द्रों द्वारा साक्षरता कि तैयार तथा वितरित की जाएंगी। इस योजना का संचालन तथा मानिटरिंग विद्यमा संरचना द्वारा, इसे सुदृढ़ करके किया जाएगा।

नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति को तैयार करने के सन्दर्भ में, मंत्रालय द्वारा परिचालित "शिक्ष की चुनौती-नीति संबंधी परिप्रेक्ष्य" नामक एक दस्तावेज के आधार पर एक राष्ट्रव्यापी परिचच आरम्भ की गई है। इस सन्दर्भ में, प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय ने 10–12 अक्तूबर, 198 को नई दिल्ली में, प्रौढ़ शिक्षा पर एक राष्ट्रीय सेमिनार का उद्देश्य इसमें भाग लेने वा समाज के भिन्न-भिन्न वर्गों के लोगों के विचार जानना था ताकि नई शिक्षा नीति में शामि करने के लिए विशिष्ट नीतियों की सिफारिश की जा सके। कुछेक राज्य संसाधन केन्द तथा राज्य प्रौढ़ शिक्षा निदेशालयों ने भी सेमिनार आयोजित किए और मंत्रालय को अपनी अपनी रिपोर्टें भेजीं। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम की समीक्षा करने तथा कार्यात्मक साक्षरता लिए जन-आन्दोलन पर विचार विमर्श करने के लिए 25-5-85 को, तत्कालीन शिक्षा मंत्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय प्रौढ़ शिक्षा बोर्ड की बैठक हुई ताकि निरक्षरता उन्मूलन निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विद्यमान प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को जन-आन्दोल के साथ जोड़ने की सिफारिश की जा सके।

अन्तर्राष्ट्रीय द्विपक्षी सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम तथा यूनेस्को के कार्यकलापों में भाग लेना

तत्कालीन शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्च अधिकार प्राप्त शिष्टमण्डल ने पेरिस में आयोजित प्रौढ़ शिक्षा पर चौथे अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रमों के अन्तर्गत भारत के शिष्टमण्डलों ने लोकतांत्रिक जनवाद अल्जीरिया, सोवियत रूस तथा जनवादी क्यूबा को प्रौढ़ शिक्षा क्षेत्र के सम्बन्ध में दौरा किया जनवरी, 1986 में, लोकतांत्रिक जनवादी जर्मन से दो सदस्यों के एक शिष्टमण्डल द्वारा भारत का दौरा करने की आशा है।

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय

प्रौढ़ शिक्षा निदेशालय, जो प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के लिए राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र का काम करता है, विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करता रहा है, जैसे कि (I) प्रशिक्षण, (II) निरक्षरों तथा नवसाक्षरों के लिए अध्यापन अध्ययन सामग्री तैयार करना, (III) मानीटरिंग, (IV) मूल्यांकन, (V) जनसंख्या शिक्षा, (VI) अनुसंधान तथा (VII) प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को प्रचार साधन सहायता प्रदान करना। वर्ष 1985-86 के दौरान निदेशालय ने, नए स्थापित श्रमिक विद्यापीठ को संसाधन सहायता प्रदान की। निदेशालय ने राज्य संसाधन को मार्गदर्शन तथा नेतृत्व प्रदान करना जारी रखा तथा त्रैमासिक रिपोर्टें प्रकाशित करके इन कार्यकलापों को मानीटर किया। ''महिलाओं और लड़कियों के लिए गैर-औपचारिक शिक्षा'' नामक यूनेस्को सहायता-प्राप्त परियोजनाओं के अन्तर्गत 17 सामग्री किटें प्रकाशित की गईं। यू.एन.एफ.पी.ए. द्वारा सहायता प्राप्त परियोजना ''प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम में जनसंख्या शिक्षा को मिलाना'' के अन्तर्गत 12 राज्य संसाधन केन्द्रों के सहयोग से कार्यशालाएं/सेमिनार आयोजित करके तथा प्रकाशन निकालकर प्रारम्भिक परियोजना कार्यान्वित की गई। नई दिल्ली, लखनऊ तथा पूणे में तीन राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किए गए। 23 अक्तूबर, से 4 नवम्बर, 1985 तक नई दिल्ली में एशिया तथा प्रशान्त में शिक्षा के लिए यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय, मानव संसाधन विकास मंत्रालय तथा निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से साक्षरता में एक क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। निदेशालय ने प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन को मानीटर करना जारी रखा तथा राष्ट्रीय सूचना केन्द्र के परामर्श से त्रैमासिक प्रगति रिपोर्टें प्रकाशित कीं। निदेशालय ने मीनीटरिंग प्रणाली को संगणीकृत कर दिया है और संगणक की सहायता से 3 त्रैमासिक रिपोर्टें तैयार की हैं। बाहरी एजेन्सियों द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन रिपोर्टों पर आधारित ''प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन--एक संक्षिप्त लेखा-जोखा'' तथा ''प्रौढ़ शिक्षा अधिकारियों के प्रशिक्षण में समस्याएं तथा दृष्टिकोण-निष्कर्षों का एक संश्लेषण'' नामक दो मोनोग्राफ प्रकाशित किए गए। अन्य दो मोनोग्राफ तैयार किए जा रहे हैं। प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान करने के इच्छुक व्यक्तियों तथा संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने की योजना के अन्तर्गत छः अनुसंधान अध्ययन इस समय प्रगति पर हैं। इस कार्यक्रम के प्रोत्साहनात्मक तथा प्रेरणादायक पहलुओं पर भी निदेशालय ने साफ्टवेयर प्रकाशित किया है। इस वर्ष के दौरान तेरह प्रकाशन प्रकाशित किए गए। तीन और प्रकाशन मुद्रण के विभिन्न चरणों में हैं। इस मंत्रालय द्वारा इस कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर दस प्रकाशन भी प्रकाशित किए गए।

अध्याय-6

संघीय क्षेत्रों में शिक्षा

संघीय क्षेत्रों में शिक्षा की व्यवस्था करना केन्द्रीय सरकार का एक विशेष दायित्व है। इस वर्ष के दौरान प्रत्येक संघीय क्षेत्र द्वारा जो शैक्षिक सुविधाएं प्रदान की गईं तथा कार्यकलाप आयोजित किए गए उनका विवरण इस अध्याय में दिया गया है ।

दादरा और नागर हवेली

इस क्षेत्र के 160 प्राइमरी स्कूलों में 16,886 छात्र (10,223 लड़के और 6663 लड़कियां) दाखिल हैं, जिनमें 509 अनुसूचित जाति (279 लड़के और 230 लड़कियां) और 13,759 अनुसूचित जनजाति (8,507 लड़के और 5,252 लड़कियां) शामिल हैं । इस क्षेत्र में 4 हाई स्कूल और तीन उच्चतर माध्यमिक स्कूल हैं। उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के छात्र 2,429 (1531 लड़के और 898 लड़कियां) हैं । जिनमें 271 अनुसूचित जाति (138 लड़के और 79 लड़कियां) और 1187 अनुसूचित जनजाति (821 लड़के और 366 लड़कियां) हैं सभी उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक ड्राइंग, सिलाई और तकनीकी और कृषि संबंधी विषय आरंभ किए गए हैं । इस संघीय क्षेत्र में उच्चतर माध्यमिक स्तर तक निःशुल्क शिक्षा प्रारंभिक स्तर के सभी छात्रों के लिए मध्याह्न भोजन, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए निःशुल्क कापियां, पाठ्यपुस्तकों जैसी अन्य शैक्षिक सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। इसमें 10 समाज कल्याण छात्रवास हैं जिसमें एक आश्रमशाला और छात्राओं के लिए 2 छात्रावास शामिल हैं जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति औा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्र रहते हैं जिनको निःशुल्क भोजन और स्थान उपलब्ध कराया जाता है। 1985-86 के दौरान इन छात्रावासों में 600 छात्र थे। संघीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों को नियमित उपस्थिति के लिए कई वित्तीय रियायतें, वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन पुरस्कार; कक्षा IX और X में संस्कृत में 60% से अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहन, प्रतिभाशाली छात्रों को एम.एस.सी./एच.एस.एस. परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने के लिए नकद पुरस्कार, छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्तियां दी जाती हैं।

प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 1985-86 के दौरान 2,000 प्रौढ़ छात्रों के लिए 66 केन्द्रों को खोलने की संभावना है ।

संघीय क्षेत्र के छात्रों के लिए चिकित्सा, इंजीनियरी और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों के लिए स्थान आरक्षित किए गए हैं । राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना अक्तूबर, 1983 से आरंभ की गई थी और इस कार्यक्रम के अंतर्गत 412 प्राइमरी/मिडिल स्कूल शिक्षकों और 89 माध्यमिक स्कूल शिक्षकों को शामिल किया गया है । संघीय क्षेत्र की शैक्षिक संस्थाओं के विभिन्न शिक्षकों को संगणक साक्षरता कार्यक्रम/विषय अनुस्थापना कार्यक्रम व्यावसायिक मार्गदर्शन और जनसंख्या शिक्षा सेमिनार इत्यादि के लिए सेवारत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और सेमिनारों में भाग लेने के लिए भेजा गया।

पांडिचेरी

संघीय क्षेत्र पांडिचेरी का शैक्षिक रूप से विकसित राज्यों/संघीय क्षेत्रों में एक गौरवमय स्थान है जिसमें कुल साक्षरता दर 54.23% है। संघीय क्षेत्र में अनुसूचित जाति जनसंख्या का साक्षरता दर 32.36% है।

गांव वासियों को घर के समीप इतनी शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है कि अब निवास स्थान 1 कि.मी. की दूरी पर हाई स्कूल है, 3 कि.मी. की दूरी पर मिडिल स्कूल और 5 कि.मी. की दूरी पर हाई स्कूल है। संघीय क्षेत्र में 109 प्राइमरी - पूर्व स्कूल है जिनमें छात्रों का नामांकन 5730 है। 356 प्राइमरी स्कूल है जिनमें छात्रों का नामांकन 91053 है, 103 मिडिल स्कूल है जिनमें छात्रों का नामांकन 44521 है,, 64 हाई स्कूल है जिनमें छात्रों का नामांकन 16447 है और 19 उच्चतर माध्यमिक स्कूल है जिनमें छात्रों का नामांकन 5484 है । स्कूलों में पर्याप्त योग्य कर्मचारी, पुस्तकालय पुस्तक शिक्षण सहायक और वैज्ञानिक उपस्करों जैसी सुविधाएं उपलब्ध है ।

स्कूलों में कुछ पाठ्येत्तर कार्यकलापों जैसे विज्ञान कार्नरों और अर्थशास्त्र क्लबों का आरंभ करना, पर विशेष बल दिया जा रहा है जिनके प्रति छात्रों की प्रतिक्रिया बहुत उत्साहवर्धक है। पांडिचेरी में 1 के.डब्ल्यू.डी.पी. केन्द्र को स्थापित होने के कारण स्कूलों में टी.वी. सेट उपलब्ध कराने का कार्य आरंभ हो गया है जिससे बच्चों के लिए शिक्षा बहुत दिलचस्प हो गई है। छात्रों के निःशुल्क वर्दियां पाठ्यपुस्तकों, स्टेशनरी सामग्री, नकद पुरस्कार और योग्यता पुरस्कार और योग्यता छात्रवृत्तियां जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है । प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों को निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना संघ शासित प्रशासन द्वारा प्रदान किए जाने वाले प्रोत्साहनों में से एक है । इसके परिणाम प्रारंभिक स्तर में लगभग शत-प्रतिशत नामांकन हो सका है और इससे प्राइमरी स्तर में बीच में स्कूल छोड़ने वालों की संख्या में 3.6% और मिडिल स्तर पर 6.2% की कमी हुई है।

चालू वर्ष में पांडिचेरी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना के साथ ही विश्वविद्यालय शिक्षा शिविर पर पहुंच गई है। संघीय क्षेत्र अब अपने छात्रों के लिए सभी मुख्य पाठ्यक्रम उपलब्ध कराता है और इस अवस्था में इसकी पड़ौसी राज्यों पर निर्भरता कम हुई है । काम करने वाली महिलाओं और गृहणियों के लिए सांध्य कालेज खोलने का अभिनव प्रयोग किया गया है जिसकी प्रतिक्रिया उत्साहवर्ती रही है । पिछले वर्षों की तरह समाज के कमजोर वर्गों के छात्रों को डिग्री स्तर तक निःशुल्क शिक्षा प्राप्त होती रही।

प्रौढ़ शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, एन.सी.सी., खेल और युवा कल्याण जैसे पहलुओं पर संघीय क्षेत्र प्रशासन का ध्यान जारी रहा ।

चालू शैक्षणिक वर्ष से पांडिचेरी इंजीनियरी कालेज में प्रथम वर्ष की कक्षाओं के आरंभ होने से पांडिचेरी में इंजीनियरी कालेज की महत्वपूर्ण मांग पूरी हो गई। विभाग ने पड़ौसी राज्यों के इंजीनियरी कालेज के छात्रों के लिए इंजीनियरी के विभिन्न विषयों जो कि पांडिचेरी इंजीनियरी में उपलब्ध नहीं थे, में कुछ स्थानों का प्रबन्ध किया । अल्प संख्यकों के लिए पूर्व-परीक्षा शिक्षण केन्द्र और अंग्रेजी भाषा के शिक्षण के लिए जिला केन्दों की स्थापना, कुछ ऐसे कार्य है जिनका उल्लेख किया जा सकता है।

अरुणाचल प्रदेश

हरे भरे पर्वतों और घाटियों का अरुणाचल प्रदेश 83,578 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। 1981 की जनगणना के अनुसार 3,000 आवासों में 6,31,839 लोग रहते हैं। इस क्षेत्र की 110 जातियां विभिन्न भाषाएं बोलती है और विभिन्न धर्मों पर विश्वास रखती है ।

2. सरकारी क्षेत्र में 249 प्राइमरी-पूर्व स्कूल 998 प्राइमरी स्कूल, 151 मिडिल स्कूल, 41 माध्यमिक स्कूल 23 उच्चतर माध्यमिक स्कूल और तीन कालेज हैं। इसके अतिरिक्त कई सहायता प्राप्त स्कूल हैं। प्राइमरी-पूर्व स्कूलों में नामांकन 6398, प्राइमरी स्कूलों (I—V) में 85613, मिडिल स्कूलों (VI—VIII) में 20993, माध्यमिक स्कूलों (IX—X) में 5484 और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों (XI—XII) में 2184 हैं। 1985-86 के दौरान कई संस्थाओं को खोला/उन्नत किया गया है।

3. (6-11 आयु वर्ग) के बच्चों के नामांकन का शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। स्कूल जाने वाल आयु के और अधिक बच्चों को आकर्षित करने के लिए निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण, स्कूली वर्दियां, स्टेशनरी, छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के लिए वस्त्र, प्राइमरी, मिडिल और माध्यमिक/सीनियर माध्यमिक स्कूलों से सम्बद्ध छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को राशन के स्थान पर राशि, प्रतिभाशाली छात्रों के लिए योग्यता छात्रवृत्तियां और मध्याह्न भोजन इत्यादि विभिन्न प्रोत्साहन दिए जाते हैं।

4. 1984-85 के अन्त तक आर.एफ.एल.पी. के अंतर्गत 491 केन्द्र खोले गए थे। इस वर्ष के दौरान 300 केन्द्र खोले गए हैं जिससे इसकी कुल संख्या 791 हो गई है। राज्य प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत 370 केन्द्र कार्य कर रहे हैं जिनमें 7491 प्रौढ़ नामांकित हैं। इस समय 13572 प्रौढ़ पुरुष और 7590 प्रौढ़ महिलाएं प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में नियमित रूप से जा रहे हैं। केन्द्रों में और अधिक प्रौढ़ों को आकर्षित करने के लिए कुछ और प्रोत्साहन आरंभ कर दिए गए हैं। महिला प्रौढ़ों के लिए केन्द्रों में सिलाई की मशीनें और बुनने की मशीनें प्रदान की गई। पुरुषों के लिए खेलें और क्रीड़ाएं आरंभ किए गए हैं और संगीत के साधन दिए गए हैं।

5. विद्यमान संख्या में 24 स्काउट ट्रूप, गाइड कंपनियां, बुल बुल फ्लाक और कब पैक जोड़े गए हैं। बंगलौर में राष्ट्रीय जेमबोरी में भाग लेने के लिए 150 स्काउटों और गाइडों को भेजा गया। पैट्रोला/लीडर स्काउटों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जा रहे हैं। इस वर्ष दो जूनियर डिवीजन एन.सी.सी. यूनिट (लड़कियों) और नौ जूनियर डिवीजन एन.सी.सी. यूनिट लड़कों) खोले गए हैं। एन.सी.सी. केडेट एन.सी.सी. निदेशालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में भाग ले रहे हैं।

6. कालेजों में नामांकन 983 है। छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को 210/- रु. और 240/- रु. प्रति माह छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। कालेजों को अरूणाचल प्रदेश विश्वविद्यालयों से संबद्ध किया गया है। कालेजों ने 1 अप्रैल, 1985 से कार्य करना आरम्भ किया।

7. शिक्षकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में प्रदान की उत्कृष्ट सेवाओं को मान्यता देते हुए 1983-84 में शिक्षकों के लिए राज्य पुरस्कार की योजना आरम्भ की गई थी। चुने हुए शिक्षकों को 1500/- रु. नकद पुरस्कार और योग्यता प्रमाण-पत्र दिया जाता है।

8. रा.शै.अनु.प्र.परि. द्वारा तैयार की गई हिन्दी और अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तकें संघीय क्षेत्रों की आवश्यकता के अनुरूप अपनाई जा रही हैं। क्षेत्र में विज्ञान और गणित के शिक्षण को लोकप्रिय बनाने के लिए शिक्षकों को नई तकनीकों में प्रशिक्षित किया गया है।

चंडीगढ़

इस संघीय क्षेत्र में 260 स्कूल हैं, जिनमें राजकीय सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, केन्द्रीय तथा गैर-मान्यता प्राप्त स्कूल शामिल हैं और इसमें पूर्व-प्राथमिक से लेकर सीनियर माध्यमिक स्तर के छात्र आते हैं। ये सभी स्कूल प्रारंभिक स्तर पर 1,03,700 छात्रों से कुछ अधिक तथा माध्यमिक स्तर पर लगभग 18,400 छात्रों की शिक्षा की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान प्रारंभिक स्तर (I—VIII) में नामांकन 1,03,700 है और माध्यमिक स्तर (IX—XII) में 18,400 है।

2. स्कूल जाने वाली आयु (6-14 वर्ष) के सभी योग्यछात्रों को नामांकित करने के लिए सभी प्रयत्न किए जा रहे हैं। जहां तक 6–14 आयु वर्ग के छात्रों का संबंध है इसमें 100 प्रतिशत प्राप्त कर लिया गया है और 6,000 से अधिक छात्रों को दाखिल करने के लिए नए स्कूल खोले गए।

3. संघीय क्षेत्र प्रशासन की उपलब्धियों में से निम्नलिखित कुछ का उल्लेख किया जा सकता है।

(क) यह ऐसे स्कूल हैं जहां प्रत्येक बच्चा आसानी से पहुंच सकता है।

(ख) संघीय क्षेत्र में कोई स्कूल नहीं है।

(ग) स्कूल भवन आकर्षित हैं और उनमें सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं जो कि छोटे बच्चों की पढ़ाई को आरामदायक बनाती है।

(घ) समाज के कमजोर वर्गों के हित के लिए अधिकतर ग्रामीण और श्रमिक बस्तियों के स्कूलों में शिशु देख-रेख केन्द्र, बाल वाड़ी और नर्सरी कक्षाएं आरंभ की गई हैं।

4. यहां निम्नलिखित प्रोत्साहन दिए जाते हैं जैसे लड़कियों को उपस्थिति छात्र-वृत्तियां (3,600 लाभ-भोगी) अनुसूचित जाति के बच्चों को उपस्थिति छात्रवृत्तियां (82 लाभ-भोगी), अनुसूचित जाति के छात्रों को निःशुल्क लेखन सामग्री और वर्दियां (10,100 लाभ-भोगी) बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें (10,100 लाभ भोगी) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए प्रतिभा छात्रवृत्तियां (25 लाभ-भोगी) पढ़ाई में कमजोर अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए विशेष शिक्षण (2,200 लाभ-भोगी)और बच्चों को मध्याह्न भोजन (34,500 लाभ-भोगी) उपलब्ध हैं।

5. इस समय संघीय क्षेत्र में गैर औपचारिक शिक्षा के 20 केन्द्र चल रहे हैं जो कि पिछले वर्ष में 12 थे। ये केन्द्र अधिकतर सरकारी स्कूलों से सम्बद्ध हैं। इन केन्द्रों में लगभग 600 छात्रों को दाखिल किया गया है।

6. 1985-86 के दौरान 2 सीनियर माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक विषय आरंभ किए गए हैं और आने वाले वर्षों में शेष स्कूलों को भी शामिल किया जाएगा।

7. चंडीगढ़ के स्कूलों में खेल-कूद नियमित कार्यकलाप हैं। स्कूली छात्रों को खेलों के कार्यकलापों को प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षा विभाग बड़ी और छोटी-छोटी खेलों में नियमित रूप से प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। छात्र राष्ट्रीय खेलों और राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली अन्य खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। संघीय क्षेत्र के स्कूलों में मौके पर कला प्रतियोगिता एक नियमित कार्यकलाप है। वर्ष के दौरान 8,000 से अधिक छात्रों ने प्रतियोगिता के विभिन्न विषयों में भाग लिया। अन्य सह-पाठ्यचर्या और सांस्कृतिक कार्य स्कूल के नियमित कार्यकलापों का एक अंग है।

8. राज्य शिक्षा संस्थान चंडीगढ़, सेवारत पाठ्यक्रमों स्कूलों में मौके पर मार्गदर्शन देना शिक्षण साधनों में अनुस्थापन राज्य स्तर में छात्रों और उनके शिक्षकों के लिए अन्य सहपाठ्यचर्या कार्यकलापों का आयोजन और शैक्षिक निबंधों और लेखें के प्रकाशन के माध्यम से स्कूली शिक्षा में गुणात्मक सुधार उपलब्ध कराता है।

9. प्रौढ़शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत 6,0८0 सीखने वालों के लक्ष्य के स्थान पर 6,800 सीखने वालों को शामिल किया गया।

दिल्ली

संघीय क्षेत्र दिल्ली एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है और इसका अधिकतर शहरीकरण हो चुका है। वर्तमान कुल जनसंख्या में से स्कूल जाने वाले छात्रों की संख्या 52% से

अधिक है। प्राइमरी, मिडिल, माध्यमिक और सीनियर माध्यमिक कक्षाओं का स्तर ब्यौ इस प्रकार है :—

(क) प्राइमरी स्तर की कक्षाएं I—V (6–11 आयु वर्ग) 8.02 लाख

(ख) मिडिल स्तर की कक्षाएं VI—VIII (11–14 आयु वर्ग) 4.18 लाख

(ग) माध्यमिक स्तर की कक्षाएं IX—X (14–16 आयु वर्ग) 1.92 लाख

(घ) सीनियर माध्यमिक स्तर की कक्षाएं (16–18 आयु वर्ग) 1.04 ला

दिल्ली प्रशासन के शिक्षा विभाग को प्रतिवर्ष मिडिल, माध्यमिक और सीनियर माध्य मिक स्तर के लगभग 33,000 छात्रों के अतिरिक्त दाखिले की आवश्यकता को पूरा कर होता है 1985 के दौरान विद्यमान 22443 सेक्शनों में 750 नए सेक्शन निम्नलिखि तरह से जोड़े गए :—

(1) 11 नए राजकीय मिडिल स्कूल खोलकर

(2) 8 शहरी स्कूलों का विभाजन करके

(3) 26 राजकीय मिडिल स्कूलों को माध्यमिक स्तर तक स्तरोन्नत कर और

(4) 18 राजकीय माध्यमिक स्कूलों को सीनियर माध्यमिक स्तर तक स्तरोन्न करके।

क्षेत्र में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जिसे ग्रामीण क्षेत्रों म बालिकाओं के वास्ते निःशुल्क परिवहन (4375 लाभ-ग्राही) स्कूल वर्दियों की निःशु आपूर्ति (50,000 लाभ-ग्राही) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन-जातियों के छात्रों लिए खुली योग्यता छात्रवृत्तियां (682 लाख ग्राही) अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों तथा समाज के अन्य कमजोर वर्गों के छात्रों के लिए उपचारी/विशेष शिक्षण कक्षाए (4000 लाभ-ग्राही); और रियायती मूल्यों पर कापियां (46,00,000 लाभ-ग्राही) प्रदान क गई है।

मिडिल स्तर पर स्कूलों की संख्या 343, माध्यमिक स्तर पर 238 और उच्चत माध्यमिक स्तर पर 620 है। प्रत्येक माध्यमिक स्कूल में एक मिडिल विभाग है तथ प्रत्येक उच्चतर माध्यमिक स्कूल में मिडिल विभाग के साथ-साथ माध्यमिक विभाग भ है।

दिल्ली प्रशासन दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों में 68 नियमित महिला समान शिक्षा केन्द्र और 25 अंश कालिक पुरूष समाज महिला केन्द्रों को चला रहा है।

शहरी परियोजना के अंतर्गत दिल्ली प्रशासन दिल्ली के शहरी क्षेत्रों में 20 प्रौढ़ शिक्ष केन्द्रों को चला रहा है। प्रत्येक परियोजना में 100 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र है जिसमें प्रत्येक केन्द्र में 20 सीखने वाले है। केन्द्रों में अधिकतम महिलाओं को दाखिल करने का प्रयास किय जा रहा है।

ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता परियोजना और गैर-औपचारिक शिक्षा केन्द्रों को भी उप युक्त प्राथमिकता दी जा रही है। वर्ष के दौरान कई प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और अनु स्थापन कार्यक्रम आरंभ किए गए और इन कार्यक्रमों से 55 टी.जी.टी. और नए भर्ती किए गए/डी.वी.जी. परामर्शियों को लाभ पहुंचा। वर्ष के दौरान शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान ने प्रशिक्षण देना जारी रखा प्रतिवर्ष 100 शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करते है।

शारीरिक शिक्षा के पहलू पर भी पर्याप्त ध्यान दिया जाता है। दिल्ली खेल परिषद दिल्ली संघ शासित क्षेत्र में कई खेल कूद कार्यकलापों का आयोजन करती है। साहित्य कला परिषद युवा और प्रतिभा सम्पन्न छात्रों को अनुदान देती आ रही है।

दिल्ली प्रशासन द्वारा प्रौढ़ साक्षरता, गैर-औपचारिक शिक्षा, वृक्षारोपण, मध्याह्न भोजन, पाठ्यपुस्तकों की निःशुल्क आपूर्ति वर्दियों की निःशुल्क आपूर्ति जैसे कार्यक्लापों का आयोजन कर रहा है।

गोवा दमन और दीव

गोवा दमन और दीव में वर्ष 1985-86 के दौरान प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा I से VII) में नामांकन 2,21,695 था जो कि 1984-85 में 2,19917 था। 1985-86 के दौरान माध्यमिक शिक्षा में नामांकन 55,250 था जो कि 1984-85 में 54,288 था। उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं का नामांकन 1984-85 के 11,005 की तुलना में 1985-86 में 12,221 रहा।

यहां सामान्य और व्यावसायिक शिक्षा के 18 कालेज हैं जिनमें से 9 सामान्य धारा जैसे कला, विज्ञान, वाणिज्य की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं शेष वास्तुकला, चिकित्सा, फार्मेसी, डेन्टल, इंजीनियरी, ललित कला विधि, शिक्षक प्रशिक्षण कालेज हैं। इन सभी कालेजों में कुल नामांकन 1985-86 में 8,974 रहा जो कि 1984-85 में 8,223 था।

स्कूल पूर्व शिक्षा से संबंधित योजना संघीय क्षेत्र में 1983 में लागू की गई और 1984-85 के अंत तक 68 केन्द्र खोले गए थे जिसमें 1,648 छात्र शामिल थे। वर्ष 1985-86 के दौरान 14,410 को शामिल किया गया। आश्रमशाला जन-जातीय छात्रों के लिए निःशुल्क खाने और रहने की व्यवस्था कर रहे हैं।

गोवा दमन और दीव माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए 19 व्यावसायिक विषयों को स्वीकृत किया। 22 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों/एककों ने व्यावसायिक पाठ्यक्रम आरंभ कर दिए हैं। संघीय क्षेत्र के कुछ स्कूलों को संगणक व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है और उनके माध्यम से शिक्षण दिया जा रहा है। बाल भवन बोर्ड का गठन किया गया है और पणजी में एक बाल भवन स्थापित किया जा रहा है।

1985-86 के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में 390 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र स्थापित किए गए हैं जिसमें 6847 प्रौढ़ (2571 पुरुष 4276 महिलाएं) शामिल हैं।

प्राइमरी से दसवीं स्तर के छात्रों को निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है। ग्यारहवीं और बारवीं कक्षा के उन छात्रों जिनके अभिभावकों की आय 4800/- रु. वार्षिक है, को भी निःशुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है।

स्कूल जाने वाले छात्रों (6–11 आयु वर्ग) को मध्याह्न भोजन दिया जा रहा है और इस योजना से लाभान्वित छात्रों की संख्या 10,000 है। 1984-85 के दौरान प्राइमरी और मिडिल स्कूल स्तर के 15,534 छात्रों को वित्तीय प्रोत्साहन दिए गए। 1985-86 के दौरान लगभग, 10,000 छात्रों को शामिल करने की संभावना है। आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों को प्राइमरी/मिडिल स्तर तक पुस्तक सहायता, और मिडिल/माध्यमिक और कालेज स्तर तक छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

गोवा इंजीनियरी कालेज सिविल मेकेनिकल और इलैक्ट्रीकल इंजीनियरी में पाठ्यक्रम चला रहा है जिसकी प्रत्येक शाखा में 40 छात्रों की क्षमता है।

स्कूलों में शारीरिक शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है और शारीरिक शिक्षा स्काउट और गाइड एन.सी.सी. और खेल कूद के कार्यक्रमों को लागू करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाता है। सेवारत कार्मिकों के लिए पुनश्चर्या पाठ्यक्रम और सेमिनार भी आयोजित किए जाते हैं।

मिजोरम

मिजोरम में प्राथमिक शिक्षा कक्षा 1-4., मिडिल शिक्षा कक्षा 5-7 और उच्च शिक्षा कक्षा 8–10 तक है। अभी हाल ही में कुछ मिडिल और उच्च स्कूलों को सरकारी स्कूलों के अधिकार में लिया गया है तथा कई स्कूलों को अनुदान की अभाव प्रणाली के अंतर्गत लिया है। आइजोल और लुंगलेई में शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान की भरती क्षमता में भी पर्याप्त रूप से वृद्धि हुई है। मिजोरम में स्कूल खोलने के लिए पहुंच क्षेत्र, और दूरी इत्यादि जैसी सामान्य कसौटियों का स्थलाकृति की विशेषज्ञता के कारण अन्धानुकरण नहीं किया जाता।

2. शारीरिक शिक्षा में प्रशिक्षित लोगों की संख्या पर्याप्त रूप से बढ़ी है। विज्ञान प्रोन्नति के अंतर्गत, विज्ञान प्रेरणा पाठ्यक्रम विज्ञान और गणित के शिक्षण के विशेष प्रशिक्षण के रूप में भी आयोजित किया गया। जनजातीय अनुसंधान संस्थान, मिजोरम दुर्लभ तथा पुरानी पुस्तकों, नई पुस्तकों के पुनर्मुद्रण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा कर रहा है तथा लोगों को परम्परागत नृत्यों और संगीत इत्यादि में भी प्रशिक्षित कर रहा है। पुस्तकालय सेवाओं को भी अपेक्षित महत्व दिया जा रहा है तथा छोटे ग्रामीण पुस्तकालय मिजोरम में कार्य कर रहे हैं।

3. पिछले वर्षों में पूर्व-मैट्रिक छात्रवृत्तियां, उत्तर-मैट्रिक छात्रवृत्तियां तथा प्रतिभा-खोज छात्रवृत्तियां, सैनिक स्कूल वजीफे तथा छात्रावास वजीफे जैसी छात्रवृत्तियां, छात्रों को प्रदान की गई तथा पिछले वर्षों में लाभान्वित होने वालों की संख्या में भी पर्याप्त वृद्धि हुई है।

4. अवधि के दौरान विभिन्न साक्षरता सेमिनार एवं शिविर आयोजित किए गए। प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों, स्कूल शिक्षा केन्द्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। विभिन्न तरीकों से लोगों की सहायता सेवा पहले से ही स्थापित है। प्रौढ़ (सामाजिक) शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों को आवश्यक सहायता अनुदान प्रदान किए गए हैं।

अंडमान और निकोबार

अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में शैक्षिक संस्थाओं के अंतर्गत सीनियर सैकण्डरी स्कूलों, माध्यमिक स्कूलों, मिडिल स्कूलों, प्राथमिक स्कूलों तथा पूर्व-प्राथमिक स्कूलों के अतिरिक्त एक सरकारी कालेज, एक पालिटेक्निक, एक बी.एड. कालेज, एक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान आते हैं। इसके अतिरिक्त संघीय क्षेत्र के विभिन्न भागों में प्राइवेट नर्सरी स्कूलों और बाल-वाड़ियों की एक बड़ी संख्या कार्यरत है।

2. वर्ष 1985-86 के दौरान, कुछेक नए प्राथमिक स्कूल खोले गए हैं तथा कुछेक प्राथमिक स्कूलों को मिडिल स्कूलों तक बढ़ा दिया गया है। कुछ मिडिल स्कूलों को माध्यमिक स्कूलों में तथा कुछ माध्यमिक स्कूलों को सीनियर सैकेण्डरी स्कूलों तक बढ़ा दिया गया है। विभिन्न स्थानों में नामांकन की आवश्यकता के अनुसार विभिन्न माध्यमों में अतिरिक्त वर्ग प्रारम्भ किए गए हैं।

3. प्रारम्भिक स्तर के बच्चों को मुफ्त पाठ्य-पुस्तकें तथा माध्यमिक स्तर के भी कुछ बच्चों को मुफ्त पाठ्यपुस्तकें प्रदान की गई। आठवीं कक्षा तक के सभी बच्चों को मुफ्त दोपहर का भोजन इसी प्रकार सभी जनजातीय छात्रों की मुफ्त पाठ्य-सामग्री के कमजोर समाज के कमजोर वर्गों के छात्रों को मुफ्त वर्दियां प्रदान की गई।

4. शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान ने बी.एड. और जे.बी.टी. पाठ्यक्रमों को संचालित करना जारी रखा हुआ है। प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत संघीय क्षेत्र में 200 से अधिक केन्द्र कार्यरत हैं। इन प्रौढ़ शिक्षा केन्द्रों में वर्तमान नामांकन लगभग 4,500 है।

5. वर्ष के दौरान विभिन्न स्थानों पर विज्ञान से संबंधित सेमिनार कार्यशालाएं और प्रदर्शनियां आयोजित की गई। समेकित शिक्षा परियोजना के अंतर्गत शिक्षकों को प्रशिक्षण प्राप्त करने के वास्ते चुना गया तथा प्रशिक्षण समाप्त करने के पश्चात् उन्हें विकलांगों को पढ़ाने के लिए स्रोत शिक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया।

लक्षद्वीप

प्रशासक सभी विभागों का मुख्य है तथा शिक्षा निदेशक शिक्षा विभाग का नियन्त्रण अधिकारी है।

शिक्षा संस्थानों में उच्च स्कूलों तथा सीनियर स्कूलों, जूनियर स्कूलों और नर्सरी स्कूलों के अतिरिक्त दो कालेज हैं।

प्राथमिक शिक्षा सभी द्वीपसमूहों में प्रदान की जाती है। पिछले वर्ष की अपेक्षा वर्तमान वर्ष में प्राथमिक कक्षाओं और साथ ही उच्च स्कूल में भी छात्रों के नामांकन में पर्याप्त सुधार हुआ है। प्राथमिक और मिडिल स्कूल कक्षाओं में बच्चों को पाठ्यपुस्तकें, लेखन-सामग्री एवं दोपहर का भोजन मुफ्त प्रदान किया जाता है।

उच्च स्कूलों में पढ़ रहे देशी छात्रों को प्रतिमास 40 रु. की दर से छात्रवृत्ति प्रदान करने की परियोजना जारी की जा रही है। वरिष्ठ श्रेणी एन.सी.सी. तथा कनिष्ठ श्रेणी एन.सी.सी. (नौसेना) संघशासित क्षेत्र में कार्यरत हैं। वरिष्ठ श्रेणी और कनिष्ठ श्रेणी एन.सी.सी. कैडेटों दोनों के लिए शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाते हैं।

जवाहर लाल नेहरू कालेज, कावारती तथा महात्मा गांधी कालेज, एंड्रोथ में लक्षद्वीप द्वीपसमूह के 600 से अधिक छात्र हैं जो मुख्य भूमि के विभिन्न शिक्षा संस्थानों में दाखिल हैं तथा मुख्य भूमि के इंजीनियरी तथा मेडिकल कालेजों इत्यादि में उनके लिए कई सीट आरक्षित है। वर्तमान अनुमोदित छात्रवृत्ति नियमों के अनुसार लक्षद्वीप के अनुसूचित जनजातीय छात्रों के लिए मुख्यभूमि पर शिक्षा संबंधी व्यय प्रशासन द्वारा वहन किया जाता है।

अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन तथा शिक्षक मंच सभी द्वीपसमूहों में कार्य कर रहे हैं। स्काउट दल तथा बालिका गाइड विभिन्न स्कूलों में कार्य कर रहे हैं। इन दलों को वर्दियां तथा प्रशिक्षण सामग्री प्रदान की गई है। इस समय द्वीपसमूह में 30 से अधिक प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र कार्यरत हैं।

अध्याय 7

छात्रवृत्तियां

मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन शिक्षा विभाग कई छात्रवृत्ति कार्यक्रमों का संचालन करता है इनमें अन्य देशों द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्तियां भी शामिल हैं। विभाग द्विपक्षी आधार पर अथवा अन्यथा अन्य देशों के राष्ट्रिकों को भी छात्रवृत्तियां प्रदान करता है। लागू की गई मुख्य योजनाओं का उल्लेख नीचे किया गया है :—

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना

इस योजना के अन्तर्गत, राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों के प्रशासकों के माध्यम से छात्रवृत्तियां योग्यता एवं आय के आधार पर दी जाती हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान 27,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। 1 जुलाई, 1981 से छात्रवृत्तियों की दरें बढ़ा दी गई थी, ये अध्ययन की अवधि के आधार पर दी जाती हैं अध्येताओं के लिए 60/- रुपए से प्रतिमाह 120/- रु. प्रतिमाह तक और छात्रावासों में रहने वालों के लिए इन छात्रवृत्तियों की दर 100/- रु. से 170/- रु. प्रतिमाह तक अलग-अलग है।

राष्ट्रीय ऋण छात्रवृत्ति योजना

इस योजना के अन्तर्गत, वर्ष 1984-85 में 20,000 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं। छात्रवृत्तियां योग्यता-एवं-आय के आधार पर प्रदान की जाती हैं। यह योजना राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों के प्रशासनों के माध्यम से लागू की जा रही है। अध्ययन के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए ऋण की राशि 720/- रु. से 1720/- रुपये प्रतिवर्ष तक बढ़ती-घटती रहती है।

स्वीकृत अवासीय माध्यमिक स्कूलों में भारत सरकार की छात्रवृत्ति योजना

इस योजना का उद्देश्य प्रतिभावान लेकिन उन निर्धन छात्रों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करना है जो केवल अपने खर्चे पर अच्छे आवासीय स्कूलों में अध्ययन प्राप्त नहीं कर पाते हैं। प्रत्येक वर्ष 11 से 12 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों को जिनके अभिभावकों की आय 500 रुपये प्रतिमाह से अधिक न हो, को योग्यता-एवं-आय आधार पर 500 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। पचास प्रतिशत छात्रवृत्तियां अखिल भारतीय योग्यता के आधार पर प्रदान की जाती हैं और शेष पचास प्रतिशत राज्यों तथा संघशासित क्षेत्रों को जनसंख्या के आधार पर प्रदान की जाती हैं बशर्ते कि वे निर्धारित मानक को पूरा करते हैं। छात्रों का चयन दो परीक्षाओं-राज्य/संघशासित क्षेत्रों की सरकारों द्वारा संचालित प्रारम्भिक परीक्षा तथा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा संचालित अन्तिम परीक्षा के आधार पर किया जाता है। अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों के लिए क्रमशः 15 प्रतिशत और $7\frac{1}{2}\%$ छात्रवृत्तियां आरक्षित हैं। ये छात्रवृत्तियां माध्यमिक स्कूली शिक्षा की पूरी अवधि जिसमें स्वीकृत आवासीय स्कूलों में शिक्षा का जमा दो स्तर भी शामिल है, के लिए धार्य हैं। अध्येता जब खर्च, वर्दी भत्ता, सरकार द्वारा निर्धारित दरों/सीमा पर भ्रमण प्रभार के अलावा शिक्षा शुल्क की पूरी राशि, आवासीय प्रभार, पुस्तकों और लेखन-सामग्री की लागत के पात्र हैं। अध्येताओं और उनके अनुरक्षकों को निर्धारित दरों पर यात्रा भत्ता भी अनुमत्य है।

हिन्दी में उत्तर-मैट्रिक अध्ययन के लिए अहिन्दी भाषी राज्यों के छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां

1955-56 में शुरू की गई इस योजना के उद्देश्य,, अहिन्दी भाषी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में हिन्दी के अध्ययन को प्रोत्साहित करना और इन राज्यों/संघशासित क्षेत्रों की सरकारों को प्रशिक्षण तथा अन्य पद जहां हिन्दी का ज्ञान अनिवार्य है, के लिए उपयुक्त कार्मिक उपलब्ध कराना है। वर्ष 1985-86 के दौरान विभिन्न अहिन्दी भाषी राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के प्रशासनों को 2500 छात्रवृत्तियां आवंटित की गई हैं। छात्रवृत्ति

की दरें, जो अध्ययन की अवधि तथा राज्य/संघशासित क्षेत्र जिनमें हिन्दी का अध्ययन किया जा रहा है। निर्भर करती है। 50/- रुपए से 125/- रुपए प्रति माह तक अलग-अलग है।

संस्कृत के अलावा अरबी तथा फारसी जैसी श्रेष्ठ भाषाओं के अध्ययन में लगी पारम्परिक संस्थाओं के छात्रों को अनुसंधान छात्रवृत्तियां

इस योजना के अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष बीस छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। वर्ष 1984-85 में 20 छात्रों को इन छात्रवृत्तियों के लिए चुना गया था ।

ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यमिक स्तर के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां

वर्ष 1984-85 में 33,000 छात्रवृत्तियां आवंटित की गई। इन छात्रवृत्तियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

		छात्रवृत्तियों की कुल संख्या
(क) सामान्य वर्ग	प्रति सामुदायिक विकास खण्ड को तीन छात्रवृत्तियां	15,000
(ख) भूमिहीन श्रमिकों के बच्चे	प्रति सामुदायिक विकास खण्ड को दो छात्रवृत्तियां	10,000
(ग) अनुसूचित जाति के बच्चे	प्रति सामुदायिक विकास खण्ड को एक छात्रवृत्ति तथा प्रति सामुदायिक विकास खण्ड जिनकी अनु.जा. की जनसंख्या 20 प्रतिशत अथवा इससे अधिक हो, को एक अतिरिक्त छात्रवृत्ति।	6,500
(घ) अनु. ज. जा. के बच्चे	प्रति जनजातीय सामुदायिक विकास खण्ड को तीन छात्रवृत्तियां	1,500

योजना, राज्य सरकारों तथा संघशासित क्षेत्र के प्रशासनों के माध्यम से लागू की जा रही है।

सामान्य सांस्कृतिक छात्रवृत्ति योजना

इस योजना के अन्तर्गत, अफ्रीका, एशिया और अन्य देशों के चुनिन्दा राष्ट्रिकों को भारत में उच्च शिक्षा के लिए प्रत्येक वर्ष 180 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। इनका उद्देश्य भारत और विदेशों के बीच मैत्रीपूर्ण सम्बधों को प्रोत्साहित करना और भारत में उच्च शिक्षा के लिए उनके राष्ट्रिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराना है। जबकि अधिकांश छात्रवृत्तियां उन छात्रों के लिए, जिस देश के वे हैं, निर्धारित की जाती हैं, कुछ छात्रवृत्तियां उन छात्रों को दी जाती हैं जो मूलत: भारतीय हों लेकिन विदेशों में रह रहे हों।

अवर-स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति की राशि 600/- रुपए प्रतिमाह है और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 750/- रुपए प्रतिमाह। इसके अतिरिक्त, छात्रों को 500/- रुपए प्रतिमाह ग्रीष्म अवकाश के रूप में दिए जाते हैं। अध्येताओं द्वारा चिकित्सा पर वहन किए गए व्यय तथा अध्ययन दौरों की भी प्रतिपूर्ति की जाती है। जबकि शिक्षा-शुल्क और अन्य अनिवार्य खर्च इस मंत्रालय द्वारा वहन किया जाता है, और छात्रावास तथा मैस का खर्च अध्येताओं द्वारा वहन किया जाता है।

बंगला देश के राष्ट्रिकों के लिए छात्रवृत्तियां/शिक्षावृत्तियां

इस योजना के अन्तर्गत, बंगला-देश के राष्ट्रिकों को प्रत्येक वर्ष 100 छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। चयन, ढाका में स्थित भारतीय उच्चायोग के परामर्श से बंगलादेश सरकार द्वारा किया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत दी जाने वाली छात्रवृत्तियों के दरों में संशोधन किया गया है। इस समय अवर-स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए छात्रवृत्ति की राशि 600/- प्रतिमाह और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए 750/- रुपए प्रतिमाह है। इसके अतिरिक्त

बंगलादेश के छात्रों को इस वर्ष (1984-85) के दौरान संस्कृत और पाली भाषाओं में अध्ययन करने के लिए 10 छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं ।

मारीशस के राष्ट्रिकों को छात्रवृत्तियां

भारत सरकार द्वारा मारीशस के राष्ट्रिकों को दी जाने वाली कुल छात्रवृत्तियों की संख्या को 100 तक बढ़ा दिया गया है। इसमें विभिन्न कार्यक्रमों के अन्तर्गत दी जाने वाली छात्रवृत्तियां भी शामिल हैं। ग्रीष्म कालीन अवकाश, पुस्तक भत्ता तथा संस्थाओं के शिक्षा-शुल्क अनिवार्य प्रभारों के अतिरिक्त तथा उनपर अंतर्राष्ट्रीय आने-जाने की यात्रा के अलावा उत्तर-स्नातक पाठ्यक्रम के लिए छात्रवृत्ति का मूल्य 750 रुपए प्रतिमाह और अवर स्नातक पाठ्यक्रमों के लिए 600 रुपए प्रतिमाह है। चूंकि छात्रवृत्तियों की संख्या में ऐसे समय में वृद्धि कर दी गई है जबकि अधिकांश विश्वविद्यालयों में नामांकन का कार्य पूरा हो चुका है मारीशस के राष्ट्रिकों को ही वर्ष 1985-86 के दौरान अतिरिक्त छात्रवृत्तियां प्रदान की जा सकेंगी।

विदेशों में अध्ययन के लिए छात्रवृत्तियां

वर्ष 1985-86 में छात्रवृत्ति के लिए 50 अध्येताओं को चुना गया है। ये छात्रवृत्तियां, मुद्रण प्रौद्योगिकी, नौ-सेना वास्तुकला में स्नातकोत्तर अध्ययन और कागज-प्रौद्योगिकी तथा डाक्टोरल और मानविकी विज्ञान और प्रौद्योगिकी में उत्तर-डाक्टोरल अध्ययन के लिए प्रदान की जाती हैं। इन छात्रवृत्तियों के लिए केवल वे ही छात्र पात्र होते हैं जिनके अभिभावकों की आय सामान्य मानक छूट को छोड़कर सभी साधनों से 1000/- रुपए प्रतिमाह अथवा इससे कम होती है।

विदेशी सरकारों/संगठनों, संस्थाओं द्वारा प्रदान की गई छात्रवृत्तियां/शिक्षावृत्तियां

मंत्रालय ने, निम्नलिखित देशों के लिए नामजदगियां की हैं :—पोलैण्ड-7, सोवियत संघ-8, जर्मन जनवादी गणराज्य-10, चकोस्लोवाकिया 3, बल्गारिया-4, एफ.आर. डी.-11 डेनमार्क-2, फ्रांस-29, जापान-10, मटसूमे अन्तर्राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां (जापान)-8, होशी विश्वविद्यालय शिक्षावृत्ति (जापान)-4, नीदरलैण्ड-4, आस्ट्रिया-2, स्वीडन-1, स्पेन-2, नार्वे-6, इटली-21, मैक्सिको-4, तुर्की-4, कोरिया-1, संयुक्त राज्य संघ अमेरिका-3, इण्डोनेशिया-2, हंगरी-9, त्रिनिदाद और तोबेगो-2, जमैका-3, हांगकांग-1, न्यूजीलैंड-5, आस्ट्रेलिया-4, जवाहरलाल नेहरू मैमोरियल न्यास (यू.के.)-2, विदेशी और राष्ट्र मण्डलीय छात्रवृत्तियां-6. अगाथा हैरीसन मैमोरियल शिक्षावृत्तियां-1, ब्रिटिश तकनीकी सहयोग-7 ।

यू.के./कनाडा की सरकारों द्वारा प्रदान की गई राष्ट्रमण्डलीय छात्रवृत्तियां और शिक्षावृत्तियां

138 नामजदगियों में से दिसम्बर, 1985 तक 67 छात्रों का अनुमोदन प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रमंडलीय शैक्षिक सहयोग कार्यक्रम

वर्ष 1985-86 के दौरान नाइजीरिया, माल्टा और न्यूजीलैंड से तीन वरिष्ठ शिक्षाविदों को विजिटरशिप के लिए चुना गया है।

आंशिक वित्तीय सहायता योजना

इस योजना के अन्तर्गत विदेशों में अध्ययन के इच्छुक उन भारतीय छात्रों/शिक्षाविदों को ऋण के रूप में 6,000/- रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है, जिन्होंने, अन्य स्रोतों से छात्रवृत्ति/वित्तीय सहायता पहले प्राप्त कर ली है परन्तु उनके पास धन की कमी है। आलोच्य अवधि के दौरान, इस योजना के अन्तर्गत 4 उम्मीदवारों को सहायता दी गई।

ब्रिटिश विजिटरशिप परिषद कार्यक्रम, 1985

ब्रिटिश विजिटरशिप परिषद् कार्यक्रम के अन्तर्गत उनके निर्धारित विशेष क्षेत्र में महत्वपूर्ण विकास के विनिमय के लिए 150 वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और चिकित्सा विशेषज्ञों को लाभान्वित किया गया।

भारत में अध्ययन/प्रशिक्षण के लिए विदेशी छात्रों के लिए छात्रवृत्तियां

आलोच्य वर्ष के दौरान, भारत ने द्विपक्षी सांस्कृतिक विनियम कार्यक्रमों के अन्तर्गत विभिन्न क्षेत्रों में अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित देशों को लगभग 300 छात्रवृत्तियों की पेशकश की :—सेनेगल, फ्रांस, जर्मन संघीय गणराज्य, यू.एस.एस.आर.,

फिलिपाइन्स, बेल्जियम, नार्वे, इराक, मिस्र, अरब गणराज्य, पोलैण्ड, तुर्की, चैकोस्लोवाकिया, मैक्सिको, अफगानिस्तान, यूनान, सोमालिया, इटली, युगोस्लाविया, सीरिया, यमन लोकतांत्रिक गणराज्य, हंगरी, वियतनाम, बुलगारिया, तुनिसिया, क्यूबा, पर्तगाल, मलेशिया, कतार, श्रीलंका, बेहरीन, बर्मा, ईरान, केनया, कोरिया लोकतांत्रिक जन गणराज्य, मारिशस, जापान, अल्जीरिया, यूनाईटेड अरब एमिरेट्स, साइप्रस, सूडान, इथ्योपिया, जोर्डन ।

राष्ट्रमंडलीय छात्रवृत्तियां/ शिक्षावृत्ति योजना/ राष्ट्रमंडलीय शिक्षा योजना

योजना के अन्तर्गत, निम्नलिखित देशों के विभिन्न अध्येताओं को 75 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं अर्थात् आस्ट्रेलिया, बारबोडोस, कनाडा, साइप्रस, बोत्सवाना, फिजी द्वीप, केनया, लेसोथो, मलेशिया, मारिशस, नाइजीरिया, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, साइरेलिओर, सिर्यकेल्लेस, स्वीट्जरलैंड, सेन्ट लूसिया, ग्रेनाडा, डोमिनिका, तंजानिया, टोंगा, नाकरा, मालावी, पापुआ, न्यू गुयाना और पश्चिमी सामोआ, त्रिनिदाद और तोबागो, यूनाइटेड किंगडम, यूगांडा और जाम्बिया को छोड़कर अन्य दक्षिण प्रशान्त महासागर के द्वीप।

डा. अमिलकार काबूल छात्रवृत्ति

अफ्रीकी छात्रों को डा. अमिलकार काबूल छात्रवृत्ति के अन्तर्गत एक छात्रवृत्ति की पेशकश की गई है।

डा. एनूयूरिनबेवन मेमोरियल छात्रवृत्ति

यूनाइटिड किंगडम को डा. एन्यूनिर बेवन स्मारक में फेलोशिप के अन्तर्गत एक छात्रवृत्ति की पेशकश की गई है।

कोलम्बो योजना की तकनीकी सहयोग योजना स्कीम

कोलम्बो योजना के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्नलिखित देशों के अध्येताओं को वित्तीय सहायता देने की पेशकश की गई है : अफगानिस्तान, बर्मा, बंगलादेश, भूटान, फिजी, ईरान, इण्डोनेशिया, लाओस, मलेशिया, मालदीव, नेपाल, फिलीपीन्स, पापुआ, न्यू गुयाना, कोरिया, श्रीलंका, सिंगापुर और थाइलैण्ड ।

विशेष राष्ट्रमंडलीय सहायता योजना

विशेष राष्ट्रमंडलीय अफ्रीकी सहायता योजना के अन्तर्गत विदेशों के अध्येताओं को दी गई सहायता में ये शामिल हैं : बोट्सवाना, जाम्बिया, जिम्बाबवे।

शिल्प अनुदेशकों के प्रशिक्षण के लिए राष्ट्रमंडलीय शिक्षा सहयोग योजना

रोजगार और प्रशिक्षण महानिदेशालय, के नियन्त्रणाधीन विभिन्न संस्थाओं में विभिन्न ट्रेडो अनुदेशकों के प्रशिक्षण के लिए एशिया, अफ्रीका और लेटिन अमेरिका के राष्ट्रमंडलीय देशों के राष्ट्रिकों को एक वर्ष की अवधि के लिए दस विशेष छात्रवृत्तियां देने की पेशकश की गई थी । विशेष छात्रवृत्तियां (बर्सरी) किसी विशेष देश के लिए निर्धारित नहीं की गई है।

अध्याय 8

पुस्तक संवर्धन और कापीराइट

पुस्तकें, शिक्षा का एक अनिवार्य साधन हैं। देश में शिक्षा की सुविधाओं के प्रसार से पुस्तकों की मांगों में कोटि और मात्रा दोनों में बढ़ोतरी हुई है। विभिन्न विषयों पर बहुत बड़ी मात्रा में पुस्तकें प्रकाशित की जानी हैं और इन्हें प्रकाशनों को सस्ते मूल्य पर उपलब्ध कराया जाएगा। पुस्तक संवर्धन के लिए मंत्रालय द्वारा उठाए गए कदम हैं--सस्ते मूल्यों पर अच्छे साहित्य का निर्माण, स्वदेशी लेखन को प्रोत्साहन, भारतीय पुस्तक उद्योग को उसकी समस्याओं का समाधान तथा लोगों में पढ़ने की आदत को लोकप्रिय बनाना। इस सम्बन्ध में संचालित कुछ कार्यक्रमों का संक्षिप्त ब्यौरा निम्नलिखित पैराग्राफों में दिया गया है।

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास की स्थापना, सस्ते मूल्यों पर अच्छी पठन सामग्री प्रकाशित करने और ऐसी सामग्री के प्रकाशन को प्रोत्साहित करने तथा लोगों में पुस्तकों के प्रति अभिरुचि जागृत करने के उद्देश्य से सन् 1957 में एक स्वायत्त संगठन के रूप में की गई थी। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए न्यास, भारतीय भाषाओं तथा अंग्रेजी में अच्छी कोटि की पुस्तकें प्रकाशित कर रहा है। पुस्तकों के प्रति रुचि पैदा करने के लिए पुस्तक-लेखन के विभिन्न पहलुओं पर न्यास राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर पुस्तक मेलों और सेमिनार और संगोष्ठी भी आयोजित करता है। न्यास (भारतीय प्रकाशन उद्योग की ओर से) पुस्तक निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए विदेशों में आयोजित पुस्तक प्रदर्शनियों में भी भाग लेता है। मंत्रालय और न्यास एक दूसरे के निकट सहयोग से कार्य करते हैं। न्यास ने वर्ष के दौरान दो क्षेत्रीय कार्यालय, एक बंगलोर और दूसरा बम्बई में खोला है तथा आठ नये पुस्तक केन्द्र, अमृतसर, बंगलौर, बम्बई, कलकत्ता, हैदराबाद, मैसूर, शान्ति-निकेतन और नई दिल्ली में खोले हैं।

प्रकाशन कार्यक्रम

ऐसी कुछ महत्वपूर्ण पुस्तक मालाएं जिनके अन्तर्गत न्यास द्वारा पुस्तकें प्रकाशित की जा रही हैं :--भारत-भूमि तथा लोग, राष्ट्रीय जीवनियां, यंग इण्डिया लाइब्रेरी, भारत की लोक कथाएं, लोकप्रिय विज्ञान और आज का विश्व। अपनी स्थापना से लेकर 31 मार्च, 1985 तक न्यास ने इन पुस्तक मालाओं के अन्तर्गत 2,920 पुस्तकें (543 अंग्रेजी में तथा 2,377 भारतीय भाषाओं में) प्रकाशित की हैं। 1985-86 के दौरान न्यास ने दिसम्बर के अंत तक 95 पुस्तकें प्रकाशित की हैं।

उपरोक्त पुस्तक मालाओं के अतिरिक्त न्यास के पास राष्ट्रीय एकता की प्रोन्नति के लिए आदान-प्रदान और नेहरू बाल पुस्तकालय नामक दो प्रमुख प्रकाशन कार्यक्रम भी हैं। आदान-प्रदान माला के अंतर्गत, न्यास ने अब तक विभिन्न भाषाओं में 609 पुस्तकें प्रकाशित की हैं और चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 18 प्रक्षिप्त प्रकाशनों में से 10 पुस्तकें प्रकाशित की जाने की संभावना है। नेहरू बाल पुस्तकालय माला के अन्तर्गत 31 दिसम्बर, 1985 तक 1139 पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं। इसके अलावा चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक 15 और पुस्तकें प्रकाशित किए जाने की संभावना है।

पुस्तक मेले

न्यास द्वारा राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय स्तरों पर पुस्तक मेलों तथा पुस्तक समारोहों का भी आयोजन किया जाता है। न्यास ने अब तक भारत के महत्वपूर्ण महानगरों में 12 राष्ट्रीय पुस्तक मेले तथा 102 क्षेत्रीय पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित की है। वर्ष 1985 के दौरान

न्यास ने भुवनेश्वर में पुस्तक समारोहों, पटना में राष्ट्रीय पुस्तक मेले, इलाहाबाद में राष्ट्रीय बाल मेले का आयोजन किया और कलकत्ता और नई दिल्ली में केवल बंगलादेश की पुस्तकों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गई। न्यास ने फरवरी 1986 में नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला भी आयोजित किया।

विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों की सहायता प्राप्त योजना

स्वदेशी लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए भारतीय लेखकों द्वारा लिखी गई विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों की सहायता प्राप्त प्रकाशन की योजना मंत्रालय के पास है ताकि छात्रों को उचित मूल्य पर उपलब्ध करायी जा सकें। यह योजना, राष्ट्रीय न्यास के माध्यम से 1970 से कार्यान्वित की जा रही है। मार्च, 1985 तक सहायता प्राप्त पुस्तकों की कुल संख्या 696 है और अप्रैल–दिसम्बर, 1985 तक 46 और पुस्तकों को सहायता प्रदान की गई। 31 मार्च 1986 तक 30 और पुस्तकों को सहायता दी जाने की आशा है।

इस योजना के क्षेत्र में मूल रूप से अंग्रेजी की ही पुस्तकें शामिल की जाती थीं, उसे बढ़ा दिया गया है ताकि इसमें हिन्दी में विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकें तथा अंग्रेजी और हिन्दी दोनों भाषाओं में पोलिटेक्निक स्तर की तकनीकी पुस्तकें भी शामिल की जा सकें।

विदेशी मूल की विश्वविद्यालय स्तर की सस्ती पुस्तकों का प्रकाशन

भारतीय विश्वविद्यालयों के छात्रों को विदेशी-मूल की मानक पुस्तकें, सस्ते मूल्यों पर उपलब्ध कराने के लिए, मंत्रालय द्वारा यू.के., अमेरिका और सोवियत रूस की सरकारों के सहयोग से तीन द्विपक्षीय कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में शामिल करने के लिए पुस्तकों के नवीनतम संस्करणों पर विचार किया जाता है और उनका मूल्यांकन यह देखने के लिए उपयुक्त विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा किया जाता है कि पुस्तकें भारतीय छात्रों के लिए उपयुक्त हैं अथवा नहीं। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत अब तक लगभग 720 ब्रिटिश, 1620 अमेरिकी तथा 530 रूसी पुस्तकें प्रकाशित की जा चुकी हैं।

राष्ट्रीय पुस्तक विकास परिषद्

वर्ष 1983 में राष्ट्रीय पुस्तक विकास की स्थापना पुस्तक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न प्रकार के हितों के एक प्रतिनिधि निकाय के रूप में की गई। अन्य बातों के साथ-साथ इसके निम्नलिखित उद्देश्य हैं :—(1) देश की समग्र जरूरतों के संदर्भ में पुस्तक उद्योग के विकास के लिए मार्गदर्शी रूप रेखाएं निर्धारित करना। (2) लोगों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देना। (3) लेखन, विशेषकर भारतीय भाषाओं में, को बढ़ावा देना और लेखकों के हितों की सुरक्षा के लिए उपाय सुझाना। (4) राष्ट्रीय पुस्तक नीति का प्रारूप तैयार करना।

परिषद् द्वारा, कागज की कमी और इसकी अनुपलब्धता, पुस्तक उद्योग में उधार लेने की सुविधा के अभाव, पुस्तक आयात नीति, पुस्तक वितरण की समस्या, एक व्यापक पुस्तक नीति की आवश्यकता और लेखक प्रकाशक संबंध में सुधार की आवश्यकताओं के विभिन्न पहलुओं को शामिल करते हुए बड़ी संख्या में सिफारिशें की गई। इन सिफारिशों का कार्यान्वयन शुरू कर दिया गया है।

राष्ट्रीय पुस्तक नीति, जिसमें सभी क्षेत्रीय भाषाओं में पुस्तक प्रकाशन तथा पुस्तक प्रकाशन से अन्तर-सम्बन्धित पहलू भी शामिल हैं, का प्रारूप तैयार करने के लिए मार्च, 1985 में स्थापित एक कार्य दल द्वारा अप्रैल, 1986 तक अपनी रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिये जाने की आशा है।

अन्य पुस्तक प्रसार कार्यक्रम

सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 1985 के दौरान भारतीय एवं रूसी लेखकों के प्रतिनिधिमंडलों ने विचार विनिमय किया। इस अवधि के दौरान भारतीय लेखकों के एक अन्य प्रतिनिधिमंडल ने फ्रांस की यात्रा की।

इण्डो-सोवियत साहित्यिक परियोजना

इण्डो-सोवियत समिति ने दोनों देशों के समकालीन रचनात्मक प्रतियों क प्रकाशित करने के उद्देश्य से एक परियोजना तैयार की, जो 1995 तक भारत औ सोवियत संघ द्वारा 20वीं शताब्दी की साहित्यिक रचनाओं के अनुवादक प्रकाशन करना है।

पुस्तकों का आयात

1985-86 के दौरान, उदार आयात नीति को जारी रखा गया और खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा तकनीकी पुस्तकों और पत्र-पत्रिकाओं समाचार पत्रों तथा भाषाओं के सीखने के लिए रिकार्डों के आयात की अनुमति दी गई। इस सुविधा के साथ यह शर्त है कि एक आयातकर्ता एक पुस्तक की केवल 1000 प्रतिय का आयात ही कर सकता है और यदि किसी एक पुस्तक की एक हजार से अधिक प्रतिय को आयात करने का प्रस्ताव है, तो इस मंत्रालय की अनुमति आवश्यक होगी।

मान्यता प्राप्त संस्थाएं खुली आम लाइसेंस पद्धति के अंतर्गत शैक्षिक प्रकृति की शिक्षण सामग्री, लघु फिल्में और लघु फिशें आयात कर सकती है। जिन पुस्तकों के भारतीय पुनर्मुद्रणों के संस्करण उपलब्ध हैं उन संस्करणों के विदेशी आयात की अनुमति नहीं दी जाती है। भारतीय प्रकाशनों के विदेशी पुनर्मुद्रणों की भी अनुमति नहीं दी जाती है।

जो पुस्तक विक्रेता 3 लाख रुपए या इससे अधिक कीमत की पुस्तकें खरीदते हैं, वे अपनी खरीद के 10 प्रतिशत तक की पुस्तकें आयात करने के लिए आयात लाइसेंस वास्ते आवेदन करने के हकदार हैं। यह खुली लाइसेंस नीति के अंतर्गत आयात से अलग है। इसके अतिरिक्त मान्यता प्राप्त स्कूल, कालेज और पुस्तकालय लाइसेंस योग्य वस्तुएं आयात करने के लिए 25,000/- रु. तक की कीमत के आयात लाइसेंस के लिए आवेदन करने की अनुमति दी गई है।

आयातकर्ता को आयात लाइसेंस प्रस्तुत किए बिना पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं वाले डाक पार्सल छुड़ाने के लिए रियायतें वर्ष 1985-86 के दौरान भी उपलब्ध होती रहीं।

पुस्तक निर्यात प्रोत्साहन कार्यकलाप

भारत विश्व के 10 प्रमुख पुस्तक प्रकाशन देशों में एक है और अंग्रेजी पुस्तकों प्रकाशित करने में इसका तीसरा स्थान है। विदेशों में भारतीय पुस्तकों और अनुवाद/पुनर्मुद्रणों की बिक्री को प्रोत्साहित करने और विदेशों से मुद्रण कार्य प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों में भाग लेकर और भारतीय पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनियां आयोजित करके, पुस्तक बाजार का अध्ययन करके और सहटिप्पण सूची-पत्रों, पुस्तिकाओं इत्यादि के परिचालन के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार करके स्वदेशी पुस्तकों को लोकप्रिय बनाने के वास्ते कदम उठाए जा रहे हैं।

वर्ष 1985-86 के दौरान भारत ने, लन्दन, मनीला, टोरन्टो, कुआलालमपुर, सिंगापुर, फ्रैंकफर्ट, मास्को, बेलग्रेड और सीरिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों/प्रदर्शनियों में भाग लिया। इण्डोनेशिया, त्रिनीदाद और टोबगो, इथोपिया, सूडान, बंगला देश, जर्मनजनवादी गणराज्य, फ्रांस और केन्या में भारतीय पुस्तकों की विशेष प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। वर्ष 1985-86 के दौरान ईरान और वर्मा में पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है।

अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक मेलों/विदेशों में प्रदर्शनियों में भाग लेने के परिणामस्वरूप 1985-86 के दौरान हमारी पुस्तकों का निर्यात जिसमें पत्र-पत्रिकाओं का निर्यात भी शामिल है, लगभग 25 करोड़ रुपए तक का होने का अनुमान है।

राजा राम मोहन राय राष्ट्रीय शैक्षिक स्रोत केन्द्र

राजा राम मोहन राय राष्ट्रीय शैक्षिक स्रोत केन्द्र की स्थापना जुलाई 1972 में की गई थी। यह केन्द्र एक सूचना एवं अनुसंधान केन्द्र के रूप में कार्य करता है और पुस्तकों के आयात के व्यौरों के संबंध में प्रलेखन और सांख्यिकीय विश्लेषण सुविधाएं प्रदान करता है। केन्द्र में एक ही स्थान पर सन् 1965 से विभिन्न विषयों में सभी भारतीय भाषाओं में प्रकाशित विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का एक बहुत बड़ा संग्रह है। केन्द्र, स्वदेशी पुस्तकों का, विश्वविद्यालय स्तर के छात्रों के लिए उनकी उपयोगिता की दृष्टि से तुरन्त मूल्यांकन करता है और विभिन्न भारतीय विश्वविद्यालयों में इन पुस्तकों की प्रदर्शनियां

आयोजित करता है। वर्ष 1985-86 के दौरान, केन्द्र ने जम्मू, सिलीगुड़ी, पटना और कोल्हापुर में ऐसी चार प्रदर्शनियां आयोजित कीं। 31 मार्च 1986 से पूर्व ऐसी दो और प्रदर्शनियां मद्रास और तिरुपति में आयोजित किए जाने का प्रस्ताव है। भारत में अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक गणना प्रणाली को संचालित करने के लिए एक राष्ट्रीय एजेंसी के रूप में माना गया है। इस संबंध में, भारत ने बर्लिन में 9-10 अक्तूबर, 1984 तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय मानक पुस्तक गणना एजेंसी की वार्षिक बैठक में भाग लिया। इस प्रणाली के अंतर्गत 130 भारतीय प्रकाशकों को प्रकाशक मान्यता संख्या प्रदान की गई। केन्द्र विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों की ग्रन्थ-सूचियां तैयार करता है और विश्वविद्यालय स्तर पर स्वदेशी प्रकाशन के प्रयोग और प्रकाशन के विभिन्न पहलुओं का नमूना सर्वेक्षण करता है।

कापीराइट

कापीराइट कार्यालय की स्थापना कापीराइट अधिनियम, 1957 (1957 का 14वां) की धारा 9 के अनुसरण में जनवरी, 1958 में की गई थी। कापीराइट कार्यालय ने 1985 के दौरान 1908 कृतियां पंजीकृत कीं, जिनमें 1739 कलात्मक कृतियां, 169 साहित्यिक कृतियां पंजीकृत की गईं। इसके अतिरिक्त कापीराइट कार्यालय, कापीराइट के रजिस्टर में दर्ज दो कलात्मक कृतियों के कापीराइट के विवरणों में परिवर्तन पंजीकृत किए।

भारत कापीराइट सम्बन्धी 2 अन्तर्राष्ट्रीय अभिसमयों, अर्थात् बर्न अभिसमय (1948) और यूनिवर्सल काणीराइट अभिसमय (1952) का एक सदस्य है। इन दोनों अभिसमयों को 1971 में पेरिस में संशोधित किया गया था जबकि विकासशील देशों को विशेष रियायतें प्रदान की गईं ताकि वे शैक्षिक प्रयोजनों के लिए विदेशी मूल की पुस्तकों के पुनर्मुद्रण/अनुवाद के लिए अनिवार्य लाइसेन्स जारी कर सकें। भारतीय कापीराइट अधिनियम, 1957 को, (क) शैक्षिक प्रयोजनों के लिए आवश्यक विदेशी कृतियों के अनुवाद और निर्माण के लिए अनिवार्य लाइसेन्स प्रदान करने से सम्बन्धित बर्न अभिसमय और यूनिवर्सल कापीराइट अभिसमय के 1971 के पेरिस पाठ के प्रावधान सम्मिलित करने, (ख) लेखकों के अधिकारों को पर्याप्त संरक्षण प्रदान करने और (ग) कापीराइट अधिनियम, 1957 के प्रशासन में पेश आयी प्रशासनिक व अन्य कमियों को दूर करने के विशिष्ट प्रयोजनों से 1983 में संशोधित किया गया। कापीराइट (संशोधन) अधिनियम, 1983, 9 अगस्त, 1984 से लागू हो गया।

कापीराइट अधिनियम में 1984 में और संशोधन किया गया ताकि देश में व्यापक पुस्तक तस्करी की समस्या को रोका जा सके। कापीराइट संशोधन अधिनियम, 1984 अधिनियमित कर दिया गया है और विभिन्न अपराधों के लिए दण्ड को और अधिक बढ़ाकर पुस्तक तस्करी को रोकने के लिए आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। कापीराइट के उल्लंघन के लिए ज्यादा सजा की व्यवस्था की गई है। अर्थात् तीन वर्ष तक की सजा और कम से कम छः महीने की सजा का दण्ड और 2 लाख रु. तक का जुर्माना व कम से कम 50 हजार रुपये का जुर्माना। यह अधिनियम 8 अक्तूबर, 1984 से लागू हो गया।

वर्ष 1985 के दौरान भारत ने निम्नलिखित बैठकों, सेमिनारों में भाग लिया : वाइपो स्थायी समिति की बैठक 4–8 फरवरी तक जैनेवा। कापीराइट द्वारा संरक्षित कृतियों के सम्बन्ध में विकासशील देशों की परामर्शदात्री समिति की कार्य परियोजना की संयुक्त यूनेस्को/वाइपो बैठक 22–26 अप्रैल, पेरिस। वाइपो की बजट समिति की बैठक 8–10 मई, जैनेवा। साहित्य और कलात्मक कार्यों (बर्न यूनियन) के संरक्षण के लिए अन्तरराष्ट्रीय यूनियन की कार्य समिति का असाधारण सत्र और यूनिवर्सल कापीराइट कान्वेन्शन की अन्तर सरकारी समिति का छठा साधारण सत्र 17–25 जून, पेरिस।

वाइपो की शासी निकाय और वाइपो द्वारा प्रशासित यूनियनों का वर्ष 1985 का सत्र 23 सितम्बर से 1 अक्तूबर तक, जैनेवा।

12—759 Deptt. of Edu./85

अगस्त, 1985 में भारतीय कापीराइट विशेषज्ञों के एक, दो सदस्यीय शिष्टमंडल ने कापीराइट के क्षेत्र में अनुभवों के आदान-प्रदान हेतु चीन का दौरा किया।

कापीराइट में प्रशिक्षण सुविधाएं

वाइपो के वार्षिक कापीराइट प्रशिक्षण कार्यक्रम 1985 के अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए मलेशिया और फिलीपीन्स से एक-एक प्रशिक्षार्थी 6 से 17 नवम्बर, 1985 तक भारत में आए। वाइपो प्रशिक्षु कार्यक्रम के अन्तर्गत एक अधिकारी ने स्विटजरलैंड में कापीराइट के प्रशासन और निकटवर्ती अधिकारों में विशेषज्ञ प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लिया और एक अन्य अधिकारी ने बुडापेस्ट में आयोजित कापीराइट और निकटवर्ती अधिकारों में सामान्य प्रारम्भिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और इसके बाद लन्दन में आयोजित व्यावहारिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भाग लिया।

वर्ष 1983 से, वाइपो/यूनेस्को द्वारा विकासशील देशों से भाग लेने वालों के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में भारतीय विशेषज्ञों को सहयोजित किया जा रहा है। वर्ष 1985 के दौरान तीन भारतीय विशेषज्ञों को फिलीपीन्स, चीन और हंगरी में आयोजित प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया था।

राष्ट्रीय लेखक तथा संगीतकार सोसाइटी

मंत्रालय, लेखकों तथा संगीतकारों के कापीराइट सम्बन्धी हितों की सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय लेखक तथा संगीतकार सोसायटी स्थापित करने का भी विचार रखता है। इसके स्थापित हो जाने पर यह सोसाइटी, कापीराइट की हुई कृतियों के सार्वजनिक प्रदर्शन इत्यादि के लिए लाइसेन्स प्रदान करेगी तथा कापीराइट मालिकों के लाभ के लिए प्रयोक्ताओं से रायल्टी भी एकत्र करेगी।

अध्याय–9

भाषाओं की प्रोन्नति

भाषाओं के विकास और प्रोन्नति के लिए शुरू किए गए कार्यक्रमों का व्यापक रूप में नीचे दिए गए अनुसार विभाजन किया जा सकता है :––

–– हिन्दी की प्रोन्नति

–– आधुनिक भारतीय भाषाओं की प्रोन्नति

–– अंग्रेजी और अन्य विदेशी भाषाओं की प्रोन्नति

–– संस्कृत तथा अरबी और फारसी जैसी अन्य श्रेण्य भाषाओं की प्रोन्नति ।

इसके अलावा मंत्रालय निम्नलिखित संस्थाओं और संगठनों का सीधा संचालन करता है, जो मंत्रालय द्वारा स्थापित की गई हैं और भाषाओं के विभिन्न कार्यक्रमों के संचालन से सम्बन्धित हैं :––

–– केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय, नई दिल्ली और कलकत्ता, गोवाहाटी, मद्रास और हैदराबाद स्थित इसके क्षेत्रीय कार्यालय।

–– वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग, नई दिल्ली।

–– केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा और नई दिल्ली, हैदराबाद और गोवाहाटी स्थित इसके केन्द्र।

–– केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर।

–– उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो, नई दिल्ली।

–– केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद।

–– केन्द्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली।

क. हिन्दी की प्रोन्नति

विभाग ने, स्कूलों में हिन्दी अध्यापकों की नियुक्ति के लिए, हिन्दी अध्यापकों के लिए शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना करके, मैट्रिकोत्तर स्तर के बाद हिन्दी अध्ययन के लिए अहिन्दी भाषी राज्यों के छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान करके और हिन्दी के लिए पत्राचार पाठ्यक्रमों का आयोजन करके अहिन्दी भाषी राज्यों में वित्तीय सहायता प्रदान करके हिन्दी पढ़ाने की सुविधाएं प्रदान करना जारी रखा। हिन्दी आशुलिपि और टंकण पढ़ाने के लिए कक्षाएं शुरू करने हेतु स्वैच्छिक संगठनों को अनुदान दिए गए। विभिन्न प्रकार के प्रकाशन निकालने के लिए इन संगठनों को सहायता भी दी गई। एक अन्य कार्यक्रम के अन्तर्गत, शैक्षिक संस्थाओं को 2.00 लाख रुपये तक की लागत की हिन्दी पुस्तकें वितरित की गईं। केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा ने, हिन्दी शिक्षण प्रणाली में अपना प्रशिक्षण पाठ्यक्रम जारी रखा।

केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनागत योजना के अन्तर्गत अहिन्दी भाषी राज्यों को 50-50 के आधार पर तथा संघीय क्षेत्रों में हिन्दी शिक्षकों की नियुक्ति के लिए शत प्रतिशत केन्द्रीय सहायता दी जाती है।

अहिन्दी भाषी राज्यों/संघीय क्षेत्रों में हिन्दी शिक्षकों की नियुक्ति और शैक्षिक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना

अहिन्दी भाषी राज्यों और संघीय क्षेत्रों को हिन्दी शिक्षक प्रशिक्षण कालेजों की स्थापना के लिए 100% केन्द्रीय सहायता दी जाती है। अहिन्दी भाषी राज्यों/संघीय क्षेत्रों में केन्द्रीय सहायता से अब तक 19 प्रशिक्षण कालेज स्थापित किए जा चुके हैं।

स्वैच्छिक हिन्दी संगठनों को वित्तीय सहायता

गत वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय सहायता मांगने वाले संगठनों की संख्या बढ़ गई है। इनमें से कुछेक संगठन महत्वपूर्ण बन गए हैं और एक से ज्यादा राज्यों में एक साथ कार्य कर रहे हैं। जबकि पहले हिन्दी कक्षाओं को चलाने, हिन्दी टंकण तथा आशुलिपि में पाठ्यक्रमों और पुस्तकालयों तथा वाचनालयों की स्थापना के लिए ही अनुदान मांगे जाते थे अब अनेक संगठन शिक्षकों के प्रशिक्षण, हिन्दी पत्रिकाओं के प्रकाशन, हिन्दी परीक्षाओं के संचालन, पुरस्कार रखने तथा हिन्दी में उच्च अनुसंधान के प्रस्ताव लेकर आ रहे हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान लगभग 140 संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय

हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय अनेक कार्यकलापों का संचालन करता है। इसमें अहिन्दी भाषी भारतीयों और विदेशियों को पत्राचार पाठ्यक्रमों के माध्यम से हिन्दी शिक्षण, भारतीय भाषाओं और विदेशी भाषाओं की द्विभाषी और त्रिभाषी शब्दकोषों का निर्माण और वार्तालाप निर्देशिका आदि का निर्माण शामिल है। इस वर्ष के दौरान शुरू किए गए कुछेक महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का संक्षिप्त वर्णन निम्न प्रकार है।

पत्राचार पाठ्यक्रमों के माध्यम से हिन्दी शिक्षण

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के लोगों और विदेशियों को हिन्दी पढ़ाने के लिए 1968 से पत्राचार पाठ्यक्रमों का आयोजन करता चला आ रहा है। जबकि आरंभ में यह पाठ्यक्रम अंग्रेजी माध्यम से प्रदान किए जाते थे। परन्तु हाल ही में इस प्रयोजन के लिए तमिल, मलयालम और बंगला भाषाओं का उपयोग भी किया जाता है। इस वर्ष के दौरान, इन पाठ्यक्रमों में 13,394 छात्र दाखिल किए गए। 2853 छात्रों का अंग्रेजी माध्यम, 5120 का तमिल माध्यम, 366 का मलयालम और 760 का बंगला माध्यम में नामांकन किया गया है। निदेशालय प्रवेश और परिचय पाठ्यक्रमों में शिक्षण प्रदान कर रहा है, जो दो-दो वर्षों की अवधि के हैं। प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ एक-एक वर्ष की अवधि के हैं। अंतिम तीन पाठ्यक्रम सरकारी कर्मचारियों के लिए बने हैं और गृह मंत्रालय द्वारा परीक्षा संचालित की जाती है। वर्ष के दौरान इन पाठ्यक्रमों में 5259 छात्र दाखिल किए गए। केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय ने पूर्वी क्षेत्र में राज्यों और संघ क्षेत्रों के आई.ए.एस. प्रोबेशनरों को पत्राचार माध्यम से हिन्दी पढ़ाने के लिए अक्तूबर, 1984 से एक नया पाठ्यक्रम भी शुरू किया किया है। इन छात्रों के लिए शिक्षण सामग्रियां तैयार की गईं और प्रोबेशनरों के साथ वैयक्तिक संपर्क भी आयोजित किया गया।

इसके पत्राचार पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में, निदेशालय छात्रों को हिन्दी भाषा के उच्चरण और वर्तिनी से परिचित कराने के लिए देश के विभिन्न भागों में वैयक्तिक संपर्क कार्यक्रम आयोजित करता है। शिलांग, मद्रास, कोहिमा, कोचीन, हैदराबाद, बंगलौर, पांडिचेरी, त्रिवेन्द्रम और दुर्गापुर में 9 संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिल छात्रों के लिए शब्दावलियों, व्याकरण पाठ्य सामग्रियां, उत्तर पत्रों और अन्य साहित्य का प्रकाशन किया गया। एक वृहत् समकालित शब्दावली को प्रकाशित किया जाना है। शब्दावली की पाण्डुलिपि तैयार कर ली गई है। छात्रों द्वारा अध्ययनों में अनुभव की जा रही कठिनाइयों का विश्लेषण कर उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं और इस कार्य के लिए फिल्में और हिन्दी अभिलेखों का विकास किया गया है। श्रव्य कैसेट तैयार करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। द्विपक्षीय वार्तालाप गाइड (हिन्दी-अंग्रेजी) का दूसरा संस्करण प्रकाशनाधीन है। नवम्बर, 1985 में आयोजित प्रबोध, प्रवीण और प्राज्ञ परीक्षाओं में अधिक से अधिक 5337 छात्रों ने परीक्षा दी। हिन्दी प्रवेश और परिचय परीक्षाओं में एक हजार सत्तावन छात्रों ने भाग लिया और उनमें से 892 छात्र सफल घोषित किए गए।

विस्तार कार्यक्रम

निदेशालय देश के अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी को लोकप्रिय बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विस्तार कार्यकलापों का संचालन करता करता रहा ताकि हिन्दी और अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के विद्वानों, प्रोफेसरों, छात्रों और अन्य नागरिकों को एक मंच पर लाया जा सके। इन कार्यकलापों में अहिन्दी भाषी क्षेत्रों के अहिन्दी भाषी लेखकों के लिए कार्यशाला, छात्र दौरों, अध्येताओं के लिए यात्रा-अनुदान, अहिन्दी भाषी क्षेत्रों में हिन्दी लेखकों को हिन्दी में साहित्यिक कृति के लिए पुरस्कार प्रदान करना शामिल है। निदेशालय ने भारतीय साहित्य की दो संगोष्ठियों का भी आयोजन किया।

अहिन्दी भाषी क्षेत्रों/राज्यों के हिन्दी लेखकों के लिए कार्यशाला

इस वर्ष के दौरान वारंगल, कालीकट, हैदराबाद, मद्रास और मणिपुर में ऐसी 5 कार्यशालाएं आयोजित की गईं। एक और कार्यशाला कलकत्ता में आयोजित की गई। अहिन्दी भाषी राज्यों से 100 से अधिक लेखकों ने इन कार्यशालाओं में भाग लिया। इन कार्यशालाओं में लेखकों को ड्रामा, कथा साहित्य, एकांकी और उपन्यास आदि के सम्बन्ध में सृजनात्मक लेखन की अद्यतन प्रवृत्तियों का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

दौरा और यात्रा अनुदान

अहिंदी भाषी क्षेत्रों से प्रत्येक में 50 छात्रों के दो दल विश्वविद्यालय और हिन्दी भाषी क्षेत्रों के स्वैच्छिक संगठनों के दौरे पर प्रत्येक वर्ष ले जाए जाते हैं ताकि वे दैनिक जीवन में बोली जाने वाली भाषा के रूप में हिंदी भाषा को समझ सकें और हिंदी साहित्य में अद्यतन प्रयोगों का ज्ञान प्राप्त कर सकें। वर्ष 1985-86 के दौरान दो दौरे आयोजित किए गए।

प्रत्येक यात्रा के लिए 450/- रुपये का यात्रा अनुदान प्रत्येक वर्ष 20 अनुसंधान छात्रों को प्रदान किया जाता है। इस वर्ष भी छात्रों का चयन किया गया है। आठ प्रोफेसरों ने व्याख्यान देने के लिए हिन्दी और अहिन्दी भाषी क्षेत्रों का दौरा किया। अब तक चार प्रोफेसरों ने अपने व्याख्यान दौरे पूरे किए। जो शेष रह गए हैं उनके द्वारा मार्च, 1986 तक पूरा कर लिए जाने की सम्भावना है।

संगोष्ठी

हिन्दी और अहिन्दी भाषी छात्रों के विश्वविद्यालयों में भारतीय साहित्य से सम्बन्धित दो संगोष्ठियों का प्रत्येक वर्ष आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष उदयपुर और उस्मानिया विश्वविद्यालय में दो ऐसी संगोष्ठियों का आयोजन किया गया।

पुरस्कार प्रदान करना

इस योजना के अंतर्गत अहिन्दी भाषी लेखकों को उनके द्वारा हिन्दी में लिखी गई पुस्तकों पर प्रति पुरस्कार वार्षिक 2500/- रुपये के 16 पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इस योजना के अंतर्गत 1983-84 और 1984-85 में अठारह पुरस्कार एक साथ प्रदान किए गए और 1985-86 के लिए 15 लेखकों का चयन किया गया।

प्रकाशन

निदेशालय एक त्रैमासिक पत्रिका "भाषा" और मासिक पत्रिका "यूनेस्को दूत" का प्रकाशन करता है, यूनेस्को दूत, यूनेस्को कूरीयर का हिन्दी रूपान्तर है और यह विश्व की 28 प्रमुख भाषाओं में प्रकाशित होता है। 1985-86 के दौरान भाषा के चार अंक (अर्थात्--मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर) प्रकाशित किए गए जिनमें से मार्च और जून का अंक "रजत जयन्ती" अंक के रूप में संयुक्त अंक प्रकाशित हुआ। यूनेस्को दूत का अंक दिसम्बर, 1985 तक प्रकाशित किया जा चुका है। निदेशालय "वार्षिकी" भी प्रकाशित करता है, जो प्रत्येक वर्ष में लिखे गए साहित्य के विभिन्न विषयों का विस्तृत सर्वेक्षण है। वर्ष के दौरान वार्षिकी 1982-83 प्रेस में है और वार्षिकी 1984 का कार्य चल रहा है।

"भारतीय साहित्य माला" योजना के अन्तर्गत "भारतीय भाषाओं का संक्षिप्त इतिहास", "भारतीय कहानियां और भारतीय निबंध" नाम की पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। "भारतीय कविता" की पाण्डुलिपि छपने के लिए प्रेस में भेज दी गई है। "भारतीय एकांकी" की पाण्डुलिपि तैयार की जा रही है।

पुस्तकों की बिक्री को बढ़ाने के लिए अनेक कार्यकलाप शुरू किए गए जैसे जनसंचार माध्यमों से विज्ञान, शिक्षण संस्थाओं और पुस्तकालयों के साथ वैयक्तिक सम्पर्क और

पुस्तक प्रदर्शनी आदि। हिन्दी पुस्तकों की नौ प्रदर्शनियां आयोजित की गईं जहां निदेशालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकें प्रदर्शित की गईं। वर्ष के दौरान पुस्तकों की कुल बिक्री एक लाख रुपये से अधिक हुई।

निदेशालय अहिन्दी भाषी क्षेत्रों और विदेशों में उपयोगी हिन्दी पुस्तकें और पत्रिकाएं निःशुल्क उपलब्ध कराता है जिसका मुख्य उद्देश्य हिन्दी भाषा और साहित्य पढ़ने और पढ़ाने में रुचि उत्पन्न करना है। 1984-85 के दौरान खरीदी गई पुस्तकें लाभग्राही संस्थाओं को वितरित कर दी गईं और विदेशों में भारतीय दूतावासों को भेजी गईं।

शब्दकोशों का निर्माण

26 द्विभाषीय शब्दकोश में से छः शब्दकोश अर्थात् हिन्दी-गुजराती, हिन्दी-सिंधी, हिन्दी-मराठी, हिन्दी-असमी, हिन्दी-उर्दू और हिन्दी-तमिल प्रकाशित हो चुकी हैं और हिन्दी-तेलगु, हिन्दी-मलयालय और हिन्दी-उड़िया की सामग्री प्रेस में भेज दी गई है और इस वर्ष में प्रकाशित हो जाने की सम्भावना है। त्रिभाषी शब्दकोश जैसे हिन्दी-गुजराती अंग्रेजी (3 खण्डों) प्रकाशित हो चुकी हैं और हिन्दी-तमिल-अंग्रेजी, हिन्दी-कन्नड़-अंग्रेजी और हिन्दी-मलयालय-अंग्रेजी प्रेस में भेज दी गई है। भारतीय भाषाकोश जिसमें हिन्दी शब्दों के पर्यायवाची 13 भारतीय भाषाओं में दिए गए हैं, प्रकाशित किया जा चुका है।

तत्सम शब्दकोश की प्रेस प्रति शीघ्र ही प्रेस भेजी जाने वाली है। भारतीय भाषा परिचय की पाण्डुलिपि तैयार की जा रही है।

केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय हिन्दी और विदेशी भाषा शब्दकोश तैयार करने में लगा हुआ है। गत वर्ष से अब तक जर्मन-हिन्दी शब्दकोश की 2800 प्रविष्टियों को अंतिम रूप दिया गया जिसमें 8000 से अधिक प्रविष्टियों का सम्पादन किया गया। चेक-हिन्दी शब्दकोश की स्वच्छ प्रति देवनागरी लिपि में रूपान्तरित कर ली गई। हिन्दी-चेक वार्तालाप गाईड की पाण्डुलिपि प्रकाशन के लिए तैयार है। हिन्दी-रूसी वार्तालाप गाईड प्रेस के लिए तैयार है और इसके प्रकाशन के लिए रूस पक्ष से सम्पर्क किया जा रहा है। हिन्दी-हंगरी-वार्तालाप गाईड की पाण्डुलिपि तैयार कर ली गई है और हंगरी के विशेषज्ञ इसमें संशोधन कर रहे हैं।

हिन्दी-संयुक्त-राष्ट्रसंघ भाषाओं (अंग्रेजी और रूसी को छोड़कर) जैसे स्पेनी, चीनी, अरबी और फ्रेंच के द्विभाषी शब्दकोश तैयार किये जा रहे हैं। प्रत्येक द्विभाषी शब्द-कोश में लगभग 2500 प्रविष्टियां शामिल होंगी जिसमें हिन्दी शब्दों और राजनीति के मूल शब्द शामिल होंगे। हिन्दी-अरबी शब्दकोश की प्रेस प्रति सरकारी प्रेस, फरीदाबाद भेज दी गई है और हिन्दी-स्पेनी और हिन्दी-चीनी प्रेस प्रति शीघ्र ही प्रेस भेजी जाने वाली है। हिन्दी-फ्रेंच शब्दकोश की प्रेस प्रति शीघ्र ही तैयार हो जाने की संभावना है।

सिन्धी में मानक साहित्य का प्रकाशन

इस योजना का लक्ष्य, जो 1975 में आरम्भ हुई थी, दुर्लभ पुस्तकों, श्रेष्ठ पुरातन पुस्तकों और माध्यमिक और विश्वविद्यालय स्तर की पाठ्यपुस्तकों के पुनर्मुद्रण सहित सिन्धी में मानक साहित्य का प्रकाशन है। इस योजना के अंतर्गत अब तक 20 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उल्लास नगर में जनवरी, 1985 में सिन्धी प्रेस लेखन पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। एक दूसरा सेमिनार, भोपाल में सितम्बर, 1985 में 'सामी' एक महान सिन्धी कवि पर आयोजन किया गया था। दिल्ली में 1985 में एक नव-लेखकों की कार्यशाला का भी आयोजन किया गया था जिसमें चर्चा का विषय सिंधी में परालिपि शास्त्र था। नव-लेखकों की एक कार्यशाला का आयोजन आगरा में फरवरी, 1986 में करने का प्रस्ताव है। पुस्तकों के चयन के लिए सिन्धी पुस्तकों की थोक खरीद की योजना करने के अन्तर्गत पुस्तकों के चयन के लिए अगस्त, 1986 में विशेषज्ञों के पैनल की एक बैठक आयोजित की गई। निःशुल्क वितरण के लिए 20,000/- रुपये तक की सिन्धी पुस्तकों का पाकिस्तान से आयात किए जाने की सम्भावना है।

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग

वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग के निम्नलिखित कार्य हैं : भारतीय भाषाओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली तैयार करना, भारतीय भाषाओं में संदर्भ सामग्री तैयार

करना, भारतीय भाषाओं में उपलब्ध शब्दावली का सर्वेक्षण, समीक्षा और संग्रह करना, और अखिल भारतीय शब्दावली विकसित करना, क्षेत्रीय स्तर पर भाषा निकायों की स्थापना करना और पारिभाषिक शब्दकोषों, शब्दावली और निघंटु तैयार करना और प्रकाशित करना है।

1985-86 के दौरान विभिन्न योजनाओं के कार्यान्वयन में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा की गई प्रगति निम्न प्रकार है :--

विश्वविद्यालय स्तर की पुस्तकों का प्रकाशन

आयोग की देख-रेख में इस योजना के अन्तर्गत हिन्दी और प्रादेशिक भाषाओं में 30 विषयों में अब तक 6675 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं जिसमें लगभग सभी विषय मानविकी, सामाजिक विज्ञान, मूल विज्ञान और प्रयुक्त विज्ञान शामिल हैं। इनमें से 1560 पुस्तकें हिन्दी में विभिन्न ग्रन्थ अकादमियों, विश्वविद्यालयों के सेल और स्वयं तकनीकी और वैज्ञानिक शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित की गई। आयोग तथा विभिन्न हिन्दी ग्रन्थ अकादमियों और विश्वविद्यालय पुस्तक निर्माण एककों द्वारा कृषि औषध और इंजीनियरी से संबंधित अब तक 1700 पुस्तकें हिन्दी में प्रकाशित की गई हैं। वर्ष के दौरान उपर्युक्त विषयों में लगभग 14 पुस्तकें प्रकाशित हुई और कुछ प्रकाशनाधीन हैं। इनमें अनुवाद और मूल लेखन दोनों प्रकार की पुस्तकें शामिल हैं। कृषि, इंजीनियरी, औषध आदि विषयों में पुस्तकों का प्रकाशन मुख्य रूप में आयोग द्वारा किया जाता है।

इस योजना के अन्तर्गत प्रकाशित पुस्तकों की बिक्री कम रही है, आंशिक रूप में इसका कारण यह था कि विश्वविद्यालय स्तर पर शिक्षा के माध्यम के रूप में भारतीय भाषाओं को लागू करने में अपेक्षित प्रगति नहीं की गई। मार्च 1985 के अंत तक जो पुस्तकें नहीं बिकीं उनका मूल्य 647 लाख रुपये था।

पारिभाषिक शब्दकोश

विभिन्न विषयों में शब्दावली तैयार हो जाने के बाद यह आवश्यक हो जाता है कि इनकी परिभाषा के द्वारा व्याख्या की जाए। तदनुसार मूल विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, मानविकी, औषध विज्ञान, फार्मेसी, कृषि और इंजीनियरी की सिविल, यांत्रिक और विद्युत इंजीनियरी शाखाओं आदि विषयों में पारिभाषिक शब्दकोष तैयार करने का कार्य जारी रहा। अब तक विज्ञान में 16 पारिभाषिक शब्दकोष, वनस्पतिशास्त्र, रसायन शास्त्र, भूगर्भ विज्ञान गणित और गृह विज्ञान में प्रत्येक में 12 और प्राणी विज्ञान, भूगोल, भूगर्भ और औषधि प्रत्येक में एक और 10 पारिभाषिक शब्दकोश, सामाजिक विज्ञानों और मानविकी में शिक्षा, अर्थशास्त्र, इक्नोमेट्रिक्स, सामाजिक कार्य, वाणिज्य, मनोविज्ञान, पुरातत्व, सांस्कृतिक, मानव-विज्ञान और इतिहास आदि विषयों में प्रकाशित हुए हैं। कुछ शब्दकोशयों शिक्षा अर्थशास्त्र, सामाजिक कार्य, वाणिज्य, मनोविज्ञान, पुरातत्व, इतिहास और दर्शन, सामाजिक विज्ञान, पुस्तकालय विज्ञान और पाश्चात्य संगीत प्रकाशनाधीन हैं। माडर्न अल्जोब्रा में एक पारिभाषिक शब्दकोश इस वर्ष प्रकाशित होने की संभावना है। परिभाषाओं को अंतिम रूप देने और चर्चा करने के लिए विचार-गोष्ठियों का आयोजन किया गया। विज्ञान और सामाजिक विज्ञानों के मूल पारिभाषिक शब्दकोषों से संबंधित समेकन, समन्वय और समाकलन कार्य चल रहा है।

कापीरहट का अधिग्रहण

ग्रन्थ अकादमियों, आयोग और पुस्तक प्रकाशन बोर्ड द्वारा अनुवाद की जा रही पुस्तकों का कापीराइट प्राप्त करने का कार्य आयोग को सौंपा गया है। अब तक 1580 कापीराइट प्राप्त कर लिए गए हैं। 10 पुस्तकों के संबंध में कापीराइट के नवीकरण में संबंधित कार्य पूरा कर लिया गया है। आलोच्य वर्ष के दौरान 7 विदेशी प्रकाशनों का कापीराइट प्राप्त कर लिया गया है।

शब्दावली

अब शिष्ट शब्दावली के संदर्भ में पशु चिकित्सा विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रबंध में हिन्दी के समानार्थक शब्दों का निर्माण किया गया। पिछले वर्ष अंतरिक्ष विज्ञान शब्द-

कोश प्रकाशित किया गया था। पशु चिकित्सा विज्ञान और प्रबंध से संबंधित कार्य किया जा रहा है।

विभागीय शब्दावली

विभागीय शब्दावली के कार्य में भी प्रगति हो रही है। वर्ष के दौरान आयोग ने संबंधित मंत्रालयों/विभागों के साथ अनेक बैठकें आयोजित कीं और विभिन्न शब्दावलियों को अंतिम रूप दिया। समेकित प्रशासनिक शब्दावली की नई और संशोधित संस्करण तैयार किया जा रहा है। हिन्दी भाषी राज्यों के निदेशकों, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो और राजभाषा विभाग के साथ आयोग द्वारा विभिन्न शब्दावलियों के समन्वय के लिए बैठकें आयोजित की गईं। एक समेकित बैंकिंग शब्दावली विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंकों, भारतीय रिजर्व बैंक, राजभाषा (विधायी) के परामर्श से तैयार की जा रही है।

शब्दावली का समन्वय और सरलीकरण

हिन्दी के संपूर्ण तकनीकी शब्दों, जो अब तक विकसित और प्रकाशित हो चुके हैं, के सरलीकरण और समन्वय का कार्य बैठकों और सेमिनारों के माध्यम से किया जा रहा है। जैड अक्षर तक संपूर्ण शब्दावली का समन्वय और सरलीकरण करने का कार्य पूरा कर लिया गया है। विषयवार-विभिन्न शब्दकोष/शब्दावलियों का संशोधित संस्करण प्रकाशित किया जाएगा।

हिन्दी-अंग्रेजी शब्दावली

अंग्रेजी के हिन्दी समतुल्य शब्दों के प्रकाशनों का उपयोग बढ़ जाने के साथ-साथ हिन्दी-अंग्रेजी शब्दावलियां भी तैयार करना जरूरी समझा गया। मूल विज्ञानों से संबंधित इस प्रकार की एक हिन्दी-अंग्रेजी शब्दावली पहले प्रकाशित हुई थी और मानविकी और सामाजिक विज्ञान से संबंधित दूसरी हिन्दी-अंग्रेजी शब्दावली वर्ष के दौरान प्रकाशित की गई। इस क्रम में तीसरी हिन्दी-अंग्रेजी शब्दावली प्रयुक्त विज्ञान में तैयार की जा रही है।

डायजेस्ट/पाठ/मोनोग्राफ

निम्नलिखित विषयों में डायजेस्ट/पाठों/मोनोग्राफों का प्रकाशन किया गया है प्राणि विज्ञान, भूगर्भ विज्ञान, गृह-विज्ञान, भौतिकी, वनस्पति शास्त्र (3 अंक), मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र (4 अंक), वाणिज्य-I, शिक्षा-I, तकनिशियनों के लिए डायजेस्ट (4 अंक), शारीरिक मानव-विज्ञान, शारीरिक विज्ञान, जीव-विज्ञान (2 अंक), भू-विज्ञान और राजनीति विज्ञान।

दक्षिणी और अन्य राज्यों में आम उपयोग में चिकित्सा शब्दावली व मुहावरों का उपयोग

दक्षिण भारतीय और अन्य राज्यों की भाषाओं में आम उपयोग में चिकत्सा शब्दावली और मुहावरों के समाकलन से संबंधित कार्य पिछले वर्ष के दौरान तेलगू, कन्ड़ और मराठी में शुरू किया गया। इस वर्ष मलयालम और तमिल के लिए क्रमशः त्रिवेन्द्रम और मद्रास में दो बैठकें आयोजित हुईं।

अखिल भारतीय शब्दावली

आयोग ने विभिन्न भारतीय भाषाओं में शब्दावलियों के समाकलन से संबंधित कार्य भी आरम्भ किया है और समान हिन्दी शब्दावलियों के साथ उनकी तुलना और एक राष्ट्रीय शब्दावली विकसित करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर उनके उपयोग के लिए समन्वय का कार्य आरम्भ किया है। इस सन्दर्भ में 6 पाण्डुलिपियां प्रैस में हैं और 3 अन्य पाण्डुलिपियां मुद्रण के लिए भेजने हेतु तैयार हैं।

केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, आगरा

केन्द्रीय हिन्दी शिक्षण मंडल, शिक्षा विभाग, भारत सरकार द्वारा 1961 में स्थापित एक स्वायत्त निकाय संविधान के अनुच्छेद 361 में दिए गए निर्देशों को आगे बढ़ाने में हिन्दी के विकास और प्रचार-प्रसार के लिए शैक्षणिक और अनुसंधान कार्यक्रम आयोजित करने के लिए केन्द्रीय हिन्दी संस्थान (सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट आफ हिन्दी) का संचालन करता है। भारत और विदेश में विभिन्न कार्यात्मक उद्देश्यों के लिए विभिन्न वर्गों को हिन्दी शिक्षण के लिए, हिन्दी शिक्षक-प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रयुक्त हिन्दी भाषा विज्ञान और अनुवाद में उच्च डिप्लोमा, हिन्दी भाषा के मनो-भाषा विज्ञान और समाज-भाषा विज्ञान संबंधी पहलुओं में अनुसंधान, अनुदेशात्मक सामग्रियों का निर्माण, हिन्दी के महत्व पर अखिल भारतीय संचार माध्यम के रूप में प्रकाश डालते हुए भाषा सम्बन्धी सर्वेक्षण संचालित करता है और हिन्दी भाषा की आयोजना और विकास संबंधित राज्य और केन्द्र सरकार की एजेन्सियों को सहयोग और परामर्श देता है।

देश में हिन्दी शिक्षण प्रशिक्षण के सुधार में कार्यरत यह संस्थान प्रयुक्त हिन्दी-भाषाशास्त्र में अनुसंधान और विस्तार कार्य के लिए, हिन्दी और भारतीय भाषाओं आदि के तुलनात्मक और रचनात्मक अध्ययन के लिए एक संयुक्त निकाय है।

शिक्षण और प्रशिक्षण

वर्ष के दौरान संस्थान ने विभिन्न प्रकार के 18 पाठ्यक्रमों का संचालन किया। प्रशिक्षण के लिए अल्पकालीन पाठ्यक्रम सहित और व्याख्यानों का अनुपालन तथा विश्वविद्यालयों, कालेजों और स्कूल स्तर के अध्यापकों, 26 विभिन्न देशों से छात्रों और अनुसंधान अध्येताओं के लिए हिन्दी भाषा और साहित्य में प्राथमिक स्तर से अनुसंधान स्तर तक के पाठ्यक्रमों, केन्द्रीय सरकार और सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के कार्मिकों के लिए कार्यात्मक हिन्दी पाठ्यक्रमों, प्रयुक्त हिन्दी भाषा विज्ञान और अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा का संचालन करता है। यह अहिन्दी भाषी राज्यों के हिन्दी अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए बी. एड. स्तर के पत्राचार पाठ्यक्रम का भी संचालन करता है। नियमित परियोजनाओं में सेवाकालीन पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित शिक्षकों की संख्या 283 थी, पत्राचार पाठ्यक्रमों में 436, और अल्पकालीन अनुस्थापन पाठ्यक्रमों में यह संख्या 950 थी।

सामग्री निर्माण अनुसंधान और सर्वेक्षण

उत्तर-पूर्वी राज्यों में हिन्दी शिक्षण के स्तर से संबंधित सर्वेक्षण के अंतर्गत एकत्र किए गए आंकड़ों का मूल्यांकन किया गया और इस वर्ष रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया गया। पूरक पाठों के निर्माण से संबंधित कार्य और राज्यों में बड़े पैमाने पर जनजातीय जनसंख्या वाले राज्यों में स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए समृद्ध सामग्री निर्माण करने का कार्य शुरू किया गया।

औद्योगिक संस्थाओं में अखिल भारतीय संचार माध्यम के रूप में हिन्दी के कार्य और उसकी भूमिका से संबंधित सर्वेक्षण कार्य, जो पिछले वर्ष राउरकेला और बोकारो इस्पात कारखानों में संचालित किया गया था, उसे आगे बढ़ाया गया ताकि मोरमुगाओ, वेस्को, पौण्डा, बंगलौर, मैसूर और विशाखापट्टनम् में ऐसे संगठनों को भी शामिल किया जा सके। बोकारो और राउरकेला से प्रश्नावली के कोड बनाने का कार्य पूरा किया गया और आंकड़ों का संगणकीय विश्लेषण तैयार किया जा रहा है।

वैज्ञानिक हिन्दी रजिस्टर से सम्बन्धित रिपोर्ट को अन्तिम रूप दिया जा रहा है और उद्योग और वाणिज्य (वाणिज्यिक हिन्दी) में उपयोग में लाए जाने के लिए हिन्दी रजिस्टर के स्वरूप और विशेषताओं का निर्धारण आरम्भ किया गया है।

विदेशी-भाषा के रूप में हिन्दी शिक्षण के लिए अनुदेशात्मक सामग्री के निर्माण से सम्बन्धित कार्य पिछले वर्ष आरम्भ किए गए कार्य को आगे बढ़ाया गया। आधार पाठों, साहित्य में रिडिंग्स और अगले शिक्षण स्तर के लिए हिन्दी रचना संहिता तैयार की गई तथा संस्थान के दिल्ली केन्द्र में सामग्री प्रयोग की जा रही है।

भाषा प्रयोगशाला और श्रव्य-दृश्य एकक

मणिपुरी बोलनेवालों को हिन्दी उच्चारण सीखने के लिए, मणिपुरी और हिन्दी आवाज प्रणाली की निर्माण ढांचे को ध्यान में रखते हुए पाठ तैयार कर लिया गया है। हिन्दी पढ़ने और अभ्यास के लिए नागालैन्ड और मिजोराम के स्कूली बच्चों को पढ़ाने के लिए कैसेट किटों को तैयार करने का कार्य शुरू किया गया है।

भारत सरकार के "कवा" कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान ने माइक्रो-संगणक के दो सैट प्राप्त किए हैं। इसे संस्थान के आगरा मुख्यालय और दिल्ली में स्थापित किया गया है। अनुदेशात्मक सामग्री के निर्माण और अहिन्दी भाषियों के लिए संगणक की सहायता से हिन्दी अनुदेश के पैकेज तैयार करने के लिए अपेक्षित आधार ढांचा तैयार किया जा रहा है। संस्थान के कुछ संकाय सदस्यों को संगणक के उपायोग में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

प्रकाशन

रिपोर्ट अवधि के दौरान संस्थान ने 10 पुस्तकें, गवेषणा के 3 अंक और न्यूज बुलेटिन के 6 अंक प्रकाशित किए। कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या लगभग 2800 थी।

जनजातीय क्षेत्रों में स्कूलों को हिन्दी पुस्तकों का वितरण

राष्ट्रीय विषयों से संबंधित विषयों पर प्रकाश डालते हुए कुल 80 हिन्दी पुस्तकें (प्रत्येक 300 प्रतियां) नागालैंड, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, अंडमान और निको-

बार प्रशासन, सिक्किम, लद्दाख, राजस्थान और उड़ीसा स्थित जनजाति क्षेत्रों के स्कूलों को वितरित की गई हैं। वितरित की गई पुस्तकों की कुल लागत 1 लाख रुपये थी।

अखिल भारतीय प्रतियोगिताएं

रिपोर्ट अवधि के दौरान संस्थान द्वारा सेवारत हिन्दी शिक्षकों के लिए एक अखिल भारतीय हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता और दो हिन्दी वाग्मिता प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

सेमिनार, कार्यशालाओं और विस्तार व्याख्यान

संस्थान ने 6 सेमिनार और कार्यशाला तथा विस्तार व्याख्यानों की तीन श्रृंखलाओं का संचालन किया। सेमिनार-हिन्दी शिक्षण पर संचालित किए गए अन्तर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य (सितम्बर, 1985), भारतीय भाषाओं का तुलनात्मक अध्ययन (फरवरी, 1986) और भारतेन्दु हरिश्चन्द्र शताब्दी सेमिनार (1985)। स्कूल स्तर पर हिन्दी शिक्षण के लिए श्रेणीबद्ध पाठ्यक्रम तैयार करने से सम्बन्धित तीन कार्यशाला (1985 अगस्त), प्रयुक्त भाषा-विज्ञान अनुसंधान (जुलाई, 1985) पर नया प्रतिबल, और हिन्दी के राजभाषा के रूप में शिक्षण से सम्बन्धित (फरवरी, 1986) हिन्दी अधिकारियों (अनुवादकों) के सेमिनार आयोजित किये गये।

हिन्दी साहित्य की श्रृंखला में विस्तार व्याख्यान प्रो. के. एम. लोधा, प्रो. और विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, कलकत्ता विश्वविद्यालय सुदूर शिक्षा और भाषा शिक्षण पर प्रो. ओ. एस. दवेल, केन्द्रीय शिक्षा प्रौद्योगिकी संस्थान, रा. शै. अनु. व प्र. पी., नई दिल्ली और बहुभाषावाद और भाषा सम्प्रेषण पर प्रो. डी. पी. पटनायक, निदेशक, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर द्वारा दिए गए।

पुस्तकालय

संस्थान ने अपने पुस्तकालय के लिए लगभग 4500 नई पुस्तकें और खरीदीं जिसकी वजह से कुल संग्रह बढ़कर 41,650 हो गया। संस्थान लगभग 110 विदेशी और भारतीय पत्र-पत्रिकाएं तथा अनेक पत्रिकाएं और समाचार पत्रों का ग्राहक है।

विदेशों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार

विदेशी में हिन्दी के प्रचार-प्रसार की योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय हिन्दी संस्थान, नई दिल्ली, में हिन्दी पढ़ने के लिए विदेशों के राष्ट्रिकों को प्रत्येक वर्ष 50 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं। 1985-86 के दौरान 38 छात्रों को छात्रवृत्तियां प्रदान की गई और संस्थान में दाखिला दिया गया। 9 छात्रों को अपने खर्च के आधार पर प्रवेश दिया गया। छात्रवृत्ति धारक को 650/- रुपये प्रति माह मिलता है और उसे अपने देश से दिल्ली और वापसी का वायुयान भाड़ा प्रदान किया जाता है।

मंत्रालय ने सूरीनाम, गयाना और त्रिनीदाद में 3 हिन्दी शिक्षकों, काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के पुस्तकालय में एक पूर्णकालीन पुस्तकालयाध्यक्ष और श्रीलंका में 2 अंशकालिक हिन्दी शिक्षकों को जारी रखा। हमारे विदेश स्थित दूतावासों/मिशनों को लगभग 2 लाख मूल्य की हिन्दी पुस्तकें दी जाती हैं।

ख. आधुनिक भारतीय भाषाओं की प्रोन्नति केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर

केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर, आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास के लिए प्रशिक्षण, अनुसंधान विकास और विस्तार कार्य संचालित करता है। यह अपने क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से भाषा शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण प्रदान करता है। यह जनजातीय भाषाओं के सर्वेक्षण में भी अनुसंधान कार्य में लगा हुआ है।

जनजातीय भाषाएं

जनजातीय और सीमावर्ती भाषाओं में मिश्मी व्याकरण, मिशमी स्वर-पाठ, आओ-अंग्रेजी शब्दकोश और कार-निकोवारी प्राईमर प्रकाशित किए गए। माओ व्याकरण और 11 स्तर के डूंगर वाली में प्राईमर, डावर वाली, जेनु कुरूबा और कार निकोवारी पूरे कर लिए गए। डोर्ली, बिस्न हार्न, मादिया, मूजीज, गुटोह और कार निकोबारी का व्याकरण तथा बिसन हार्न मीडिया के शब्दकोश इस वर्ष के अन्त तक पूरे हो जाने की आशा है।

वार्ली और जेनू कुरूबा में द्विवभाषायी प्राईमर राजस्थान, दादर व नगर हवेली और कर्नाटक में तैयार किया गया तथा द्विवभाषायी शिक्षा कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया। इन राज्यों और संघशासित क्षेत्रों के शिक्षा विभाग के अधिकारियों और रा. शै. अनु. प्र. परि. की बैठक कार्य की समीक्षा करने तथा भावी प्रयोग के लिए योजना बनाने के लिए बुलाई गई ।

अरूणाचल प्रदेश के भाषा अधिकारियों को क्षेत्र भाषा-विज्ञान में प्रशिक्षित किया गया । नागालैंड सरकार के नए पाठ्यक्रम के अनुसार 16 नागा भाषाओं में प्राईमरों का संशोधन किया जाएगा । मणिपुरी में भाषा पाठ्य-पुस्तकों के मूल्यांकन के लिए संस्थान अपनी विशेषज्ञता प्रदान करता है। यह त्रिपुरा में कोक बेरोक के भाषा-शिक्षकों को भी प्रशिक्षित करेगा ।

जनजातीय भाषाओं में शब्द निर्माण से सम्बन्धित एक सेमिनार, भारतीय भाषाओं में आम स्वर सम्बन्धी-विशेषताओं पर एक कार्यशाला, भारतीय भाषाओं में आम शब्दों पर एक सेमिनार आयोजित किए गए । भारतीय भाषाओं में आम शब्दों पर एक शब्दकोश का निर्माण शुरू किया जाएगा ।

एक स्वर विज्ञान प्रयोगशाला स्थापित की गई और स्वर-विज्ञान सम्बन्धी माओं और अपतानी समस्याओं का मूल्यांकन किया गया । प्रायोगिक स्वर-विज्ञान में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया । आवाज माडूकेशन से सम्बन्धित एक कार्यशाला और कार्य-वाचक नामों को उच्चारण शब्दकोश से सम्बन्धित कार्यशाला क्षेत्रीय स्वर पर आयोजित की गई।

माध्यम/ प्रौद्योगिकी सहायता

एक संगणक प्रयोगशाला स्थापित की गई और इप्सन माईक्रो संगणक और दो बी. बी. सी. कम्प्यूटर स्थापित किये गए । संस्थान के कर्मचारी बेसिक प्रोग्रामिंग में प्रशिक्षित किए गए । तमिल और कन्नड़ शिक्षण में नमूना साफ्टवेयर तैयार किया गया। संस्थान की शैक्षणिकपरियोजनाओं के अनुश्रवण और पुस्तकालयों में पुस्तक संग्रह करने के लिए कार्यक्रम तैयार किए जाएंगे ।

4. भाषाओं में कैसेट पाठ्यक्रम पूरे किए गए और शिक्षा मंत्रालय द्वारा उनका विमाचन किया गया । भारतीय लिपि से सम्बन्धित एक विडीयो कार्यक्रम इस वर्ष के अन्त तक पूरा किया जाएगा ।

प्रकाशन

साक्षरता मानचित्र को 1981 के आंकड़ों के अनुसार संशोधित किया जाएगा और जनजातीय भाषा एटलस को पूरा किया जाएगा। मलयालय में माडल मातृभाषा रीडर कक्षा-1 तैयार किया गया और 27 स्कूलों में प्रायोजिक तौर पर उसे उपयोग में लाया गया। इस भाषा में स्तर-।। की पुस्तक इस वर्ष के अन्त तक तैयार की जाएगी। तमिल, बंगाली और तेलुगू में कक्षा-1 की पाठ्य-पुस्तक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के स्कूलों के लिए तैयार की गई। इन भाषाओं में स्तर-2 की पुस्तकें इस वर्ष के अन्त तक तैयार की जाएगी। कन्नड में प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए हैंडबुक, भाषायी अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों के शिक्षकों के लिए तमिल और कन्नड़ में पुस्तकें तैयार की जाएगी। कर्नाटक सरकार के सर्वेक्षण और सैटिलमैन्ट अधिकारियों के लिए एक विशिष्ट उद्देश्यपूर्ण पाठ्यक्रम और तमिलनाडु के आई. ए. एस. तथा आई. पी. एस. प्रोबेशनरों के लिए तमिल में पाठ्यक्रम तैयार किए गए। सात भाषाओं में चित्रमय शब्दावलियां उड़िया और उर्दू सहित प्रकाशित की जाएगी ।

संस्थान ने तमिलनाडु सरकार के लिए ओपन स्कूल कार्यक्रम द्वारा तमिल शिक्षण के लिए एक पाठ्यचर्या तैयार की है। कक्षा-1 और 2 के शिक्षकों के लिए तमिल में रेडियो-सह-पत्राचार पाठ्यक्रम की सामग्री पूरी की गई।

हिन्दी राज्यों और पूर्वी राज्यों के सम्बन्धित दो अंकों के बाद अखिल भारतीय भाषाएं जैसे संस्कृत और उर्दू सहित भाषायी अनुसंधान की बिबलोग्राफी का दूसरा अंक पूरा किया गया। भारतीय भाषाओं पर संगणकीकृत आंकड़ों के विकास के लिए और पुस्तकालय सेवाओं का

स्वचालित करने के लिए योजना तैयार हेतु प्रलेखन से सम्बन्धित एक संगोष्ठी आयोजित की जानी है। दिसम्बर, 1985 तक 12 नई प्रकाशनें प्रकाशित की गई और इस वर्ष के अन्त तक 8 और प्रकाशन प्रकाशित किए जाएंगे ।

प्रशिक्षण

कर्नाटक सरकार के अनुदान से संस्थान ने कर्नाटक सरकार के उन कार्मिकों के लिए, जो कन्नड़ नहीं जानते हैं, कन्नड़ में एक मिश्रित पत्राचार पाठ्यक्रम का कार्यक्रम आरंभ किया है। इस पाठ्यक्रम के लिए लगभग 1000 नए कार्मिकों को पंजीकृत किया गया है। उपरोक्त हस्तपुस्तिकाओं और प्राइमरों की तैयारी के लिए जो प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाता है के एक भाग के रूप में कन्नड़ के प्राथमिक स्कूल शिक्षकों, कर्नाटक और तमिलनाडु में भाषाई अल्पसंख्यकों के बच्चों के शिक्षकों तथा प्रायोगिक विद्यालयों के शिक्षकों के लिए जो माडल मातृभाषा रीडरों को इस्तेमाल करते हैं संस्थान द्वारा विकसित नए तरीकों और सामग्रियों का प्रशिक्षण दिया गया।

अनुसंधान और सर्वेक्षण

तमिलनाडु में शैक्षिक उपलब्धि में शिक्षा के माध्यम के प्रभाव से संबंधित एक अध्ययन और हिन्दी भाषी राज्यों के अनुसूचित जातियों के बच्चों पर भाषा के बोझ का अध्ययन पूरा किया गया।

भाषाई अनुसंधान की एक ग्रंथ सूची पूरी की गई और एक भाषा मूल्यांकन तथा जांच संबंधी ग्रंथ सूची पर इस वर्ष के अंत तक पूरी हो जाएगी।

लगभग 10 भाषाओं में मानकीकृत भाषा-दक्षता जांच तैयार करने के विचार से एक कार्यशाला आयोजित की गई। भाषाई अनुसंधान के लिए गणित की एक पुस्तक तैयार की गई।

मारवाडी लोकगीत का एक अध्ययन पूरा किया गया। लोकगीत में दो प्रशिक्षण कार्यशाला मैसूर और असम में आयोजित की गई। बंगलौर में उद्योग में भाषा के प्रयोग का अध्ययन और मैसूर में भाषान्तरण और भाषा दृष्टिकोण से संबंधित अध्ययन पूरा किया गया। मणिपुर में भाषा प्रयोग का सर्वेक्षण शुरू किया जाएगा।

क्षेत्रीय भाषा केन्द्र

6 क्षेत्रीय केन्द्रों, मैसूर, भुवनेश्वर, पुणे, पटियाला, सोलन और लखनऊ में 449 प्रशिक्षणार्थियों को 13 भाषाओं में प्रशिक्षण के लिए प्रवेश दिया गया है।

केन्द्र ने एक तृतीय भाषा के रूप में पढ़ने वाले छात्रों तथा भारतीय भाषा के लिए शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों के वास्ते 10 पुनश्चर्या पाठ्यक्रम तथा 7 राष्ट्रीय एकता और भाषा पर्यावरण शिविर आयोजित किए। महाराष्ट्र तथा असम में दो संपर्क कार्यक्रम तथा उड़ीसा में एक मूल्यांकन व परामर्शी कार्यक्रम आयोजित किया गया।

दक्षिणी प्रादेशिक भाषा केन्द्र, मैसूर द्वारा दूसरी भाषा शिक्षण में वर्तमान धारा से सम्बन्धित एक सेमिनार और पूर्वी प्रादेशिक भाषा केन्द्र द्वारा असमी, बंगाली और उड़ीसा तथा नैपाली के तुलनात्मक अध्ययन से सम्बन्धित सेमिनार आयोजित किया गया। अनुवाद से सम्बन्धित, विशिष्ट लेक्सिकन तथा शिक्षण में भाषा से सम्बन्धित एक सेमिनार इस वर्ष के दौरान आयोजित किए जाएंगे।

उर्दू तरक्की ब्यूरो

उर्दू भाषा और साहित्य की प्रोन्नति के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय, तत्कालीन शिक्षा मंत्रालय के रूप में एक तरक्की-ए-उर्दू बोर्ड का गठन 1969 में किया था जिसके अध्यक्ष शिक्षा मंत्री थे। बोर्ड का मुख्य कार्य उर्दू में शैक्षणिक साहित्य के निर्माण से सम्बन्धित सरकार को परामर्श देना है। उर्दू-प्रोन्नति ब्यूरो जो बोर्ड के सचिवालय के रूप में कार्य करता है, की स्थापना 1975 में की गई थी। बोर्ड, तरक्की-ए-उर्दू बोर्ड द्वारा तैयार सिफारिशें, कार्यक्रमों और नीतियों को कार्यान्वित करता है।

पुस्तकों का निर्माण

उर्दू-प्रोन्नति ब्यूरो उर्दू में शैक्षणिक साहित्यों के प्रकाशन में संलग्न है। बोर्ड का मुख्य लक्ष्य छात्रों के सामान्य पाठकों और सभी विषयों में अध्ययन के लाभ प्रदान करने के अतिरिक्त देश में उर्दू भाषा की चहुंमुखी विकास के लिए सार्थक प्रयास करना है। 17

विषय पैनलों का पुनर्गठन किया गया है, जो प्रकाशन कार्यक्रम के लिए उर्दू की प्रोन्नति के लिए ब्यूरो को परामर्श देता है। देश के सभी भागों से प्रख्यात अध्येता इन पैनलों में शामिल हैं। ब्यूरो ने विभिन्न विषयों में अब तक 520 पुस्तकें प्रकाशित की हैं, जिसमें पुर्नमुद्रण और रा.शै.अनु.प्र.परि. आदि के लिए प्रकाशित पुस्तकें शामिल हैं। फिलहाल ब्यूरो 500 से अधिक पुस्तकों को तैयार करने में लगा हुआ है।

तकनीकी शब्दावली

ब्यूरो विभिन्न विषयों में तकनीकी शब्दों को गढ़ने और अन्तिम रूप देने में भी लगा हुआ है। प्रारम्भ में विशेषज्ञों के साथ 18 शब्दावली समितियां गठित की गई थी। ब्यूरो ने अर्थशास्त्र, रसायन मानव विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति शास्त्र और राजनीति विज्ञान की शब्दावलियां प्रकाशित की हैं। भाषा-विज्ञान की तकनीकी शब्दों की शब्दावली मुद्रण के लिए प्रेस में भेज दी गई हैं। अन्य विषयों में शब्दावली को अन्तिम रूप देने का कार्य प्रगति पर है। हाल ही में, कृषि, समाजशास्त्र, पत्रकारिता और जनसंचार, इंजीनियरी और प्रौद्योगिकी की शब्दावली समितियां गठित की गई हैं।

उर्दू विश्वकोश

12 अंकों में उर्दू विश्वकोश तैयार करने से सम्बन्धित कार्य जिसे 1973 में शुरू किया गया था, 1981 में पूरा कर लिया गया। इस विश्वकोश में 4 आरंभिक खण्ड होंगे जिन्हें प्रमुख अनुच्छेद शामिल होगा और इसके छोटी प्रविष्टियों और संदर्भों आदि के 8 अन्य अंक होंगे। पहला अंक इस वर्ष के दौरान प्रैस को सौंप दिया जाएगा।

शब्दकोश

निम्नलिखित शब्दकोशों में प्रगति नीचे दर्शायी गई है :—

(क) अंग्रेजी-उर्दू शब्दकोश 5 अंकों में प्रकाशनाधीन है।

(ख) उर्दू-उर्दू शब्दकोश पांच अंकों में संकलित की जा रही है। एक अंक मुद्रण के लिए तैयार है।

(ग) उर्दू-अंग्रेजी शब्दकोश 5 अंकों में संकलित की जा रही है।

(घ) उर्दू-उर्दू छात्र शब्दकोश जिसमें 42,000 प्रविष्टियां हैं, प्रैस को भेजी जा रही हैं।

(ङ) उर्दू पुस्तकों की ग्रंथ सूची :

भारत में मुद्रणालय के आरम्भ होने से ही उर्दू पुस्तकों की व्यापक ग्रंथ सूची के संकलित करने का कार्य आरम्भ किया गया है। ज्ञान के विभिन्न शाखाओं से सम्बन्धित 1947 तक मुद्रित उर्दू की पुस्तकें इस ग्रंथ सूची में शामिल होंगी। इस परियोजना से सम्बन्धित कार्य 6 केन्द्रों में आरम्भ किया जा रहा है, जिसमें से यह कार्य अलीगढ़ मौलाना आजाद पुस्तकालय में चल रहा है और 16,000 कार्डों को समाकलित किया गया है, वार्षिक ग्रंथ सूची जामिया मिलिया के सहयोग से समाकलित की जा रही है और 1976, 1977 और 1978 से सम्बन्धित ग्रंथ सूची प्रकाशित हो चुकी है।

सुलेखन प्रशिक्षण केन्द्र

उर्दू सुलेखन की ललित कला को बनाए रखने और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से और उर्दू प्रकाशन उद्योग के लिए अच्छा सुलेखक प्रदान करने के लिए देश के प्रमुख उर्दू केन्द्रों में ब्यूरो ने सुलेख प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की है।

अब तक 30 केन्द्रों की स्थापना की गई है जिसमें सजावट सुलेखन के 2 केन्द्र और केवल महिलाओं के लिए बनाए गए 4 मौलिक सुलेखन प्रशिक्षण केन्द्र। प्रत्येक केन्द्र में मौलिक सुलेखन प्रशिक्षण में छात्रों की संख्या 25 है और सजावटी सुलेखन प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षणार्थियों की संख्या 5 है।

उर्दू टंकण और आशुलिपि केन्द्र

गालिब अकादमी, दिल्ली में एक उर्दू टंकण और आशुलिपि केन्द्र स्थापित किया गया है। यह मंत्रालय द्वारा उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो के माध्यम से वित्तपोषित है। इसका उद्देश्य कार्मिकों को नई आशुलिपि और टंकण कला में प्रशिक्षण देना है।

उर्दू टंकण यंत्र

उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो का मुख्य लक्ष्य ऐसे कार्यक्रम और योजनाएं आरम्भ करना है जो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप में तकनीकी क्षेत्रों में भी उर्दू की प्रोन्नति के लिए कार्य करते हैं। कुछ वर्ष पहले भारत में उर्दू टंकण यंत्र तैयार नहीं किए जाते थे। किन्तु उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो ने देशी उर्दू टंकण यंत्रों के निर्माण में एक साधन का काम किया है। नए उर्दू टंकण यंत्र भारत में गोदरेज कम्पनी, बम्पर द्वारा तैयार किए जा रहे हैं।

बिक्री और प्रदर्शनी

उर्दू में शैक्षणिक साहित्य के निर्माण और प्रकाश के अलावा ब्यूरो 1976 से अपने प्रकाशनों की बिक्री में लगा हुआ है। अब तक 22 लाख रुपये से अधिक की पुस्तकें बेची जा चुकी हैं। विभिन्न स्थानों पर अनेक पुस्तक प्रदर्शनियां आयोजित की गईं। उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो राष्ट्रीय पुस्तक मेला और विश्व पुस्तक मेले में भी भाग लेता है।

उर्दू दुनियां

उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो के कार्यकलापों की तिमाही रिपोर्ट से सम्बन्धित उर्दू दुनिया के प्रकाशन में ब्यूरो ने शुरू किया है, जिसका देश में तथा देश के बाहर भी स्वागत किया गया है। अब तक ऐसे रिपोर्टों के 15 अंक निकाले जा चुके हैं।

उर्दू प्रोन्नति ब्यूरो और विभिन्न उर्दू अकादमियों के बीच समन्वय

घनिष्ठ सहयोग समन्वय के उद्देश्य से ब्यूरो उर्दू अकादमियों में समन्वय समितियां गठित करने की कार्रवाई आरम्भ की है और इसकी 3 ऐसी बैठकें अब तक हो चुकी हैं।

केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान, हैदराबाद

भारत सरकार द्वारा 1958 में केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान, एक स्वायत्त संस्था के रूप में स्थापित किया गया था, जो अंग्रेजी शिक्षण के स्तर को सुधारने के लिए केन्द्रीय अंग्रेजी संस्थान के रूप में कार्य करता है। प्रमुख अन्तर्राष्ट्रीय भाषाओं के शिक्षण को शामिल करने के लिए अप्रैल, 1972 में इसके कार्यकलापों का क्षेत्र बढ़ा दिया गया था। इसके बाद इसका पुनः केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान नाम दिया गया और जुलाई, 1973 में इसे संस्थान "विश्वविद्यालय समझी जाने वाली संस्था" के रूप मान्यता मिल गई।

इस संस्थान ने अपने सताईस वर्ष पूरे कर लिए इस संस्थान ने अंग्रेजी और विदेशी भाषा शिक्षण में इसके स्तरों में सुधार की दिशा में विविध शैक्षणिक कार्यक्रमों को तैयार करने और कार्यान्वित करने के लिए अग्रणी प्रयास किया। शुभारम्भ से ही इसने विशिष्ट शिक्षक शिक्षा और अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, रूसी और अरबी के क्षेत्रों में, एक सशक्त राष्ट्रीय केन्द्र के रूप में संवारत उच्च शिक्षण की एक मान्यता प्राप्त अन्तर्राष्ट्रीय संस्थान के रूप में धीरे-धीरे विकास किया है।

इसके शिक्षक शिक्षा के कार्यक्रमों में, जो सभी स्तरों पर अंग्रेजी और विदेशी भाषाओं के शिक्षकों के लिए उनकी शैक्षिक क्षमता में वृद्धि करने के लिए तैयार किया गया है, यह बड़े पैमाने पर प्रमुख कार्मिकों के प्रशिक्षण से सम्बन्धित है, चूंकि केन्द्रीय अंग्रेजी और विदेशी भाषा संस्थान जैसे राष्ट्रीय केन्द्र के लिए देश में शिक्षकों के इतनी बड़ी संख्या को सीधे प्रशिक्षण देना सम्भव नहीं है।

जिला केन्द्र

संस्थान ने योजना अवधि के दौरान केन्द्रीय सरकार की वित्तीय सहायता से राज्यों और संघशासित प्रशासनों में "जिला केन्द्रों" की स्थापना को कार्यान्वित करने की योजना आरम्भ की है। ये केन्द्र अंग्रेजी शिक्षकों को आरंभिक स्तर की प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए माध्यमिक स्तर पर पुस्तकालय के लिए संसाधन केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए और श्रव्य दृश्य सामग्रियों और प्रौढ़ शिक्षुओं के लिए अनौपचारिक शिक्षण के लिए केन्द्र के रूप में कार्य करने के लिए, स्कूल छोड़ जाने वाले और कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए यह केन्द्र प्रशिक्षण देने के लिए बना है।

अंग्रेजी भाषा, शिक्षण संस्थानों को सुदृढ़ किया जाना

विद्यमान अंग्रेजी भाषा शिक्षण की जरूरतों का मूल्यांकन करने के लिए समितियां गठित की गई थी और इस प्रकार की नई संस्थाएं स्थापित करने के लिए जरूरतों की जांच करना है। इन समितियों द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्टों के अनुसरण में अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थानों को वित्तीय सहायता देने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वे प्रभावी रूप में अपनी भूमिका अदा कर सकें। अंग्रेजी भाषा शिक्षण संस्थानों/क्षेत्रीय अंग्रेजी संस्थान

के कर्मचारियों की एक कार्यशाला 9 से 13 दिसम्बर, 85 तक हुई। इन संस्थानों के ग्यारह प्रतिनिधियों और ब्रिटिश परिषद के एक प्रतिनिधि ने इसमें भाग लिया। सेमिनार ने अंग्रेजी भाषा शिक्षण के स्तर की समीक्षा की और हमारी बहुभाषायी व्यवस्था में अंग्रेजी के महत्व का ध्यान में रखते हुए, माध्यमिक स्तर पर अंग्रेजी शिक्षकों के प्रशिक्षण के कार्यक्रम को पुर्नगठित करने के लिए अनेक सिफारिशें की।

पुनश्चर्या पाठ्यक्रम

संस्थान के भूतपूर्व सहभागियों के लिए 14 जुलाई से 27 जुलाई, 1985 तक एक दो सप्ताह का पुनश्चर्या-सह-सेमिनार का आयोजन किया गया। 29 भूतपूर्व सहभागियों ने जो 1970-80 में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा किया था, ने इस पाठ्यक्रम में भाग लिया। पाठ्यक्रम की विषय वस्तु पहले सप्ताह में सैधान्तिक विषयों का दिग्दर्शन और दूसरे सप्ताह में पेडागोगिक मामलों पर प्रकाश डाला।

माध्यम सहायता

रेडियो कार्यक्रम के द्वारा अंग्रेजी आकाशवाणी, हैदराबाद से पांच प्रायोजिक प्रसारणों से 1963 में आरम्भ हुआ। अब प्रतिवर्ष प्रसारण कार्यक्रमों की संख्या 259 है। संस्थान में रा. शै. अनु. व प्र. परि. के पाठ्यक्रम का निर्माण किया। फिलहाल आकाशवाणी के 23 केन्द्रों पर 150 कार्यक्रमों का प्रसारण किया जा रहा है।

इसके अलावा आकाशवाणी, हैदराबाद अंग्रेजी के माध्यमिक स्कूल शिक्षकों के लिए 57 कार्यक्रमों का प्रसारण करता है।

1979 से आकाशवाणी, हैदराबाद स्कूल छोड़ जाने वालों के लिए ग्रीष्म के दौरान कालेज में प्रवेश लेने वालों के लाभ के लिए रेडियो कार्यक्रमों का भी प्रसारण करता है।

सामग्रियों का निर्माण

संस्थान ने शुरू से ही उपयुक्त कम लागत वाली शिक्षण सामग्रियों के निर्माण में अपने को लगा रखा है। पाठ्यपुस्तकों के निर्माण के लिए अनेक परियोजनाएं राष्ट्रीय एजेन्सियों, जैसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद और केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सहयोग से शुरू किया गया है। स्कूलों के लिए समेकित पाठ्य-पुस्तकों के दो सीरीज जिसे सामान्य सीरीज और विशेष सीरीज कहा जाता है, जो वर्कबुक और शिक्षक गाईड से सज्जित है, तैयार किया गया। इसका उपयोग केन्द्रीय विद्यालय संगठन के स्कूलों द्वारा उपयोग किया जा रहा है और यह केन्द्रीय माध्यमिक बोर्ड तथा अन्य राज्य बोर्डों द्वारा सम्बद्ध हैं। इसे अनेक राज्य सरकारों और अन्य शैक्षिक एजेन्सियों द्वारा अपनाया गया है।

संस्थान को देश में अंग्रेजी और विदेशी भाषा शिक्षण से सम्बन्धित मामलों में शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग दोनों द्वारा प्रमुख परामर्शी दायित्व सौंपा गया है। यह आशा की जाती है कि यह उपयुक्त योजना और सिद्धान्तों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा तथा इन क्षेत्रों में शिक्षण और प्रशिक्षण के स्तरों में सुधार के लिए इसके प्रभावी कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

भारतीय भाषाओं में विश्व-विद्यालय स्तरीय पुस्तकों का निर्माण

1969 से चल रही योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय में 15 सहभागी राज्यों और चार विश्वविद्यालयों (जैसे दिल्ली, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, जी. बी. पन्त, कृषि विश्वविद्यालय और हैदराबाद कृषि विश्वविद्यालय) को भारतीय भाषाओं को उच्च शिक्षा के माध्यम के रूप में धीरे-धीरे अपनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) में निहित भारतीय प्रावधानों के कार्यान्वयन को सुकर बनाने के लिए अनुदान का प्रावधान किया था। केन्द्रीय अनुदान का उपयोग करते हुए पुस्तक निर्माण का वास्तविक कार्य इन राज्यों में इस लक्ष्य के लिए गठित ग्रन्थ अकादमी/पुस्तक निर्माण बोर्ड द्वारा किया जाता है और संबंधित विश्वविद्यालय के सैलों द्वारा किया जाता है। 31-3-85 के अनुसार इस योजना के अन्तर्गत विभिन्न भाषाओं में कुल 6932 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इस योजना के संचलनात्मक पहलुओं में वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली

आयोग द्वारा जांच की जाती है जो सम्बन्धित एजेन्सियों द्वारा सिफारिश की गई पुस्तकों को अनुमोदन प्रदान करता है और इसके बदले में जो पुस्तकें लिखने के लिए शैक्षणिक व्यवसाय में लगे लोगों का चयन करता है।

इस योजना के संबंध में आयोग के विशिष्ट दायित्व को ध्यान में रखते हुए आयोग ने बंगलौर में 27-2-1975 को राज्य सरकारों/विश्वविद्यालय एजेन्सियों की संचालन समिति की दूसरी बैठक आयोजित की जब इस सम्बन्ध में की गई प्रगति की समीक्षा की गई और साथ ही शब्दावली के कार्य तथा योजना के अन्तर्गत तैयार पुस्तकों को निपटान के कार्य की भी समीक्षा की गई।

औषधि से सम्बन्धित कोर-पुस्तकों का निर्माण

अनुमोदित योजना के अन्तर्गत जो छठी योजना अवधि में चल रही थी, भारतीय लेखकों द्वारा रचित औषधि से सम्बन्धित मौलिक कोर-पुस्तकों, सहायता प्राप्त कम कीमत की पुस्तक निर्माण के लिए राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (भारत) को अनुदान दिए जाते हैं जो औषधि के क्षेत्र में स्पष्ट तौर पर व्यवसायी होते हैं। यह योजना, चूंकि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली के निदेशक की अध्यक्षता में एक सलाहकार समिति सहित कठिन उड़ान की स्थिति में पहुंच गया है। योजना का महत्व वास्तव में इस बात में शामिल है कि भारतीय स्थितियों में गूंथी हुई चिकित्सा शिक्षा के प्रमुख क्षेत्र में देशी प्रतिभा को प्रोत्साहित करेगा, और यह कम कीमतों पर पुस्तकों के साथ भारतीय चिकित्सा छात्रों के लिए बरदान होगा और प्रमुख चिकित्सा पुस्तकों पर होने वाली विदेशी मुद्रा के बहाव को कम करेगा। तदनुसार यह योजना सातवीं पंचवर्षीय योजना में भी जारी रहेगी।

अंग्रेजी के समान भारतीय भाषाओं में प्रकाशन के लिए वित्तीय सहायता

पहले से ही चल रही योजनाओं के आधार पर सुपरिभाषित कोटि की गुणात्मक पुस्तकों के प्रकाशन के लिए जिसके प्राय: प्रकाशक नहीं मिल पाये, व्यक्तियों और स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए हाल ही में एकमात्र योजना को अन्तिम रूप दिया गया है। यह योजना पहली बार समान रूप से सभी भाषाओं में एक समान लागू करके दिया गया और यह आशा की जाती है कि भाषाओं को सुशोभित बनाने के लिए उपयुक्त पुस्तकों के निर्माण के लिए यह स्वैच्छिक क्षेत्र को अभी और प्रोत्साहित करेगा।

ग. संस्कृत और अन्य श्रेण्य भाषाओं की प्रोन्नति

राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने, अन्तर्राष्ट्रीय सूझ-बूझ और हमारी सांस्कृतिक विरासत के मूल्यांकन तथा परिरक्षण के संबंध में संस्कृत के महत्व को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने संस्कृत शिक्षा और अध्ययन के विकास के लिए कई योजनाएं आरम्भ की हैं। ये योजनाएं अधिक उत्साह और अधिक वित्त व्यवस्था के साथ जारी रखी जा रही है। सातवीं योजना के दौरान अरबी और फारसी और अन्य दो श्रेण्य भाषाओं के प्रचार और विकास का एक ऐसे ही कार्यक्रम को जारी रखा गया है।

संस्कृत की प्रोन्नति के लिए किए गए मुख्य कार्यकलापों में निम्नलिखित शामिल हैं :—स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता देना, स्वैच्छिक संगठनों द्वारा संचालित कई संस्थाओं को अधिक वित्तीय सहायता देकर आदर्श संस्कृत पाठशालाओं में विकसित करना, युवा अध्यापकों को शास्त्रों की अच्छी जानकारी देने के लिए प्रख्यात प्रोफेसरों की व्यवस्था करना, दुर्लभ पाण्डुलिपियों और ग्रन्थ सूचियों का संपादन और प्रकाशन, मौखिक वेद पाठों की परम्पराओं की प्रोन्नति, अप्राप्य संस्कृत पाठों का पुन: मुद्रण करवाना, संस्कृत पाठशालाओं से उत्तीर्ण होकर निकले छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देना, प्रख्यात विद्वानों को राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित करना और मानक शब्दकोश तैयार करना और प्रकाशित करना।

स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता

पंजीकृत स्वैच्छिक संस्कृत संगठनों/संस्थाओं के कार्यकलापों में सहायता देने के कार्यक्रमों के अन्तर्गत शिक्षकों के वेतन, छात्रों को छात्रवृत्तियां, भवन निर्माण और मरम्मत, फर्नीचर, पुस्तकालय, अनुसंधान परियोजनाओं पर आवर्ती और अनावर्ती सहायता अनुदान दिए जाते हैं। उक्त सभी मदों पर स्वीकृत राशि की 75 प्रतिशत राशि मंत्रालय द्वारा

अनुदान के रूप में दी जाती है। 24 वैदिक संस्थाओं के मामले में जिनमें मौखिक वैदिक परम्परा को कायम रखा जा रहा है सरकार कुल स्वीकृत व्यय की 95% राशि अनुदान के रूप में देती है। इस वर्ष के दौरान लगभग 650 संस्कृत संगठनों को वित्तीय सहायता दी जा रही है।

आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/शोध संस्थान योजना

स्वैच्छिक संगठनों में कुछ संस्थाएं ऐसी हैं जिनके विकास की सम्भावना है और जिनमें पहले से ही स्नातकोत्तर के अध्ययन चल रहे हैं, इन संस्थाओं को सरकार द्वारा सामान्य स्वैच्छिक संगठनों से अधिक वित्तीय सहायता दी जाती है। अभी तक 11 स्नातकोत्तर शिक्षण संस्थाएं और 2 स्नातकोत्तर अनुसंधान संस्थाएं इस योजना के अन्तर्गत लाई गई हैं। इनमें से तीन उत्तर प्रदेश, बिहार और केरल में एक-एक, दो हरियाणा, दो महाराष्ट्र और तीन तमिलनाडु में हैं। इन संस्थाओं को सरकार द्वारा 95 प्रतिशत का अनुरक्षण अनुदान हेतु दिया जाता है।

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान

यह संस्थान मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन है जिसकी स्थापना, संस्कृत के परिरक्षण तथा अभिवृद्धि हेतु, जिसमें शोध प्रकाशन से पाण्डुलिपियों का संग्रह तथा परिरक्षण और प्रशिक्षण कार्यकलापों का आयोजन शामिल है, के लिए की गई है। इसने 1970 से सात राज्यों में तिरुपति, दिल्ली, जम्मू, इलाहाबाद, पूरी, गुरूव्यूर और जयपुर में सात केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों की स्थापना की है। इसके अतिरिक्त लगभग 40 प्राइवेट संस्थाएं परीक्षा के कार्य हेतु इससे सम्बद्ध है। यह परीक्षाएं आयोजित करता है और प्रथम से विद्यावारिधि तक के प्रमाण-पत्र तथा डिग्रियां प्रदान करता है। यह स्नातक तथा स्नातकोत्तर स्तरों पर शिक्षक प्रशिक्षण भी प्रदान करता है। इस समय संस्थान में विद्यापीठ में 1917 छात्र हैं जिनमें से 1238 छात्रों को उनके अध्ययन हेतु छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं और छात्रावास सुविधाएं भी प्रदान की जाती है।

प्रशिक्षण प्रदान करने के अतिरिक्त विद्यापीठ ने अनेकों शोध, विकास तथा विस्तार कार्यकलाप शुरू किए हुए हैं। इन्की चर्चा नीचे की गई है :--

(क) इलाहाबाद विद्यापीठ जो पाण्डुलिपियों के संग्रह और परिरक्षण की विशेषज्ञ है, ने अब तक लगभग 40,000 पाण्डुलिपियों का संग्रह किया और अनेकों महत्वपूर्ण रचनाएं प्रकाशित की है। इसने कश्मीर विश्वविद्यालय से जिसमें काश्मीर शैववाद निहित है माइक्रो फिल्म पाण्डुलिपियों का एक कार्यक्रम भी शुरू कर रखा है।

(ख) तिरुपति विद्यापीठ निम्नलिखित परियोजनाएं चला रहा है :--

(i) **अग्म कोश** : "वैखानस अग्म कोश" पाण्डुलिपि मुद्रण के लिए तैयार है। इसका पंचतंत्र तथा "शैव्यीज्म कोश" द्वारा अनुसरण किया जाएगा।

(ii) **वेदों की टेप रिकार्डिंग** : विद्यापीठ ने देश में अब तक हजारों वर्षों से चल रहे वैदिक मंत्रों की विभिन्न मौखिक परम्पराओं को रिकार्ड किया। आगे तिरुपति-तिरूमूला देवस्थान्मस के सहयोग से रिकार्डिंग कार्य चल रहा है।

(iii) **मौखिक शास्त्रीय परम्परागत रिकार्डिंग** : मीमांसा परम्परागत की रिकार्डिंग प्रक्रिया में है।

(ग) **जम्मू विद्यापीठ** : यह विद्यापीठ काश्मीर शैव्य दर्शन की विशेषता प्रदान करता है और एक कोश के तैयार करने की परियोजना पूरी होने वाली है। इसका काश्मीर शैव्यीज्म परम्परा के अध्ययन और परिरक्षण हेतु श्रीनगर में एक स्थायी केन्द्र स्थापित करने का भी प्रस्ताव है।

(घ) **दिल्ली विद्यापीठ** : यह सांख्य और योग दर्शन सम्बन्धी एक कोश तैयार कर रहा है। इसने अस्वल्यान स्रोत सूत्र, कात्यायन स्रोत सूत्र, टीकाओं सहित सबृभाष्य, शास्त्र दीपिका, अधवर मीमांसा कोतूहल वृत्ति और अन्य मीमांसा रचनाएं भी प्रकाशित की हैं। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान ने फोटो आफ सैट प्रक्रिया से चार खण्डों में भट्ट दीपिका

नामक मीमांसा पाठ्य-पुस्तकें हाल ही में प्रकाशित की हैं, जो काफी समय से अप्राप्य थी। अन्य कार्य जो छापने के लिए लिए हुए हैं वे हैं संकर्स काण्ड, न्याय विवेक, स्लोक वृत्तिका, स्रोत सूत्र आदि। भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास भी संस्कृत में प्रकाशित हो चुका है। भारत के वर्तमान संस्कृत पंडितों के परिचय तैयार करने का एक परियोजना का कार्य भी प्रारम्भ हो गया है। संस्थान ने, भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद के सहयोग से परम्परागत तथा आधुनिक भारतीय दर्शन के अध्येताओं के मध्य लगभग एक कथोपकथन प्रकाशित करने की दृष्टि से न्याय दर्शन सम्बन्धी तीन सेमिनार आयोजित की हैं।

विभिन्न विद्यापीठों तथा संस्थानों ने, कुल मिलाकर लगभग 140 ग्रन्थ प्रकाशित किए हैं। दो परियोजनाएं अर्थात् के.जी. से लेकर 10वीं कक्षा तक के लिए शुरू बच्चों के लिए संस्कृत साहित्य और संस्कृत पाठ्यपुस्तकों के छात्रों के लिए सार-संग्रह खण्ड भी प्रारम्भ कर दिए गए हैं।

वर्ष 1985 के दौरान विभिन्न विद्यापीठों में विद्यावारिधि पाठ्यक्रम के लिए लगभग 200 छात्र पंजीकृत किए गए हैं और लगभग 30 अध्येताओं को विद्यावारिधि की डिग्रियां प्रदान की गईं।

छात्रवृत्तियां

राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान शिक्षा मंत्रालय की ओर से निम्नलिखित योजनाओं का संचालन कर रहा है :—

(क) संस्कृत पाठशालाओं से उत्तीर्ण होकर निकले शोध अध्येताओं को छात्रवृत्तियां :—

शोध अध्येताओं को 2 वर्ष के लिए 300/- रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके अलावा, प्रत्येक छात्र को 500/- रुपये प्रतिवर्ष आनुषंगिक अनुदान भी दिया जाता है। इस योजना के अन्तर्गत 120 छात्रों को छात्रवृत्तियां दी गई हैं।

(ख) मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्तियां :—

जिन छात्रों ने इन्टर, स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर आधुनिक व्यवस्था में संस्कृत एक विषय के रूप में पढ़ा है, उन्हें क्रमशः 50 रुपए, 75 रुपए और 100 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्तियां दी जाती हैं। इस योजना के अन्तर्गत 412 छात्रों को छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं।

(ग) परम्परागत संस्कृत संस्थाओं के छात्रों के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्तियां :—

शास्त्रीय कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छात्रों को 75/- रुपये प्रतिमाह और परम्परागत पाठशालाओं की आचार्य कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छात्रों को 100/- रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति दी जाती है। इस वर्ष इन दोनों क्रमशः वर्गों में 13 छात्रों को छात्रवृत्तियां दी जा रही हैं।

दक्कन कालेज की शब्दकोश परियोजना

ऐतिहासिक सिद्धान्तों पर आधारित संस्कृत शब्दकोश के निर्माण के लिए दक्कन कालेज, पूना को सहायता दी जा रही है। इस शब्द से अनुसंधान छात्रों को प्राचीन और कठिन संस्कृत पाठों की व्याख्या करने में सहायता मिलेगी। खण्ड-1 और 2 और खंड-3 का भाग-1, प्रत्येक के तीन भाग पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं।

शास्त्र चूड़ामणि योजना

इस योजना के अन्तर्गत केन्द्रीय विद्यापीठों और आदर्श पाठशालाओं को युवा प्राध्यापकों और स्नातकोत्तर छात्रों को विभिन्न विषयों में गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण विख्यात सेवा निवृत्त विद्वानों द्वारा किया जाता है और उनकी नियुक्ति 1000/- रुपये प्रतिमाह मानदेय पर की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत 1985-86 में 85 अध्येता कार्य करने के लिए अनुमोदित किए गए हैं।

संस्कृत के अलावा अन्य श्रेण्य भाषाओं के प्रचार और विकास के लिए स्वैच्छिक संगठनों को वित्तीय सहायता

इस परियोजना के अन्तर्गत दो श्रेण्य भाषाओं, अरबी और फारसी के क्षेत्र में कार्यरत पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को वेतन छात्रवृत्तियां, फर्नीचर, पुस्तकालय इत्यादि तथा अन्य कार्यकलापों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। लगभग 150 संस्थानों को यह सहायता दी जा रही है। परम्परागत मदरसों और मक्तबों को अरबी और फारसी में उच्च शोध के लिए प्रत्येक वर्ष 20 छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती हैं।

शिक्षण स्तरों के मूल्यांकन हेतु मदरसों और मक्तवों का राष्ट्रीय सर्वेक्षण शुरू किया गया जिसमें सरकारी अनुदान के लिए संस्थाओं के वर्गीकरण में सहायता मिलेगी। इस्लामी कानून सम्बन्धी फलवा-अल-ततार खानिया का आलोचनात्मक संस्करण निकालने की एक वृहत् अनुसन्धान परियोजना, मंत्रालय द्वारा प्रायोजित की गई। इस परियोजना को दस वर्षों में पूरा किया जाना है।

संस्कृत, अरबी, फारसी भाषाओं के विद्वानों को सम्मान पत्र प्रदान करना

इस योजना के अन्तर्गत विख्यात संस्कृत, अरबी तथा फारसी विद्वानों को राष्ट्रपति का सम्मान पत्र प्रदान किया जाता है। हर वर्ष 14 विद्वान जिनमें 10 संस्कृत, 2 अरबी और 2 फारसी के विद्वान होते हैं, चुने जाते हैं। नामों की घोषणा स्वतंत्रता दिवस की पूर्ण संध्या पर की जाती है। इस पुरस्कार में प्रत्येक विद्वान को आजीवन 5,000/- रु. प्रतिवर्ष का वित्तीय अनुदान और सनद तथा एक दुशाला राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में दिया जाता है। पिछले वर्षों की तरह इस पुरस्कार के लिए 14 विद्वानों को चुना गया।

राज्य सरकारों/संघशासित क्षेत्रों के माध्यम से संस्कृत के विकास की योजना

(क) अभावग्रस्त परिस्थितियों में रह रहे विख्यात संस्कृत विद्वानों को वित्तीय सहायता

इस योजना के अंतर्गत लगभग 1,700 प्रख्यात अध्येताओं को जिसकी आमदनी 250/- रु. प्रति माह से कम है, उन्हें 250/- रु. प्रति माह की वित्तीय सहायता दी जाती है।

(ख) संस्कृत पाठशालाओं का आधुनिकीकरण

संस्कृत शिक्षा की परम्परागत और आधुनिक प्रणाली के बीच सम्पन्नता लाने के लिए भारत सरकार परम्परागत संस्कृत पाठशालाओं में चुनिन्दा आधुनिक विषयों के शिक्षण के लिए शिक्षकों की नियुक्ति के लिए राज्य सरकारों को अनुदान देती है। 1985-86 के दौरान प्रत्येक में एक शिक्षक की नियुक्ति के लिए 10 राज्यों और संघशासित क्षेत्रों को सहायता दी जाने की आशा है।

(ग) उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत शिक्षण की सुविधाएं प्रदान करना

ऐसे उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में जहां राज्य सरकार संस्कृत पढ़ाने के लिए सुविधाएं प्रदान करने की स्थिति में नहीं है, नियुक्त किए जाने वाले संस्कृत शिक्षकों के वेतन के लिए भारत सरकार का प्रयास है कि इस अन्तराल को पाटने के लिए 100% तक अनुदान सहायता दी जाए। 1985-86 के दौरान 36 अध्यापकों की नियुक्ति के लिए दस राज्यों ने इस सहायता का लाभ उठाया।

(घ) उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत अध्ययन करने वाले छात्रों को छात्रवृत्तियां

उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में संस्कृत अध्ययन के लिए उत्तम छात्रों को आकर्षित करने के उद्देश्य से संस्कृत छात्रों को कक्षा IX से XII कक्षाओं में योग्यता छात्रवृत्ति 10/- रु. प्रति माह की दर से दी जाती है। लगभग 3,000 छात्रों को इस योजना का लाभ पहुंच रहा है।

(ङ) संस्कृत की प्रोन्नति के लिए राज्य सरकारों को उनकी अपनी योजनाओं के लिए अनुदान

इस योजना के अन्तर्गत संस्कृत के प्रचार-प्रसार जैसे शिक्षकों के वेतन को स्वरोन्नत करने, वैद्विक अध्येताओं को सम्मान देना, विद्वत सभाओं का संचालन करना, संस्कृत के लिए सांध्य कक्षाओं का आयोजन करना, कालीदास समारोह मनाने आदि के लिए राज्य सरकार अपना कार्यक्रम तैयार करने के लिए स्वतंत्र है। इस योजना के अन्तर्गत 1985-86 के दौरान नौ राज्यों को सहायता दिए जाने की आशा है।

संस्कृत साहित्य का निर्माण

इस योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित के लिए सहायता दी जाती है:- (1) संस्कृत साहित्य की मूल रचनाओं का मुद्रण और प्रकाशन; (2) दुर्लभ संस्कृत पुस्तकों का मुद्रण; (3) संस्कृत संस्थाओं को निःशुल्क वितरण के लिए लेखकों और प्रकाशकों से संस्कृत की

पुस्तकें खरीदना (1) संस्कृत पत्रिकाओं की कोटि और विषय-वस्तु में सुधार (2) संस्कृत पाण्डुलिपियों की विवरणात्मक सूचियां तैयार करना और संस्कृत पाण्डुलिपियों के आलोचनात्मक संस्करण निकालना।

1985-86 के दौरान (दिसम्बर 1985 के अन्त तक) सरकार की सहायता से 30 प्रकाशन निकाले जा चुके हैं। 1985-86 में 20 और प्रकाशन निकालने की संभावना है। इसके अलावा धर्म कोश मण्डल द्वारा प्राचीन संस्कृत साहित्य का एक विश्वकोश धर्म कोश तैयार करने और उसके प्रकाशन में लगे अब तक 19 अंकों सहित 4 कांड प्रकाशित हो चुके हैं। पूरी वृद्धि में आशा है कि 44 अंक होंगे। प्रत्येक अंक लगभग सुपर रायल आकार का एक हजार पृष्ठों का होगा। 11वीं योजना के लिए इस परियोजना हेतु सहायता के ढांचे पर विचार किया जा रहा है। अखिल भारतीय काशीराज न्यास, वाराणसी सरकारी सहायता से भी महापुराणों का हिन्दी अनुवाद, अंग्रेजी अनुवाद और आलोचनात्मक संस्करण प्रकाशित कर रहा है।

लगभग 31 पत्र-पत्रिकाओं को उनकी विषय-वस्तु में सुधार लाने के लिए 1500/- रुपये से 10,000/- रुपये तक अनुदान देकर भारत सरकार द्वारा सहायता दी जा रही है। सरकार ने विभिन्न संस्थानों को निःशुल्क विवरण के लिए व्यक्तियों और प्रकाशनों से लगभग 175 पुस्तकें खरीदी हैं। 5 ग्रन्थसूचियां /पाण्डुलिपियों की आलोचनात्मक संस्करण 1985-86 में प्रकाशित की गई हैं। इन चार मामलों में आंशिक सम्पादन/ सम्पादकीय अनुदान जारी किया गया है और पुस्तकें तैयार की जा रही हैं तथा मुद्रणाधीन हैं।

कम कीमतों पर पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए महत्वपूर्ण संस्कृत पुस्तकों, जिनकी मुद्रित प्रतियां उपलब्ध नहीं हैं, के फोटो आफसैट पुनर्सम्पादन के लिए एक व्यापक कार्यक्रम आरंभ किया गया है। लगभग 80 पुस्तकें, स्वाध्याय मंडल की सभी वैदिक पाठों सहित, हिन्दी टीका सहित सभी वेदों का अनुवाद और 14 पुराणों का प्रकाशन अब तक हो चुका है।

वैदिक अध्ययन की मौखिक परम्परा का परिरक्षण

वैदिक अध्ययन की मौखिक परम्परा के परिरक्षण के लिए एक विशेष प्रेरणा के रूप में 1978 के दौरान एक योजना शुरू की गई थी जिसके अन्तर्गत स्वाधियायिन को 12 वर्ष के कम उम्र के दो बच्चों को प्रशिक्षण देने के लिए कहा गया था। उनमें से एक उनका बेटा या निकट सम्बन्धी और किसी खास वेद शाखा में था। 1985-86 के दौरान ऐसे ग्यारह एकक सहायता प्राप्त कर रहे हैं। अध्येता का मानदेय 1000/- रुपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 1250/- रु. प्रतिमाह कर दिया गया है और छात्रों के लिए अप्रैल, 1985 से 150/- रु. प्रतिमाह कर दिया गया है।

(2) वैसे क्षेत्रों और परिवारों को पता लगाने के उद्देश्य से जहां मौखिक वैदिक परम्परा अभी तक विद्यमान है, मंत्रालय प्रति वर्ष एक वैदिक सम्मेलन का आयोजन करता है जिसमें पूरे भारत से लगभग 100 अध्येताओं को आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष का वैदिक सम्मेलन 24 से 25 दिसम्बर, 1985 को कांचीपुरम् में आयोजित किया गया था।

(3) संस्कृत शिक्षण के विभिन्न शाखाओं में परम्परागत संस्कृत पाठशालाओं के छात्रों में मौखिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए मंत्रालय एक अखिल भारतीय प्रतियोगिता का आयोजन करता है। एक शिक्षक सहित सभी राज्य सरकारों की ओर से आठ छात्रों के एक दल को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाता है। इस वर्ष की प्रतियोगिता दिसम्बर, 1985 में हुई थी।

(4) वैदिक परम्परा का एक दूसरे कार्यालय पर सक्रिय रूप में विचार किया जा रहा है जिसके लिए भारत के प्रधानमंत्री और उपराष्ट्रपति ने बहुत ही रुचि दिखाई है।

संस्कृत पाठशालाओं से उत्तीर्ण होकर निकले छात्रों को व्यावसायिक प्रशिक्षण

केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठों, आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों और अन्य परम्परागत संस्थाओं से उत्तीर्ण होकर निकले छात्रों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए, 1982-83 में एक नई योजना आरम्भ की गई थी। इस योजना के अन्तर्गत संस्कृत के छात्रों को संस्कृत के विषयों जैसे पुरालेख, पाण्डुलिपि विज्ञान, कर्मकांड, संस्कृत मुद्रण और कम्पोजिंग में अल्प व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इन पाठ्यक्रमों को संचालित करने के लिए पंजीकृत स्वैच्छिक संगठनों को शत-प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। 1985-86 के दौरान ऐसे 8 पाठ्यक्रमों को संचालित करने की योजना है।

अध्याय 10

यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग

भारत और यूनेस्को के बीच सहयोग

भारत, संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) का एक संस्थापक सदस्य है जिसकी स्थापना नवम्बर, 1946 में हुई थी तथा जिसका मुख्यालय पैरिस में है। आलोच्य अवधि के दौरान, यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने, न केवल राष्ट्रीय स्तर पर एक समन्वय एजेन्सी के रूप में अपनी भूमिका निभाई बल्कि क्षेत्रीय और उप-क्षेत्रीय सहयोग को प्रोत्साहन देने तथा यूनेस्को की परियोजनाओं और कार्यकलापों की बेहतर सूझबूझ पैदा करने के लिए एशिया और प्रशांत क्षेत्र के अन्य राष्ट्रीय आयोगों तथा नई दिल्ली, बैंकाक, जकार्ता, कराची और अन्य स्थानों पर स्थित यूनेस्को के क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ भी सहयोग किया। आलोच्य अवधि के दौरान आरम्भ किए गए आयोग के कार्यकलापों का संक्षिप्त विवरण निम्नलिखित है।

शिक्षा मंत्रियों का पांचवा क्षेत्रीय सम्मेलन

एशिया और प्रशान्त महासागर में शिक्षा के लिए यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय ने एशिया और प्रशान्त महासागर के शिक्षा मंत्रियों तथा आर्थिक आयोजना के लिए उत्तरदायी मंत्रियों (एम.आई.एन.ई.डी.ए.पी. V) का पांचवा क्षेत्रीय सम्मेलन मार्च, 1985 में बैंकाक में आयोजित किया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शैक्षिक विकास के प्राथमिक लक्ष्यों, प्रौढ़ों के लिए साक्षरता के लक्ष्यों को प्राप्त करने के तरीकों एवं साधनों तथा विकास की जरूरतों के सम्बन्ध में शिक्षा के नवीकरण के संदर्भ में प्राथमिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण और अन्तर्राष्ट्रीय सूझ-बूझ के लिए शिक्षा पर विचार करना था। सम्मेलन में भूतपूर्व शिक्षा मंत्री श्री के. सी. पन्त के नेतृत्व में उच्च अधिकार-प्राप्त एक छः सदस्यीय प्रतिनिधि-मंडल ने भाग लिया।

क्षेत्रीय सहयोग पर सलाहकार समिति का तीसरा सत्र

क्षेत्रीय सम्मेलन के तत्काल पश्चात् एशिया और प्रशान्त महासागर में शिक्षा के लिए यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा आयोजित क्षेत्रीय सहयोग पर सलाहकार समिति के तीसरे सत्र में भारत के शिक्षा सचिव श्री आनन्द स्वरूप ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यूनेस्को के महा-निदेशक को एम.आई.एन.ई.डी.ए.पी. V की सिफारिशों के आधार पर 1986-87 दो वर्षों के लिए यूनेस्को के शिक्षा सम्बन्धी कार्यक्रमों के विषय में सलाह देना था।

यूनेस्को में प्रधानमंत्री का दौरा

यूनेस्को के महा-निदेशक के आमंत्रण पर भारत के प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने 7 जून, 1985 को पैरिस में यूनेस्को मुख्यालय का सरकारी दौरा किया और अन्यों के साथ, यूनेस्को के कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों तथा इसके सचिवालय अधिकारियों को सम्बोधित किया। कुछ सदस्य राज्यों द्वारा यूनेस्को से वास्तविक निकास और निकास के नोटिस के संदर्भ में, प्रधानमंत्री ने उन सभी राष्ट्रों, जो एक स्वस्थ तथा संतुलित विश्व व्यवस्था के प्रति जिम्मेदार हैं, से इस विपत्ति के समय यूनेस्को की सहायता करने की अपील की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भारत उस रचनात्मक प्रयास में सहयोग देगा जो यूनेस्को की दुविधा को दूर कर सके। उन्होंने आगे कहा कि यूनेस्को से विमुख होना सार्वभौमिक सहयोग से मुख मोड़ना तथा विश्व निकायों में अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों के प्रजातन्त्र को अस्वीकार करना है।

उप-आयोगों की बैठकें तथा भारतीय राष्ट्रीय आयोग का अठारहवां सत्र

यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने अपने पांच उप-आयोगों की बैठकें जुलाई, 1985 में आयोजित की। बैठकों का उद्देश्य 1986-87 दो वर्षों के लिए यूनेस्को के प्रारूप कार्यक्रम तथा बजट (प्रलेख 23 सी/5) की जांच करना तथा इस प्रलेख के विषय में भारत की स्थिति तैयार करना था।

उप-आयोगों की बैठकें यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग के 18वें सत्र के पश्चात, तत्कालीन केन्द्रीय शिक्षा मंत्री और आयोग के अध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई जो 2 1सितम्बर, 1985 को नई दिल्ली में हुआ था। बैठक का मुख्य उद्देश्य 1986-1987 दो वर्षों के लिए यूनेस्को के प्रारूप कार्यक्रम और बजट पर विचार करना था। इसके अतिरिक्त, इसने अक्तूबर-नवम्बर, 1985 में सोफिया (बुल्गारिया) में हुए यूनेस्को महासम्मेलन के 23वें सत्र में भारत द्वारा पारित प्रारूप-संकल्पों पर भी विचार किया। सम्मेलन में शिक्षा, सामाजिक विज्ञान, प्राकृतिक विज्ञान, संस्कृति और संचार के क्षेत्रों के 50 प्रसिद्ध व्यक्तित्वों एवं विशेषज्ञों ने भाग लिया जो भारतीय राष्ट्रीय आयोग के सदस्य हैं।

यूनेस्को महा-सम्मेलन का 23वां सत्र

सोफिया (बुल्गारिया) में 8 अक्तूबर से 9 नवम्बर, 1985 तक हुए यूनेस्को के महा-सम्मेलन के 23वें सत्र में मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी. वी. नरसिंह राव के नेतृत्व में एक उच्च-अधिकार-प्राप्त शिष्ट-मंडल ने भाग लिया। शिष्ट-मंडल में वैकल्पिक नेता के रूप में सरदार स्वर्ण सिंह, राज्य शिक्षा और संस्कृति मंत्री, श्रीमति सुशीला रोहतगी, युवा कार्य, खेल-कूद और महिला कल्याण की राज्यमंत्री श्रीमति मारग्रेट एलवा, यूनेस्को के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य श्री टी. एन. कौल, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के शिक्षा विभाग के सचिव श्री आनन्द स्वरूप संसद सदस्य डा. कर्ण सिंह, प्रो. एन. सी. परासर, शिक्षा विभाग के विशेष सचिव श्री किरीट जोशी, भारतीय राजदूत तथा यूनेस्को और भारत के स्थायी प्रतिनिधि श्री इनाम रहमान तथा बुल्गारिया में भारत के राजदूत श्री श्याम सुन्दर नाथ, शामिल थे। सम्मेलन की मुख्य कार्यसूची, वर्ष 1986-87 के लिए यूनेस्को के प्रारूप कार्यक्रम तथा बजट पर विचार करना और उसे लागू करना था। शिष्ट-मंडल के नेता को महासम्मेलन के उपाध्यक्षों में से एक के रूप में चुना गया। भारत को सम्मेलन के प्रारूपण और वार्ता दल के अध्यक्ष के रूप में भी चुना गया। इसके अतिरिक्त, भारत को निम्नलिखित समितियों/अन्तर सरकारी निकायों के सदस्य के रूप में चुना गया :–

(1) कानूनी समिति

(2) मुख्यालय समिति

(3) संचार विकास के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की अन्तर-सरकारी परिषद (आई.पी.डी.सी.)

(4) अन्तर-सरकारी सूचनात्मक कार्यक्रम के समन्वय के लिए जिम्मेदार समिति।

इसके अतिरिक्त, विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक दाय के संरक्षण से सम्बन्धित सभा जो 4 नवम्बर, 1985 को हुई थी, की राज्य पार्टियों की पांचवी महा-सभा में भारत को विश्व दाय समिति के एक सदस्य के रूप में चुना गया।

परिपूर्ण अधिवेशनों, कार्यक्रम आयोगों और प्रशासनिक आयोगों में हुई परिचर्चाओं में भारतीय शिष्ट-मंडल के सक्रिय रूप से भाग लेने के अतिरिक्त, भारतीय शिष्ट-मंडल ने विकासशील देशों के दृष्टिकोण पर बल देने तथा यूनेस्को के कार्य के लिए कुछ प्राथमिकताओं तथा कार्यक्रमों को प्रकाश में लाने के लिए, आठ प्रारूप संशोधन एवं संकल्प प्रस्तुत किए।

यूनेस्को का कार्यकारी बोर्ड

यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड के भारतीय प्रतिनिधि श्री टी. एन. कौल ने, वर्ष के दौरान हुए इसके 121, 122 और 123 वें सत्रों में भाग लिया। संगठन के कार्यों में सुधार लाने के लिए तरीकों एवं साधनों के सम्बन्ध में महा-निदेशक को सलाह देने के लिए गठित एक अस्थायी समिति के एक सदस्य के रूप में श्री कौल को चुना गया। यूनेस्को के कार्यकारी बोर्ड के सदस्य के रूप में श्री टी. एन. कौल की अवधि यूनेस्को महा-सम्मेलन के 23वें सत्र की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो गई।

सोफिया में 19 अक्तूबर, 1985 को यूनेस्को कार्यकारी बोर्ड के चुनाव में भारतीय उम्मीदवार सरदार स्वर्ण सिंह को एक सदस्य के रूप में चुना गया। उन्होंने यूनेस्को के पुनर्गठित कार्यकारी बोर्ड की प्रथम बैठक जो सोफिया में 13 से 14 नवम्बर, 1985 तक हुई थी, में भाग लिया।

यूनेस्को बजट में योगदान

यूनेस्को के एक सदस्य राज्य के रूप में, भारत इसके बजट के लिए नियमित रूप से योगदान दे रहा है। प्रत्येक सदस्य राज्य के योगदान का हिस्सा यूनेस्को महा-सम्मेलन द्वारा निश्चित किया जाता है जो सामान्यत: प्रत्येक दूसरे वर्ष में होता है। वर्ष 1984-85 के लिए, यूनेस्को महा-सम्मेलन का 22वां सत्र अक्तूबर-नवम्बर, 1983 में हुआ जिसमें भारत का योगदान यूनेस्को के कुल बजट का 0.36% था। इस दर पर, वर्ष 1984 और 1985 के लिए भारत का योगदान 6,20,460 यू. एस. डालर प्रति वर्ष था जो लगभग 78,80,000 रुपए के बराबर है। यह राशि पहले से ही दे दी गई है।

सदस्य राज्यों के निकास के कारण संगठन के वित्तीय कठिनाई को ध्यान में रखते हुए तथा अपनी सहायता के प्रमाणस्वरूप भारत ने भी 407,245 यू. एस. डालर छोड़ दिए जो यू. एस. डालर के मूल्य में उतार-चढ़ाव के कारण तीन वर्षों 1981-1983 के लिए यूनेस्को बजट के वास्ते भारत के योगदान की बचत के रूप में प्राप्त हुए थे।

यूनेस्को सहभागिता कार्यक्रम

अपने सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत, यूनेस्को ने महा-निदेशक को राष्ट्रीय स्तर पर और उप-क्षेत्रीय, क्षेत्रीय अथवा अन्तर-क्षेत्रीय स्तर पर सदस्य राज्यों के कार्यकलापों में भाग लेने का अधिकार प्रदान किया। सहभागिता कार्यक्रम, सदस्य-राज्यों को पूर्व-निश्चित उद्देश्य को प्राप्त करने के विचार से महा-सम्मेलन द्वारा निश्चित क्षेत्रों में प्रारम्भ की गई, गतिविधियों के वास्ते यूनेस्को की सहायता से लाभान्वित करता है। सह-भागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत 1984-85 दो वर्षों के लिए भारत द्वारा प्रस्तुत 20 परि-योजनाओं में से अवधि के दौरान यूनेस्को की सहायता के लिए 12 परियोजनाओं को स्वीकार किया गया। इन परियोजनाओं के लिए यूनेस्को से प्राप्त वित्तीय सहायता की कुल मात्रा 1,42,000 यू. एस. डालर है। 1985 के दौरान पांच परियोजनाएं कार्यान्वित की गई।

यूनेस्को क्लब

यूनेस्को क्लब आन्दोलन की शुरूआत से ही भारत इसमें गहरी रुचि ले रहा है। एशिया में जापान के पश्चात भारत में ही यूनेस्को क्लबों की अधिकतम संख्या है। भारतीय राष्ट्रीय आयोग इन क्लबों के लिए रोचक प्रकाशन तथा अन्य सामग्री प्रदान करता है। य.एन. दिवस, मानव अधिकार दिवस इत्यादि जैसे समारोहों को मनाने के लिए विशेष किटें भी भेजी जा रही हैं।

यूनेस्को कूपन

सूचना के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए यूनेस्को ने, शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति के क्षेत्रों में कार्य कर रहे व्यक्तियों तथा संस्थाओं की सहायता करने के लिए अन्तर्राष्ट्रीय कूपन योजना प्रारम्भ की है जिससे कि वे विदेशी मुद्रा और निर्यात नियन्त्रण प्रक्रियाओं के बिना अपनी वास्तविक जरूरतों के अनुसार पुस्तकों, शैक्षिक सामग्री, वैज्ञानिक उपकरण और शैक्षिक फिल्मों को विदेश से आयात कर सकें। यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग, भारत में यूनेस्को कूपनों के बिक्री के लिए वितरण एजेन्सी के रूप में कार्य कर रहा है। 1985-86 के दौरान यूनेस्को कूपनों की कुल बिक्री लगभग 1,50,000 रुपए की होगी।

यूनेस्को दूत

यूनेस्को के सहयोग से, भारतीय राष्ट्रीय आयोग, 'कूरियर' नामक एक यूनेस्को मासिक पत्रिका हिन्दी और तमिल संस्करण निकाल रहा है जो विश्व की एक सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक और सांस्कृतिक पत्रिका है। प्रत्येक भाषा के अंक की प्रतियों की वर्तमान संख्या 3000 है जो भारत में स्कूल तथा कालेजों के छात्रों और शिक्षकों एवं यूनेस्को कार्यकलापों में रुचि लेने वालों को व्यापक रूप से बांटी जाती है।

न्यूजलैटर

भारतीय राष्ट्रीय आयोग अंग्रेजी भाषा में त्रैमासिक पत्रिका "न्यूजलैटर" नियमित रूप से निकाल रहा है। 1984 से आयोग ने इस बुलेटिन का प्रकाशन हिन्दी भाषा में भी शुरू कर दिया है। प्रत्येक भाषा में लगभग 2000 प्रतियां प्रकाशित की जाती है जो भारत तथा विदेश में उन विभिन्न गैर-सरकारी संगठनों को भेजी जाती है जो यूनेस्को के कार्यक्रमों तथा कार्यकलापों से सम्बन्धित है। इस पत्रिका में तिमाही के दौरान यूनेस्को के कार्यकलापों एवं कार्यक्रमों तथा इसके साथ ही आयोग के कार्यकलापों के विषय में सूचना होती है।

सम्बद्ध स्कूल परियोजना

भारतीय राष्ट्रीय आयोग, यूनेस्को की सम्बद्ध स्कूल परियोजना में भाग लेता है जो भारत के लोगों के बीच यूनेस्को के उद्देश्यों एवं कार्यकलापों को जानकारी बढ़ाती है। यूनेस्को के संदेश को फैलाने के लिए आयोग का सचिवालय, स्वैच्छिक संगठनों को सहायक-अनुदान स्वीकृत करता रहा।

सम्बद्ध परियोजना के अन्तर्गत भारतीय राष्ट्रीय आयोग के विस्तृत कार्यक्रम

भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने भारत में एक विस्तृत कार्यक्रम तैयार किया है जो यूनेस्को द्वारा संचालित कार्यक्रम से भिन्न है किन्तु उसी के समान रूप रेखाओं पर आधारित है; यह कार्यक्रम देश में स्कूलों और शिक्षक-प्रशिक्षण संस्थाओं की एक बड़ी संख्या शामिल करने के लिए है। इस समय संस्थाओं की संख्या 738 है। क्योंकि यह कार्यक्रम भारत और विश्व के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है इसी कारण इसमें अधिक स्कूल शामिल हो रहे हैं।

भारतीय राष्ट्रीय आयोग को सुदृढ़ करना

यूनेस्को के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग को अपने कार्यों एवं उत्तरदायित्वों को एक उपयुक्त तरीके से सम्पन्न करने में समर्थ बनाने के लिए योजना आयोग द्वारा इसके कार्यकलापों को सुदृढ़ करने के लिए एक योजनागत योजना का अनुमोदन किया गया है। 1985-86 के बजट प्राक्कलनों में 5 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है।

यूनेस्को द्वारा प्रायोजित अन्य सम्मेलनों/बैठकों में भाग लेना

एशिया और प्रशांत महासागर में यूनेस्को सांस्कृतिक कार्यकलापों में क्षेत्रीय सहयोग संबंधी विशेषज्ञों की सातवीं बैठक 14 से 18 मार्च, 1985 तक तोकियो, जापान में हुई। शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव श्री डी. एस. मिश्रा को बैठक में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया। उन्हें बैठक का उपाध्यक्ष चुना गया।

शिक्षा विभाग के सहायक शिक्षा सलाहकार श्री जॉन जोसेवा को 29 अप्रैल से 5 मई, 1985 तक करांची, पाकिस्तान में हुए पुस्तक डिजाइन से संबंधित यूनेस्को के उप-क्षेत्रीय सेमिनार में भाग लेने के लिए प्रतिनियुक्त किया गया ।

शिक्षा विभाग के विशेष सचिव, श्री किरीट जोशी ने हमबर्ग में हुए शिक्षा के अन्तर्राष्ट्रीय समीक्षा के सम्पादकीय बोर्ड के 31वें सत्र तथा शिक्षा के लिए यूनेस्को संस्थान के शासी मंडल के 37वें सत्र में जो क्रमशः 20 मई, 1985 तथा 21-23 मई, 1985 में हुए थे, में भाग लिया ।

भारतीय राष्ट्रीय आयोग ने, उपरोक्त बैठकों के अतिरिक्त, यूनेस्को द्वारा अथवा उसके तत्वावधान में आयोजित लगभग 52 राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय बैठकों, कार्य-शालाओं, सेमिनारों, सम्मेलनों इत्यादि में भाग लेने के लिए विशेषज्ञों को मनोनीत किया।

विदेशों के आगन्तुक

1985-86 के दौरान विभिन्न देशों, यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय, राष्ट्रीय आयोगों से कई आगन्तुकों ने भारत का दौरा किया। महत्वपूर्ण आगन्तुकों में मारीशस के कला और संस्कृति मंत्री श्री आर्मूगम परसुरमन, ने 19-25 सितम्बर, 1985 और नीदरलैंड के शिक्षा और विज्ञान मंत्री श्री विम. जे. डीटमैन, ने 3-9 नवम्बर, 1985 तक भारत का दौरा किया ।

विश्व विरासत समिति

विश्व सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण से संबंधित अभिसमय के प्रावधान के अन्तर्गत विश्व विरासत समिति नामक एक समिति जिसमें अभिसमय के 21 देशों के दल शामिल हैं, गठित की गई। समिति की मुख्य जिम्मेदारी उन प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक स्थलों

की पहचान करता है जिनको विश्व विरासत सूची में शामिल करके विश्व विरासत अभिसमय के अन्तर्गत परिरक्षित किया गया है ताकि इन स्थलों को समूचे विश्व में जाना जा सके तथा विश्व विरासत निधि से विश्व विरासत स्थलों की संरक्षा के लिए देशों को तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा सके।

विश्व विरासत समिति के चुनाव देशों की महासभा के पांचवे सूत्र के दौरान नवम्बर, 1985 को हुआ । भारत को इस समिति के एक सदस्य के रूप में चुना गया है ।

विश्व विरासत सूची में अभिलेख के वास्ते अब तक भारत के निम्नलिखित छः सांस्कृतिक स्मारकों को स्वीकृत किया गया :--

(1) ताजमहल (2) अजन्ता की गुफाएं (3) एलोरा की गुफाएं, (4) आगरे का किला (5) कोणार्क का सूर्य मन्दिर (6) महाबलिपुरम के स्मारक ।

विश्व विरासत समिति द्वारा सूची में शामिल करने के लिए निम्नलिखित तीन प्राकृतिक स्थलों पर भी विचार किया गया :

(1) काजीरंगा राष्ट्रीय पार्क ।
(2) क्योलदेव राष्ट्रीय पार्क ।
(3) मानस वन्य-जीवन सुरक्षित स्थल ।

यूनेस्को हाउस का निर्माण

जब भारत ने क्षेत्रीय कार्यालय के लिए उपयुक्त,, बिना किराए के स्थान की सामान्य सुविधा प्रदान करने की सहमति प्रदान की तो 1965 में दक्षिण और केन्द्रीय एशिया के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान प्रदान करने के बहुत समय से आ रही इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए अब नई दिल्ली में एक नया कार्यालय भवन के निर्माण का प्रस्ताव है। इस प्रयोजन के लिए शहरी विकास मंत्रालय द्वारा भूमि का एक प्लाट पहले ही आबंटित कर दिया गया है। यूनेस्को हाउस के निर्माण की योजना को सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया है। इस भवन में, भारत में कार्य कर रहे यूनेस्को के दो कार्यालयों को ले जाने का प्रस्ताव है। वे हैं (1) भारत में यूनेस्को मिशन के प्रमुख का कार्यालय, और (2) दक्षिण और केन्द्रीय एशिया के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी का यूनेस्को क्षेत्रीय कार्यालय।

राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों की बैठक

मंत्रालय के यूनेस्को प्रभाग में राष्ट्रमंडल डेस्क, राष्ट्रमंडल सचिवालय के शिक्षा कार्यक्रम से सम्बन्धित कार्य का समन्वय करता है ।

राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों की एक बैठक यूनस्को महा-सम्मेलन के 23वें सत्र के अवसर पर 6 अक्तूबर, 1985 को सोफिया (बुल्गारिया) में हुई बैठक के भारतीय शिष्ट-मंडल का नेतृत्व मानव संसाधन विकास मंत्री श्री पी. वी. नरसिंह राव ने किया। इस सम्मेलन में, निम्नलिखित से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई--(1) राष्ट्रमंडल छात्र गतिशीलता तथा उच्च शिक्षा (2) 1987 में नैरोबी में होने वाले राष्ट्रमंडल शिक्षा मंत्रियों का दसवां सम्मेलन, तथा (3) यूनेस्को पर विचार-विनिमय।

ओरोविल परियोजना

1980 में केन्द्रीय सरकार ने ओरोविल (आपात व्यवस्था) अधिनियम नामक एक अधिनियम पारित किया जिसके अन्तर्गत ओरोविल दक्षिण भारत में स्थापित एक अन्तर्राष्ट्रीय सांस्कृतिक बस्ती, का प्रबंध दो वर्षों के लिए केन्द्रीय सरकार को दिया गया। यह अवधि प्रति वर्ष के आधार पर 1985 तक बढ़ा दी गई संसद ने अब इस अधिनियम का संशोधन किया है । ओरोविल (आपात व्यवस्था) संशोधित अधिनियम, 1985 द्वारा ओरोविल का प्रबन्ध नवम्बर, 1985 से अगले दो वर्षों के लिए सरकार द्वारा ही देखा जाएगा।

ओरोविल के विकास की एक योजना को, 35.55 लाख रुपये के कुल व्यय के साथ सातवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया है। योजना में ओरोविल में निम्नलिखित केन्द्र स्थापित करने की परिकल्पना की गई है :--

(1) बाल विकास केन्द्र

(2) भारतीय अध्ययन केन्द्र

क–संस्कृति हाल

ख–इतिहास हाल

(3) दृश्य-श्रव्य शिक्षा सम्बन्धी सामग्री केन्द्र

(4) शारीरिक शिक्षा विकास केन्द्र

(5) विकासात्मक अध्ययन केन्द्र

क–मानव एकता केन्द्र

ख–मदर एजेंड़ा भवन

(6) शहरी विकास केन्द्र

(7) समुदाय सुविधा एवं सेवाएं

ओरोविल अन्तर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की चौथी और पांचवीं बैठकें

ओरोविल (आपात व्यवस्था) अधिनियम, 1980 की धाराओं के अन्तर्गत, केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित ओरोविल अन्तर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की चौथी बैठक मई, 1985 में हुई थी । परिषद ने ओरोविल के विकास के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के प्रति अपना संतोष व्यक्त किया । ओरोविल अन्तर्राष्ट्रीय सलाहकार परिषद की पांचवी बैठक भी 4 जनवरी, 1986 को हुई । बैठक में ओरोविल विकास में हुई प्रगति की समीक्षा की गई ।

अध्याय 11

अन्य कार्यकलाप

नई शिक्षा नीति

नई शिक्षा नीति तैयार करने के कार्य को एक प्राथमिक कार्य के रूप में आरंभ किया गया है। "शिक्षा की चुनौती" नीति संबंधी परिप्रेक्ष्य नामक एक दस्तावेज अगस्त, 1985 में तैयार किया गया था जिस पर 29-30 अगस्त, 1985 को हुई सभी राज्यों तथा संघीय क्षेत्रों के शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में चर्चा की गई थी और जो शिक्षा की राष्ट्रीय नीति पर राष्ट्र व्यापक परिचर्चा का आधार बना।

इस सम्मेलन में लिए गए निर्णयों के अनुसार केन्द्रीय सरकार ने महत्त्वपूर्ण विषयों पर 11 राष्ट्रीय और 20 प्रायोजित सेमिनार आयोजित किए जबकि राज्य सरकारों ने राज्य स्तर तथा जिला स्तर के सेमिनार आयोजित किए। शिक्षा मंत्रालय, रा. शै. अनु. प्र.प. तथा रा.शि.आ.प्र.सं. के अधिकारियों को राज्य स्तर पर हुई परिचर्चा तथा विचार-विमर्श में सहायता करने के लिए मनोनीत किया। निम्नलिखित शिक्षक संगठनों से अपने-अपने सम्बन्धों के राज्य स्तर के सेमिनार तथा एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करने का अनुरोध किया गया :—

— अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ
— अखिल भारतीय माध्यमिक शिक्षक संघ
— अखिल भारतीय कालेज और विश्वविद्यालय शिक्षकों के संगठन का संघ
— अखिल भारतीय शैक्षिक एसोसिएशन का संघ

राज्य शिक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में लिए गए निर्णयों के अनुसरण में, राज्य शिक्षा मंत्रियों और कुछेक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों को शामिल करने के लिए जन-शक्ति प्रक्षेपण तथा व्यावसायीकरण, और वित्तीय संसाधनों पर एक-एक, अर्थात् दो दल तैयार किए गए। इन दलों की बैठकें क्रमशः 25 और 26 नवम्बर 1985 तथा 25 और 26 फरवरी, 1986 को हुई। मानव संसाधन विकास मंत्री की अध्यक्षता में शिक्षा सुधार पर राज्यों के शिक्षा मंत्रियों का एक राष्ट्रीय दल भी गठित किया गया है।

राज्य सरकारों के लगातार लिखा-पढ़ी के परिणामस्वरूप स्थानीय स्तर से आगे की परिचर्चा आयोजित करना संभव हो सका—ब्लाक, जिला, मंडलीय स्तर और राज्य स्तरों पर बैठकें हुई। शिक्षक संगठनों, विश्वविद्यालय संकाय, राजनीतिक पार्टियां एवं अभिभावकों ने इस वाद-विवाद में भाग लिया। राज्य सरकारों से, जनता के प्रतिनिधियों से अनौपचारिक परामर्श करने का अनुरोध भी किया गया और उनमें से अनेकों ने ऐसा किया। अधिकांश राज्यों से विभिन्न मुद्दों पर राज्य सरकारों के विचार प्रस्तुत करने वाले विस्तृत ज्ञापन-पत्र प्राप्त हुए हैं।

सुविख्यात रुचियों का प्रतिनिधित्व करने वाले अनेक संगठनों ने अपने-अपने ज्ञापन औपचारिक रूप से भेजे हैं। इनमें, नई तालीम संघ (गांधीवादी मूल शिक्षा का प्रतिनिधित्व करने वाला), अखिल भारतीय ईसाई उच्च शिक्षा एसोसिएशन, विभिन्न प्रौढ़ शिक्षा एसोसिएशन, राष्ट्रीय महिला संगठन, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, भारतीय विश्वविद्यालय एसोसिएशन, राष्ट्रीय अभिभावक शिक्षक एसोसिएशन इत्यादि शामिल हैं। अखिल भारतीय प्रबंध एसोसिएशन और अनेक जानी-मानी प्राइवेट कंपनियों (टाटा परामर्श-दाता और लार्सेन और टौबरो सहित) ने विस्तृत ज्ञापन भेजे। इसके अतिरिक्त, कई हजार व्यक्तिगत ज्ञापन भी प्राप्त हुए। ये-सभी दस्तावेज रा. शि. आ. प्र. सं. को भेजे

गए, जिन्होंने एक संक्षिप्त और वर्गीकृत रूप में निम्नलिखित दस्तावेज प्रकाशित किए हैं :

(1) नागरिकों की दृष्टि में नई शिक्षा नीति–अवबोधन खण्ड । मई, 1985 तक प्राप्त व्यक्तिगत ज्ञापन ।

(2) नागरिकों की दृष्टि में नई शिक्षा नीति–अवबोधन खण्ड ।।–जून से अक्तूबर, 1985 तक प्राप्त व्यक्तिगत ज्ञापन ।

(3) केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के जनवाणी कार्यक्रम के प्रति व्यक्तिगत प्रतिक्रिया ।

(4) प्रैस कतरनों का सारांश ।

(5) अक्तूबर, 1985 के अन्त तक प्राप्त सेमिनार रिपोर्टों और दल ज्ञापनों का सारांश ।

7 नवम्बर, 1985 को हुई परामर्शदात्री समिति की बैठक में नई शिक्षा नीति से संबंधित प्रश्न ही एकमात्र परिचर्चा का विषय था। लोक सभा और राज्य सभा में क्रमशः 10 दिसम्बर और 19 दिसम्बर, 1985 को नई शिक्षा नीति पर चर्चा हुई।

राज्य सरकारों, शैक्षिक संस्थाओं, शिक्षकों, छात्रों, अभिभावकों और जीवन के सभी क्षेत्रों के लोगों ने शिक्षा प्रणाली के पुनर्गठन में गहरी रूचि ली तथा अपनी टिप्पणियां भेजी हैं। इस संबंध में प्राप्त सभी सुझावों पर विचार करने के बाद सरकार बजट सत्र में नई शिक्षा नीति का मसौदा संसद में प्रस्तुत करेगी ।

वार्षिक योजना और 20-सूत्री कार्यक्रम

नए बीस सूत्री कार्यक्रम के, प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण और प्रौढ़ शिक्षा से संबंधित सूत्र सं. 16 की मानीटरिंग आलोच्य अवधि के दौरान जारी रही। मंत्रालय के आयोजना, मानीटरिंग और सांख्यिकी ब्यूरो ने, विभिन्न राज्यों/संघीय क्षेत्रों से अपेक्षित सूचना एकत्र करके योजना आयोग तथा प्रधान मंत्री के कार्यालय को आवधिक रिपोर्ट भेजी। इसके अतिरिक्त, वार्षिक और पंचवर्षीय शैक्षिक योजनाओं के समन्वय का कार्य करना तथा केन्द्रीय और राज्य क्षेत्रों में योजनाओं के कार्यान्वियन की प्रगति की मानीटरिंग जारी रखना। शिक्षा के मानीटरिंग और मूल्यांकन संबंधी कार्यकारी दल की रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए मानीटरिंग, मूल्यांकन और सांख्यिकीय मशीनरी को सुदृढ़ करने का प्रस्ताव है। तदनुसार केन्द्रीय तथा राज्य दोनों ही क्षेत्रों की वार्षिक योजना में विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।

वार्षिक योजना 1985-86 में, शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों के विकास के लिए 972·31 करोड़ रुपये (केन्द्रीय क्षेत्र में 331·47 करोड़ रुपये और राज्य क्षेत्र में 640·84 करोड़ रुपए) की धन-राशि की व्यवस्था की गयी। सातवीं योजना में 1985–90 तक के लिए 5457·09 करोड़ रुपये (केन्द्रीय क्षेत्र में 1738·64 करोड़ रुपये और राज्य क्षेत्र में 3718·45 करोड़ रुपये) का प्रावधान किया गया है । 1986-87 के लिए, शिक्षा की विभिन्न योजनाओं के वास्ते, मंत्रालय ने 351·96 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है।

आलोच्य वर्ष के दौरान, 1982-83 से 1984-85 तक शिक्षा पर बजट व्यय का विश्लेषण तथा राज्य योजना 1985-86 का विश्लेषण प्रकाशित किया गया।

शैक्षिक सांख्यिकी

शैक्षिक सांख्यिकी से संबंधित स्थायी समिति की दसवीं बैठक संयुक्त सचिव (आयोजना) की अध्यक्षता में 12-9-1985 को हुई । समिति ने शैक्षिक सांख्यिकी में बकाया कार्य को पूरा करने में मंत्रालय द्वारा की गई प्रगति की समीक्षा की जो इस उद्देश्य के लिए गठित एक उप-समिति की सिफारिशों पर आधारित थी। इसने शैक्षिक सांख्यिकी संबंधी उच्च स्तरीय समिति की अन्य सिफारिशों के कार्यान्वियन के संबंध में मंत्रालय द्वारा की गई प्रगति की भी समीक्षा की ।

चालू वर्ष के दौरान, उत्तर प्रदेश में शैक्षिक सांख्यिकी के संगणकीकरण के लिए प्रायोगिक परियोजना की बहुलताओं को उ. प्र. की सरकार के परामर्श से अन्तिम रूप दिया गया । इस प्रायोगिक परियोजना के लिए आंकड़े एकत्र करने के वास्ते विशेष सांकेतिक रूप तैयार किए गए । इन्हें मंत्रालय द्वारा मुद्रित कराया गया और क्षेत्र से आंकड़े एकत्र

करने के लिए राज्य सरकार को भेजा गया । प्रायोगिक परियोजना के परिणाम 1986-87 में उपलब्ध होने की आशा है तथा इनको अन्य राज्यों में शैक्षिक सांख्यिकीय संगणकीकरण को प्रारंभ करने के लिए उपयुक्त मार्गदर्शी रूपरेखा तैयार करने में इस्तेमाल किया जाएगा

आलोच्य वर्ष के दौरान निम्नलिखित प्रकाशन प्रकाशित किए गए :—

(i) जिला-वार शैक्षिक सांख्यिकी 1976-77 खण्ड XXI —उड़ीसा
(ii) स्कूल शिक्षा पर चुनिन्दा सूचना 1982-83
(iii) स्कूल शिक्षा पर चुनिन्दा सूचना 1983-84
(iv) जिला-वार शैक्षिक सांख्यिकी 1976-77 खण्ड XXII —महाराष्ट्र।
(v) जिला-वार शैक्षिक सांख्यिकी 1976-77 खण्ड XXIII तमिलनाडु
(vi) जिला-वार शैक्षिक सांख्यिकी 1977-78 खण्ड XXIV पश्चिम बंगाल।
(vii) विदेश जाने वाले भारतीय छात्र/प्रशिक्षार्थी 1979-80 और 1980-81
(viii) चुनिन्दा शैक्षिक सांख्यिकी 1982-83
(ix) चुनिन्दा शैक्षिक सांख्यिकी 1983-84
(x) भारत में शिक्षा खण्ड । 1978-79 और 1979-80 (मुद्रणाधीन)
(xi) भारत में शिक्षा खण्ड ।। 1977-78 (मुद्रणाधीन)
(xii) भारत में शिक्षा खण्ड ।।। 1976-77 (मुद्रणाधीन)

सांख्यिकी एकक ने मंत्रालय के गौरवपूर्ण दस्तावेज—"शिक्षा की चुनौती—नीति संबंधी ढांचा" को तैयार करने के संदर्भ में आधारभूत आंकड़े मुहैया किए।

सांख्यिकी एकक ने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों संगठनों से सांख्यिकीय संबंधी अनेक प्रश्नों का समाधान किया। इसके अतिरिक्त, संसद प्रश्नों का उत्तर देने परामर्शदात्री समिति की बैठकों इत्यादि के लिए मंत्रालय के विभिन्न प्रभागों को उपयुक्त सांख्यिकीय सामग्री प्रदान की गई ।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए शैक्षिक सुविधाओं की व्यवस्था उच्च प्राथमिकता प्राप्त कर रहा है। प्रधान मंत्री ने संसद के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के सदस्यों की एक बैठक मई, 1985 को आयोजित की जिसमें इन समुदायों में शिक्षा की प्रगति एवं विकास में तेजी लाने के तरीकों एवं साधनों की चर्चा की । संसद के सदस्यों द्वारा दिए गए सुझावों पर अत्यधिक ध्यान दिया जा रहा है और सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा उनके कार्यान्वयन के लिए प्रयास किए गए हैं ।

सातवीं योजना 1985–90 तथा वार्षिक योजना 1986-87 के लिए अनुसूचित जाति के लिए विशेष घटक योजना तथा अनुसूचित जनजाति के लिए जनजातीय उप-योजना को अंतिम रूप दिया गया । वार्षिक योजना 1986-87 के लिए विशेष घटक योजना तथा जनजातीय उप-योजना का प्रारूप भी तैयार कर लिया गया है। वार्षिक योजना 1986-87 के लिए कुल विभाज्य परिणाम में से इन दोनों घटक योजनाओं के लिए कुल विभाज्य परिव्यय का क्रमशः 21.66% और 12.69% निर्धारित किया गया है।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों पर एक पुस्तिका तैयार की गई है और मुद्रणाधीन है। इस पुस्तिका में केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार के विभिन्न-विभागों तथा संघीय क्षेत्र प्रशासन द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को दी गई शैक्षिक सुविधाओं के ब्यौरे दिए गए हैं ।

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की शिक्षा के विषय में राज्यवार सूचना देने वाला एक प्रकाशन प्रकाशित किया गया है। अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की लड़कियों के लिए छात्रावासों की योजना, जो कल्याण मंत्रालय की एक केन्द्र प्रायोजित योजना है, का मूल्यांकन शिक्षा विभाग के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह मूल्यांकन कार्य तीन अनुसंधान संगठनों को सौंपा गया है।

अल्पसंख्यकों की शिक्षा

अल्पसंख्यकों के कल्याण के विषय में भूतपूर्व प्रधान मंत्री के 15 सूत्री निदेश के अनुसरण में शिक्षा विभाग ने शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के बारे में अनेक प्रगतिशील कदम उठाए हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं :—

(i) सामुदायिक पालिटैक्निकों की योजना के अंतर्गत 10 पालिटैक्निक अल्पसंख्यक केन्द्रित क्षेत्रों में, अल्प-कालिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के माध्यम से विभिन्न दक्षताओं/व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। उपयुक्त अल्पसंख्यक केन्द्रीय क्षेत्रों में प्रत्येक सामुदायिक पालिटैक्निक के 4 विस्तार केन्द्र हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 1700 छात्र अंतर्गत लगभग 1700 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं और लगभग 700 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। प्रशिक्षण के पश्चात्, स्व-रोजगार सहित लाभ कारी रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

(ii) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने, शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षण कक्षाओं की एक योजना निकाली है ताकि उन्हें सिविल सेवा परीक्षाओं और अन्य सेवाओं में प्रवेश पाने के लिए तैयार किया जा सके। इस योजना के अंतर्गत विश्वविद्यालयों/कालेजों को शिक्षण केन्द्र खोलने, के लिए अनुदान दिए जाते हैं ।

(iii) राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से पाठ्यपुस्तकों की समीक्षा की जा रही है। इतिहास और भाषाओं की पाठ्यपुस्तकों के पुनरीक्षण का कार्य लगभग सभी राज्यों और संघीय क्षेत्रों में पूरा हो चुका है। रा. शै. अनु, प्र. प. ने अब भूगोल, समाज-शास्त्र और राजनीति-विज्ञान में स्कूल की पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन का कार्य आरंभ कर दिया है। पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन के लिए मार्गदर्शी रूपरेखाएं और उपकरणों को राज्य एजेंसियों को उनके विचारों के लिए भेज दिया गया है।

(iv) रा. शै. अनु. प्र. प. व्यावसायिक मार्गदर्शन तथा अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थाओं के शिक्षकों के लिए विज्ञान, गणित और अंग्रेजी में शिक्षक प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण पाठ्यक्रम आयोजित करती है । इसके अतिरिक्त रा.शै.अनु.प्र.प. ने, अल्पसंख्यक प्रबंधक स्कूलों के शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के वास्ते चुनिन्दा विश्वविद्यालयों में संसाधन केन्द्र स्थापित करने के संबध में कार्म प्रारंभ कर दिया है। अलीगढ़, जामिया मिलिया इस्लामिया, कश्मीर, मराठावाड़ा और उस्मानिया विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से शामिल है।

विद्यमान शैक्षिक प्रणाली को सुधारने तथा इस अल्पसंख्यकों के जीवन के अधिक सुसंगत बनाने की दृष्टि से, नई शिक्षा नीति के संदर्भ में अल्पसंख्यकों और शिक्षा से संबंधित एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया गया ।

मंत्रालय के लिए संगणकीकृत प्रबंधक सूचना प्रणाली का विकास

इस मंत्रालय के लिए संगणकीकृत प्रबंधक सूचना प्रणाली के विकास के वास्ते, मंत्रालय ने राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र (इलैक्ट्रोनिक विभाग) के साथ एक समझौता किया है। इस संदर्भ में, रा.शु.के. ने मंत्रालय में एक लघु संगणक केन्द्र स्थापित किया है। यह केन्द्र राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र के बड़े संगणक के संयोग से इसके नेटवर्क के एक भाग के रूप में कार्य करता है।

सी.एम.आई.एस. के विकास में तेजी लाने तथा मंत्रालय में ही सुविज्ञता लाने की दृष्टि से आयोजना, शानीटरिंग और सांख्यिकी प्रभाग में एक सी.एम.आई.एस. एकक स्थापित किया गया है। सी.एम.आई.एस. एकक के नियंत्रण में एक वर्ड प्रोसेसर और फोटोकापियर है।

सी.एम.आई.एस. एकक ने संगणकीकरण के लिए मंत्रालय के विभिन्न प्रभा में विभिन्न परियोजनाएं प्रारंभ की है। जिन परियोजनाओं के लिए सोफ्टवेयर विकसि कर लिए गए हैं और जो पूरी कर ली गई हैं/पूरी हो रही हैं वे निम्नलिखित हैं :—

(i) भारतीय विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले विदेशी छात्र
(ii) वेतन बिलों का संगणकीकरण
(iii) मंत्रालय के खातों का संगणकीकरण
(iv) विदेश जाने वाले भारतीय छात्र/प्रशिक्षणार्थी

"विदेशों में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति की योजनाएं" तथा "भाषा प्रभाग द्वा निकाले गए प्रकाशनों का संगणकीकरण" परियोजनाओं के संबंध में व्यवहार्यता अध्ययन पू कर लिया गया है तथा "प्रोफार्मा" तैयार कर लिया गया है।

"श्रेण्य भाषाओं में अनुसंधान के लिए छात्रवृत्ति योजना" तथा "विभिन्न विषय में शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण" नामक परियोजनाओं से सम्बन्धित प्रोफार्मा तैयार कर का कार्य प्रगति पर है।

इसके अतिरिक्त, सी.एम.आई.एस. एकक ने उप-सचिव और इससे उच्च स्त के वरिष्ठ अधिकारियों के लिए एक दो दिवसीय संगणक संकेतन पाठ्यक्रम आयोजि किया। नई शिक्षा नीति पर महत्वपूर्ण दस्तावेजों "सातवीं पंचवर्षीय योजना पर टिप्पणियां" इत्यादि को तैयार करने के लिए वर्ड प्रोसेसर का व्यापक उपयोग किया गया है। फोटो कापियर का भी अधिकतम प्रयोग किया गया।

शैक्षिक प्रयोजनों के लिए नियंत्रित दरों पर सफेद मुद्रण कागज की आपूर्ति

आलोच्य वर्ष के दौरान राज्य सरकारों और संघीय क्षेत्रों को नियंत्रित दरों प रियायती सफेद मुद्रण कागज के आवंटन की योजना जारी है। इस अवधि के दौरान सफे मुद्रण कागज की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है तथा अभ्यास पुस्तिकाओं क कीमतें भी स्थिर रही हैं। वर्ष 1985-86 के दौरान दिसंबर, 1985 तक राज्यों/संघी क्षेत्रों को शैक्षिक प्रयोजनों के लिए लगभग 1,00,055 मीट्रिक टन कागज आबंटित किय गया है।

नार्वे से उपहार स्वरूप प्राप्त कागज का आयात

नार्वे सरकार के साथ द्विपक्षीय करार के अंतर्गत, 1985 की कार्य संचाल योजना के दौरान 3200 मीट्रिक टन कागज की सहायता, जिसका मूल्य 3.10 करो रुपए है, प्राप्त होने की आशा है। यह निर्णय किया गया है कि उक्त मात्रा में से 1500 मीटर टन कागज रा.शै.अनु.प्र.प. को स्कूली पाठ्यपुस्तकों के मुद्रण के लि आबंटित किया जाएगा। शेष कागज, आर्थिक रूप से पिछड़े नौ राज्यों को, प्रौढ़ शिक्ष कार्यक्रमों के वास्ते सामग्री के मुद्रण हेतु देने का प्रस्ताव है।

उपहार स्वरूप प्राप्त कागज के सम्बन्ध में संशोधित बजट प्राक्कलन 1985-86 औ बजट प्राक्कलन 1986-87 निम्नलिखित है :—

(करोड़ रुपये

	संशोधित प्राक्कलन (1985-86)	बजट प्राक्कलन (1986-87)
1	2	3
(1) मुख्य शीर्ष "267" एं (i) उपहार कागज योजनेतर (वैचारिक मूल्य)	3.10	3.10
(2) मुख्य शीर्ष "277" बी० 6 (5) (4) नार्वे से प्राप्त उपहार कागज (प्रासंगिक व्यय)	1.90	1.90

राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना तथा प्रशासन संस्थान

राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना तथा प्रशासन संस्थान (पहले का राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजन तथा प्रशासक स्टाफ कालेज) एक स्वायत्त संस्था है जिसकी स्थापना तथा सम्पूर्ण वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा किया जाता है। इसका पंजीकरण, सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 का 21वां के अन्तर्गत एक सोसाएटी के रूप में दिसम्बर, 1970 में हुआ था। शैक्षिक आयोजकों तथा प्रशासकों के लिए भारत में एक उत्कृष्ट प्रशिक्षण संस्थान के रूप में इसके मुख्य कार्य, प्रशिक्षण, अनुसंधान तथा प्रशासन है। संस्थान द्वारा शुरू किए गए मुख्य कार्यकलापों में शामिल है : केन्द्र तथा राज्यों के वरिष्ठ शैक्षिक प्रशासकों का, उनकी जरूरतों तथा पृष्ठभूमि के अनुसार प्रशिक्षण तथा पुनर्स्थापन; शैक्षिक आयोजना तथा प्रशासन की समस्याओं में अनुसंधान; इस क्षेत्र में राज्यों तथा अन्य संगठनों को परामर्श तथा विस्तार सेवाएं; शैक्षिक आयोजना तथा प्रशासन में सामयिक रुचि के विषयों पर सेमिनार, कार्य-शालाएं तथा सम्मेलन; और अन्य देशों, विशेषकर, एशियाई क्षेत्र के देशों का प्रशिक्षण तथा अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करना।

वर्ष 1985 के दौरान अर्थात् अप्रैल से नवम्बर 1985 तक संस्थान ने 39 प्रशिक्षण कार्यक्रम/सेमिनार/कार्यशालाएं आयोजित कीं। आठ अनुसंधान अध्ययन पूरे कर लिए गए हैं तथा अन्य आठ प्रगति पर हैं।

नई शिक्षा नीति पर शिक्षा के विभिन्न आयोजना तथा प्रबन्ध मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए संस्थान ने उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के लिए चार क्षेत्रीय सेमिनार तथा एक राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। ये सेमिनार, केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा तैयार किए गए "शिक्षा की चुनौती-नीति सम्बन्धी परिप्रेक्ष्य" नामक दस्तावेज के आधार पर आयोजित किए गए। चार क्षेत्रीय सेमिनारों में से तीन, भारतीय प्रबंध संस्थान, कलकत्ता (पूर्वी क्षेत्र), सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन संस्थान, बंगलौर (दक्षिणी क्षेत्र), और टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान, दूनर, बम्बई (पश्चिमी क्षेत्र) के सहयोग से हुए। उत्तरी क्षेत्र व राष्ट्रीय सेमिनार नई दिल्ली में हुए।

पहले संस्थान ने शैक्षिक विकास : "एक स्थिति रिपोर्ट और नीति संबंधी प्रश्न" नामक एक विस्तृत दस्तावेज तैयार किया तथा मंत्रालय के "शिक्षा की चुनौती : एक दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य" नामक दस्तावेज में एक निवेश के रूप में शिक्षा प्रणाली के विश्लेषण की जांच भी की।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) के अनुरोध पर, संस्थान ने, मानव संसाधन विकास (शिक्षा विभाग) तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा शिक्षा मंत्री के जनवाणी कार्यक्रम में भाग लेने के संबंध में प्राप्त अनेक पत्रों की विषय-वस्तु तथा नई शिक्षा नीति को तैयार करने के लिए पृष्ठ भूमि सामग्री के रूप में शिक्षा प्रणाली के विषय में लोगों का मत जानने के लिए प्रेस कतरने तथा संगठनात्मक ज्ञापन का विश्लेषण किया।

राष्ट्रीय शिक्षक आयोग

स्कूल स्तर और उच्च शिक्षा स्तर के शिक्षक समुदाय के लिए सुसंगत विभिन्न पहलुओं पर सरकार को सलाह देने के लिए फरवरी, 1983 में राष्ट्रीय शिक्षक आयोग क्रमश: 1 और 2 स्थापित किए गए। दोनों आयोगों ने अपनी अंतिम रिपोर्ट सरकार को 26 मार्च, 1985 को भेज दी।

राष्ट्रीय शिक्षक आयोग 1 और2 की सिफारिशों की जांच करने के लिए एक अधिकार-प्राप्त समिति स्थापित की गई है।

सतर्कता कार्यकलाप

मुख्यालय और अधीनस्थ कार्यालयों दोनों विभाग के स्टाफ के बीच प्रशासन में तेजी लाने तथा अनुशासन लागू करने के लिए सतत प्रयास किए गए। 31.12.84 तक अनिर्णीत 6 मामलों और 1985 के दौरान प्रारंभ किए गए 4 मामलों में से चार दोषी अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई तथा प्रत्येक मामले के लिए प्रयुक्त आदेश दिए गए। तीन मामले अंतिम स्थिति में हैं।

शिकायत सुधार सैल में प्राप्त सभी शिकायतों पर तुरन्त ध्यान दिया गया तथा उचित कार्रवाई की गई।

यद्यपि विभाग के मुख्यालय आम जनता के साथ व्यवहार केवल नाममात्र को है, नाजुक क्षेत्रों को निर्धारित किया गया तथा एहतियाती निरोधक उपाय किए गए। जहां आवश्यक समझा गया इन क्षेत्रों में कार्यरत स्टाफ के सदस्यों का तबादला किया गया।

मंत्रालय के प्रशासनात्मक नियंत्रण में 45 स्वायत्त संगठनों में से 31 ने केन्द्रीय सर्तकता आयोग की क्षेत्राधिकार स्वीकार कर लिया है। इनमें से चार संगठनों ने मुख्य सर्तकता अधिकारी भी नियुक्त कर लिए हैं, अन्यों को भी मुख्य सर्तकता अधिकारी नियुक्त करने के लिए राजी किया जा रहा है।

अनुशासन और समय की पाबन्दी कायम रखने के लिए ग्यारह बार अचानक जांच की गई।

पदों और सेवाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन-जातियों के प्रतिनिधित्व से सम्बन्धित आदेशों का अनुपालन

सरकार में नियुक्तियों के लिए अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लोगों के हितों पर निगरानी रखने के लिए शिक्षा विभाग में एक विशेष सैल विद्यमान है। शिक्षा विभाग में प्रशासन निदेशक, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के हितों का ध्यान रखने के लिए, सम्पर्क अधिकारी के रूप में कार्य करते हैं। केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत सेवाओं में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों से सम्बन्धित लोगों की भर्ती, पदोन्नति तथा स्थायीकरण के सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आरक्षण और निदेशों के सख्ती के साथ अनुपालन को सुनिश्चित किया गया।

रोस्टरों का नियमित रूप से निरीक्षण किया गया। अनुसूचित जातियों और अनु-सूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व से सम्बन्धित निर्धारित रिपोर्ट और विवरण कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग तथा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आयुक्त को नियमित रूप से भेजी गई।

विभाग के अधीन अधीनस्थ कार्यालयों के सभी प्रमुखों से संपर्क अधिकारी के रूप में अपने वरिष्ठ अधिकारियों को मनोनीत करने तथा आरक्षण के लिए उचित रोस्टर रखने के लिए अनुरोध किया गया।

छात्र सूचना सेवा एकक

विदेशी छात्रवृत्ति प्रभाग के अंतर्गत छात्र सूचना सेवा एकक छात्रों के लाभ के लिए भारत और विदेश में उच्च शिक्षा के विषय में सूचना एकत्र, संकलित और प्रसारित करता है तथा छात्रों द्वारा स्वयं आकर अथवा पत्राचार द्वारा की गई पूछताछ का उत्तर देता है। उनके लाभ के लिए, पाठ्यचर्या, विवरणिकाएं, पुस्तिकाओं और वार्षिक रिपोर्ट इत्यादि से युक्त एक संदर्भ पुस्तकालय की भी व्यवस्था है। आलोच्य अवधि के दौरान, अध्येताओं की सुविधा के लिए शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर 30 सूचना-पुस्तिकाओं का संकलन/संशोधन किया गया। इसके अतिरिक्त, एकक ने भारत और विदेश में उच्च/तकनीकी शिक्षा के लिए सुविधाओं के विषय में मौखिक अथवा पत्राचार के माध्यम से पूछे गए 4980 से अधिक पूछताछों का उत्तर दिया। लगभग 4600 व्यक्ति, भारतीय/विदेशी विश्वविद्यालयों द्वारा चलाए जा रहे पाठ्यक्रमों से संबंधित कलेण्डरों/पुस्तिकाओं/विवरणिकाओं एवं अन्य सामग्री को पढ़ने के लिए पुस्तकालय में आए। यूनिट के संदर्भ पुस्तकालय में वर्ष के दौरान लगभग 1000 और प्रकाशन शामिल किए गए।

